सूर्योदय : 6:07
सूर्यास्त : 5:34
अधिकतम तापमान : 31.0
न्यूनतम : 18.0

RNI NO : UPHIN/2010/31173

डाक पंजीकरण संख्याः SSP/LW/NP-422/2014-2016

वर्ष-17 अंक-177 पेज-16

मूल्य : 3 रुपया

लखनऊ, बुधवार, 06 दिसम्बर 2023

20 जमादिउल अव्वल, 1445 हिजरी

हिन्दी दैनिक

# अवधनामा

www.avadhnama.com


G20



### केन्या को दो हजार करोड़ रुपये का ऋण देगा भारत, पीएम मोदी का एलान

# कृषि क्षेत्र में केन्या की करेंगे सहायता: मोदी

- द्विपक्षीय संबंध मजबूत करेंगे भारत और केन्या
- हमारी विदेश नीति में अफ्रीका को उच्च प्राथमिकता



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भारत की यात्रा पर आए केन्याई राष्ट्रपति विलियम समोई रुतो के साथ व्यापक वार्ता के बाद मंगलवार को केन्या को उसके कृषि क्षेत्र के आधुनिकीकरण के लिए 25 करोड़ डॉलर की ऋण सुविधा देने के भारत के फैसले की घोषणा की।

रुतो दोनों देशों के बीच समग्र संबंधों का विस्तार करने के उद्देश्य से तीन दिवसीय यात्रा पर सोमवार को यहां पहुंचे। मोदी ने वार्ता के बाद मीडिया को जारी बयान में कहा कि अपनी विदेश नीति में भारत ने हमेशा अफ्रीका को उच्च प्राथमिकता दी है और पिछले करीब एक दशक में मिशन मोड पर इस महाद्वीप के साथ अपने समग्र संबंधों का विस्तार किया है। उन्होंने कहा, ''मुझे विश्वास है कि राष्ट्रपति रूतो की भारत यात्रा से न केवल द्विपक्षीय संबंध मजबूत होंगे बल्कि अफ्रीका के साथ हमारे संबंधों को नई गति मिलेगी प्रधानमंत्री ने इस बात पर खुशी जताई कि अफ्रीकन यूनियन के जी20 में शामिल होने के कुछ समय बाद ही रुतो की भारत यात्रा हो रही है। उन्होंने कहा, ''भारत की विदेश नीति में अफ्रीका को हमेशा उच्च प्राथमिकता का स्थान दिया गया है। पिछले लगभग एक दशक में हमने मिशन मोड में अफ्रीका के साथ अपना सहयोग बढ़ाया है। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत केन्या को उसके कृषि क्षेत्र के आधुनिकीकरण के लिए 25 करोड़ डॉलर की ऋण सुविधा उपलब्ध कराएगा। उन्होंने कहा, ''एक प्रगतिशील भविष्य की नींव रखते हुए आज हमने सभी क्षेत्रों में अपना सहयोग सुदृढ़ करने पर विचार किया। और कई नई पहल की पहचान भी की। भारत और केन्या के बीच आपसी व्यापार और निवेश में लगातार प्रगति हो रही है।

### आतंकवाद मानवता के सामने सबसे गंभीर चुनौती

पीएम मोदी ने कहा कि क्षेत्र में भारत और केन्या के बीच करीबी सहयोग साझा प्रयासों को आगे बढ़ाएगा। भारत और केन्या का मानना है कि आतंकवाद मानवता के सामने सबसे गंभीर चुनौती है और दोनों पक्षों ने आतंकवाद के खिलाफ सहयोग बढ़ाने का फैसला किया है। प्रधानमंत्री ने कहा कि दोनों पक्ष भारत-केन्या आर्थिक सहयोग की पूरी क्षमता का दोहन करने के लिए नए अवसरों की तलाश जारी रखेंगे।

### हमारी सरकारों के बीच जुड़ाव का दायरा बढ़ा

केन्या के राष्ट्रपति विलियम सामोई रुतो ने कहा कि हमारे बीच सहयोग का एक लंबा इतिहास रहा है और आज की यात्रा में हमने उस रिश्ते को मजबूत किया है और हमारी सरकारों के बीच जुड़ाव का दायरा बढ़ाया है। हमने चर्चा की कि भारतीय राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण बैंक किसानों को ऋण प्रदान करने में हमारे कृषि वित्त निगम के साथ कैसे काम करेगा। ताकि हम खाद्य सुरक्षा की चुनौतियों से निपट सकें।

# प्रधानाचार्य और शिक्षक भी ओपीडी में देखें मरीज: योगी

**2468**

नव चयनित चिकित्सा शिक्षकों एवं स्टाफ नर्स को सीएम योगी ने को सौंपा नियुक्ति पत्र

- चिकित्सा क्षेत्र में केस स्टडी को दें बढ़ावा
- जाति के नाम पर विलाप करने वाले लोग समाज और देश को कमजोर कर रहे



**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को 2468 नव चयनित चिकित्सा शिक्षकों एवं स्टाफ नर्स को नियुक्ति पत्र देते हुए मरीजों की सेवा में जुटने का आह्वान किया। कहा कि मेडिकल कॉलेजों के प्रधानाचार्य और शिक्षक खुद भी ओपीडी में बैठें। मरीजों का दर्द दूर करें। ओपीडी में बैठने से उन्हें व्यवस्था सुधार संबंधी जानकारी मिलेगी। उन्होंने कहा कि एलोपैथ और आयुष चिकित्सा पद्धतियों में नए-नए शोध की जरूरत है। चिकित्सा शिक्षक इसमें अपना योगदान दें।

मुख्यमंत्री ने कहा कि मिशन रोजगार के तहत स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालयों में 278 सहायक आचार्य, 2142 स्टाफ नर्स एवं 48 आयुष चिकित्सा शिक्षकों का चयन किया गया है। इससे स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार होगा। प्रधानाचार्य संबंधित कॉलेज का प्रमुख होता है। उसका जैसा व्यवहार होगा, उसी तरह से संबंधित कॉलेज की व्यवस्थाएं होंगी। यदि वह देर से कॉलेज पहुंचेगा तो वहां के अन्य डॉक्टर भी देर से आएंगे। ऐसे में मरीज उसके प्रति अपशब्द बोलेंगे। इसलिए प्रधानाचार्य व चिकित्सा शिक्षक खुद मरीजों से संपर्क रखते हुए मासिक और वार्षिक रिपोर्ट का संकलन करें। बहुत सारी बीमारियों का स्थानीय परिस्थिति के अनुसार उपचार ढूंढे। उन्होंने इंसेफेलाइटिस का उदाहरण देते हुए कहा कि 40 साल में 50 हजार से ज्यादा बच्चों की मौत हुई, लेकिन वर्ष 2017 के बाद सभी विभागों का समन्वय स्थापित करते हुए अभियान चलाया गया। अब बच्चों की मौत नहीं होती हैं। सीएम ने कहा कि पहले जाति के नाम पर समाज को बांटा जा रहा था। लोग अपना वोटबैंक बनाते रहे, लेकिन 2017 के बाद से यह बीमारी पूरी तरह से नियंत्रित हो गई है। कार्यक्रम के दौरान चिकित्सा शिक्षा राज्यमंत्री मयंकेश्वर शरण सिंह ने स्वागत किया और आयुष मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) डा. दयाशंकर मिश्र दयालु ने आभार जताया। इस दौरान मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र, स्वास्थ्य विभाग के प्रमुख सचिव पार्थ सारथी सेन शर्मा, आयुष प्रमुख सचिव लीना जौहरी, निदेशक आयुर्वेद प्रो पीसी सक्सेना सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

### 674 एम्बुलेंस व 81 एएलएस एम्बुलेंस रवाना

मुख्मयंत्री योगी ने कार्यक्रम के दौरान नवचयनित पांच चिकित्सा शिक्षकों, सात स्टाफ नर्सों एवं पांच आयुष चिकित्सा शिक्षकों को नियुक्ति पत्र दिया। 674 एम्बुलेंस एवं 81 एडवांस लाइफ सपोर्ट एम्बुलेंस का हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। 2017 के पहले केंद्र सरकार ने 150 एएलएस एंबुलेंस देने का प्रयास किया, लेकिन तत्कालीन सरकार ने लेने से मना कर दिया था, लेकिन 2017 में तत्कालीन चिकित्सा मंत्री को केंद्र में भेजकर एंबुलेंस मंगवाई गई।

### मरीजों को भगवान मान कर उपचार करें: पाठक

उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने कहा कि नियुक्ति पाने वाले चिकित्सा शिक्षक, नर्सिंग कर्मी मरीजों को भगवान मान कर सेवा करें। उनके साथ परिवार की तरह व्यवहार रखें। उन्होंने कहा कि प्रदेश में हर जिले में मेडिकल कॉलेज खोलने के साथ ही नर्सिंग शिक्षा की गुणवत्ता भी बढ़ाई जा रही है। नर्सिंग एवं पैरा मेडिकल कॉलेजों की स्व परीक्षा प्रणाणी खत्म किया गया है। इसका फायदा पूरे प्रदेश को मिलेगा।

### अयोध्या एयरपोर्ट का पीएम मोदी करेंगे उद्घाटन

**अयोध्या।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अयोध्या में श्रीराम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा समारोह से पहले भी अयोध्या आ सकते हैं। मोदी अयोध्या में नवनिर्मित मर्यादा पुरुषोत्तम प्रभु श्रीराम अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे का उद्घाटन दिसंबर में कर सकते हैं। इसी महीने पीएम से एयरपोर्ट उद्घाटन कराने का प्रयास शुरू हो गया है।

अयोध्या में श्रीराम जन्मभूमि पर बन रहे राम मंदिर में 22 जनवरी को होने वाले प्राण प्रतिष्ठा समारोह से पहले सरकार अवध की जनता को अयोध्या में एयरपोर्ट की सौगात देने जा रही है। एयरपोर्ट के निर्माण से देशी-विदेशी श्रद्धालुओं का रामनगरी तक आवागमन सुगम होगा।

# जम्मू-कश्मीर से जुड़े दो बिल संसद में पेश

## टीएमसी सांसद सौगत रॉय की टिप्पणी पर जमकर बरसे अमित शाह

- दादा आपकी उम्र हो चुकी है: अमित शाह
- एक निशान, एक प्रधान और एक विधान पर दिखा शाह का तेवर



**नई दिल्ली।** गृहमंत्री अमित शाह ने साफ किया कि एक निशान, एक प्रधान और एक विधान सिर्फ एक नारा नहीं है। शाह ने तृणमूल कांग्रेस के सौगत राय द्वारा एक निशान, एक प्रधान और एक विधान को राजनीतिक नारा बताये जाने पर कड़ी आपत्ति जताई। शाह ने कहा कि इस सिद्धांत पर हमारा पूर्ण विश्वास है और जम्मू-कश्मीर में इसे पूरा भी किया है।

जम्मू-कश्मीर आरक्षण संशोधन विधेयक और जम्मू-कश्मीर पुनर्गठन संशोधन विधेयक पर चर्चा के दौरान विपक्ष और सत्ता पक्ष के बीच कई मुद्दों पर तीखी नोकझोंक हुई। विपक्ष की ओर से उठाए गए मुद्दों पर अमित शाह बुधवार को बिंदुवार जवाब देंगे। इस विधेयक में विस्थापित कश्मीरियों और पीओके से आए विस्थापितों को विधानसभा में नामित करने का प्रविधान है। इसके साथ ही दूसरे विधेयक में एससी, एसटी और ओबीसी के लिए शिक्षण संस्थानों और नौकरियों में आरक्षण का प्रविधान किया गया है। मंगलवार को चर्चा के दौरान किसी भी दल ने आरक्षण का विरोध तो नहीं किया लेकिन राजनीतिक बयानबाजी खूब हुई। दोनों संशोधन विधेयकों पर बोलते हुए सौगत राय ने पश्चिम बंगाल से आने वाले जनसंघ के संस्थापक श्यामा प्रसाद मुखर्जी की हवाला दिया। इस पर पीयूष गोयल ने कहा कि उन्हें श्यामा प्रसाद मुखर्जी का नाम भी लेना चाहिए और कश्मीर के लिए उनके बलिदान को भी याद करना चाहिए। इस पर सौगत राय ने कहा कि वे जिस कालेज में पढ़ाते थे, वह श्यामा प्रसाद मुखर्जी के नाम पर था। इसी क्रम में उन्होंने एक निशान, एक प्रधान और एक विधान को एक राजनीतिक बता दिया। शाह ने इस पर कड़ी आपत्ति जताते हुए साफ किया कि यह सिर्फ नारा नहीं है, बल्कि 1950 से ही कहते आ रहे हैं कि देश में एक निशान, एक विधान और एक प्रधान होना चाहिए।

### जम्मू-कश्मीर में जल्द चुनाव कराने की मांग

कांग्रेस के मनीष तिवारी, नेशनल कांफ्रेंस के फारुख अब्दुल्ला और हसनैन मसूदी समेत विपक्ष की ओर लगभग वक्ताओं ने जम्मू-कश्मीर में जल्द चुनाव कराने की मांग की। मनीष तिवारी ने सुप्रीम कोर्ट में सोलिसिटर जनरल के बयान का हवाला देते हुए कहा कि सरकार राज्य में चुनाव की तारीखी नहीं बता रही है।

# रेवंत रेड्डी होंगे तेलंगाना के नए सीएम

- तेलंगाना के सीएम के रूप में रेवंत रेड्डी के नाम पर मुहर
- शपथ ग्रहण में शामिल होंगे राहुल



**नई दिल्ली।** पुराने दिग्गजों की सियासी महत्वाकांक्षाओं को थामते हुए कांग्रेस ने रेवंत रेड्डी को तेलंगाना का नया मुख्यमंत्री बनाने का ऐलान कर दिया है।

तेलंगाना प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष लोकप्रिय युवा चेहरा माने जाने वाले रेवंत रेड्डी ने सत्ता की बागडोर थामने की रेस में सूबे के पुराने पार्टी दिग्गजों को पीछे छोड़ दिया। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे की ओर से राज्य कांग्रेस विधायक दल का नेता मनोनीत किए जाने के साथ ही तेलंगाना की नई सरकार के गठन का रास्ता साफ हो गया है। रेवंत गुरूवार सात दिसंबर को तेलंगाना में कांग्रेस की पहली सरकार के मुख्यमंत्री के रूप में शपथ लेंगे। कांग्रेस की नई सरकार में पुराने दिग्गजों को भी तवज्जो देते हुए शामिल किए जाएगा। नई सरकार के मंत्रियों के शपथ की तस्वीर अभी साफ नहीं हुई है मगर सूबे के नेताओं और सियासी समीकरण दोनों को साधने के लिए दो उपमुख्यमंत्री बनाने के फार्मूले पर गंभीरता से विचार कर रही है। तेलंगाना में कांग्रेस की चुनावी जीत के हीरो माने जा रहे रेवंत रेड्डी ही पार्टी हाईकमान की मुख्यमंत्री के लिए पसंद बनेंगे इसमें कोई संदेह नहीं था। लेकिन सूबे के पुराने कांग्रेसी रेवंत का विरोध करते हुए अपनी दावेदारी ठोक रहे थे।

इसमें पूर्व प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष वरिष्ठ नेता उत्तम कुमार रेड्डी और निवर्तमान विधानसभा में नेता विपक्ष मल्लू भटटी विक्रमार्क से लेकर चुनाव से पहले ही कांग्रेस में आए पूर्व मंत्री कोमाटिरेड्डी वेंकट रेड्डी, पूर्व उपमुख्यमंत्री दामोदर राजनरसिम्हा आदि शामिल थे। तीन दिसंबर को चुनाव नतीजे आने के अगले ही दिन हैदराबाद में कांग्रेस विधायक दल की बैठक में प्रस्ताव पारित कर कांग्रेस अध्यक्ष को विधायक दल के नेता के चयन के लिए अधिकृत कर दिया गया।

# करणी सेना के अध्यक्ष की गोली मारकर हत्या

- लॉरेंस बिश्नोई गैंग ने की हत्या
- क्रॉस फायरिंग में एक हमलावर ढेर
- हमलावरों ने घर में घुसकर मारी गोली



**जयपुर।** राजस्थान की राजधानी जयपुर में नई सरकार के सामने लॉरेंस बिश्नोई गैंग ने बड़ी चुनौती पेश करते हुए राष्ट्रीय राजपूत करणी सेना के अध्यक्ष सुखदेव सिंह गोगामेड़ी की घर में घुसकर हत्या कर दी।

लॉरेंस बिश्नोई गैंग के रोहित गोदारा कपूरीसर और गोल्डी बरार ने इस हत्या की जिम्मेदारी ली है। इसके बाद राजनीतिक हस्तियों ने गोगामेड़ी की मौत पर दुख प्रकट किया है। हमले का सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है, जिसमें गोगामेड़ी से बातचीत करने पहुंचे बदमाशों ने अचानक ही उन पर फायरिंग कर दी। किसी को संभलने का मौका तक नहीं दिया। घटनास्थल पर पहुंचे जयपुर पुलिस आयुक्त बीजू जॉर्ज जोसफ ने कहा कि तीन लोग बाहर से सुखदेव जी से मिलने आए थे। सिक्योरिटी से अनुमति मिलने के बाद तीनों अंदर गए। दस मिनट उनमें बातचीत हुई।

# कांग्रेस को लालू यादव का मिला साथ

**पटना।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र की भारतीय जनता पार्टी सरकार के खिलाफ एकजुटता दिखाने का प्रयास अब 17 दिसंबर को किया जाएगा। पहले पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी, फिर यूपी के पूर्व सीएम अखिलेश यादव और झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के साथ जब इस विपक्षी एकता के सूत्रधार नीतीश कुमार ने कांग्रेस की ओर से मुकर्रर तारीख छह दिसंबर को लेकर दूरी बना ली तो बैठक रद्द करनी पड़ी। अब राष्ट्रीय जनता दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष लालू प्रसाद यादव एक बार फिर सामने आए और उन्होंने ममता बनर्जी की नाराजगी के सवाल पर सीधे-सीधे जानकारी दी- 17 दिसंबर को है। 17 को बैठक होगी। सब रहेंगे। राजद सुप्रीमो के सब रहेंगे वाले बयान के बाद स्पष्ट हो गया कि इंडी एलायंस की बैठक में सीएम नीतीश कुमार भी रहेंगे। और, ममता बनर्जी भी शामिल होंगी। तीन राज्यों में भारतीय जनता पार्टी से हार मिलने के बाद कांग्रेस ने दिल्ली में इंडी एलायंस की बैठक कांग्रेस ने घोषणा की थी।

# एक हफ्ते बाद खराब श्रेणी में दिल्ली की हवा

- सांस लेना मुश्किल
- अगले छह दिन सांसों पर भारी
- आज छा सकता है कोहरा

**नई दिल्ली।** दिल्ली-एनसीआर में मंगलवार को 12 किमी प्रतिघंटे की गति से चली हल्की हवा और खिली धूप से हवा में सुधार हुआ। सोमवार के मुकाबले मंगलवार को प्रदूषण का स्तर 13 अंक घटकर 297 सूचकांक पर आ गया, जो खराब श्रेणी है। एक सप्ताह बाद दिल्ली का प्रदूषण सूचकांक खराब श्रेणी में आया है। इससे पहले 29 नवंबर को प्रदूषण का स्तर घटकर 290 पर आया था। पूरे एनसीआर की बात करें तो गाजियाबाद का प्रदूषण का स्तर 192 संतोषजनक दर्ज किया गया, जबकि एक्यूआई फरीदाबाद में 212, ग्रेटर नोएडा में 274, गुरुग्राम में 248 और नोएडा में 235 रहा। भारतीय उष्ण कटिबंधीय मौसम विज्ञान संस्थान के मुताबिक, मंगलवार को दिन के समय दिल्ली में मुख्य सतही हवा 6 से 12 किमी प्रति घंटे की गति से उत्तर-पश्चिम दिशाओं से चली। सुबह हल्की धुंध छाई रही, लेकिन दिन में खिली धूप से तापमान में कुछ बढ़त हुई। इससे प्रदूषण में सुधार दिखा। बुधवार को सुबह हल्का कोहरा छा सकता है। दोपहर को आसमान साफ रहेगा। दिन में मुख्य सतही हवा उत्तर-पश्चिम दिशाओं से 4 से 8 किमी प्रति घंटे की गति से चल सकती है। हवा की गति घटने से एक बार फिर से प्रदूषण का स्तर बेहद खराब श्रेणी में जा सकता है। मंगलवार को दिल्ली की वायु गुणवत्ता खराब श्रेणी में रही, जबकि आठ दिसंबर तक वायु गुणवत्ता खराब होकर बेहद खराब श्रेणी में जा सकती है।



"हम सबसे पहले और अंत में भारतीय हैं"

- डॉ. भीमराव आम्बेडकर

संविधान निर्माता एवं महान समाज सुधारक
'भारत रत्न' बाबासाहेब
डॉ. भीमराव आम्बेडकर जी
के
महापरिनिर्वाण दिवस
(6 दिसंबर, 2023) पर
कोटि-कोटि नमन

- योगी आदित्यनाथ
मुख्यमंत्री, उत्तर प्रदेश

महापरिनिर्वाण दिवस पर 'सुर श्रद्धांजलि' कार्यक्रम

स्थान : भारतरत्न बोधिसत्व बाबासाहेब डॉ. भीमराव आम्बेडकर महासभा, विधानसभा मार्ग, लखनऊ
समय - प्रातः 10:00 बजे

स्थान : बाबासाहेब भीमराव आम्बेडकर विश्वविद्यालय, रायबरेली रोड, लखनऊ
समय - अपराह्न 4:30 बजे

स्थान : डॉ. भीमराव आम्बेडकर सामाजिक परिवर्तन प्रतीक स्थल, गोमती नगर, लखनऊ
समय - सायं 5:00 बजे

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उत्तर प्रदेश

# नोडल की अगुवाई में.... गांवों तक पहुंचा मोदी के विकास की गारंटी वाला रथ

*अवधनामा संवाददाता*

**लखीमपुर खीरी।** योजनाओं का रथ मंगलवार को विकसित भारत संकल्प लेकर निर्धारित रोस्टर के अनुसार नोडल की अगुवाई में ब्लॉक लखीमपुर के ग्राम पचपेड़वा और धौरहरा, ब्लॉक पलियाकलां के ग्राम बसही कालोनी और रानीनगर कालोनी, ब्लॉक बांकेगंज के ग्राम बुधेली नानकार और ग्रन्ट डाटपुर, ब्लॉक नकहा के ग्राम कोरैय्या संजर और बेड़नापुर, ब्लॉक निघासन के ग्राम लालापुर और जसनगर, ब्लॉक बेहजम के ग्राम ओयल देहात और मड़िया, ब्लॉक कुम्भी (गोला) के ग्राम गोला देहात और कोरैया में दस्तक दी, जहां भारी संख्या में ग्रामीण ने जोरदार स्वागत किया।

## गांव-गांव जाकर योजनाओं की जानकारी मुहैया करा रही यात्रा : विधायक

अपने विधानसभा क्षेत्र में पहुंची विकसित भारत संकल्प यात्रा को विधायक मंजू त्यागी ने सम्बोधित करते हुए कहा कि केंद्र एवं प्रदेश सरकार द्वारा चल रही विभिन्न योजनाओं की जानकारी लाभार्थियों तक पहुंच सके तथा वह लाभार्थी उस योजना का लाभ ले सके इसलिए इस यात्रा को गांव-गांव ले जाकर योजनाओं की जानकारी मुहैया कराई जा रही है, जिससे कोई भी लाभार्थी जिस योजना में वह पात्र है उस योजना से वंचित न रह सके।

## पीएम मोदी के नेतृत्व में देश पूरी दुनिया का कर रहा नेतृत्व : अरविंद संजय

ब्लॉक बेहजम के ग्राम ओयल देहात पहुंची यात्रा को संबोधित करते हुए सांसद प्रतिनिधि अरविन्द सिंह 'संजय' ने ग्राम ओयल देहात में कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कहा कि पीएम नरेन्द्र मोदी द्वारा जो भी महत्वकांक्षी योजनाएं चलाई जा रही है उन्हें जन-जन तक पहुंचाना हमारा उद्देश्य है। हम सब एकजुट होकर इन महत्वकांक्षी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाए तथा उन्हें इन योजनाओं का लाभ दिला सके। साथ-साथ ग्रामवासियों से कहा कि आप सभी विभिन्न योजनाओं का लाभ उठाएं तथा पीएम के सपने विकसित भारत को पूरा करने में हमारा सहयोग करें।

## आज इन गांव में दस्तक देगी विकसित भारत भारत संकल्प यात्रा

बुधवार को विकसित भारत संकल्प यात्रा ब्लॉक लखीमपुर के ग्राम नरदवल एवं उदयपुर सिकटिहा, ब्लॉक पलिया के ग्राम कमलापुरी कालोनी और मजरा पश्चिम, ब्लॉक बांकेगंज के ग्राम ग्रन्ट नंबर-14 एवं बहारगंज, ब्लॉक नकहा के ग्राम चहमलपुर एवं बड़ागांव, ब्लॉक निघासन के ग्राम बनवीरपुर एवं गुलरिया पत्थरशाह, ब्लॉक बेहजम के ग्राम जाममुबारकपुर एवं खागी ओयल तथा ब्लॉक कुम्भी (गोला) के ग्राम नगरासलेमपुर एवं लाल्हापुर में पहुंचेगे।

## लाभार्थियों को मिली सौगातें, खिले चेहरे

विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान जनप्रतिनिधियों ने अफसरो के साथ विभिन्न ग्रामों में आयोजित कार्यक्रमों में मौजूद लाभार्थियों को पोषण किट, पीएम आवास योजना (ग्रामीण) के अन्तर्गत सांकेतिक आवास चाभी एवं फल वितरण किया गया। इसके साथ ही सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के लाभार्थियों को हितपत्र भी प्रदान किए। पीएम गरीब कल्याण अन्न योजना, उज्ज्वला योजना का प्रचार-प्रसार, पंजीकरण एवं आधार सीडिंग, सरकारी योजनाओं के लिए जागरूकता कार्यक्रम, प्रशिक्षण कार्यक्रम डिजीटल विपणन, वित्तीय साक्षरता, ई-कामर्स, पीएम आवास योजना (ग्रामीण), जनधन योजना,जीवन ज्योति बीमा, सुरक्षा बीमा योजना, अटल पेंशन योजना, पीएम मुद्रा लोन एवं अन्य वित्तीय समावेशन योजनाओं में अभ्यर्थियों का पंजीकरण, कृषि विभाग द्वारा कार्यशाला एवं प्रदर्शनी, सरकारी योजनाएं, नवीनतम तकनीकी, पीएम किसान सम्मान निधि, किसान क्रेडिट कार्ड, पीएम प्रणाम, नैनो फर्टिलाइज़र के प्रचार -प्रसार के साथ-साथ लाभार्थियों को लाभान्वित भी किया।

## इनकी रही मौजूदगी

कार्यक्रम में डीसीबी अध्यक्ष विनीत मनार, बीडीओ बेहजम, ब्लाक प्रमुख पलिया वीरेन्द्र शुक्ला, ब्लाक प्रमुख फूलबेहड़ विश्वनाथ सिंह, प्रिया दीक्षित एडीओ (स0क0), संतोष कुमार सिंह,उत्तम बंसवार, एडीओ (आईएसबी), सांसद प्रवक्ता अम्बरीश सिंह, राकेश सिंह, रामनरेश सिंह, आचार्य अनूप मिश्रा, बालमुकुन्द, रामगुलाम प्रधान प्रतिनिधि, अनुज शुक्ला 'बीटू', धीरज शुक्ला, प्रेम बाजपेई, नागेन्द्र सिंह सेंगर, विकास मिश्रा, दीपक मिश्रा, राजेश दीक्षित सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी मौजूद रहे।

# अधिवक्ता संघ सभागार में सम्मान समारोह का किया गया आयोजन

*अवधनामा संवाददाता*

**लखीमपुर खीरी।** भारत के प्रथम राष्ट्रपति डॉ. राजेन्द्र प्रसाद के जन्मदिवस पर अधिवक्ता दिवस मनाने के बाद जिला अधिवक्ता संघ सभागार में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। संघ अध्यक्ष विनय कुमार सिंह की अध्यक्षता में आयोजित इस सम्मान समारोह में जिला अधिवक्ता संघ के दस वरिष्ठतम अधिवक्ताओं, एल्डर्स कमेटी के सदस्य पांच अधिवक्ताओं, तीन पत्रकार अधिवक्ताओं समेत जेसीआई क्रिकेट लीग में खेलने वाली अधिवक्ताओं की 8 सदस्यीय टीम को अंगवस्त्र और स्मृतिचिह्न देकर सम्मानित किया गया। जिला अधिवक्ता संघ के महामंत्री मनोज जायसवाल ने बताया कि रविवार को डॉ राजेंद्र प्रसाद जी के जन्मदिन को अधिवक्ता दुव्स के रूप में मनाया गया था। रविवार को अवकाश होने की वजह से सोमवार को सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। संघ सभागार में आयोजित सम्मान समारोह में वरिष्ठ अधिवक्ताओं ने डॉ राजेन्द्र प्रसाद की मूर्ति पर माल्यार्पण किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए इल्डर्स कमेटी के सदस्य राजकुमार त्रिवेदी ने कहा कि वकीलों का देश की आजादी में अहम योगदान रहा है। अधिवक्ता समाज के कमजोर लोगों को न्याय दिलाने का काम करता है। कार्यक्रम में संघ की इल्डर्स कमेटी के सदस्य जगजोत सिंह, मुनीर बख्श, राजकुमार त्रिवेदी, सत्येंद्र शर्मा व मो अजीज सिद्दीकी को अंगवस्त्र और प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। संघ के दस वरिष्ठतम अधिवक्ताओं श्रीकांत उपाध्याय, सुलेमान उस्मानी, अनिल प्रकाश मिश्र, जुगुल किशोर श्रीवास्तव, दिनेश कुमार अग्निहोत्री, रमेश चंद्र मिश्र, शिव सहाय सिंह, उमेश चंद्र मिश्रा व बाल गोविंद वर्मा राम नरायन त्रिवेदी, राजकुमार त्रिवेदी और नन्?दलाल यादव को भी शॉल और प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इसके अलावा मो. सईद खान, गणेश शंकर मिश्र व नीरज कुमार रस्तोगी को पत्रकारिता क्षेत्र में सम्मानित किया गया। इस मौके पर सैकड़ों अधिवक्ता मौजूद रहे। इसके अलावा जेसीआई क्रिकेट लीग में क्रिकेट खेलने वाली टीम के मैनेजर धर्मेंद्र शुक्ल और कैप्टन समेत टीम के खिलाड़ी अधिवक्ताओं को भी सम्मानित किया गया।

## 1 किलो 600 ग्राम अवैध गांजा बरामद कर किया गिरफ्तार

**लखीमपुर खीरी।** थाना फरधान पुलिस द्वारा अभियुक्त अमर सिंह पुत्र खुशीराम भार्गव निवासी ग्राम शिवराजपुर थाना फरधान जिला खीरी को नहर पुलिया के पास महाविद्यालय के सामने बह्दग्राम देवकली से 1 किलो 600 ग्राम अवैध गांजा बरामद कर गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के विरुद्ध मु0अ0सं0 555/2023 धारा 8/20 हृष्ठक्क्ररू ष्ट्ज्ञ थाना फरधान खीरी पर पंजीकृत कर आवश्यक कार्यवाही कर अभियुक्त का चालान न्यायालय भेजा गया।

## नाले में डूबकर किसान की मौत

**लखीमपुर खीरी।** खमरिया थाना क्षेत्र में शारदा नदी से निकले नाले में डूबकर किसान की मौत हो गई। ग्रामीणों ने नाले से शव बरामद करके पुलिस को सूचना दी। खमरिया थाना पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। खानीपुर गांव निवासी रामपाल के खेत शारदा नदी के किनारे हैं। जहां जाने के लिए लोगों को एक नाला पार करना पड़ता है। रामपाल फसलों की देखभाल खेत जाते समय नाला पार कर रहा था। तभी वह नाले में फिसलकर डूब गया। लोगों को जानकारी हुई तो ग्रामीणों ने नाले में तलाश शुरू की। ग्रामीणों ने नाले से रामपाल (55) के शव बरामद कर लिया। सूचना पर खमरिया पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

## ट्रेने से कटे युवक के पैर

**लखीमपुर खीरी।** लखनऊ से शाहगढ़ जा रही ट्रेन के सामने एक व्यक्ति आ गया। हादसे में ट्रेन से पैर कट गये। घायल अवस्था में उसे जिला अस्पताल लाया गया। लखनऊ से मैलानी जानें वाली पैसेंजर ट्रेन के सामने कादीपुरसानी के पास मूसेपुर खुर्द रहने वाला इज्जतयार खान आ गया। इमरजेंसी ब्रेक लगने के बाद भी उसके पैरों पर ट्रेन निकल गई। इससे उसके पैर कट गए। ट्रेन में मौजूद आरपीएफ ने गंभीर घायल को ट्रेन में लादकर लखीमपुर स्टेशन पहुंचाया। इसके बाद एंबुलेस से उसे जिला अस्पताल भेजा गया। आरपीएफ के अरविंद राय ने बताया कि लोगो ने देखा इज्जतयार खां खुद आ रही ट्रेन के आगे रेलप्रखंड पर लेट गया था।

## वाटरशेड सेल कम डाटा सेंटर भूमि एवं जल संरक्षण समिति की बैठक सम्पन्न

**रायबरेली।** कृषि विभाग,उप्र वाटरशेड सेल कम डाटा सेंटर भूमि एवं जल संरक्षण समिति की बैठक जिलाधिकारी हर्षिता माथुर की अध्यक्षता में कलेक्ट्रट स्थित बचत भवन में हुई।

बैठक में वाटरशेड विकास घटक के अन्तर्गत जनपद के विकास खण्ड सरेनी/लालगंज में 11 माइक्रोवाटरशेड कोड जिसमें 54 ग्राम पंचायतें सम्मिलित हैं। जिसमें पांच वर्षों में 5047.00 हे0 क्षेत्रफल उपचारित कर 1110.34 लाख के प्राविधानान्तर्गत आजीविका सम्बर्धन, उत्पादन प्रणाली, प्राकृतिक संसाधन प्रबन्धन एवं ग्रामीण सहभागिता के आधार पर कार्यों को कराये जाने हेतु स्वीकृति प्रदान किया गया।

बैठक में मुख्य विकास अधिकारी पूजा यादव, भूमि संरक्षण अधिकारी,उप निदेशक कृषि,उप जिलाधिकारी (वि0/रा0)रायबरेली उपस्थित थे।

## जिला कारागार में आयोजित हुआ विधिक साक्षरता एवं जागरुकता शिविर

**रायबरेली।** उप्र राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ तथा माननीय जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, रायबरेली श्री तरुण सक्सेना के दिशा-निर्देशन में जिला कारागार, रायबरेली में निरुद्ध बन्दी के देख-रेख, खानपान, रहन-सहन तथा लीगल ऐड क्लीनिक एवं बन्दियों के हितों से सम्बन्धित मामलों के सम्बन्ध में उमाशंकर कहार अपर जिला जज/सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, रायबरेली द्वारा जिला कारागार का निरीक्षण किया गया। इस दौरान अपर जिला जज/सचिव ने जेल अधीक्षिका हर्षिता मिश्रा से जेल के अन्दर कैदियों की स्थिति व रखरखाव के बाबत जानकारी लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। निरीक्षण उपरांत निरुद्ध बंदियों के विधिक अधिकार विषय पर विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन भी किया गया। शिविर में बंदियों से बात कर उनकी परेशानियों, विधिक समस्याओं एवं जेल में मिलने वाली सुविधाओं की जानकारी ली गयी। विधिक जागरुकता शिविर में कारापाल सत्यप्रकाश, उपकारापाल हिमाशुं रौतेला, व पराविधिक स्वयं सेवक पवन कुमार श्रीवास्तव उपस्थित रहे।

# ओटीएस का दूसरा चरण 1 से 15 दिसम्बर तक

## किसानों के निजी नलकूपों में 1 अप्रैल से आने वाले विद्युत बिल माफ

- विद्युत उपभोक्ताओं के बकाये बिलों में सरचार्ज पर छूट के लिए एकमुश्त समाधान योजना
- घरेलू उपभोक्ताओं और किसानों को बिलों के विलम्बित अधिभार में मिल रही शत-प्रतिशत छूट



*अवधनामा संवाददाता*

**महराजगंज, रायबरेली।** विद्युत उपभोक्ताओं के बकाया बिलों में सरचार्ज पर छूट के लिए एकमुश्त समाधान योजना का दूसरा चरण 1 से 15 दिसम्बर तक चलेगा। ओटीएस के दूसरे चरण में भी एक किलोवाट भार तक के घरेलू उपभोक्ताओं और किसानों को बिलों के विलम्बित अधिभार में शत-प्रतिशत छूट के साथ किश्तों में भुगतान की सुविधा दी जा रही। साथ ही अन्य उपभोक्ताओं, औद्योगिक प्रतिष्ठानों एवं संस्थानों को भी पहले चरण में मिली छूट के सापेक्ष इस चरण में 10 प्रतिशत कम छूट के साथ किश्तों में भुगतान की सुविधा मिल रही है। ओटीएस के पहले चरण 8 से 30 नवम्बर तक छूट लेने वाले उपभोक्ताओं को सर्वाधिक लाभ मिला।

आपको बता दें कि, प्रदेश के नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने बकायेदार उपभोक्ताओं से अपील की है कि, ओटीएस के दूसरे चरण में दी जा रही छूट का लाभ लेने तथा अपने बकाये बिलों के झंझटों से हमेशा के लिए मुक्ति होने के लिए शीघ्र पंजीकरण कराएं। उन्होंने कहा कि, यह बहुत ही लाभप्रद, जन-कल्याणकारी योजना संचालित की गयी है और उपभोक्ताओं को अपने बकाये के भुगतान का स्वर्णिम अवसर मिला है। प्रदेश के किसानों के निजी नलकूपों में 1 अप्रैल, 2023 से आने वाले विद्युत बिलों को माफ किया गया है। 31 मार्च, 2023 से पहले के बकाये बिलों में सरचार्ज पर शत-प्रतिशत की छूट दी जा रही है। किसान भाई भी योजना के तहत लाभ लेकर अपने बकाये का भुगतान कर दें।

ऊर्जा मंत्री ने विद्युत अधिकारियों को निर्देशित किया है कि, उपभोक्ताओं को ओटीएस योजना का सही से लाभ मिले इसके लिए सजग और सतर्क होकर कार्य करें। योजना के तहत अधिक से अधिक उपभोक्ताओं को लाभ मिले, इस सम्बंध में योजना की सही से जानकारी उपलब्ध कराएं और कार्यों में तेजी लाएं। बड़े बकायेदारों से सम्पर्क करने का भी प्रयास किया जाय।

ऊर्जा मंत्री ने बताया कि, ओटीएस के प्रथम चरण में 20 लाख उपभोक्ताओं ने छूट का लाभ उठाया और इससे 2000 करोड़ रूपये से अधिक का राजस्व प्राप्त हुआ। इसमें से 17.75 लाख छोटे घरेलू उपभोक्ता, 95 हजार वाणिज्यिक, 80 हजार किसान और 50 हजार बिजली चोरी व आरसी के मामले शामिल हैं।

# गरीब समाज की मदद करना उनका इलाज कराना मेरा लक्ष्यः शत्रोहन सोनकर

*अवधनामा संवाददाता*

**रायबरेली।** नगर पालिका अध्यक्ष शत्रोहन सोनकर अपनी समाज सेवा के द्वारा शहर में एक अलग पहचान रखते उनका शुरू से एक उद्देश्य रहा है कि समाज मे गरीब तबके के लोग इलाज के आभाव में अपने आप को दबा कुचला न महसूस करे जिसको लेकर लगातार कैम्प लगवा कर गरीबो को निशुल्क इलाज कराते है और यही कारण रहा है कि नगर पालिका अध्यक्ष के चुनाव में ऐतिहासिक जीत दर्ज करके शहर में इतिहास रच दिया है वही आज शहर के वार्ड नम्बर 5 में निशुल्क आंख की जांच और ऑपरेशन व चश्मे निशुल्क उपलब्ध कराए जहां बीते लगातार कई दिनों से निशुल्क कैंप के आयोजन को लेकर प्रचार प्रसार किया जा रहा था जिसके कारण आज लगभग डेढ़ सौ से ज्यादा लोगों का रजिस्ट्रेशन किया गया जिसमें कुछ लोगों को तो आज ही चश्मा उपलब्ध करा दिया गया तो किसी को दवा उपलब्ध कराई गई वही जिन लोगों की आंख की रोशनी कम थी उन्हें ऑपरेशन के लिए एक डेट देते हुए बताया गया है कि आपको निशुल्क बस के द्वारा लखनऊ लेकर जाया जाएगा जहां आपकी आंख का ऑपरेशन किया जाएगा और उसके बाद आपको निशुल्क रायबरेली आपके घर छोड़ दिया जाएगा वही जब इस पूरे मामले पर नगर पालिका अध्यक्ष शत्रोहन सोनकर से बात की गई तो उन्होंने बताया कि उनका उद्देश्य शुरू से रहा है कि गरीब समाज का निशुल्क इलाज हो सके जिसके लिए वह साल में दो कैंप लगवाते हैं और उस कैम्प में गरीब समाज के लोगों को लाकर उनका निशुल्क इलाज कराते है इस मौके पर सभासद वार्ड नंबर 5 राम सजीवन पाल जिला पंचायत सदस्य वीरेंद्र यादव प्रबंधक रामकृष्ण पब्लिक स्कूल जेपी त्रिपाठी पीसीसी से राहुल वाजपेई राजू बीज आदि लोग मौजूद रहे।

## नन्हे-मुन्हे बच्चों ने अपनी प्रस्तुतियों से सभी का मनमोहा

**सहारनपुर।** स्मॉल वंडर स्कूल के वार्षिकोत्सव पर छोटे-छोटे बच्चों ने अपनी सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से अपनी प्रतिभा की अमिट छाप दर्शकों पर छोडी और आगुन्तकों की जमकर तालियां बंटोरी।

गांधी पार्क स्थित जनमंच हाल में स्मॉल वंडर स्कूल का वार्षिक उत्सव बड़ी धूमधाम से मनाया गया। कार्य का उद्घाटन महापौर अजय सिंह व सुरेंद्र चौहान ने दीप प्रज्जवलित कर किया। इस दौरान छोटे-छोटे बच्चों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए सुंदर-सुंदर प्रस्तुति दी। जिसमें मुख्य रूप से स्किट सिंगिंग, क्लासिकल डांस, पर्यावरण को बचाने के लिए सुंदर नाटक तथा इंस्ट्रूमेंट बजाकर अपनी कला का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में सविता मखीजा व डॉक्टर राजीव मखीजा द्वारा मुख्य अतिथियो डॉक्टर अजय कुमार सिंह व सुरेंद्र चौहान को बुके देकर सम्मान किया।

## हलाल प्रमाण पत्र में फैली भ्रान्ति को लेकर सहायक खाद्य आयुक्त से मिले व्यापारी



*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** हलाल प्रमाण पत्र में फैली भ्रान्ति को दूरकर करने की मांग को लेकर सहारनपुर उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल से जुडे व्यापारियों का एक प्रतिनिधिमंडल सहायक खाद्य आयुक्त द्वितीय पवन कुमार चौधरी से उनके कार्यालय में मिला और हलाल प्रमाण पत्र पर स्थिति स्पष्ट करने की बात रखी। व्यापार मण्डल के महानगर अध्यक्ष विवेक मनोचा व महामंत्री स.सुरेन्द्र मोहन सिंह चावला के नेतृत्व में व्यापारी प्रतिनिधि सहायक खाद्य आयुक्त द्वितीय पवन कुमार चौधरी से से मिले और बताया कि हलाल प्रमाणन संस्थाओं एवं निर्यातकों को इंडिया कॅनफॅरमिटी एसेसमेंट स्कीम के तहत एनएबीसीबी के पोर्टल पर 5 अप्रैल 2024 तक आवेदन करना होगा। एनएबीसीबी इन संस्थाओं की जांच करेगी। फिर उन्हें हलाल प्रमाण पत्र जारी करने के सम्बन्ध में अनुमति देगी। पवन कुमार ने बताया कि बिना एनएबीसीबी अनुमति वाली संस्थाएं प्रमाण पत्र जारी करती है, तो उन्हें मान्य नहीं किया जायेगा। ऐसे में उनके खिलाफ कार्यवाही की जाएगी। व्यापारियों ने पूछा कि कितनी संस्थाएं प्रमाण पत्र देने के लिए अधिकृत हैं, इसके जवाब में सहायक खाद्य आयुक्त द्वितीय पवन कुमार चौधरी ने बताया कि एनएबीसीबी की ओर से अभी तक तीन संस्थाओं को ही हलाल प्रमाणन पत्र जारी करने के लिए अनुमति दी गयी है।

## किसानों की समस्याओं के प्रति सरकार नहीं गंभीरः राकेश

*अवधनामा संवाददाता*



**सहारनपुर।** भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय प्रवक्ता राकेश टिकैत ने कहा कि किसान जन्मजात ही समस्याओं को लेकर पैदा होता है। गन्ना मूल्य भुगतान, बिजली का सरचार्ज, खाद्य का समय से न मिल पाना सहित विभिन्न समस्याएं प्रमुख रूप से सामने है, लेकिन उनका निस्तारण नहीं हो पा रहा है। जिस देश में ज्योतिष बेईमान हो जाये, उस देश का यही हाल होगा।

भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय प्रवक्ता राकेश टिकैत आज यहां किसानों की समस्याओं को लेकर कार्यकर्ताओं के साथ मण्डलायुक्त कार्यालय पहुंचे और मण्डलायुक्त से भेंट कर उन्होंने किसानों की समस्याओं से रखते हुए उनके निस्तारण की मांग की। तदोपरान्त पत्रकारों से अनौपचारिक वार्ता करते हुए चौधरी राकेश टिकैत ने कहा कि आज वहां किसानों की समस्याओं को लेकर मण्डलायुक्त से मिलने पहुंचे और उन्हें किसानों की समस्याओं से अवगत कराया है। जिसमें गन्ना मूल्य भुगतान, बिजली पर सरचार्ज और पूर्व में सरकार द्वारा किसानों को निशुल्क बिजली दिये जाने का वादा किया गया था, जिसे आज तक भी पूरा नहीं किया गया है। उन्होंने कहा कि किसानों की समस्याएं बहुत है। लेकिन सरकार उसके प्रति गंभीर नहीं है। उन्होंने कहा कि किसानों की धान का फसल का वाजिब मूल्य नही मिल रहा है लेकिन व्यापारी का सब कुछ सही दाम पर बिक रहा है। उन्होंने कहा कि बिहार पूर्वांचल से धान को खरीदकर लाया जा रहा है, जबकि स्थानीय किसानों का धान नहीं बिक रहा है। भाजपा की तीन राज्यों मे प्रचण्ड जीत पर राकेश टिकैत ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पहले ही इन राज्या में जीत के लिए कह दिया था। उन्होंने कहा कि जिस देश का ज्योतिषी बेईमान होगा, उस देश का यही हाल होगा। उन्होंने कहा कि भाजपा को कैसे पता चल गया कि हमारी सरकार बनेगी, जिससे पता चलता है कि चुनाव में गड़बड़ की गयी है। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ में कांग्रेस के खिलाफ आंदोलन चल रहा था, वहां पर भी भूमि अधिग्रहण का मुद्दा, नया रायपुर बसने पर वहां जो आदिवासियों की जमीन छीनी जा रही है, उससे सब नाराज थे।

## पुलिस कमिश्नर एवं जिलाधिकारी के नेतृत्व में आबकारी विभाग निरंतर एक्शन में



*अवधनामा संवाददाता*

**गौतमबुद्धनगर।** आबकारी आयुक्त उत्तर प्रदेश के निर्देशों के क्रम में व पुलिस कमिश्नर लक्ष्मी सिंह एवं जिला अधिकारी मनीष कुमार वर्मा के नेतृत्व में अवैध शराब के निष्कर्षण एवं अवैध शराब के व्यापार के विरूद्ध चलाए जा रहे प्रवर्तन अभियान के तहत जिला आबकारी अधिकारी गौतम बुद्ध नगर सुबोध कुमार ने जानकारी देते हुये बताया कि विगत दिवस आबकारी विभाग एवं पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा थाना 135 एक्सप्रेस वे के अन्तर्गत रायपुर यमुना पुश्ता पर हरियाणा की ओर से आने वाले संदिग्ध वाहनों की सघन चेकिंग की गयी। जिला आबकारी अधिकारी सुबोध कुमार ने कहा कि आगे भी जिलाधिकारी के निर्देशन में अवैध शराब की बिक्री को लेकर आगे भी जनपद में निरंतर गहन सर्च अभियान जारी रहेगा। उन्होंने अवैध शराब का कारोबार करने वालों को सचेत करते हुए कहा है कि उनके विरूद्ध आबकारी अधिनियम के तहत सख्त से सख्त कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी।

## पांवधोई नदी का सफाई अभियान चलाएंः नगरायुक्त

# जनसुनवाई में आयी 16 शिकायतों में से तीन शिकायतों का हुआ निस्तारण

*अवधनामा संवाददाता*



**सहारनपुर।** नगरायुक्त ग़ज़ल भारद्वाज ने नगर स्वास्थ्य अधिकारी को रोस्टर बनाकर पांवधोई नदी का अभियान शुरु करने के निर्देश दिए है। उन्होंने सिंचाई विभाग से समन्वय करते हुए नदी की टूटी बाउंड्री वाल को ठीक कराने के लिए सहायक अभियंता निर्माण को निर्देश दिए। आज जनसुनवाई में आयी 16 शिकायतों में से तीन शिकायतों का निस्तारण किया गया।

वार्ड 22 आनंदपुरी निवासी रुपक सेठ, वरुण शर्मा व कुछ अन्य लोगों ने नगरायुक्त को प्रार्थना पत्र देकर पांवधोई नदी की सफाई कराने और अग्रवाल धर्मशाला के पीछे वाली साइड की टूटी पटरी की मरम्मत कराने की मांग की। प्रार्थना पत्र में बताया गया कि पांवधोई नदी एक ऐतिहासिक व प्राचीन महत्व की नदी है, लेकिन उसकी सफाई न होने से उसमें काफी कचरा जमा हो गया है जिससे संक्रामक रोग फैलने का खतरा बना रहता है। इसके अलावा पिछले दिनों आयी बाढ़ में नदी की पटरी भी क्षतिग्रस्त हो गयी है। नगरायुक्त ने नगर स्वास्थ्य अधिकारी व सहायक नगरायुक्त अशोक प्रिय गौतम को निर्देश दिए कि वे रोस्टर बनाकर नदी की सफाई का अभियान शुरु करायें। चूंकि नदी सिंचाई की देखरेख सिंचाई विभाग करता है अतः सिंचाई विभाग से समन्वय बनाकर टूटी पटरी ठीक कराने के निर्देश उन्होंने सहायक अभियंता निर्माण को दिए। वार्ड 22 श्यामपुरी निवासी विक्रम सिंह ने वार्ड में सड़कों व नालियों की सफाई कराने तथा वार्ड संख्या 6 बागवाली गली निवासी शमशेर ने नाली की साफ सफाई कराने का प्रार्थना पत्र दिया जिस पर सम्बंधित क्षेत्र के सफाई निरीक्षक व कर्मचारी भेजकर साफसफाई करा दी गयी। वार्ड संख्या दो मल्हीपुर रोड निवासी प्रमोद मित्तल ने भी वार्ड में अपने क्षेत्र की सड़कों की साफसफाई कराने का प्रार्थना पत्र दिया। जिस पर उन्हें आश्वस्त किया गया कि जल्दी ही उक्त क्षेत्र में सफाई करा दी जायेगी। इसी वार्ड के उज्जवल नगर निवासी राजेंद्र कुमार ने कॉलोनी में पानी की पाइप लाइन डलवाने के लिए प्रार्थना पत्र दिया।

इसके अलावा वार्ड 67 आजाद कॉलोनी निवासी जीशान सड़क से अतिक्रमण हटाने, वार्ड संख्या 11 पैरामाउण्ट निवासी मयंक शर्मा ने कॉलोनी में सार्वजनिक सम्पत्ति से अतिक्रमण हटवाने तथा वार्ड संख्या 10 रुप विहार निवासी बलबीर सिंह ने कॉलोनी के मेन रोड से अतिक्रमण हटवाने के लिए प्रार्थना पत्र दिए। जिस पर नगरायुक्त ने प्रवर्तन दल प्रभारी को उक्त स्थलों का निरीक्षण कर रिपोर्ट देने के निर्देश दिए।

इसके अलावा सड़क व नाला निर्माण आदि के सम्बंध में आये प्रार्थना पत्रों के संदर्भ में सम्बंधित क्षेत्रों के अवर अभियंताओं को स्थलीय निरीक्षण कर आगणन प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। जनसुनवाई के दौरान अपर नगरायुक्त राजेश यादव, एस के तिवारी व मृत्युंजय, मुख्य अभियंता निर्माण बीके सिंह सहित निगम के सभी विभागीय अधिकारी मौजूद रहे।

## होम कम्पोस्टिंग पर्यावरण संतुलन बनाने में सहायक




*अवधनामा संवाददाता*

सहारनपुर। नगर निगम द्वारा आईटीसी मिशन सुनहरा कल के सहयोग से विश्व मृदा दिवस पर शहर के वार्ड 25 व वार्ड 10 में कार्यक्रम आयोजित कर लोगों को मृदा और पर्यावरण के प्रति जागरुक किया गया। लोगों को बताया गया कि हम कूड़े कचरे का होम कम्पोस्टिंग के जरिये सही निस्तारण कर जहां पर्यावरण संतुलन बनाने में सहायक हो सकते हैं वहीं प्रकृति से लिए गए तत्वों को प्रकृति को लौटा भी सकते है।

नगरायुक्त ग़ज़ल भारद्वाज के निर्देश पर वार्ड 25 रुप विहार में विश्व मृदा दिवस पर नगर निगम द्वारा आईटीसी मिशन सुनहरा कल व जागृति सुधार मौहल्ला समिति के सहयोग से एक जागरुकता कार्यक्रम कर मौहल्ला समिति की महिलाओं तथा क्षेत्र के लोगों को पर्यावरण के प्रति जागरुक किया गया। आईटीसी मिशन सुनहरा कल के मौ.शादाब व रामचंद्र पाण्डेय ने लोगों को जागरुक करते हुए कहा कि यदि हम अपने घरों से निकलने वाले कचरे का होम कम्पोस्टिंग के माध्यम से निस्तारण करें तो हम अपनी मृदा को स्वच्छ और स्वस्थ भी रख सकते हैं और पर्यावरण को स्वच्छ रखने में भी सहयोगी बन सकते हैं। कार्यक्रम में कांता भट्ट, सीमा मेहरा व मंजू पाण्डेय सहित बड़ी संख्या में महिलाएं व क्षेत्रीय लोग शामिल रहे।

इसके अलावा वार्ड 10 में नवादा रोड स्थित सनशाइन इण्टर कॉलेज में भी विश्व मृदा दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। छात्र-छात्राओं को होम कम्पोस्टिंग के बारे में जागरुक किया गया।

## विज्ञान प्रदर्शनी का विधायक ने किया उद्घाटन

अवधनामा संवाददाता

**फर्रूखाबाद।** महीयसी महादेवी वर्मा राजकीय बालिका इंटर कॉलेज फतेहगढ़ में विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद के तत्वाधान में जिला विज्ञान क्लब द्वारा जनपद स्तरीय विज्ञान मॉडल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ विधायक भोजपुर नागेन्द्र सिंह राठौर द्वारा फीता काट कर किया गया। प्रदर्शनी का अवलोकन के दौरान विधायक ने समस्त प्रतिभागियों के मॉडलों की सराहना की।कार्यक्रम की रूपरेखा जिला समन्वयक श्रीमती दीपिका राजपूत ने बताया कि प्रदर्शनी में 30 विद्यालयों से 125 मॉडल प्रस्तुत किए गए। सभी विद्यार्थियों के प्रयास सराहनीय थे। प्रतिभागियों को सम्बोधित करते हुए जिला विद्यालय निरीक्षक नरेन्द्र पाल सिंह ने विद्यार्थियों को प्रोजेक्ट में नवाचार लाने के लिए और पर्यावरण के अनुकूल मॉडल बनाने के लिए प्रोत्साहित किया। जिला विकास अधिकारी श्याम कुमार तिवारी ने कहा कि विज्ञान करके सीखने का विषय है।

# डीएम ने वृहद गौ-संरक्षण केंद्र गुराई घिरोर का किया औचक निरीक्षण

अवधनामा संवाददाता



**मैनपुरी।** जिलाधिकारी अविनाश कृष्ण सिंह ने वृहद गौ-संरक्षण केंद्र गुराई घिरोर के औचक निरीक्षण के दौरान गौशाला में व्याप्त गंदगी, अव्यवस्थाओं पर नाराजगी व्यक्त करते हुए ग्राम प्रधान को नोटिस जारी करने, सचिव, मौजूदा पशु चिकित्साधिकारी, खंड विकास अधिकारी को चेतावनी जारी करने, तत्कालीन पशु चिकित्साधिकारी के निलंबन की संस्तुति किए जाने के निर्देश देते हुए खंड विकास अधिकारी, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी को हिदायत देते हुये कहा ज्यादा संख्या में सफाई कर्मियों को लगाकर 01 सप्ताह में गौशाला परिसर की बेहतर ढंग से सफाई कराना सुनिश्चित करें, अगले 01 माह में सभी व्यवस्थाएं चाक-चौबंद की जाएं, गौशाला प्रांगण में बर्मी कंपोस्ट तैयार कर गोबर से खाद बनाकर उसकी बिक्री की व्यवस्था की जाए, गौशाला में संरक्षित अधिकांश गाय दुधारू हों, सुनिश्चित किया जाए प्रतिदिन गोबर, दूध की उत्पादकता का विवरण रखा जाए। उन्होंने नाराजगी व्यक्त करते हुए मौके पर उपस्थित पशु चिकित्साधिकारी को निर्देशित किया कि अगले 01 सप्ताह में संरक्षित नर गोवंश के बधियाकरण की कार्यवाही करना सुनिश्चित करें, गौशाला में नर-मादा गोवंशों को अलग-अलग रखा जाए। श्री सिंह ने पशु चिकित्साधिकारी को आदेशित करते हुए कहा कि संरक्षित गोंवंशों के स्वास्थ्य का प्रतिदिन परीक्षण किया जाए, गौशाला में पर्याप्त मात्रा में गौवंश हेतु दवाई उपलब्ध रहें, पर्याप्त मात्रा में भूसा की उपलब्धता सुनिश्चित की जाये, गोवंशों को दोनों समय हरा चारा, भूसा पर्याप्त मात्रा में खिलाया जाए, गौशाला से सबद्ध चारागाह की भूमि पर हरे चारे की बुवाई कराकर संरक्षित गोवंशों को खिलाया जाये, चारा डालते समय की फोटो भी संरक्षित रखे जाए। उन्होंने कहा कि गौशाला में संरक्षित गोंवंशों की एल्बम बनाई जाए, एल्बम, सारा रिकॉर्ड गौशाला पर ही उपलब्ध रहे। उन्होंने जानकारी करने पर पाया कि गौशाला में 412 गोवंश संरक्षित है, जिसमें से 205 गाय, 194 नंदी एवं 13 बच्चे हैं, सभी संरक्षित पशुओं की ईयर टैगिंग हो चुकी है। उन्होने कहा कि संरक्षित गौवंशों को ठंड से बचाव हेतु मुकम्मल व्यवस्था की जाये, केयर टेकर गौ-आश्रय स्थल पर ही रात्रि विश्राम करें, सचिव, खंड विकास अधिकारी ने बताया कि केयर टेकर शिशुपाल, सुरेश द्वारा रात्रि में गौशाला में ड्यूटी की जा रही है। उन्होने कहा कि गौशाला को स्वावलंबी, आय के संशाधन बढ़ाये जाने के लिए गोबर से कंडे, अगरबत्ती आदि बनाकर बिक्री की जाए, वर्मी कंपोस्ट से खाद बनाकर बेची जाए, दुधारू गाय के दूध की बिक्री की जाए, विभिन्न स्त्रोतों से प्राप्त धनराशि का पूरा विवरण रखा जाए।

# संकल्प यात्रा के जरिए जन-जन तक लाभ देने की मुहिमः अतुल

अवधनामा संवाददाता



संकल्प यात्रा में शपथ दिलाते मुख्य अतिथि अतुल सिंह

**खैरेटवा, कुशीनगर।** विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत विकास खंड कसांगन के ग्राम सभा सिंघाड़ी बाजार में मंगलवार को कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें केंद्र व प्रदेश सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं के बारे में जानकारी दी गई। कार्यक्रम का शुभारंभ गौसेवा आयोग के उपाध्यक्ष अतुल सिंह तथा विकासखण्ड के सभी विभाग के अधिकारियों द्वारा किया गया।

इस मौके और उन्होंने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा का उद्देश्य सरकारी योजनाओं और लाभ को जन जन तक पहुंचाना है, उन्होंने कहा कि केंद्र व प्रदेश सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं को व्यक्ति विशेष को परे रख कर श्रद्धा भाव से समाज को सरकार से सीधा जोड़ा जा रहा है जिससे हर एक व्यक्ति को लाभान्वित किया जा रहा है। जैसे फ्री गैस, आयुष्मान कार्ड, नरेगा, पांच किलोग्राम पर यूनिट मुफ्त राशन किसानों को सहयोग धनराशि, पेंशन इत्यादि जो पूर्व की सरकारों में सम्भव न था। उसके पश्चात विकसित भारत संकल्प यात्रा एलईडी वैन का स्वागत किया गया जिसके माध्यम से योजनाओं के बारे में प्रचार प्रसार किया जा रहा है। कार्यक्रम में स्वास्थय विभाग, पशु पालन विभाग, कृषि विभाग सहित तमाम विभागों द्वारा स्टाल लगाकर जानकारी दी गई। कार्यक्रम का संचालन ग्राम पंचायत सचिव मुन्ना लाल विश्वकर्मा तथा कार्यक्रम की अध्यक्षता ग्राम प्रधान धर्मेंद्र शर्मा द्वारा किया गया और लाभान्वित ग्राम वासियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया,साथ ही ग्राम सभा में बने पंचायत भवन का उद्घाटन मुख्य अतिथि के द्वारा फीता काटकर किया गया और कार्यक्रम में सम्मलित सभी लोगों को मिष्ठान खिलाकर जलपान कराया गया।

# कुशीनगर मेडिकल कालेज को मिले 12 चिकित्सा शिक्षक

अवधनामा ब्यूरो



चिकित्सा शिक्षकों को नियुक्ति पत्र देते हाटा विधायक मोहन वर्मा व डीएम

**कुशीनगर।** चिकित्सा शिक्षा विभाग उत्तर प्रदेश के तत्वावधान में मंगलवार को स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय के अंतर्गत नवनियुक्त

**नियुक्ति पत्र पाकर खिले चिकित्सा शिक्षकों के चेहरे**

चिकित्सा शिक्षकों एवं स्टाफ नर्सो के नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम का लखनऊ से सजीव प्रसारण कलेक्ट्रेट सभागार में देखा गया। इस मौके पर जिले में 12 चिकित्सा शिक्षकों को नियुक्ति पत्र वितरण किया गया।

सजीव प्रसारण दिखाने के उपरांत नियुक्ति पत्र वितरण समारोह को संबोधित करते हुए विधायक पडरौना मनीष जायसवाल ने कहा कि जनपद को आज नए सह आचार्य एवं सहायक आचार्य मिले है। सभी स्वास्थ्य चिकित्सकों को मेरी तरफ से हार्दिक शुभकामनाएं। जनपद आज चिकित्सा के क्षेत्र में आगे है। राजकीय चिकित्सालय में वेंटीलेटर, इमरजेंसी वार्ड एवं अन्य मूलभूत बेहतर सुविधाएं उपलब्ध है। विधायक हाटा मोहन वर्मा ने समारोह में आए चिकित्सकों को नियुक्ति पत्र मिलने पर शुभकामनाएं देते हुए कहा कि भारत के यशस्वी प्रधान मंत्री एवं मुख्यमंत्री के नेतृत्व में आज जनपद की स्थिति बदल चुकी है।

पूर्व विगत वर्षो की तुलना में आज जनपद में चिकित्सा से संबंधित हर सुविधा उपलब्ध है। जनपद आज चिकित्सा के क्षेत्र में इंसेफलाइटिस से निपटने में सक्षम हैं। सभी चिकित्सक भगवान के रूप होते है, अतः आप सभी मरीजों की व्यथा को केवल सुनने मात्र से ही आधी व्याधि हर सकते है। कार्यक्रम को रामकोला विनय प्रकाश गौड़ ने भी संबोधित किया जिलाधिकारी ने कहा की आप सभी चिकित्सकों एवं सह आचार्यो की प्रतिभा एवं ऊर्जा से पूरे जनपद को लाभ मिलेगा। स्वास्थ्य मनुष्य की अमूल्य संपदा है। आगंतुकों की बातों को ध्यान से सुने। आप ईश्वर के दूसरे रूप हो। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधीक्षक एच एस राय, पैरामेडिकल स्टाफ, चिकित्सक आदि उपस्थित रहें।

**इन्हे मिला नियुक्ति पत्र-** जिन लोगों को नियुक्ति पत्र मिला उसमें 12 लोग शामिल है। यथा गीता गुप्ता, रुचिका सिंह, संगीता जायसवाल, सुनील कुमार गुप्ता, कन्हैया प्रसाद, सुजीत कुमार माथुर, सुधांशु शेखर, अनूप जायसवाल, प्रवीण कुमार आदि को नियुक्ति पत्र वितरित किया गया।

## दर्जनो महिलाओं, पुरुषों ने कलेक्ट्रेट में किया प्रदर्शन

अवधनामा संवाददाता

**फर्रुखाबाद।** नगर पालिका की लापरवाही के चलते टूटा पड़ा नाला का निर्माण न होने से पूरी तरह से बंद हो गया है। इस समस्या को लेकर दर्जनों महिलाओं और पुरुषों ने कलेक्ट्रेट पहुंच कर प्रदर्शन किया बाद में जिलाधिकारी संजय कुमार सिंह को ज्ञापन दिया है जिसमे कहा है कि टूटे नाला का पुनर्निर्माण कराया जाए जिससे गंदगी और बीमारी न फैल सके। नगर पालिका के मछली अड्डा से एचपी गैस शोरूम तक वार्ड नंबर 12 तुलसी नगर और वार्ड नंबर 14 लक्ष्मण नगर के मध्य सालों से नाला की सफाई नहीं की गई है जिस कारण नाला बंद है। नाला बंद होने के कारण बरसात में नाला का पानी घरों में भर जाता है जिससे मोहल्ले में डेंगू मलेरिया जैसी बीमारी फैल रही है नागरिकों ने डीएम को बताया कि जगह-जगह पर नाला टूटे होने से कई बार दुर्घटनाएं हो चुकी हैं, सभासद अनिल कुमार तिवारी के कहने पर भी नगर पालिका द्वारा नाला का सफाई नहीं कराई गई, और न ही जेसीबी और कूड़ा उठाने वाली गाड़ियां लगाई गई हैं।

# सामूहिक विवाह समारोह में दिखी अव्यवस्था

**भेटुआ (अमेठी) अवधनामा संवाददाता।** स्थानीय ब्लॉक परिसर में मंगलवार को



मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें अव्यवस्था का आलम दिखाई पड़ा। बताया गया की भेटुआ भादर अमेठी व संग्रामपुर ब्लॉक से कुल दो सौ वैवाहिक जोड़ों का विवाह पंजीकृत था। जोड़ों के साथ उनके अभिभावक भी समारोह में शामिल थे। सरकारी मंशा के मुताबिक इक्यावन हजार की राशि मे से पैंतीस हजार खाते में मिलने वाली राशि के बारे में ज्यादातर वैवाहिक जोड़े को जानकारी ही नहीं थी। वही वैवाहिक जोड़े को दी जाने वाली दस हजार की उपहार की वस्तुओं में सिर्फ खाना पूर्ति ही की गई।विवाह संपन्न होने के बाद वैवाहिक जोड़ो समेत लगभग पांच सौ की भीड़ के लिए महज एक ही भोजन का काउंटर लगाया गया था। भोजन की शुरुआत होते ही जबरदस्त अफरा तफरी मच गई। भोजन काउंटर पर कोई भी जिम्मेदार नही दिखाई दिया। विवाह समारोह में कुल दो सौ जोड़े प्रस्तावित थे। मौके पर मौजूद डीडीओ तेजभान सिंह ने बताया कि दो सौ जोड़े प्रस्तावित थे जिनमें 196 जोड़ों का विवाह संपन्न हुआ। इन्होंने बताया कि 23 जोड़े मुस्लिम भी अपने धर्म के मुताबिक वैवाहिक बंधन में बंधे। बी डी ओ भेटुआ विनय वर्मा ने कहा कि इस सम्बंध में जानकारी समाज कल्याण अधिकारी देंगे। एडीओ समाज कल्याण अम्बरीष मिश्र ने बताया कि दो सौ जोड़े का विवाह संपन्न हुआ कोई भी अनुपस्थित नही था। इनके मुताबिक 21 जोड़े मुस्लिम के थे। बताया कि दो हजार लोगों के भोजन की व्यवस्था की गई थी। उपहार की वस्तुओं के बारे में पूछे जाने पर कहा कि सारे सामान हमे जिले से मिले थे किस कम्पनी का है ध्यान नहीं दिए।

## कोई भी पात्र छात्र छात्रवृत्ति से ना हो वंचित



**बलरामपुर अवधनामा संवाददाता।** शासन की मंशानुरूप आर्थिक रूप से कमजोर व होनहार छात्रों को छात्रवृत्ति का लाभ मिले इसके लिए जिलाधिकारी अरविंद सिंह द्वारा नियमित छात्रवृत्ति योजना की गहन समीक्षा की जा रही है। इसी क्रम में जिलाधिकारी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जनपद के सभी डिग्री कॉलेज के प्रिंसिपल एवं नोडल अधिकारियों की महत्वपूर्ण बैठक की गई। जिलाधिकारी द्वारा बैठक में छात्रवृत्ति एवं शुल्क प्रतिपूर्ति से संबंधित विभिन्न बिंदुओं पर विस्तार पूर्वक चर्चा की एवं आवश्यक दिशानिर्देश दिए। सभी कॉलेज पात्र छात्रों का ऑनलाइन आवेदन करते हुए त्रुटिहीन अग्रसारित करना सुनिश्चित करें। कॉलेज स्तर पर छात्रवृत्ति फीडिंग में किसी भी प्रकार की वित्तीय अनियमितता न हो जिलाधिकारी ने स्पष्ट रूप से निर्देश दिया कि कोई भी पात्र छात्र छात्रवृत्ति के लाभ से वंचित ना हो, छात्रवृत्ति योजना के फीडिंग कार्य के लिए डेडीकेटेड स्टाफ लगाया जाए। इस दौरान जिला समाज कल्याण अधिकारी एमपी सिंह, जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी व अन्य संबंधित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

## अवैध नर्सिंग होम संचालकों में मची खलबली




**बलरामपुर अवधनामा संवाददाता।** प्रदेश सरकार के मंशानुरूप जनपद के स्वास्थ्य सेवाओं में विगत कुछ वर्षों से जिले के अधिकारियों की उदासीनता के कारण जनता का बड़े पैमाने पर स्थानीय कथित नर्सिंगहोमो द्वारा लूट फतिया के साथ जीवन से खिलवाड़ किया जाता था जिसे शासन ने गंभीरता से लेते हुए जिले के कुछ वरिष्ठ अधिकारियों को हटाकर नये मुख्यअधिकारी की तैनाती कर दी इनके आते ही जनपद में एकाएक कई घटनाएं अवैध नर्सिंगहोमो में घाटी जिसे वर्तमान सी एम ओ ने बड़े ही गंभीरता से लिया और एक के बाद एक कई तथा कथित झोलाछाप नर्सिंगहोमो पर कार्यवाही की जिससे अवैध ढंग से संचालित हो रहे नर्सिंग होमो के संचालकों में अफरा तफरी फैल गई। बताते चलें कि आज भी अधिकांश नर्सिंग होम फर्जी तरह से चिकित्सा अधिकारियों का नाम लिखकर ऑपरेशन सहित सभी कार्य करते हैं जांच आदि के मामले में पैथालॉजी संचालक मनमानी रिपोर्ट देकर जनता की गाढ़ी कमाई पर डाका डालते रहते हैं ऐसे में इस में भी कुछ मजबूत पकड़ के कारण विभागीय कार्यवाही से बचे रहते थे परंतु वर्षों बाद इस क्षेत्र में सकारात्मक कार्यवाही से जनता में एक विश्वास पैदा हुआ जिसमें अब सरे आम इन नर्सिंगहोमो में लूटने से केवल बचेंगे बल्कि जनधन की हानि से भी बचने की उम्मीद जगी है।

## कालाजार और फाइलेरिया कार्यक्रम को देखने पहुंची बीएमजीएफ टीम

अवधनामा संवाददाता



**देवरिया।** फाइलेरिया व कालाजार उन्मूलन को लेकर जिला प्रशासन प्रतिबद्ध है। इसको लेकर युद्धस्तर पर कार्य किया जा रहा है। इसी क्रम में प्रगति को जानने के लिए बिल एंड मिलिंडा गेट्स फाउंडेशन (बीएमजीएफ) की नेशनल टीम द्वारा बनकटा ब्लाक के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र और सिकटिया गांव का भ्रमण किया गया। बीएमजीएफ के कंट्री लीड डॉ. भूपेंद्र त्रिपाठी के नेत्रत्व में डब्लूएचओ, पाथ और सीफार के प्रतिनिधियों ने सबसे पहले सीएमओ डॉ राजेश झा से मुलाक़ात की तत्पश्चात बनकटा ब्लॉक के पीएचसी और सिकटिया गांव का जायजा लिया।

इस दौरान आशा कार्यकर्ताओं से अगस्त माह में चले एमडीए अभियान में दवा सेवन के विषय में जानकारी ली। साथ ही फाइलेरिया नेटवर्क से चुनौतियों के बारे में भी चर्चा की। डॉ. भूपेंद्र ने डीएमओ सुधाकर मणि से इस बात की जानकारी ली कि फाइलेरिया मरीजों को क्या-क्या सुविधा दी जा रही है। हाईड्रोसिल के मरीज के लिए ऑपरेशन की सुविधा है या नहीं। सिकटिया गांव में टीम ने कालाजार मरीजों से मिलने वाली सुविधाओं के बारे में भी जानकारी ली। इसके अलावा पूछा क्या उन्हें आवास का लाभ मिला है या नहीं। टीम ने सिकटिया गांव में बने फाइलेरिया और कालाजार रोगी उत्तरजीवी नेटवर्क के सदस्यों से भी भेंट किया। भेट के दौरान विंध्याचल, सुशीला और साधना ने आईआरएस छिड़काव के घर-घर जाकर छिड़काव के महत्व के बारे में दी गई जानकारी में सहयोग के बारे में बताया। टीम ने गांवों में प्रैक्टिस करने वाले ग्रामीण चिकित्सकों से फाइलेरिया तथा कालाजार उन्मूलन में अपना योगदान देने के लिए अपील की और कहा कि इन दोनों बीमारी से जंग जितने के लिए सामूहिक प्रयास करना होगा। प्रत्येक व्यक्ति का योगदान महत्वपूर्ण है। इसके बाद टीम शाम को दोबारा जिला मुख्यालय पहुंची और सीएमओ डॉ राजेश झा से भेंट कर भ्रमण के बारे में बताया और जिले में किए जा रहें प्रयासों की प्रशंसा की।

# शेफाली जरीवाला के गीतों पर झूमे लोग




**लखनऊ अवधनामा संवाददाता।** स्मृति उपवन में आयोजित माँ गायत्री जन सेवा संस्थान एवं नीशू वेलफेयर फाउंडेशन द्वारा हिंदुस्तान हस्तशिल्प महोत्सव की सांस्कृतिक संध्या पर मंगलवार को कार्यक्रम के छठे दिन रंगमंच से सुप्रसिद्ध गायिका शेफाली जरीवाला ने जब मंच से अपने मधुर अंदाज में अपने सुप्रसिद्ध गाना कांटा लगा गीत प्रस्तुत किया तो श्रोतागण कुर्सियां छोड़ झूमने को मजबूर हो गए और मंच तक आ गए। कार्यक्रम के छठे दिन सांस्कृतिक मंच का शुभारम्भ महोत्सव समिति आयोजक अरुण प्रताप सिंह व गुंजन वर्मा रनवीर सिंह एवं विनय दुबे ने द्वीप प्रज्वल्लन कर किया। महोत्सव के रंगमंच पर मंगलवार की शाम सुरभि कल्चरर ग्रुप द्वारा नन्ही कलाकार अनाया गौतम ने उई माँ- उई माँ गाने पर नृत्य प्रस्तुत कर दर्शको का मन मोह लिया। इस क्रम में रंगमंच से अंशजीत कौर कलवेलिया राजस्थानी फोकडांस कर महोत्सव में चारचांद लगा दिया। मंच से गीत प्रस्तुतीकरण में द सीलफुल एकॉक्सटर्स रॉक बैंड ग्रुप के कलाकार अक्षत ने तेरी दिवानी एवं सिदरा ने लव यु जिंदगी गाना गाकर दर्शको में जोश भर दिया इसके अलावा ग्रुप के अन्य कलाकारों ने अपनी प्रस्तुतियां दी। महोत्सव के छठी शाम रंगमंच का संचालन प्रदीप शुक्ला एवं रॉकी गिल ने किया। सांस्कृतिक संध्या प्रभारी संचालक विजय गुप्ता एवम शिप्रा चंद्रा ने रगमंच को संभाला। संस्था संरक्षक समीर शेख व महोत्सव समिति के मनोज सिंह चौहान, हेमू चौरसिया, सचिन गुप्ता, नीरज यादव, उपस्थित रहे।

## गुरू गोविन्द सिंह राष्ट्रीय एकता पुरस्कार के लिये आवेदन 15 तक

**अमेठी।** अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अर्पित गुप्ता ने बताया है कि उप्र शासन द्वारा वर्ष 2023-24 के लिये गुरू गोविन्द सिंह राष्ट्रीय एकता पुरस्कार हेतु पुरस्कार के मापदण्डों को पूर्ण करने वाले पात्र महानुभावों के न्यूनतम एक-एक प्रस्ताव आवेदन उपलब्ध कराये जाने के सम्बन्ध में सम्बन्धित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये है। इस सम्बन्ध में उन्होंने बताया कि पात्र महानुभावों द्वारा किये गये महत्वपूर्ण कार्यो का तथ्यात्मक विवरण एवं अभिलेखीय साक्ष्यों के साथ निर्धारित प्रारूप पर एक सप्ताह के अन्दर कलेक्ट्रेट कार्यालय से प्राप्त कर आवेदन 04 प्रतियों में उपलब्ध करायें एवं शासन द्वारा पुरस्कार हेतु अन्तिम तिथि 15 दिसम्बर निर्धारित की गयी है। उक्त पुरस्कार हेतु आवेदक भारत का मूल नागरिक हो उप्र राज्य की सीमा के भीतर पुरस्कार पर विचार किये जाने के वर्ष में सामान्यतया निवास करता रहा हो मानवाधिकार सामाजिक न्याय एवं राष्ट्रीय एकीकरण के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान रहा हो तथा गुरू गोविन्द सिंह राष्ट्रीय एकता पुरस्कार योजना के अधीन पूर्व में राज्य सरकार द्वारा पुरस्कार न दिया जा चुका हो।

## नृत्य के जरिए अनेकता में एकता का दिया संदेश



**लखनऊ अवधनामा ब्यूरो।** एक्सीलिया स्कूल ओमैक्स सिटी लखनऊ में सम्पन्न हुए वार्षिक उत्सव में रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों में अनेकता में एकता की छटा बिखरी। एक्सीलिया स्कूल की प्रधानाचार्या प्रियंका दुबे, शालिनी पाठक और रोली पांडेय के संयोजन में हुए एक्सीलिया स्कूल के वार्षिक उत्सव में विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने देशभक्ति गीतों को सुनाकर जहां लोगों में देशप्रेम की भावना जागृत की वहीं दूसरी ओर रंग बिरंगी परिधानों में सजे धजे बच्चों ने पंजाबी, राजस्थानी, गुजराती, मराठी, कथक, भरतनाट्यम, बिहू नृत्य की मनोरम प्रस्तुति देकर दर्शकों को मंत्र मुग्ध करते हुए अनेकता में एकता की मोहक छटा बिखेरी। समारोह में एक्सीलिया स्कूल के अध्यक्ष दया शंकर पाठक और निदेशक आशीष पाठक ने शिक्षाविद् मनोज त्रिपाठी, भावना पांडेय, मयंक रंजन, मेघा मालिनी, संगीता सिंह, पुष्पिंदर कौर त्रिपाठी, चिताली दास, रूना दास, अनामिका सराफ, चांदनी कोहली, शिवानी सिंह, नवीन श्रीवास्तव, राहुल कुमार, अजय यादव और रश्मि केशरी को पुष्प गुच्छ, अंग वस्त्र, स्मृति चिन्ह और प्रशस्ति पत्र भेंट कर सम्मानित किया। इस अवसर पर शेखर वाष्णेय, प्रवीण पाण्डेय, विद्यालय के शिक्षक, छात्र-छात्राओं के अलावा अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

# समाजवादी पार्टी का लोकसभा में बुरा हाल होना तय हैं: वसीम राईन

अवधनामा संवाददाता



**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी मुखिया को अब शायद समझ आ गया होगा कि समाज को बांटकर चलने का नतीजा क्या होता है। खासकर पसमांदा मुसलमान को हाशिये पर रखकर, अगर अब भी सच्चाई खुली आंखों से न दिख रही हो तो चार राज्यों का चुनाव ट्रेलर था असल पिक्चर 2024 में बाकी है। बड़ी बात नही कि लोकसभा चुनाव में इस दल को खुद के वोट ही तलाशने पड़ जाएं। यह बात आल इंडिया पसमांदा मुस्लिम महाज के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष वसीम राईन ने अपने बयान में कही। उन्होंने कहा कि अहंकार में डूबे सपा मुखिया को बार बार मिलती शिकस्त भी आइना नही दिखा पा रही। यह प्रमाणित है कि अहंकार सर चढ़ कर बोलता है। ऐसा इसलिए क्योंकि हाल ही में हुए राज्यों के विधानसभा चुनाव में समाजवादी पार्टी ने जो शर्मनाक प्रदर्शन किया वैसा इस दल के बनते वक्त नही देखा गया जैसे कि 1993 में जिस पार्टी को मध्य प्रदेश के चुनाव में 0.93 मत मिले थे उसी दल को इस बार के चुनाव में 0.46 मत हासिल हुए, साफ है कि पार्टी ने अपना जनाधार खो दिया है। उसकी कोरी बयानबाजी झूंठे सपने और धोखा देने की फितरत से अब सब भलीभांति वाकिफ हो गए हैं। ऐसा न होता तो राजस्थान में सबसे बेहूदा प्रदर्शन यानी 0.01 और छत्तीसगढ़ में इससे थोड़ा ऊपर 0.04 प्रतिशत मत पाकर शर्म न उठानी पड़ती। इस भीषण हार के बाद भी सपा मुखिया कह रहे कि हम निराश नही हैं। लोहिया के सिद्धांतों उसूलों को रौंदकर आगे बढ़ रही इस पार्टी की साख दांव पर है और नेता हार पचाते जा रहे, यानी अभी भी 2024 के लोकसभा चुनाव में किसी चमत्कार की आस पाल रखी है।

## शराबी पति ने पत्नी की डंडा मार कर की निर्मम हत्या

अवधनामा संवाददाता

**फर्रूखाबाद।** शराब के आदी पति ने अपनी ही पत्नी की डंडे मार कर निर्मम हत्या कर दी। मंगलवार को पुलिस लाइन सभागार में पुलिस अधीक्षक विकास कुमार ने घटना का खुलासा करते हुए बताया कि थाना कमालगंज पुलिस द्वारा वांछित एक अभियुक्त को डंडा सहित गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि अपर पुलिस अधीक्षक डा संजय सिंह व क्षेत्राधिकारी अमृतपुर रवीन्द्र नाथ राय के नेतृत्व में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत थाना कमालगंज पुलिस टीम द्वारा अभियुक्त धीरेन्द्र सिंह उर्फ रिंकू पुत्र गंगाबक्स निवासी ग्राम नगला जोध थाना कमालगंज को डंडा सहित गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार अभियुक्त धीरेन्द्र सिंह उर्फ रिंकू पुत्र गंगाबक्स निवासी ग्राम नगला जोध थाना कमालगंज से पूछताछ करने पर अभियुक्त ने बताया कि लगभग 12 वर्ष पहले आरती के साथ शादी हुई थी।

# सभी अधिकारी आपस में समन्वय स्थापित करे

अवधनामा संवाददाता



**मैनपुरी।** जिलाधिकारी अविनाश कृष्ण सिंह ने जनपद के उत्कृष्ट नवीन जिला गजेटियर तैयार किए जाने के उद्देश्य से जिला गजेटियर समिति की बैठक में उपस्थित अधिकारियों से कहा कि सभी अधिकारी आपस में समन्वय स्थापित कर संबंधित समस्त बिंदुओं का भली-भांति परीक्षण करने के उपरांत संबंधित अध्याय का विवरण 01 सप्ताह में जिला विद्यालय निरीक्षक को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें, जिला विद्यालय निरीक्षक समस्त अध्यायवार नोडल अधिकारियों से सूचना संकलित कर कॉलेजों, महाविद्यालयों के विभिन्न विषय, विशेषज्ञों, भाषाविदों, साहित्यकारों से परीक्षण करते हुए जनपद का उत्कृष्ट जिला गजेटियर तैयार कराकर प्रमुख संपादक, जिला गजेटिया विभाग उ.प्र. को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें, जिला गजेटियर तैयार करने में जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी समस्त विभागों के अधिकारियों को सहयोग प्रदान करें। श्री सिंह ने कहा कि समस्त 11 अध्यायों की प्रश्नावली तैयार की गई है, प्रत्येक अध्याय हेतु अधिकारियों को नामित किया गया है। उन्होंने बताया कि अध्याय-01 सामान्य परिचय हेतु उपयुक्त स्वतः रोजगार, अध्याय-2 इतिहास, कला एवं संस्कृति हेतु जिला पर्यटन सूचना अधिकारी, अध्याय-03 लोक एवं समाज हेतु परियोजना निदेशक डी.आर.डी.ए., अध्याय-04 जिला प्रशासन, पुलिस प्रशासन, न्याय व्यवस्था एवं अन्य विभाग हेतु अपर जिलाधिकारी, अध्याय-5 कृषि, बागवानी, सिंचाई एवं अन्य गतिविधियों हेतु उप निदेशक कृषि, अध्याय-06 आर्थिक परिदृश्य उद्योग, बैंकिंग, व्यापार एवं वाणिज्य तथा विविध व्यवसाय हेतु उपयुक्त उद्योग, अध्याय-07 राजनीतिक परिदृश्य एवं स्थानीय स्वशासन हेतु जिला पंचायत राज अधिकारी, अध्याय-08 शिक्षा हेतु जिला विद्यालय निरीक्षक, अध्याय-09 चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाओं हेतु मुख्य चिकित्साधिकारी, अध्याय-10 पर्यटन, परिवहन एवं संचार हेतु अधिशाषी अभियंता लोक निर्माण प्रांतीय खंड एवं अध्याय-11 विविध हेतु राजस्व अधिकारी को नोडल अधिकारी नामित किया गया है, नोडल अधिकारियों के साथ अन्य विभागों के अधिकारियों को भी लगाया गया है।

## धान क्रय केंद्र का डीएम ने किया स्थलीय निरीक्षण

**अमेठी अवधनामा संवाददाता।** जिलाधिकारी राकेश कुमार मिश्र ने मंगलवार को



धान क्रय केंद्र अमेठी का स्थलीय निरीक्षण कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने मौके पर मौजूद किसानों से वार्ता कर उनकी समस्याओं को सुना इस दौरान उन्होंने धान क्रय केंद्र पर किसानों की बढ़ती आवक को दृष्टिगत रखते हुए केंद्र पर दो अतिरिक्त कांटा बढ़ाने के निर्देश जिला खाद्य एवं विपणन अधिकारी को दिया। उन्होंने केंद्र प्रभारी को निर्देशित करते हुए कहा कि धान क्रय केंद्र पर किसानों को इंतजार न करना पड़े जिसको जिस दिन का टोकन दिया गया हो उसी दिन खरीद की जाए। उन्होंने कहा कि किसी भी हालत में क्रय केंद्रों पर किसानों को कोई परेशानी न होने पाए खरीद के उपरांत भुगतान की कार्यवाही भी समयांतर्गत सुनिश्चित की जाए। इसके साथ ही जिलाधिकारी ने अभी तक जो धान खरीदा गया है उसे संबंधित मिलों पर भिजवाने के निर्देश केन्द्र प्रभारी को दिए। निरीक्षण के दौरान केंद्र प्रभारी डॉ हरिश्चंद्र प्रजापति ने बताया कि अभी तक 127 किसानों से 811 मीट्रिक टन धान की खरीद की गई है। इस दौरान जिला खाद एवं विपणन अधिकारी संतोष कुमार द्विवेदी अतिरिक्त मजिस्ट्रेट प्रतीक्षा पांडे सहित अन्य अधिकारी व किसान मौजूद रहे।

# भाजपा की नीतियों का परिणाम तीन राज्यों में पूर्ण बहुमत का जनादेशः गोविन्द नारायण

*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** केन्द्र सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों का परिणाम है कि तीन राज्यों के




विधानसभा चुनाव में भाजपा को पूर्ण बहुमत का जनादेश मिला है। तेलंगाना में भी पार्टी को आठ सीटों पर विजय प्राप्त हुई। उक्त बातें भाजपा के प्रदेश महामंत्री व गोरक्ष क्षेत्र प्रभारी गोविन्द नारायण शुक्ला ने भाजपा नेता मणीन्द्र शुक्ला मन्नू के आवास पर अयोजित एक कार्यक्रम के दौरान कही। उन्होनें आगे कहा कि भ्रष्टाचार पर नो टॉलरेस नीति व योजनाओं का लाभ सीधे मिलने से जनता में उत्साह का माहौल है। आने वाले लोकसभा चुनाव में पार्टी उत्तर प्रदेश प्रचंड जीत दर्ज करेगी। इसके लिए भाजपा कार्यकर्ता विभिन्न अभियानों के द्वारा अभी से घर-घर सम्पर्क कर रहे है। लाभार्थियों से सम्पर्क व संवाद स्थापित कर रहे है। उन्हें सरकारी योजनाओं के बारे में जानकारी दे रहे है।उपस्थित कार्यकर्ताओं से उन्होनें कहा कि श्री रामलला मंदिर में प्रधानमंत्री द्वारा प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में ट्रस्ट की मंशानुसार 22 जनवरी के उपरान्त अयोध्या दर्शन करने अवश्य आएं। प्राण प्रतिष्ठा के दिन अपने आस-पास के देवालयों में भजन-कीर्तन का अयोजन करें। शाम के समय घर में पांच दीपक अवश्य जलाएं।उन्होनें जिलाध्यक्ष से संजीव से पार्टी द्वारा चलाए जा रहे विभिन्न अभियानों के प्रगति की जानकारी ली।

इससे पूर्व उन्होनें हनुमानगढ़ी व जन्मभूमि पर दर्शन-पूजन किया। भाजपा नेता के आवास पर पहुंचने पर कार्यकर्ता द्वारा 51 किलो की माला पहना कर उनका स्वागत किया।इस दौरान भाजपा नेता सुनील शास्त्री, जिपंस चंद्रभान सिंह, मणीन्द्र शुक्ला मन्नू, राघवेन्द्र पाण्डेय, हिमांशु दूबे, दिवाकर सिंह, पवन चौरसिया सहित बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# ब्लॉक नोडल मेंटर्स एवं जिला सह प्रभारी हुए सम्मानित



*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा बालक बालिकाओं को विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं में प्रतिभागिता के लिए ब्लॉक मेंटर्स को जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संतोष कुमार रॉय तथा वित्त एवं लेखाधिकारी रविंद्र सिंह ने समारोहपूर्वक सम्मानित किया गया। इस संबंध में जानकारी देते हुए सह प्रभारी मनीष देव ने बताया कि जवाहर नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा सत्र 2023-24 और 2024-25 के लिए जनपद से प्रदेश मे रिकॉर्ड आवेदन कराने पर ब्लॉक नोडल विद्या यादव, अनूप मल्होत्रा, विभा रानी, मंजेश मौर्य, पंकज कनौजिया, निवेदिता उपाध्याय, करिश्मा गौड़, असगर अली, प्रशांत सिंह, शकील अहमद, शिप्रा श्रीवास्तव, विवेक सिंह को एवं राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित छात्रवृत्ति परीक्षा 2024-25 अंतर्गत बच्चों को ऑनलाइन तैयारी कराने हेतु मेंटर में कार्य करने वाले शिक्षक संतोष कुमार (एआरपी), विभा रानी, रीता मालवीय, सौम्या गुप्ता, विद्या यादव, प्रशांत सिंह, पंकज कुमार कनौजिया, शिप्रा श्रीवास्तव को सम्मानित किया गया। उक्त दोनों परीक्षाओं के लिए जिला सह प्रभारी के रूप मे कार्य कर रहे जिला समन्वयक (प्रशिक्षण) आदर्श सिंह एवं राज्य पुरस्कृत शिक्षक मनीष देव को भी सम्मानित किया गया। सभी ब्लॉक नोडल/ मेंटर्स एवं जिला सह प्रभारी को इसी तरह जनपद अयोध्या को सभी परीक्षाओं में आवेदन कराने में प्रदेश मे उत्कृष्ट स्थान पर रखने के लिए तथा बेहतर तैयारी के लिए सभी को बधाई और शुभकामनाएं प्रदान की गई।

## योजनाओं का लाभ जन जन पहुंचना ही सरकार का संकल्पः सूर्य प्रताप शाही

**पूरा बाजार -अयोध्या।** विकासखंड पूराबाजार के ग्राम पंचायत फतेहपुर मुमताजाबाद के पंचायत भवन पर मंगलवार को आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा के चौपाल में लाभार्थियों को आवास की चाबी, किसान सम्मन निधि प्रमाण पत्र, गोद भराई व उज्वला योजना के तहत गैस चूल्हा वितरित किया गया मुख्य अतिथि प्रदेश के कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने चौपाल को संबोधित करते हुए कहा कि सरकार की योजनाओं का लाभ कारगर तरीके से पत्रों को मिले तभी 2047 तक देश को विकासशील से विकसित बनाया जा सकता है इसी संकल्प को पूरा करने के लिए गांव-गांव चौपाल का आयोजन करके जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है।मुख्य अतिथि श्री शाही ने उज्ज्वला योजना के तहत गीता, नीलम कुमारी, सीमा, सुधा सिंह, श्री मती वर्मा को गैस चूल्हा, गायत्री, रामनाथ, सुमन, रेखा को प्रधानमंत्री आवास की चाबी सौपा। किसान सम्मन निधि का प्रमाण पत्र रजनीश उपाध्याय, चंद्र प्रकाश वर्मा, राम निषाद को प्रमाण पत्र वितरित किया। कार्यक्रम में पूर्व जिला अध्यक्ष बांके बिहारी मणि त्रिपाठी, सैनिक प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष गोकरन द्विवेदी, जिला कर समिति के सदस्य शिवनारायण तिवारी, मंडल अध्यक्ष आनंद कुमार सिंह, जिला विकास अधिकारी उपेंद्र पाल, जिला पंचायत राज अधिकारी दमनप्रीत अरोड़ा, खंड विकास अधिकारी मनीष कुमार मौर्य, उपनिदेशक कृषि शैलेंद्र त्रिपाठी, सहायक विकास अधिकारी सहकारिता, संजय सिंह सहायक, विकास अधिकारी समाज कल्याण विवेक कुमार सिंह, सहायक विकास अधिकारी आईएसबी आशीष तिवारी आदि मौजूद रहे।

## अखिल भारतीय चाणक्य परिषद ने मुख्यमंत्री के प्रति आभार प्रकट किया

**अयोध्या।** उत्तर प्रदेश के लोकप्रिय यशस्वी मुख्यमंत्री परमपूज्य योगी आदित्यनाथ महाराज उत्तर प्रदेश सरकार ने अखिल भारतीय चाणक्य परिषद उत्तर प्रदेश द्वारा भगवान परशुराम जी की जयंती के उपलक्ष्य में अवकाश की मांग की गई थी जिसे स्वीकार कर लिया गया है।और उसे घोषित भी कर दिया गया है। मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश सरकार को अखिल भारतीय चाणक्य परिषद की तरफ से हृदयतल की गहराइयों से हार्दिक धन्यवाद आभार ज्ञापित करते हुए बहुत-बहुत बधाई एवं हार्दिक शुभकामनाएं ।सौजन्य से दिलीप राम त्रिपाठी प्रदेश अध्यक्ष अखिल भारतीय चाणक्य परिषद उत्तर प्रदेश, डॉ जय गुरुदेव शुक्ल प्रदेश उपाध्यक्ष, राधा रमण त्रिपाठी प्रदेश कोषाध्यक्ष, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य ओम प्रकाश मिश्र, हरी विलास तिवारी एवं समस्त अखिल भारतीय चाणक्य परिषद परिवार

# भक्तों ने सुनी राक्षसों के वध के लिए राम लक्ष्मण की मांग की कथा

*अवधनामा संवाददाता*

**मसौली बाराबंकी।** ग्राम सिसवारा स्थित दिगंबरनाथ मंदिर मे चल रहे रुद्रात्मक हनुमंत महायज्ञ एव वेदांत संत सम्मेलन के सातवें दिन अयोध्या से समूह मुझे बहुत सताते हैं, इसीलिए मैं तुमसे कुछ माँगने आया हूँ। छोटे भाई सहित रघुनाथ को मुझे दो। राक्षसों के मारे जाने पर मैं सनाथ (सुरक्षित) हो जाऊँगा। राजा दशरथ व ऋषि विश्वामित्र के संवाद सुनकर लोग भाव विभोर हो गए।



कथव्यास पंडित ओमप्रकाश त्रिपाठी ने महामुनि विश्वामित्र के यज्ञ मे व्यवधान डाल रहे राक्षसों के वध के लिए राम लक्ष्मण की मांग की कथा सुनाई। यज्ञाधीश विनोदाचार्य की अध्यक्षता मे कथावाचक पंडित ओमप्रकाश त्रिपाठी ने अनुज समेत देहु रघुनाथा। निसिचर बध मैं होब सनाथा की चौपाई सुनाते हुए राजा दशरथ से कहा कि हे राजन राक्षसों के कार्यक्रम मे यज्ञाधीश विनोदाचार्य की देखरेख मे आचार्य कुलदीप शुक्ल, योगेश त्रिपाठी, अनिकेत दीक्षित, विदुर शुक्ला, अंशु शुक्ला आचार्यो द्वारा रूद्राभिषेक किया गया। इस मौके पर पुजारी शिवकुमार वर्मा, गजेंद्र वर्मा, सुरेंद्र नाथ वर्मा, लवकुश यादव, राकेश, मैकुलाल यादव, राजेश यादव, हरिश्चंद्र यादव आदि लोग मौजूद रहे।

# मण्डलायुक्त ने विभिन्न पथों के निर्माण कार्यो एवं चौराहों के सौदर्यीकरण के कार्यो का भौतिक किया निरीक्षण

*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** मण्डलायुक्त गौरव दयाल ने अयोध्या में भव्य श्री राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के साथ ही वर्तमान सरकार द्वारा अयोध्या को सुरम्य, आधुनिक एवं सुगम्य अयोध्या के रूप में विकसित करने उद्द्येश्य से कराए जा रहे विभिन्न पथों के निर्माण कार्यो एवं चौराहों के सौदर्यीकरण के कार्यो का भौतिक निरीक्षण किया। मण्डलायुक्त ने रामपथ के सहादतगंज बाईपास चौराहे पर अयोध्या विकास प्राधिकरण द्वारा चौराहे को सौन्दर्यीकृत कराये जाने के लिए कराये जा रहे कार्यो का निरीक्षण किया।अयोध्या विकास प्राधिकरण के प्रतिनिधि द्वारा बताया गया कि इस चौराहे में एक आकर्षक डिजाइन वाला स्कल्प्चर स्थापित किया जायेगा। इस पर मण्डलायुक्त ने कहा कि इसको आकर्षक ढंग से लाइटिंग कराते इसके आस पास अच्छे पुष्प भी लगाये जाये तथा चौराहे पर अयोध्या की ब्राडिंग भी करायी जाय। अगले चरण में उन्होंने श्रीराम जन्मभूमि को जोड़ने वाले प्रमुख मार्ग



के महोबरा बाजार चौराहे पर अयोध्या विकास प्राधिकरण द्वारा सौन्दरीकरण के कार्यो के अन्तर्गत चक्र आकर की 12 फिट व्यास वाली लगायी गयी आकृति जिसमें भगवान श्रीराम से जुड़ी चौपाइयां एवं श्लोक अंकित है। का अवलोकन किया इस चक्र में नीचे की ओर पावर मोटर लगाई गई जिससे यह चक्र घूमता रहेगा। उन्होंने कहा कि इसको बेहतर ढंग से सजाते हुये तथा सुरक्षा मानकों का ध्यान रखते हुए स्थापित किया जाय। अगले चरण में मण्डलायुक्त ने निर्माणाधीन भक्ति पथ पर विकास प्राधिकरण द्वारा पथ पर कराये जा रहे फसाड कार्यो का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कहा कि दुकानों के साइन बोर्ड में वॉर्म लाइट लगायी जाय तथा अयोध्या विकास प्राधिकरण के सचिव को निर्देश दिया कि एकरूपता एवं आकर्षकता के लिए सभी दुकानों एवम भवनों में वॉर्म लाइट हल्की पीली प्रकाश वाली लगाने हेतु दुकानदारों को प्रेरित किया जाय।निर्माणाधीन भक्ति पथ के निरीक्षण के दौरान धीमी प्रगति पर मण्डलायुक्त ने नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि हमें श्रीराम मंदिर निर्माण में लगे श्रमिकों के परिश्रम से सीख लेनी चाहिए जो 24 घण्टे कई शिफ्टों में मंदिर निर्माण के कार्य को कर रहे है । पथ निर्माण के कार्य जो अवशेष है उन्हें भी कई शिफ्टों में करते हुये शीघ्र पूरा किया जाय तथा प्रतिदिन के कार्य प्रगति से अवगत कराया जाय। अन्त में मण्डलायुक्त ने जन्मभूमि पथ में अयोध्या विकास प्राधिकरण द्वारा सौन्दर्यीकरण हेतु बनाई जा रहे रिटेनिंग वाल एवम यूपी आरएनएन द्वारा कैनोपी निर्माण का अवलोकन किया तथा कार्य को शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए।

# हिस्ट्रीशीटर गिरोह सरगना की 55 लाख की चल अचल सम्पत्ति कुर्क



*अवधनामा संवाददाता*

**फतेहपुर बाराबंकी।** पुलिस, प्रशासनिक अफसरों की मौजूदगी में गौतस्कर, हिस्ट्रीशीटर गिरोह सरगना की चल अचल सम्पत्ति जिसकी कीमत लगभग 55 लाख है को आज गैंगस्टर एक्ट के तहत कुर्क किया गया। संगठित गिरोह बनाकर अपराध करने वाले अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में गैंगस्टर एक्ट के तहत इनके द्वारा अपराध से स्वयं एवं परिजनों के नाम पर अर्जित चल/अचल सम्पत्तियों की जब्तीकरण की कार्यवाही की गई। थाना फतेहपुर पर पंजीकृत यूपी गैंगस्टर एक्ट के अभियुक्त, हिस्ट्रीशीटर, गिरोह सरगना रहमत अली पुत्र मो0 सफी निवासी मोहल्ला काजीपुर-दो कस्बा व थाना फतेहपुर द्वारा अपने गिरोह के सक्रिय सदस्य फारुक पुत्र स्व. अहमद अली निवासी ग्राम शेखपुर अलीपुर के साथ मिलकर एक संगठित गिरोह बनाकर विगत 10 वर्षों से आर्थिक, भौतिक व दुनियाबी लाभ हेतु गौवंशीय पशुओं का वध करके उनके मांस की बिक्री करने जैसे आपराधिक कृत्य कर अवैध रूप से धनोपार्जन कर स्वयं के नाम पर चल अचल सम्पत्ति अर्जित की गई।

# विकसित भारत यात्रा को सफल बनाने में जुटे कार्यकताः अवनीश सिंह

*अवधनामा संवाददाता*

**बाराबंकी।** कुछ माह बाद होने वाले लोकसभा चुनाव के लिए




भाजपा ने संगठन को चुस्त दुरुस्त करने एवम रणनीति बनाने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। मंगलवार को भाजपा कार्यालय पर दिन भर मैराथन बैठकों का दौर चला। एमएलसी व जिला प्रभारी अवनीश सिंह ने बैठकों में अपनी प्राथमिकताएं गिनाई तथा आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर रणनीतिक चर्चा करके आवश्यक दिशा निर्देश दिए। सुबह 10 बजे उन्होंने जिला पदाधिकारियों संग बैठक की।जिले में चल रही विकसित भारत यात्रा की समीक्षा की। कहा कि कार्यकर्ताओं को इसमें अपनी सहभागिता सुनिश्चित करके अंतिम पायदान पर बैठे व्यक्ति को इस यात्रा का लाभ दिलाने में पूरी ताकत झोंकनी होगी। उन्होंने इस अभियान में लगे संयोजक मंडल को ग्राम पंचायत स्तर की टोली बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने पदाधिकारियों को अनुशासन का पाठ भी पढ़ाया। कहा कि भाजपा का प्रत्येक कार्यकर्ता एक समान हैं भले ही उनके दायित्व या पद भिन्न हो। कहा कि भाजपा का नेतृत्व ईमानदार, कर्तव्यनिष्ठ एवम राष्ट्रवादी हाथो में है।कहा कि लोकसभा चुनाव में कुछ माह का समय शेष बचा है। संगठन के राष्ट्रीय नेतृत्व ने प्रत्येक लोकसभा में 51 प्रतिशत या इससे अधिक वोट पाने का लक्ष्य निर्धारित किया है। जिसे जिले की दोनो लोकसभा में हासिल करने के लिए विशेष रणनीति पर काम करना होगा।प्रधानमंत्री मोदी की ताजपोशी की हैट्रिक बनाने के लिए बी व सी ग्रेड के बूथों पर विशेष ध्यान देना होगा। उन्होंने युवा मोर्चा, महिला मोर्चा,किसान मोर्चा, अनुसूचित मोर्चा सहित अन्य सभी मोर्चों एवम प्रकोष्ठों के साथ अलग अलग बैठके करके सांगठनिक चर्चा करके दिशा निर्देश दिए।उन्होंने मध्यप्रदेश, राजस्थान एवम् छत्तीसगढ़ में भाजपा की ऐतिहासिक जीत के लिए बधाई दी। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष अरविंद कुमार मौर्य, महामंत्री संदीप गुप्ता, गुरुशरण लोधी, शील रत्न मिहिर, पवन सिंह रिंकू, विजय आनंद बाजपेई, करुणेश वर्मा, सीता शरण वर्मा, डॉक्टर अंजू चंद्रा, सीए अश्वनी श्रीवास्तव, प्रमोद तिवारी, शुशील जायसवाल मौजूद रहे।

# माँ ने की पुत्र के शव की शिनाख्त, पत्नी सहित ससुरालियों पर हत्या का आरोप

*अवधनामा संवाददाता*

**मसौली बाराबंकी।** एक पखवाड़ा पूर्व मसौली पुलिस द्वारा जिला अस्पताल मे भर्ती कराये गये युवक की हुई मौत के बाद लावारिस हालात मे हुए दाह संस्कार की सोशल मीडिया पर आयी खबरों को देख मृतक की माँ ने शव की शिनाख्त की। पत्नी सहित ससुरालियों पर हत्या का आरोप लगाया गया है। बताते चले कि गत 23 नवम्बर को मसौली पुलिस ने भयारा रोड़ के किनारे झाड़ियों मे अचेत दशा मे पड़े मिले एक 22 वर्षीय अज्ञात युवक को जिला अस्पताल मे भर्ती कराया था जिसकी इलाज के दौरान 26 नवम्बर को मृत्यु हो गयी कोतवाली पुलिस ने पंचनामा कर शव का पोस्मार्टम कराया तथा मृतक की शिनाख्त न हो पाने के कारण लावारिस समझ दाह संस्कार कर दिया। अज्ञात शव के दाह संस्कार की सोशल मीडिया पर आयी खबरों की जानकारी होने पर ससुराल से संदिग्ध परिस्थितियों से लापता पुत्र की खोज में जुटी सफदरगंज थाना क्षेत्र के ग्राम बडीबाग मजरे रायपुर निवासी मृतक की माँ शर्मा देवी पत्नी रामगोपाल ने बेटे के कपड़ो से शव की पहचान अपने पुत्र प्रमोद के रूप मे की।

पुत्र की मौत से परेशान माँ ने थाना जहाँगीराबाद मे तहरीर देकर मृतक की पत्नी शोभादेवी, ससुर कमलेश , मृतक के साले मेजर व सोल्जर निवासी ग्राम गोदहा व नैनामऊ निवासी सुनील पर हत्या का आरोप लगाया है। मृतक की माँ शर्मा देवी ने बताया कि मेरे पुत्र की शादी जहाँगीराबाद थाना क्षेत्र के ग्राम गोदहा निवासी कमलेश रावत की पुत्री शोभादेवी के साथ हुई थी पति पत्नी के बीच हुए विवाद के बाद पत्नी अपने मायके आकर ग्राम गोदहा मे आकर रहने लगी गत 3 नवम्बर को प्रमोद भी अपनी माँ शर्मादेवी से कहकर निकला था कि वह अपनी ससुराल ग्राम गोदहा जा रहा है। पांच दिन पूर्व मृतक के ससुर कमलेश ने मृतक की माँ को फोनकर पूंछा की प्रमोद बड़ीबाग पहुंचा तब मृतक की माँ पुत्र की खोज मे जुटी तो पब्लिक ऐप पर कोतवाली पुलिस द्वारा लावारिस हालात मे हुए शव के अंतिम संस्कार की खबर देख कपड़ो से पुत्र के शव की पहचान की। कोतवाली पुलिस से जानकारी लेने पर मृतक की माँ को पता चला की गत 23 नवम्बर को मसौली पुलिस ने मसौली भयारा रोड़ के किनारे झाड़ियों मे घायल एव अचेत दशा मे युवक मिला था जिसे पहले सीएचसी बड़ागांव मे भर्ती कराया गया था जिसे बाद मे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया था इलाज के दौरान युवक की मौत हो गयी थी और शिनाख्त नहीं हो पाने के कारण पुलिस ने लावारिस हालात मे अंतिम संस्कार कर दिया था।

## शादी के बहाने सड़क पर धूम धड़ाका मचाया, सीज हुए वाहन मुकदमा भी दर्ज

**बाराबंकी।** नियम कायदे तो पहले से तय हैं कि मांगलिक व वैवाहिक आयोजन आमजन व सार्वजनिक स्थलों पर किसी के लिए तकलीफ की वजह न बन जाएं पर इन नियमों का अनुपालन लम्बे अरसे बाद होता दिखा। पुलिस ने ऐसे ही एक आयोजन पर कानूनी कार्रवाई की है जिसकी वजह से आमजन ही नही बल्कि मरीजो के ले जा रही एम्बुलेंस को भी भारी दिक्कत उठानी पड़ी। काश ऐसा आये दिन हो सके।

शहर कोतवाली के उप निरीक्षक मनोज कुमार सिंह भ्रमण पर थे कि रात्रि करीब 11.48 बजे आम जनता से सूचना प्राप्त हुई कि लखनऊ फैजाबाद (पुराने हाइवे) असेनी मोड़ एस. एल. लॉन असेनी मोड़ पर सड़क के दोनो तरफ बारात के लोगो द्वारा डीजे व आतिशबाजी कर पूर्णतया रास्ता अवरूद्ध कर दिया गया है। जिससे कि एन्बुलेंस व अपने आवश्यक कार्य हेतु आने जाने वाले लोगो के कई सारे वाहन भी फंसे हुये है।

# दो दिवसीय कबड्डी प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने दिखाया हुनर



*अवधनामा संवाददाता*

**नौतनवा (महराजगंज)।** भाजपा किसान मोर्चा के द्वारा दो दिवसीय जिला स्तरीय नमो कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें 18 टीमों ने भाग लिया। फाइनल मैच महाराजगंज और परास खांड के बीच खेला गया।जिसमे महाराजगंज को 32 अंक मिला जबकि परास खांड को 16 अंकों पर संतोष करना पड़ा। प्रतियोगिता में प्रथम विजेता टीम को 5100 व द्वितीय विजेता टीम को ?2500 नकद रुपए देकर सम्मानित किया गया। पुरस्कार वितरण समारोह में सदर ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि विवेक गुप्ता व अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश मंत्री उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता वीरेंद्र चौहान ने किया। कार्यक्रम में नगर पालिका परिषद महाराजगंज के पूर्व अध्यक्ष कृष्ण गोपाल जाय सवाल , पूर्व ब्लाक प्रमुख नरेंद्र खरवार , आशुतोष शुक्ला , उमेश शुक्ला उर्फ़ चिंटू शुक्ला सहित जिले के महामंत्री राधा रमन शुक्ला दया शंकर सिंह जिले के उपाध्यक्ष कांग्रेस वर्मा सुरेश साहनी राघवेंद्र प्रताप सिंह किसान मोर्चा चौक के मंडल अध्यक्ष अजय जायसवाल जी ने उपस्थिति दर्ज करा कर टीमों का उत्साह वर्धन किया।कमेंट्री टीम में डॉक्टर शिवानंद सिंह व उनकी पूरी टीम लगी रही। ।

# चिन्हित दिव्यांगों को वितरित होगा सहायक उपकरण

*अवधनामा संवाददाता*

**महाराजगंज।** दिव्यांगजनों को सहायक उपकरण और कृत्रिम अंग उपलब्ध कराए जाने हेतु जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग और एलिम्को द्वारा एडिप परीक्षण शिविर का आयोजन विकास खंड मिठौरा में किया गया। जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी ने बताया कि मंगलवार को लगभग 250 से अधिक दिव्यांग परीक्षण हेतु आए जिनमें 215 लाभार्थियों को सायं 5 बजे तक चिन्हित कर लिया गया था। आगे इन्हे एलिम्को द्वारा सहायक उपकरण और कृत्रिम अंग वितरित किए जायेंगे। उन्होंने बताया कि आने वाले दिव्यांग की सहायता हेतु पीआरडी जवान और स्काउट व गाइड के वालंटियरों को लगाया था। सभी के लिए शिविर में मूलभूत सुविधाओं की व्यवस्था भी ब्लॉक द्वारा सुनिश्चित किया गया था। सभी लाभार्थियों का परीक्षण दिव्यांग बोर्ड के चिकित्सकों डॉ




विकास कुमार एवं डॉ मनीष निगम द्वारा किया गया और निर्धारित मानकों को पूरा करने वाले लाभार्थियों का यूडीआइडी कार्ड बनवाया गया। इसके उपरांत उनके जरूरत के अनुसार अंगों एवं सहायक उपकरणों से लाभान्वित करने हेतु उन्हे चिन्हित किया गया। जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी ने बीडीओ मिठौरा व उनकी टीम को सभी आवश्यक व्यवस्थाओं को सुनिश्चित करने और दिव्यांग बोर्ड को उनके सहयोग के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया। एडिप शिविर में बीडीओ मिठौरा सुधीर कुमार, एडीओ समाज कल्याण शफी आलम, दिलीप गुप्ता सहित एलिम्को की टीम मौजूद रही।

## दंदोह नाले में मिली अज्ञात युवक की शव

**बृजमनगंज (महराजगंज)।** बृजमनगंज क्षेत्र के गांव विशुनपुर अडरौना अंतर्गत जंगल में स्थित दंदोह नाले में मंगलवार की शाम को एक अज्ञात युवक का सड़े गले अवस्था में शव देखा गया। सूचना पाते ही स्थानीय पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची। इस मामले में प्रभारी निरीक्षक श्याम सुंदर तिवारी ने बताया कि बन्दोह नाले से एक करीब 35 से 40 वर्षीय अज्ञात युवक का सड़े गली अवस्था में शव बरामद हुआ। मृतक के शव को कब्जे में लेकर शिनाख्त सहित अग्रिम कार्यवाई में पुलिस लगी हुई है।

## उत्कृष्ट खिलाड़ियों को किया गया पुरस्कृत

**चिउटहा(महराजगंज)।** निचलौल विकासखंड के अंतर्गत स्थित जय प्रकाश इंटर कॉलेज में स्व जयप्रकाश सिंह के 16 वीं पुण्य तिथि पर दो दिवसीय वार्षिक खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया । खेल प्रतियोगिता के द्वितीय दिवस पर वार्षिक खेल का शुभारंभ विद्यालय के प्रबंधक मानवेन्द्र सिंह द्वारा माँ सरस्वती की प्रतिमा व स्व जयप्रकाश सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलित कर किया गया। वार्षिक खेल प्रतियोगिता में सीनियर बालिका वर्ग 300 मीटर दौड़ में कक्षा 10 की शिवांगी प्रथम,500 मीटर बालक वर्ग दौड़ में कक्षा 10 के यूनुस प्रथम रंगोली में कक्षा 10 की रंगोली की टीम प्रथम रही वही रस्सा खिंच में कक्षा 10 की बच्चियों ने बाजी मारी सबसे मनमोहक खेल जलेबी कूद में प्रिया यादव ने प्रथम स्थान ग्रहण किया जूनियर बाकल दौड़ में



कक्षा 5 के विकास ने प्रथम स्थान हासिल किया रस्सी कूद में कक्षा 12 की छात्रा नीतू गुप्ता ने एक मिनट में 210 बार रस्सी कूद करके सबको अचंभित करते हुए प्रथम रही कबड्डी सीनियर वर्ग में कक्षा 11 की ब्लू टीम प्रथम व कक्षा 9 की रेड टीम द्वितीय रही। विद्यालय प्रधानाचार्य ज्ञानेंद्र सिंह ने बच्चों को सम्बोधित करते हुए कहा कि प्रतियोगिता में हार जीत होती रहती है इससे निराश नही होना चाहिए खेल हमारे जीवन का अभिन्न अंग है, खेल के माध्यम से हम समाज मे उत्कृष्ट स्थान पा सकते हैं।

# दौड़, खो-खो, कबड्डी व क्रिकेट का आयोजन



अवधनामा संवाददाता

**कुदरहा, बस्ती।** राघव राम बचन शिवा सरस्वती विद्यापीठ के मैदान में खेले जा रहे ब्लॉक स्तरीय सांसद खेल महाकुंभ के तीसरे दिन कबड्डी, खो खो, दौड़, क्रिकेट आदि खेलों में खिलाड़ियों ने अपना दम खम दिखाया और अगले राउंड में अपनी जगह पक्का किया। मंगलवार को खेल के तीसरे दिन दौड़,खो-खो, कबड्डी और क्रिकेट खेल का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ और मुख्य अतिथि ब्लॉक प्रमुख कुदरहा अनिल दुबे व नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि बालकृष्ण त्रिपाठी पिंटू ने फीता काट व खिलाडियो से परिच प्राप्त कर किया। 200 मी जूनियर बालक वर्ग दौड़ प्रतियोगिता में रजनीश उपाध्याय प्रथम अंकुर यादव द्वितीय और गोविंद तृतीय, 200 मी जूनियर बालिका वर्ग दौड़ प्रतियोगिता में रंजना प्रथम साजिदा द्वितीय व प्रीति तृतीय, 200 मी सीनियर बालक वर्ग दौड़ प्रतियोगिता में राजेश यादव प्रथम राम रतन यादव द्वितीय शिवम निषाद तृतीय, जूनियर बालिका खो खो प्रतियोगिता में पूर्व माध्यमिक विद्यालय बैडारी और पूर्व माध्यमिक विद्यालय कुदरहा के बीच खेला गया जबकि दूसरा मुकाबला पूर्व माध्यमिक विद्यालय डेलहवा और एमआरडी पब्लिक स्कूल गायघाट के बीच खेला गया। क्रिकेट प्रतियोगिता में कुल आठ मैच हुए जिसमें नगर पंचायत गायघाट और विकास क्षेत्र कुदरहा की कुल 16 टीमों ने हिस्सा लिया।

वहीं कबड्डी में पूर्व माध्यमिक विद्यालय कुदरहा और द वंडर यूथ क्लब ने फाइनल में प्रवेश किया। संचालन श्रीकृष्ण त्रिपाठी शिबलू व कैलाश कुमार मौर्य ने किया। निर्णायक की भूमिका सुनीता चौधरी, फूलचंद चौधरी, दुर्गा प्रसाद, सुरेंद्र प्रताप चौधरी, राम मणि, संदीप कुमार, आदित्य उपाध्याय, दिलीप कुमार, राम अवध, प्रवेश कुमार ने बखूबी निभाया। कार्यक्रम में संजय पांडेय, सचिदानंद यादव, विजय शंकर मिश्र,आलोक त्रिपाठी, संतोष दूबे, रवि पांडेय, मस्तराम राजभर, दुर्गेश पाल, अश्विनी कुमार, सुग्गन सहित तमाम शिक्षक व छात्र छात्राएं उपस्थित रही।

# विकसित भारत संकल्प यात्रा की जिला कार्यशाला हुई संपन्न

अवधनामा संवाददाता



**सिद्धार्थनगर।** भाजपा जिला कार्यालय पर मंगलवार को जिलाध्यक्ष कन्हैया पासवान के अध्यक्षता में विकसित भारत संकल्प यात्रा की जिला कार्यशाला संपन्न हुई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा जिला प्रभारी हरी चरण कुशवाहा रहें। जिला प्रभारी ने कहा देश के गौरव हमारे प्रधानमंत्री आने वाले 2024 के लोकसभा चुनाव में पुनः भाजपा की प्रचंड जीत होगी। मुख्य अतिथि ने कहा मोदी जी के नेतृत्व में चल रहे विकसित भारत संकल्प यात्रा के माध्यम से हम सब भाजपा करकर्ता केंद्र एवं प्रदेश सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं को समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति पहुंचने के उद्देश्य से कार्य करेंगे इन योजना के प्रति जागरूकता एवं जन भागीदारी को बढ़ाने का कार्य करेंगे जिससे हमारा देशव्यापी विकसित भारत संकल्प यात्रा को सफलता प्रदान हो सके। इस दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष कन्हैया पासवान ने कहा आज 5 दिसंबर से 25 जनवरी तक पूरे देश में लोकप्रिय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के कुशल नेतृत्व में पूरे देश में चल रहे विकसित भारत संकल्प यात्रा को पार्टी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता सफल बनाए। कार्यक्रम का संचालय जिला महामंत्री /अभियान संयोजक विपिन सिंह ने किया। इस अवसर पर विधायक कपिलवस्तु श्यामधनी राही, पूर्व विधायक राघवेंद्र सिंह, नगर पालिका अध्यक्ष गोविंद माधव, लोकसभा विस्तारक शैलेश दिवेदी, जिला महामंत्री विजयकांत चतुर्वेदी, मधुसूदन अग्रहरी, जिला उपाध्यक्ष दीपक मौर्य, घनश्याम मिश्र, तेजू विश्वकर्मा, जिला मंत्री अजय उपाध्याय, पूर्व जिला मंत्री अरविंद उपाध्याय, पूर्व महामंत्री दिलीप चतुर्वेदी, मीडिया प्रभारी निशांत पांडेय, जिला कार्यालय मंत्री आशीष शुक्ला, नगर अध्यक्ष अर्चिष्मान मिश्र,जिला संयोजक पिछड़ा मोर्चा फूलचंद जयशवाल, नगर पंचायत अध्यक्ष विकास जायसवाल, अजय गुप्ता, ब्लॉक प्रमुखगण लवकुश ओझा, दशरथ चौधरी, जिलाध्यक्ष युवा मोर्चा गौरव मिश्रा, भाजपा नेता मंगल चौरसिया, सौरभ त्रिपाठी, प्रभात तिवारी, आनंद मणि, संपूर्णा नंद पांडेय, संतोष शुक्ला, निखिल सिंह आदि उपस्थित रहे।

## फ़िरोज़ सिद्दीकी को सपा राज्य कार्यकारिणी का सदस्य बनाये जाने पर जताया हर्ष



**किछौछा अम्बेडकरनगर अवधनामा संवाददाता।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष व उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव की स्वीकृति से समाजवादी पार्टी उत्तर प्रदेश की राज्य कार्यकारिणी में नगर पंचायत अशरफपुर किछौछा निवासी फ़िरोज़ अहमद सिद्दीकी को सदस्य नामित किया वही सदस्य मनोनित होने पर जिले भर के समाजवादी कार्यकर्ताओं में ख़ुसी की लहर फ़िरोज़ सिद्दीकी ने कहा एक धर्मनिरपेक्ष और लोकतांत्रिक विचारधारा के साथ, समाजवादी पार्टी एक समाजवादी समाज बनाने में विश्वास करती है जो समानता के सिद्धांत पर काम करता है। श्री फ़िरोज़ को राज्य कार्यकारिणी में सदस्य बनाए जाने पर समाजसेवी सैयद आलेमुस्तफ़ा अशरफ छोटे बाबू मुसाब अज़ीम, लल्लू साह, राज खान, घनस्याम चौरसिया, ज़हीन अब्बास, संजीव सिंह सूर्या पासवान, फरहान खान, रविनदर यादव डॉ दुर्गा यादव, शरीफ सभासद, मास्टर चंद्रेश यादव, बलिकरन राजभर, दीपू सिंह हसीन खा सहित आदि लोगो ने दूरभाष तथा उनके आवास पहुँच कर बधाई दी।

## सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी की मासिक बैठक हुई



**टांडा अम्बेडकरनगर अवधनामा संवाददाता।** सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के कार्यकर्ताओं ने मिलकर टांडा विधानसभा के हजलापुर गांव में मासिक बैठक किया जिसमें राष्ट्रीय सचिव विनोद राजभर ने बताया की टाण्डा विधानसभा में 340 बूथ 54 सेक्टर. 17 जोन बनाकर के आगामी लोकसभा चुनाव की तैयारी करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनेने की बात कही। इस बैठक में मुख्य अतिथि राष्ट्रीय सचिव विनोद राजभर, प्रदेश उपाध्यक्ष सरविंद राजभर, पूर्वांचल प्रदेश महासचिव आसाराम राजभर, जिला अध्यक्ष जलाल राजभर, टांडा विधानसभा अध्यक्ष बाबूराम राजभर, अकबरपुर विधानसभा अध्यक्ष लालजी राजभर, जिला महासचिव राम तीरथ शर्मा विधानसभा सचिव नीरज राजभर गौरव राजभर आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# एनटीपीसी टाण्डा द्वारा मिड डे मील शेड का हुआ लोकार्पण



**टाण्डा अवधनामा संवाददाता।** एनटीपीसी टाण्डा द्वारा प्राथमिक विद्यालय, फरीदपुर कलां में परियोजना के नैगमिक सामाजिक दायित्व द्वारा मिड डे मील शेड का निर्माण कर लोकार्पण कराया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि परियोजना प्रमुख, टाण्डा, श्री बी. सी. पलेई एवं विशिष्ट अतिथि बेसिक शिक्षा अधिकारी श्री भोलेन्द्र प्रताप सिंह उपस्थित रहे। इस अवसर पर मुख्य अतिथि श्री पलेई ने कहा कि बच्चों के भोजन करने का स्थान स्वच्छ एवं व्यवस्थित रहेगा तो मनःस्थिति पर अच्छा असर पड़ेगा। यह मिड डे मील शेड धूल, बरसात के समय में भी भोजन के समुचित वितरण और व्यवस्थापन में सहायक सिद्ध होगा। बेसिक शिक्षा अधिकारी श्री भोलेन्द्र प्रताप सिंह ने इस पुनीत कार्य के लिए एनटीपीसी का आभार प्रकट करते हुए मिड डे मील शेड के महत्व पर अपनी बात रखी। ध्यान देने योग्य है कि एनटीपीसी बुनियादी शिक्षा को सहज एवं सरल बनाने के लिए अपना पूरा प्रयास करता है। प्राथमिकशालाओं में स्कूल बैग्स और स्टेशनरी का वितरण हो अथवा स्मार्ट क्लास का संस्थापन, एनटीपीसी परियोजना सदैव एक कदम आगे बढ़कर सहयोग करती है। इसके अलावा बालिका शिक्षा के प्रोत्साहन के हेतु ''बालिका सशक्तीकरण मिशन 'एनटीपीसी की महत्वकांक्षी योजना है। इस मिड डे मील शेड का निर्माण शिक्षा के प्रति उसी प्रतिबद्धता का एक उदाहरण है। इस अवसर पर अपर महाप्रबंधक (ऐश हेंडलिंग) श्री सुरेन्द्र कुमार श्रोत्री, उप महाप्रबंधक (मानव संसाधन) श्रीमती मृणालिनी, सी.एस.आर. अधिकारी निष्ठा सिंह, प्राथमिक विद्यालय के प्रधानाचार्य एवं एनटीपीसी से अनेक वरिष्ठ अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

# चिकित्सा महाविद्यालय में किया गया नियुक्ति पत्र वितरण समारोह

अवधनामा संवाददाता



**सिद्धार्थनगर।** प्रदेश के 278 सहायक आचार्य, 2142 स्टाफ नर्स, 48 आयुष चिकित्सा शिक्षक को नियुक्ति पत्र का वितरण एवं 674 एम्बुलेंस एवं 81 एडवान्स लाइफ सपोर्ट (ए.एल.एस.) को फ्लैग ऑफ मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा मंगलवार को लोक भवन लखनऊ में किया गया। जिसका लाइव प्रसारण माधव प्रसाद त्रिपाठी राजकीय मेडिकल कालेज, सिद्धार्थनगर में विधायक कपिलवस्तु श्यामधनी राही, विधायक शोहरतगढ़ विनय वर्मा, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा0 नरेन्द्र कुमार वाजपेयी, प्राचार्य मेडिकल कालेज डा0 एके झा की उपस्थिति में दिखा गया। इस दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ ने कहा कि आज पूरी पारदर्शिता के साथ भर्ती प्रक्रिया को पूर्ण किया जा रहा है। प्रधानमंत्री के नेतृत्व में प्रदेश की स्वास्थ्य व्यवस्था को बेहतर किया गया है। आयुष्मान भारत योजना एवं मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना के अन्तर्गत लोगो का रू0 पांच लाख तक निःशुल्क इलाज की सुविधा दी जा रही है। चिकित्सा स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा के क्षेत्र में भी बेहतर कार्य किया जा रहा है। चिकित्सक का धर्म है सबका समान भाव से इलाज करे, किसी के साथ भेदभाव न करे। आयुष विभाग में डाक्टरो की तैनाती की गयी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रोफेसर, सहायक प्रोफेसर सभी ओपीडी में बैठे और लोगो का इलाज करे। 4 वर्ष के प्रयास में इंसेफ्लाटिस को पूर्ण रूप से नियंत्रित किया गया है। सभी नवनियुक्त डाक्टर, स्टाफ नर्स एवं आयुष चिकित्सा शिक्षको को बधाई एवं शुभकामनाएं दी। विधायक कपिलवस्तु श्यामधनी राही ने कहा कि प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री लोगो को स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने के लिए बहुत ही गम्भीर है। आप लोगों द्वारा निरन्तर स्वास्थ्य सेवाओ को बेहतर करने का प्रयास किया जा रहा है। जिसका परिणाम भी दिख रहा है। विधायक शोहरतगढ़ विनय वर्मा ने कहा कि मुख्यमंत्री जी के नेतृत्व में पूरी पारदर्शी ढंग से नवनियुक्त डाक्टर, स्टाफ नर्स एवं आयुष चिकित्सा शिक्षको नियुक्ति पत्र दिया जा रहा है। सभी लोग अपने पदीय दायित्वो का निर्वहन पूरी ईमानदारी एवं निष्ठापूर्वक करेंगे जिससे इसका लाभ सभी लोगो को मिल सके।

## चार पहिया व दो पहिया वाहनों का ई चालान



**सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** मुख्य चौराहे पर लोटन कस्बे में उप निरीक्षको द्वारा खडा होकर वाहन चेकिंग के दौरान तमाम वाहनों एवं संदिग्ध व्यक्तियों की जांच की गई। उप निरीक्षक अजीत कुमार यादव ने वाहन चालकों से कहा की दो पहिया व चार पहिया वाहन चलाते समय सावधानी जरूरी है मोटर साइकिल चलाते समय हेल्मेट और चार पहिया वाहन चलाते समय सीट बेल्ट लगाकर गाड़ी चलाये तीन सवारी दो पहिया वाहन पर न बैठा कर चलाये हेल्मेट पहन कर ही मोटर साइकिल चालाये। उप निरीक्षक रामगती ने कहा की कोहरे का समय है सावधानी बरतनी जरूरी है। नशा करके गाडी नहीं चलाना चाहिए नशा करके गाडी चलाने में दुर्घटना होने की सम्भावना बनी रहती है किसी भी वाहन पर जाती का बोर्ड लिखकर घुमना जुर्म है बिना लाईसेन्स के चल रहे लोग का चलान किया जा रहा है और जो लोग कानून का पालन नहीं कर रहे है उन लोगों का भी ई चालान किया जा रहा है।

# कैसे बदलेगी छवि बिजली विभाग के बाबू सुनते ही नहीं

अवधनामा संवाददाता

- भारी छूट के बाद भी उत्पन्न हो रही उपभोक्ताओं को समस्याएं
- क्या विभाग के कर्मचारी ही विभाग को नहीं करवाना चाहते कर्जमुक्त

**अंबेडकरनगर।** मनमाने बिजली बिल की शिकायतें भी अम्बेडकरनगर में कम नहीं हैं। पीड़ित उपभोक्ता गलत रीडिंग से बने बिल को लेकर दौड़ते रहते हैं, लेकिन बिजली विभाग के बाबू उनको टरकाते रहते हैं। ऊर्जा मंत्री और यूपी पावर कॉर्पोरेशन ने कई बार निर्देश दिए फिर भी बिलिंग कंपनी की कार्यप्रणाली में सुधार नहीं हो रहा है। मंत्री एवं प्रबंधन ने गलत रीडिंग से बने बिलों के मामलों में मीटर रीडरों पर एफआईआर दर्ज कराने के भी निर्देश दिए, पर बिजली अभियंता ऐसा नहीं करते।

दरअसल, गलत बिलिंग और सुधारने के नाम पर उगाही, भ्रष्टाचारियों के लिए कमाई का एक अलग जरिया बन गई है।सूत्र बताते हैं कि इलाकाई एसडीओ, एक्सईएन, बिलिंग कंपनी के मीटर रीडरों की सांठगांठ से ही मनमाने बिल बनते हैं। मीटर रीडर शिकार की तलाश कर गलत रीडिंग फीड करता है। ज्यादा बिल आने पर उपभोक्ता कभी बाबू तो कभी एसडीओ के पास दौड़ता रहता है। जब बाबू एवं एसडीओ नहीं सुनते, तो वह खंडीय एक्सईएन की पीड़ा सुनाता है। वहां से भी समाधान नहीं मिलने पर वह दलाल के चंगुल में फंस जाता है। कुछ चढ़ावा चढ़ाते ही कुछ ही मिनटों में उसका बिल सुधर जाता है। अगर अफसर औचक निरीक्षण कर उपभोक्ता सेवाओं का जायजा लेते। अगर जनपद के विद्युत विभाग के जिम्मेदार अधिकारी पता करते कि किस कार्यालय में कितने गलत बिल को सही करने के आवेदन आए, कितने सुधारे गए, कैसे सुधारे गए, उपभोक्ता से फीडबैक लेते तो सारी हकीकत सामने आ जाती।गलत रीडिंग से बने बिल को संशोधित कराने के लिए बिजली विभाग के संबंधित बाबू की कुर्सी के चक्कर काट रहे हैं उपभोकता। जबकि इस समय बिजली विभाग में भारी छूट का प्रावधान चल रहा है ओ.टी एस. के दौरान उपभोक्ताओं के द्वारा यह कहा जा रहा है अधिकारियों के हस्ताक्षर होने के बाद भी बिजली विभाग के बाबू के द्वारा बिल का संशोधन होना है उसके चक्कर वह लगभग एक सप्ताह से लगा रहे हैं और उनके द्वारा लगातार टरकाया जा रहा है आखिर क्यों?

## प्रधान संगठन के संस्थापक स्वर्गीय महावीर दत्त शर्मा के श्रद्धांजलि सभा का आयोजन



**शोहरतगढ़ सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** शोहरतगढ़ ब्लाक सभागार में मंगलवार को राष्ट्रीय पंचायती राज ग्राम प्रधान संगठन के संस्थापक स्वर्गीय महावीर दत्त शर्मा के श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया ।जिसके मुख्य अतिथि प्रधान संगठन जिला अध्यक्ष डॉ पवन मिश्रा रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता ब्लॉक अध्यक्ष शोहरतगढ़ ज़फ़र आलम ने किया। जिला अध्यक्ष डॉ पवन मिश्रा,ब्लाक अध्यक्ष जफर आलम व ग्राम प्रधान सुनील सिंह ने स्वर्गीय महावीर दत्त शर्मा के जीवन पर प्रकाश डालें ।और सभी सम्मानित ग्राम प्रधान साथियों ने स्वर्गीय महावीर दत्त शर्मा के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। इस दौरान सभी सम्मानित ग्राम प्रधान एवं अधिकारी एवं कर्मचारी गण को ब्लॉक अध्यक्ष जफर आलम ने धन्यवाद ज्ञापित करते हुए श्रद्धांजलि सभा के समापन की घोषणा की गई। इस कार्यक्रम दौरान एंडीओ पंचायत मोहन लाल, जिला अध्यक्ष डॉ पवन मिश्रा, ब्लॉक अध्यक्ष ज़फ़र आलम, प्रधान सुनील सिंह, शिवशंकर,अब्दुल अजीज, कमलेश, गंगाधर मिश्रा, शिवलाल, यार मोहम्मद, राजनेत चौरसिया, पप्पू गुप्ता, जावेद आलम, पिंटू पटेल, सुभाष यादव, पसुनील, अजय चौहान, राम प्रसाद, सुभाष, अबरार, राजेंद्र पाल, करम हुसैन, रामदास, पटेश्वरी, विनोद शर्मा, वीरेंद्र, पवन के अलावा ब्लॉक के समस्त स्टाफ की उपस्थिति सराहनीय रही।

# लिपिकीय संवर्ग के उदयभान अध्यक्ष, मुकेश कुमार महामंत्री व राम सुरेश बने कोषाध्यक्ष

### डुमरियागंज तहसील सभागार में आयोजित लिपिकीय संवर्ग का द्विवार्षिक चुनाव



अवधनामा संवाददाता

**डुमरियागंज सिद्धार्थनगर।** मंगलवार को तहसील सभागार में डुमरियागंज तहसील के लिपिकीय संवर्ग कर्मचारियों का द्विवार्षिक चुनाव उत्तर प्रदेश मिनिस्ट्रीयल कलेक्ट्रेट कर्मचारी संघ के जिलाध्यक्ष प्रेमसागर चौधरी व महामंत्री दिलीप कुमार की उपस्थिति में संपन्न हुआ। जिसमें सर्वसम्मति से समस्त पदाधिकारियों को निर्विरोध निर्वाचित घोषित किया गया है। तहसील इकाई के गठन में अध्यक्ष उदयभान व मुकेश कुमार को तहसील मंत्री बनाया गया है। जबकि अन्य पदों में संरक्षक रघुवर प्रसाद, उपाध्यक्ष राजेंद्र कुमार, संगठन मंत्री आत्मा प्रसाद, संयुक्त मंत्री राम सजीवन, कोषाध्यक्ष राम सुरेश चौधरी, संप्रेक्षक सरवरी बेगम, संस्कृति व क्रीड़ा मंत्री प्रेरणा श्रीवास्तव को बनाया गया है। जिलाध्यक्ष प्रेमसागर चौधरी ने कहा कि यह चुनाव सभी सदस्यों की सहमति से संपन्न किया गया है। आशा की जाती है कि सभी नवनियुक्त पदाधिकारी अपने दायित्वों का निर्वाहन पूरी निष्ठा के साथ करेंगे। उन्होंने संगठन संबंधित समस्याओं के निवारण को लेकर हर संभव मदद का भरोसा दिया है। इस दौरान लोगों ने एक दूसरे को मिष्ठान खिलाकर बधाई दी।

## बीडीओ के आश्वासन के बाद समाप्त हुआ धरना

**बांसी सिद्धार्थनगर।** ब्लाक परिसर में छः दिनों से चल रहे क्षेत्र पंचायत सदस्यों का धरना मंगलवार को बीडीओ के आश्वासन के बाद समाप्त हो गया है। क्षेत्र पंचायत सदस्यों की समस्या के समाधान के लिए क्षेत्र पंचायत सदस्य दिग्विजय सिंह की अगुवाई में धरना चल रहा था। धरना स्थल पर बी डी ओ लालजी शुक्ला पहुंचे और उनकी समस्याओं को सूना तत्पश्चात क्षेत्र पंचायत सदस्यों ने पूर्व विधायक लालजी यादव की उपस्थिति में क्षेत्र पंचायत सदस्यों ने बीडीओ को ज्ञापन सौंपा।ज्ञापन में दिए गए बिन्दुओ पर विचार करते हुए उन्होंन आश्वासन दिया कि संसद का सत्र समाप्त होते ही क्षेत्र पंचायत की बैठक किया जायेगा।मनरेगा के कार्यो की स्वीकृति स्थलीय निरीक्षण के बाद किया जायेगा तथा सभी मनरेगा का जो कार्य हो चुका है वहां साइन बोर्ड लगाने का निर्देश जिम्मेदारों को दे दिया गया है। इस अवसर पर मनबोध यादव, अवधेशनाथ त्रिपाठी, अजय प्रताप सिंह, सूरज, बदरे आलम, अमरनाथ आदि तमाम क्षेत्र पंचायत सदस्य मौजूद रहे।

# विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत स्टाल लगाकर दी गयी योजनाओं की जानकारी

अवधनामा संवाददाता



- स्कूली बच्चों द्वारा सरस्वती गीत व स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया प्रधान द्वारा बच्चों को पुरस्कृत किया गया

**बढ़नी सिद्धार्थनगर।** विकास खण्ड बढ़नी के अन्तर्गत ग्राम पंचायत मोहनकोला में विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान ए.डी.ओ पंचायत अधिकारी शकील अहमद उपस्थित ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि देश के प्रधानमंत्री द्वारा चलाया जा रहा है विकसित भारत संकल्प यात्रा के माध्यम से अति पिछड़े वंचित व्यक्तियों को सरकार द्वारा संचालित तमाम योजनाओं से जोड़ा जाए और लाभार्थियों को लाभ दिलाया जा रहा। सचिव जगजीवन द्वारा बताया गया की जो भी पात्र लाभार्थियों हो योजनाओं का लाभ दिलाया जा रहा है और सरकार के योजनाओं से ग्रामीणों को अवगत कराया जा रहा है।

देश के सभी प्रदेशों में निवास करने वाले लोग है जिनको सरकार द्वारा संचालित योजनाओं के संबंध में जानकारी नहीं हो पाती है और लाभ से वंचित रह जाते थे इस लिए यह संकल्प यात्रा के माध्यम से लोगों को जागरूक करने का कार्य किया जा रहा है एवं स्कूली बच्चों द्वारा सरस्वती गीत व स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया प्रधान द्वारा बच्चों को पुरस्कृत किया गया। संकल्प यात्रा के तहत तमाम योजनाओं का स्टाल लगाकर जानकारी दी गई। नोडल अधिकारी रवि शंकर वर्मा ने कहा कि इस विकसित भारत संकल्प यात्रा के माध्यम से सरकार की योजनाओं से जोड़ने का कार्य किया जा रहा है। इस दौरान प्रधान अताउल्लाह मदनी, ग्राम पंचायत सचिव जगजीवन, रोजगार सेवक बालजीत कुमार नोडल अधिकारी रवि शंकर वर्मा, कृषि विभाग से रामसेवक यादव, एनएम फिरदोश फातमा, डॉ धीरज सिंह, प्रधानाध्यापक मो.अरसद, सफाई कर्मी चिन्ता मणि, आंगनबाड़ी विजय लक्ष्मी, गीता देवी, रेनू विश्वकर्मा, आशा विजय लक्ष्मी, कम्प्यूटर आपरेटर जनार्दन पाण्डेय अशरफ मदनी आदि लोग मौजूद रहे।

# विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत दिलाई शपथ



अवधनामा संवाददाता

**लोटन सिद्धार्थनगर।** विकास खण्ड लोटन अन्तर्गत ग्राम पंचायत एकडेगवा विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन ग्राम प्रधान पावित्री देवी की अध्यक्षता में किया गया। जिसके नोडल अधिकारी क्षेत्रीय युवा कल्याण विभाग से कुलदीप यादव रहे। विकसित भारत संकल्प यात्रा में बाल विकास स्वास्थ्य विभाग, कृषि विभाग, शिक्षा विभाग तथा राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के स्टाल लगाया गया। प्रधान प्रतिनिधि पंकज वर्मा ने कहा कि सरकार की योजनाओं का प्रचार प्रसार गांव में जा कर विभाग के लोग कर रहे है ताकी पात्र व्यक्तियों तक लाभ पहुंचे। कार्यक्रम में सांसद प्रतिनिधि के तौर पर मुख्य अतिथि दिलीप सिंह द्वारा कहा गया की सोचने व मंथन करने का विषय है डबल इंजन की सरकार है तो यह अप लोगों की देन है विकसित भारत के तहत ब्लाक से लेकर जिले तक के अधिकारी आये है केन्द्र से लेकर प्रदेश स्तर के योजनाओं की जानकारी ग्राम वासियों को दी जा रही है सरकार आप लोगों के लिए चिंतित है की हमारी योजना गरीबो तक पहुंचा रहा है कि नही इस उद्देश्य से विकसित भारत यात्रा चलाया जा रहा है आप लोगों को संकल्प लेना है की भारत को विश्वगुरु बनाना है और राष्ट के प्रति संकल्पित होना है। खण्ड विकास अधिकारी रामप्रवेश ने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा से लोगो को जागरूक किया जा रहा है ताकी कोई पात्र व्यक्ति योजना से वंचित न रहे। एडीओ कापरेटिव यूनूस अंसारी ने कहा कि विकसित भारत का उद्देश्य है लोग को जागरूक करना और भारत देश को विकसित करना।एडीओ एजी राम कृष्ण मिश्रा ने उपस्थित लोगों को विकसित भारत की शपथ भी दिलाया। स्कूली बच्चों द्वारा सरस्वती वंदना व स्वागत गीत भी प्रस्तुत किया गया।इस दौरान मुरारी सिंह,अधीक्षक अमित कुमार चौधरी,डा0मनिष जयसवाल, रमाकांत चतुर्वेदी, मो0आरीफ, हेड मास्टर मो0 मुस्तफा, आरबीएस के टीम डा0 दिपक जयसवाल, फार्माशिष्ट राजन मिश्रा, एलटी प्रवीन दुबे, आयुष्मान मित्र रमा सिंह पटेल, लघु सिंचाई अब्दुल, करुणेश पाण्डेय, जिलापूर्ति से राजेश्वर प्रसाद, बैंक से निजाम जिलानी, चुन्नू ब्लाक मिशन प्रबन्धक ग्रीश चन्द पाण्डेय, रोजगार सेवक गोपेश्वर, पंचायत सहायक किरन, सफाई कर्मी उमाशंकर यादव, राम दरश राम ललीत, आरबीएस के से डा जनार्दन मणी त्रिपाठी, डा सुप्रिया मद्धेशिया, चांद रानी राय, नितु एलटी राजेश गुप्ता सहित तमाम ग्रामीण मौजूद रहे।

## जातीय गणना को जनादेश नहीं

जातीय गणना का मुद्दा, राज्यों के चुनाव में, फ्लॉप रहा। हालांकि कांग्रेस नेता राहुल गांधी का अनुसरण करते हुए जातीय गणना का मुद्दा खूब उछाला गया। यहां तक वायदा किया गया कि 2024 में केंद्र में विपक्ष की सरकार बनी, तो राष्ट्रीय स्तर पर जातीय गणना कराई जाएगी। इस पर आरक्षित जमात के युवाओं ने भी कांग्रेस को समर्थन नहीं दिया। हालांकि विपक्ष के 'इंडिया' गठबंधन में जातीय गणना को 'तुरुप के पत्ते' के तौर पर ग्रहण किया गया था, लेकिन बिहार के अलावा किसी अन्य राज्य में जातिगत सर्वे नहीं कराए गए। कांग्रेस ने मप्र, राजस्थान और छत्तीसगढ़ के चुनावों में इस मुद्दे पर खूब शोर मचाया था। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडग़े समेत कई पार्टी नेताओं ने प्रधानमंत्री मोदी को 'नकली ओबीसी' करार दिया था, लेकिन चुनावों ने साबित कर दिया कि जनादेश महज जाति के आधार पर हासिल नहीं किए जा सकते। प्रधानमंत्री ने भी जनादेश के बाद विपक्ष पर आरोप चस्पा किया कि मतदाताओं को जातियों में बांटने की कोशिशें की गईं। उन्हें लाभ के झांसे दिए गए, लेकिन उन जातियों ने ही कांग्रेस को खारिज कर दिया, जिन्हें पार्टी का 'परंपरागत जनाधार' माना जाता रहा है। इनमें आदिवासी, दलित, ओबीसी और मजदूर वर्ग आदि का उल्लेख किया जा सकता है। इन समुदायों ने भाजपा के पक्ष में भर-भर कर वोट दिए। जनादेश सामने हैं। जातियों की बात होती है, तो पूर्व प्रधानमंत्री वीपी सिंह का चेहरा सामने आ जाता है। उन्होंने अपने प्रधानमंत्री-काल में मंडल आयोग की रपट लागू की थी, जिसके तहत हजारों पिछड़ी जातियों को आरक्षण मिलना तय हुआ था। यह आरक्षण आज भी जारी है। तब वीपी सिंह को 'सामाजिक न्याय का मसीहा' माना गया।

आज भी तमिलनाडु की द्रमुक सरकार ने वीपी सिंह की प्रतिमा स्थापित की है। मुख्यमंत्री स्टालिन ने उसका अनावरण किया था और अपने राज्य में 'सामाजिक न्याय' की राजनीति को आधार देने की कोशिश की है, लेकिन 'मसीहा प्रधानमंत्री' का 1991 के लोकसभा चुनाव में सूपड़ा ही साफ हो गया। पिछड़ों ने लालू, नीतीश और मुलायम सरीखों की तो सियासत चमका दी, लेकिन वीपी सिंह को राष्ट्रीय जन-समर्थन क्यों नहीं मिला, यह सवाल आज भी अनुत्तरित है। जवाहर लाल नेहरू, इंदिरा गांधी, राजीव गांधी से लेकर डॉ. मनमोहन सिंह तक कांग्रेसी प्रधानमंत्रियों ने 'जातीय सर्वे' को महत्त्व क्यों नहीं दिया? परोक्ष रूप से खारिज ही क्यों करते रहे? क्या राहुल गांधी के दौर की कांग्रेस की सोच, 'जातीय राजनीति' पर, अपने पूर्वजों से भिन्न है? उन्हें चुनावी समर्थन क्यों नहीं मिला? ये भारतीय राजनीति के अहम सवाल हैं। उत्तर भारत में हिमाचल को छोड़ कर सभी प्रमुख राज्यों में अब भाजपा काबिज है। बिहार और झारखंड कुछ दूर के राज्य हैं, लेकिन वहां भी सत्ता-विरोधी लहर प्रबल है। इसका प्रत्यक्ष लाभ भाजपा को 2024 के आम चुनाव में होगा, क्योंकि वे भी 3-4 महीने ही दूर हैं। विपक्षी गठबंधन के घटक दल भी, मौजूदा जनादेश पर, कांग्रेस को लेकर ही टिप्पणियां करने लगे हैं कि कांग्रेस 'जमीनी राजनीतिक हकीकत' को पढ़ नहीं पा रही है। इस तरह 2024 के आम चुनाव में भाजपा को कैसे पराजित किया जा सकता है?

अलबत्ता वे खडग़े द्वारा बुलाई गई विपक्ष की बैठक में जरूर शिरकत करेंगे। हालांकि वह बैठक संसद के शीतकालीन सत्र पर विमर्श करने को बुलाई गई है। जातीय गणना के संदर्भ में यह सवाल मौजू है कि आखिर इसे क्यों कराया जाए? यदि इसे जनगणना का एक हिस्सा माना जाए, तो केंद्र सरकार ही करवा सकती है। यदि आबादी के मुताबिक हिस्सेदारी तय होनी है और बिहार की तर्ज पर आरक्षण की सीमा 75 फीसदी करनी है, तो यह सरासर 'असंवैधानिक' है। जिस दिन बिहार आरक्षण का मामला सर्वोच्च अदालत के सामने जाएगा, तो न्यायिक पीठ उसे खारिज कर देगी। उस आरक्षण का लाभ जिन्हें मिला होगा, वह भी खारिज कर दिया जाएगा। तो जातियों की हिस्सेदारी का क्या होगा? आरक्षण के अलावा जातीय गणना का कोई और प्रयोजन नहीं हो सकता।

## भाजपा ने आलोचकों को चौंकाया



श्रेय शुक्ला

पांच राज्यों के विधान सभा चुनाव के नतीजे सामने आ चुके हैं जहाँ मध्य प्रदेश, राजस्थान और छत्तीसगढ़ में भाजपा ने प्रंचड जीत हासिल कर सभी आलोचकों को चौंका दिया है। इस जीत के बाद प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि आज की जीत में 2024 की हैट्रिक की गारंटी है। पीएम मोदी ने कहा कि कांग्रेस के पंजे से दो राज्यों को खींचकर कमल खिला दिया है। महत्वपूर्व बात ये है कि मध्य प्रदेश में दो दशक के शासन के बावजूद कहीं कोई सत्ताविरोधी लहर नहीं दिखी जबकि राजस्थान में पार्टी ने सिर्फ मोदी के ही चहरे पर चुनाव लड़कर बम्पर वोट हासिल कर सत्ता पाई है। छत्तीसगढ़ में तो कांग्रेस की उम्मीदों को गहरा झटका लगा है और बीजेपी ने पांच साल भी ज़बरदस्त वापसी की। मतलब साफ़ है पुरे हिंदी बेल्ट में एक ही चेहरा जीत की गारंटी बन रहा है और वो हैं नरेंद्र मोदी।

पांच में तीन राज्यों में जीत के साथ ही 2014 से अब तक 32 राज्यों का चुनाव बीजेपी या बीजेपी गठबंधन नरेंद्र मोदी की अगुवाई में जीत चुका है। इन तीन राज्यों में जीत के साथ अब देश में 58 फीसदी इलाके और 57 फीसदी आबादी पर बीजेपी या बीजेपी गठबंधन सत्ता में है। चुनावी नतीजों में बीजेपी की हैट्रिक ने ये भी बता दिया कि विपक्ष का ओबीसी आरक्षण और जाति गणना का सियासी कार्ड इस बार नहीं चला। तीन राज्यों की हैट्रिक में कैसे 2024 जीतने की हैट्रिक की गारंटी है इसे समझने के लिए पीएम मोदी के भाषण को समझना जरूरी है। अपने भाषण में प्रधानमंत्री मोदी ने साफ किया कि हैट्रिक की गारंटी 2024 में इसलिए है क्योंकि जाति में बांटने का सियासी कार्ड अगर विपक्ष के पास है तो राष्ट्र निर्माण में चार जातियों के विकास की गारंटी का कार्ड बीजेपी के पास है।

पीएम ने अपने भाषण में कहा कि इस चुनाव में देश को जातियों में बांटने की बहुत कोशिश हुई है लेकिन मैं लगातार कह रहा था मेरे लिए देश में चार जातियां ही सबसे बड़ी जातियां हैं। मोदी ने कई कार्यक्रमों में कहा कि नारी शक्ति, युवा शक्ति, किसान और गरीब ही असल मायनों में जातियां हैं जिन्हें मज़बूत करना है। जिस वक्त कांग्रेस सिर्फ जाति गणना और ओबीसी आरक्षण का मुद्दा उठाकर अपने दो शासन वाले राज्यों और मध्य प्रदेश में बीजेपी को हराना चाहती थी वहां नरेंद्र मोदी की गारंटी के आगे ये कार्ड बुरी तरह फ्लॉप हुए हैं। एक साथ तीन राज्य जीतना या फिर लगातार लोकसभा चुनाव जीतना आसान नहीं होता लेकिन प्रधानमंत्री मोदी तीन राज्यों में जीत के बाद एक बात कहते हैं कि जहां आम जनता की बाकी पार्टियों से उम्मीदें खत्म होती है वहां से मोदी की गारंटी शुरू होती है। देखा जाए तो अधिकतर मध्य प्रदेश में बहुत से लोग कांटे की टक्कर बताते थे, राजस्थान-छत्तीसगढ़ के एक्सिटपोल्स को समझे तो लग रहा था कांग्रेस अपनी योजनाओं से मजबूत खड़ी है लेकिन सबसे बड़ा भरोसा वोटर के बीच नरेंद्र मोदी का बना। राजस्थान में प्रधानमंत्री ने 14 रैली कीं 2 रोड शो किए,राजस्थान के 16 जिलों में 8 दिन के अन्दर प्रचार किया इसका नतीजा बीजेपी की सीटें बहुमत के पार हो गयी। जबकि मध्य प्रदेश में 14 रैली और 1 रोड शो प्रधानमंत्री मोदी ने किया नतीजा 18 साल से लगातार सरकार के बावजूद कहीं कोई सत्ता विरोधी लहर नहीं नजर आई और फिर से बीजेपी सत्ता में लौटी। छत्तीसगढ़ में प्रधानमंत्री मोदी ने पांच जिलों में पांच रैलियां कीं नतीजा जितनी सीटें कांग्रेस जीत पाई उससे ज्यादा की बढ़त बीजेपी ने इस बार हासिल की। अब तक नतीजों को देखने के बाद पता चला है कि प्रधानमंत्री ने जहां प्रचार किया वहां पर बीजेपी की जीत के साथ स्ट्राइक रेट 65 फीसदी से ज्यादा का है जिसमें सबसे बड़ी वजह बनी है मोदी की गारंटी।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक व सम्पादक तकदीस फ़ातिमा रिज़वी ने ग्रुप-5 प्रकाशन, 55-बी, वज़ीर हसन रोड, लखनऊ से मुद्रित कराकर प्रथम तल, मस्जिद नूर महल, साकेत पल्ली, नरही, लखनऊ से प्रकाशित किया।

किसी भी लेख में कोई विवाद के लिए 'अवधनामा' जिम्मेदार नहीं होगा, इसकी जिम्मेदारी लेखक की है। किसी भी समाचार के विवाद के लिए न्याय क्षेत्र लखनऊ ही होगा।

**पोलिटिकल एडीटर : एम.एम. मोहसिन**

**स्थानीय संपादक**

**मोहम्मद आलम रिज़वी**

**RNI No UPHIN/2010/31173**

**टेली फैक्स नं. : 2288091, 4065716**

**avadhnamahindi@gmail.com,**

मुद्दा विहीन संपूर्ण विपक्ष और खासकर ने कांग्रेस ने मध्य प्रदेश, राजस्थान और छत्तीसगढ़ के चुनावों में इस मुद्दे पर खूब शोर मचाया था। राहुल गांधी अपनी चुनावी रैलियों में जातीय गणना की वकालत करते रहे और इस मुद्दे को लेकर बीजेपी पर हमले करते रहे. उन्होंने एक रैली में कहा था कि जातीय गणना एक 'एक्स-रे' की तरह होगी, जो विभिन्न समुदायों का पूरा विवरण देगी। राहुल गांधी ने जातीय गणना के बहाने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर भी तीखे हमले किए थे। उन्होंने छत्तीसगढ़ में एक रैली में कहा था कि, ÷पीएम मोदी हर भाषण में कहते हैं, 'मैं ओबीसी हूं'।

# विधानसभा चुनाव में फ्लॉप हुआ जातीय जनगणना का मुद्दा



राजेश माहेश्वरी

राहुल गांधी ने विधानसभा चुनावों में जातिगत जनगणना का मुद्दा जोर शोर से उठाया और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ निजी हमले जारी रखे। कांग्रेस और विपक्ष को सबसे ज्यादा उम्मीद जातीय जनगणन के मुद्दे से थी। असल में बिहार में नीतीश सरकार द्वारा जातीय जनगणन कराने और फिर उसके आंकड़े सार्वजनिक करने के बाद से विपक्ष उत्साह में था। विपक्ष को लग रहा था कि उसके हाथ जाति जनगणना का मुद्दा ब्रहास्त्र की तरह है। और वो इस अस्त्र से मोदी सरकार को सत्ता से बाहर कर देगा। लेकिन जातीय जनगणना मुद्दा हिंदुत्व, राष्ट्रवाद और कल्याणकारी योजनाओं के नीचे दबकर दम तोड़ गया। राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को फिर से निजी तौर पर टारगेट किया, और पनौती से लेकर जेबकतरा तक बता डाला। चुनाव नतीजे बता रहे हैं कि लोगों ने ऐसी बातों पर बिलकुल भी ध्यान नहीं दिया है। चुनाव नतीजों के बाद अब ये साफ हो चुका है कि 2024 में तो ये सब बिलकुल नहीं चलेगा।

पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव से पूर्व जब संसद के विशेष सत्र में महिला आरक्षण बिल आया था, तभी राहुल गांधी ने ओबीसी आरक्षण का मुद्दा उठाया, केंद्र सरकार में तैनात ओबीसी सचिवों की संख्या पर सवाल खड़े किये- और पूरे चुनाव के दौरान जातिगत जनगणना की मांग करते रहे। इसमें षक की कोई गुंजाइष ही नहीं है कि जातीय गणना का मुद्दा, राज्यों के चुनाव में, फ्लॉप रहा। हालांकि कांग्रेस नेता राहुल गांधी का अनुसरण करते हुए जातीय गणना का मुद्दा खूब उछाला गया। यहां तक वायदा किया गया कि 2024 में केंद्र में विपक्ष की सरकार बनी, तो राष्ट्रीय स्तर पर जातीय गणना कराई जाएगी। इस पर आरक्षित जमात के युवाओं ने भी कांग्रेस को समर्थन नहीं दिया। संसद के विशेष सत्र के बाद तेजस्वी यादव और राहुल गांधी ने जातिगत जनगणना कराने की जोर शोर से मांग की थी। कांग्रेस ने तो कार्यसमिति की बैठक में प्रस्ताव पारित कर जातिगत जनगणना का चुनावी वादा भी कर डाला था। हालांकि कांग्रेस पार्टी में कुछ नेताओं ने दबी जुबान में जातिगत गणना का विरोध भी किया, लेकिन पार्टी के शीर्ष नेतृत्व के सामने वह दबता हुआ नजर आया।

मुद्दा विहीन संपूर्ण विपक्ष और खासकर ने कांग्रेस ने मध्य प्रदेश, राजस्थान और छत्तीसगढ़ के चुनावों में इस मुद्दे पर खूब शोर मचाया था। राहुल गांधी अपनी चुनावी रैलियों में जातीय गणना की वकालत करते रहे और इस मुद्दे को लेकर बीजेपी पर हमले करते रहे. उन्होंने एक रैली में कहा था कि जातीय गणना एक 'एक्स-रे' की तरह होगी, जो विभिन्न समुदायों का पूरा विवरण देगी। राहुल गांधी ने जातीय गणना के बहाने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर भी तीखे हमले किए थे। उन्होंने छत्तीसगढ़ में एक रैली में कहा था कि, ÷पीएम मोदी हर भाषण में कहते हैं, 'मैं ओबीसी हूं'. लेकिन जब मैं जाति जनगणना के



बारे में बात करता हूं, तो वे कहते हैं कि भारत में कोई जाति नहीं है. भारत में केवल एक ही जाति है, वो है गरीब। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडग़े समेत कई पार्टी नेताओं ने प्रधानमंत्री मोदी को 'नकली ओबीसी' करार दिया था। कुल मिलाकर कांग्रेस ने विधानसभा चुनाव में, खास तौर पर राजस्थान और छत्तीसगढ़ में जातीय गणना के मुद्दे को जमकर हवा दी और इसके जरिए पिछड़ी जातियों के वोट बटोरने की कोशिश की, लेकिन उसकी यह कोशिश कामयाब नहीं हो सकी। वह राजस्थान और छत्तीसगढ़ की सत्ता बरकरार रखने में नाकामयाब रही। चुनावों ने साबित कर दिया कि जनादेश महज जाति के आधार पर हासिल नहीं किए जा सकते।

वास्तव में बिहार में हुई जातिगत गणना की रिपोर्ट आने के बाद बीजेपी काफी दबाव में देखी गयी थी। वैसे तो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ये बोल कर रिपोर्ट को खारिज कर दिया था कि देश में सबसे बड़ी जाति गरीब है। मोदी ने एक बार फिर वही बात दोहरायी है, लेकिन उसमें गरीबी के साथ नौजवानों, महिलाओं और किसानों को भी अगल अलग जाति के रूप में बताया है। ये भी खबर आयी थी कि नीतीश कुमार और तेजस्वी यादव की जातिगत गणना से शुरू हुई राजनीति को काउंटर करने के लिए बीजेपी ओबीसी सर्वे लाने पर विचार कर रही है। बिहार जाकर जब केंद्रीय मंत्री अमित शाह ने कहा था कि बीजेपी को जातिगत जनगणना से कोई आपत्ति नहीं है, तभी समझ में आ गया था कि बीजेपी इस मुद्दे को लेकर कितना चिंतित है लेकिन पांच राज्यों के विधानसभा चुनावों के नतीजों ने तो जैसे इस मुद्दे की हवा ही निकाल दी है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी चुनाव नतीजों के बाद बीजेपी के राष्ट्रीय मुख्यालय से अपने संबोधन में विपक्ष पर आरोप चस्पा किया कि मतदाताओं को जातियों में बांटने की कोशिशें की गईं। उन्हें लाभ के झांसे दिए गए, लेकिन उन जातियों ने ही कांग्रेस को खारिज कर दिया, जिन्हें पार्टी का 'परंपरागत जनाधार' माना जाता रहा है। इनमें आदिवासी, दलित, ओबीसी और मजदूर वर्ग आदि का उल्लेख किया जा सकता है। इन समुदायों ने भाजपा के पक्ष में भर-भर कर वोट दिए। पूर्व प्रधानमंत्री वीपी सिंह ने अपने प्रधानमंत्री-काल में मंडल आयोग की रपट लागू की थी, जिसके तहत हजारों पिछड़ी जातियों को आरक्षण मिलना तय हुआ था। यह आरक्षण आज भी जारी है। तब वीपी सिंह को 'सामाजिक न्याय का मसीहा' माना गया। बीते दिनों तमिलनाडु की डीएमके सरकार ने वीपी सिंह की प्रतिमा स्थापित की है। लेकिन ये भी कड़वा सच है कि 'मसीहा प्रधानमंत्री' का 1991 के लोकसभा चुनाव में सूपड़ा ही साफ हो गया। पिछड़ों ने लालू, नीतीश और मुलायम सरीखों की तो सियासत चमका दी, लेकिन वीपी सिंह को राष्ट्रीय जन-समर्थन क्यों नहीं मिला, यह सवाल आज भी अनुत्तरित है। जवाहर लाल नेहरू, इंदिरा गांधी, राजीव गांधी से लेकर डॉ. मनमोहन सिंह तक कांग्रेसी प्रधानमंत्रियों ने 'जातीय सर्वे' को महत्त्व क्यों नहीं दिया? परोक्ष रूप से खारिज ही क्यों करते रहे? क्या राहुल गांधी के दौर की कांग्रेस की सोच, 'जातीय राजनीति' पर, अपने पूर्वजों से भिन्न है? सवाल यह भी है कि अगर जातीय जनगणन का मुद्दा इतना प्रभावी था तो फिर उन्हें चुनावी समर्थन क्यों नहीं मिला? राजनीतिक जानकारों के मुताबिक, मध्यप्रदेश, राजस्थान और छत्तीसगढ़ में जातिगत गणना का मुद्दा जमीन पर गिरा है। लोगों को यह बात समझ में आ रही है कि युवाओं को नौकरी चाहिए, न कि जातिगत गणना। देश में सरकारी नौकरियों यानी संगठित क्षेत्र की जॉब तो महज चार पांच फीसदी हैं। बाकी नौकरियां तो असंगठित क्षेत्र ही दे रहा है। ऐसे में जातिगत गणना का कोई फायदा नहीं होगा। लोग, उस दल पर भरोसा करेंगे, जो उन्हें नौकरी देगा। नौकरी के लिए माहौल तैयार करेगा। अब 2024 के लिए कांग्रेस पार्टी, इस मुद्दे पर दोबारा से विचार करेगी। हो सकता है, तेलंगाना में कांग्रेस की सरकार बनने पर जातिगत गणना करायी भी जाये, लेकिन आगे के लिए तो ये मुद्दा खत्म ही लग रहा है। 2024 के आम चुनाव आते आते तो बिलकुल नहीं लगता कि ये मुद्दा प्रासंगिक भी रह पाएगा।

# रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ते कदम



तारकेश्वर मिश्र

आत्मनिर्भरता की दिशा में कदम उठाते हुए भारत धीरे-धीरे रक्षा क्षेत्र में विदेशों से खरीद के मुकाबले घरेलू खरीद की हिस्सेदारी को बढ़ा रहा है। 2018-19 में, घरेलू खरीद, कुल खरीद का 54ः था. ये आंकड़ा 2019-20 में बढ़कर 59 फीसदी और 2020-21 में 64 फीसदी हो गया। 2022-23 के लिए इसे 68 फीसदी कर दिया गया था। इसमें से 25ः बजट निजी उद्योग से खरीद के लिए निर्धारित किया गया था. 2023-24 के लिए इसे 75 फीसदी तक ले जाने का लक्ष्य रखा गया है।

एक वक्त वो था जब हम रक्षा क्षेत्र की हर छोटी-बड़ी जरूरतों के लिए दूसरे देशों के मोहताज थे। लेकिन अब इस मोर्चे पर भारत की स्थिति धीरे-धीरे बदल रही है। 2047 तक विकसित राष्ट्र बनने के सपने को लेकर आगे बढ़ रहा भारत रक्षा क्षेत्र में भी आत्मनिर्भर बनने की राह पर धीरे-धीरे, लेकिन मजबूती के साथ कदम आगे बढ़ा रहा है। जैसे-जैसे देश की अर्थव्यवस्था वैश्विक स्तर पर मजबूत हो रही है, भारत रक्षा क्षेत्र के लिए जरूरी सामानों के आयात को कम कर रहा है और उसके लिए मेक इन इंडिया अभियान के तहत घरेलू बुनियादी ढांचे का निर्माण पर ज़ोर दे रहा है. आयात कम करने का ये मतलब नहीं है कि उन सामानों की जरूरत ही नहीं है, बल्कि उन सामानों को अब भारत अपने देश में ही बनाने पर फोकस कर रहा है।

ऐसे वक्त में जब भारत की सीमाओं और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर लगातार सामरिक चुनौतियां मिल रही हैं, रक्षा तैयारियों में किसी तरह की सुस्ती घातक साबित हो सकती है। इसी चुनौती के मद्देनजर सेना की युद्धक क्षमताओं को बढ़ाने हेतु बृहस्पतिवार को रक्षा अधिग्रहण परिषद ने 2.23 लाख करोड़ रुपये की रक्षा अधिग्रहण परियोजनाओं को प्रारंभिक मंजूरी दी है। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि इसमें स्वदेशी उत्पादों को प्राथमिकता दी गई है। कुल खरीद के 98 फीसदी उत्पाद घरेलू रक्षा उद्योगों से प्राप्त किए जाएंगे।

निःसंदेह, इससे देश के रक्षा उद्योग को बड़ा संबल मिलेगा। वहीं, इससे हम हथियारों पर खर्च होने वाली दुर्लभ विदेशी मुद्रा भी बचा सकते हैं। साथ ही देश में हथियारों के उत्पादन को गति मिलेगी और इस क्षेत्र में रोजगार के नये अवसर भी सृजित होंगे। दरअसल, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की अध्यक्षता में रक्षा अधिग्रहण परिषद यानी डीएसी की बैठक में 97 हल्के लड़ाकू विमान तेजस और 156 प्रचंड लड़ाकू हेलीकॉप्टरों की खरीद को मंजूरी दी गई। निस्संदेह, पूर्वी लद्दाख में चीन के साथ लगातार चुनौतीपूर्ण स्थिति बने रहने के चलते देश अपनी तैयारियों में किसी तरह की ढील नहीं दे सकता।

डीएसी का यह निर्णय भी सुखद है कि भारत की एयरोस्पेस कंपनी हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स द्वारा सुखोई लड़ाकू विमान के बेड़े को उन्नत करने के वायुसेना के प्रस्ताव को मंजूरी दी गई है। निस्संदेह, सेना की जरूरतों को देश के रक्षा उद्योग के जरिये पूरा करना एक दूरगामी पहल है। इतिहास गवाह है कि कारगिल युद्ध में जरूरी युद्धक सामग्री व भारी हथियारों के लिये जरूरी कल-पुर्जो को हासिल करने में देश को परेशानी का सामना करना पड़ा था। कई देशों ने संकट काल में मुंह फेर लिया था। लेकिन यहां ध्यान रखना जरूरी है कि रक्षा उत्पाद अंतर्राष्ट्रीय मानकों के अनुरूप हों। ऐसा न हो कि चुनौतीपूर्ण स्थितियों में संकट के अनुरूप गुणवत्ता के हथियार न मिलने पर सेना को असहज व मुश्किल स्थिति का सामना करना पड़े। रक्षा



क्षेत्र में आत्मनिर्भर भारत के संकल्पना को पूरा करने के लिए सबसे जरूरी है देश में रक्षा क्षेत्र से जुड़े घरेलू उद्योग को मजबूत करना और इसके लिए केंद्र सरकार पिछले कुछ सालों से कई तरह के ठोस फैसले ले रही है। घरेलू रक्षा उद्योग को बढ़ावा देने के लिए सरकार उन उपकरणों, पुर्जो और सेवाओं की लगातार पहचान कर रही है, जिनसे जुड़ी जरूरतों को देश की कंपनियों से पूरा किया जा सकता है।

आत्मनिर्भरता की दिशा में कदम उठाते हुए भारत धीरे-धीरे रक्षा क्षेत्र में विदेशों से खरीद के मुकाबले घरेलू खरीद की हिस्सेदारी को बढ़ा रहा है। 2018-19 में, घरेलू खरीद, कुल खरीद का 54ः था. ये आंकड़ा 2019-20 में बढ़कर 59 फीसदी और 2020-21 में 64 फीसदी हो गया। 2022-23 के लिए इसे 68 फीसदी कर दिया गया था। इसमें से 25 फीसदी बजट निजी उद्योग से खरीद के लिए निर्धारित किया गया था. 2023-24 के लिए इसे 75 फीसदी तक ले जाने का लक्ष्य रखा गया है। इसके तहत 2023-24 में घरेलू रक्षा खरीद के तहत करीब एक लाख करोड़ रुपये घरेलू उद्योग के लिए रखा गया है। स्वदेशीकरण और घरेलू खरीद पर फोकस करने का ही नतीजा था कि 2018-19 से 2021-22 के बीच चार साल की अवधि में विदेशी स्रोतों से रक्षा खरीद पर खर्च 46 फीसदी से घटकर 36 फीसदी हो गया और अब इसे इस साल 25 फीसदी ले जाना है।

भारत सरकार हर साल केंद्रीय बजट में पूंजीगत खर्च यानी कैपिटल एक्सपेंडिचर को भी बढ़ा रही है और इसका लाभ भी बाकी क्षेत्रों के साथ ही रक्षा क्षेत्र को भी मिल रहा है। 2023-24 के केंद्रीय बजट में पूंजीगत व्यय में भारी बढ़ोतरी की गई। इसके लिए 10 लाख करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। पूंजीगत व्यय में 37.4ः का इजाफा किया गया है। 2019-20 की तुलना में इस बार का कैपेक्स करीब तीन गुना रखा गया। सड़क, रेल और दूसरे बुनियादी ढांचों के साथ ही इससे रक्षा जैसे क्षेत्र को भी मजबूती मिलेगी. हर साल रक्षा बजट पर भी सरकार आत्मनिर्भरता के लक्ष्य को ध्यान में रखकर इजाफा करती है। वित्त वर्ष 2023-24 में, रक्षा मंत्रालयको कुल 5.94 लाख करोड़ रुपये का बजट आवंटित किया गया। ये कुल बजट का 13.18 फीसदी है। वहीं आधुनिकीकरण और बुनियादी ढांचे के विकास से संबंधित खर्च को बढ़ाकर 1.63 लाख करोड़ रुपये कर दिया गया। वर्तमान में 85 से ज्यादा देश भारत से रक्षा उत्पाद खरीद रहे हैं। ये दिखाता है कि भारत भविष्य में आत्मनिर्भरता के साथ ही रक्षा उत्पादन का एक हब बनने की राह पर बढ़ रहा है। दुनिया में एलसीए-तेजस, लाइट कॉम्बैट हेलीकॉप्टर, एयरक्राफ्ट कैरियर, एमआरओ गतिविधियों की मांग बढ़ रही है।

वास्तव में आज दुनिया में बदलती युद्ध शैली और हथियारों के आधुनिकीकरण के चलते युद्ध बेहद जटिल स्थिति में जा पहुंचे हैं। थल सेना के मुकाबले वायुसेना व नौसेना की भूमिका को विस्तार मिल रहा है। इतना ही नहीं लड़ाकू हवाई जहाजों के मुकाबले युद्ध मिसाइल और ड्रोन केंद्रित हो चले हैं। कुल मिलाकर आज मानवीय शक्ति के बजाय उन्नत तकनीक पर आधारित हथियारों को तरजीह दी जा रही है। इसलिए भारतीय रक्षा उद्योग को बदलते वक्त की जरूरतों के साथ कदमताल करते हुए आगे बढ़ना होगा। हमें रक्षा अनुसंधान व कृत्रिम बुद्धिमत्ता वाली रक्षा तकनीकों पर विशेष ध्यान देना होगा। खासकर ऐसे समय पर जब चीन के साम्राज्यवादी मंसूबे हमें लद्दाख में लगातार परेशान करते रहे हैं। हालांकि, भारत ने चीन से लगती सीमा पर संरचनात्मक विकास को तरजीह दी है, लेकिन सेना का आधुनिकीकरण हमारी प्राथमिकता होनी चाहिए। आने वाले समय में अंतरिक्ष युद्ध की आशंका को नहीं टाला जा सकता। चीन समेत दुनिया के तमाम मुल्क अंतरिक्ष युद्ध से जुड़े अनुसंधानों पर भारी-भरकम रकम खर्च कर रहे हैं। रूस-यूक्रेन युद्ध शुरू होने के बाद वैश्विक पटल पर जिस तरह की पश्चिमी देशों और रूस के बीच ध्रुवीकरण की कोशिश की जा रही है, उसके बाद से रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता का महत्व और भी बढ़ गया है। रूस-यूक्रेन युद्ध का असर वैश्विक हथियार उद्योग पर भी पड़ा है।

# भाजपा की इस जीत के संकेत समझिए



अशोक मधुप

राजस्थान के रण में कांग्रेस के नेता अशोक गहलोत की जादूगरी काम नहीं आई। राजस्थान में 1993 के बाद जनता ने किसी दल को दुबारा सत्ता नही सौंपी। ऐसा ही इस बार हुआ। भाजपा राजस्थान में मोदी के नाम पर चुनाव लड़ी। यह उसके लिए फायदेमंद रहा।यदि किसी को मुख्यमंत्री बताकर लड़ती को नुकसान होता। मुख्यमंत्री उम्मीदवार के विरोधी उसे हराने में लग जाते। अब सब एकजुट नजर आए। कांग्रेस की हार का कारण शिकायतों के बाद भी विधायकों के टिकट नही कटना रहा।

पांच राज्य विधान सभा चुनाव में से तीन विधान सभाओं में पूर्ण बहुमत पाकर भाजपा ने अपने विरोधियों के सपनों को चूर- चूर कर दिया। तीन राज्यों में पूर्ण बहुमत मिलने से सिद्ध हो गया कि जनता पर किसका विश्वास है। इन चुनाव ने साबित कर दिया कि मोदी मैजिक कम नही हुआ अपितु बढ़ता ही जा रहा है। लोकसभा चुनाव से ठीक पहले मिली इस विजय ने भाजपा में जहां नई ऊर्जा और जोश भर दिया वहीं विपक्ष को कमजोर किया है। अब विपक्षी दलों के गठबधंन इंडिया में वर्चस्व को लेकर नई रार शुरू होगी।एक बात और कांग्रेस के जातिगत जनगणना और वायदों पर जनता ने यकीन नही किया। कांग्रेस की पुरानी पेंशन योजना की गारंटी का भी इस चुनाव में कोई प्रभाव नजर नही आया। ये चुनाव भाजपा की जीत तो है ही इस चुनाव में कांग्रेस की हार भी है। इस चुनाव में यह भी लगा कि अब जनता ने आधा अधूरा समर्थन देना बंद कर दिया। जिसे दिया उसे पूरा बहुमत देकर चुना।पांच साल के लिए चुना। बार-बार चुनाव और कमजोर सरकारों को उसने अब चुनना बंद कर दिया। तेलंगाना में कांग्रेस की सरकार जरूर बनी किंतु भाजपा ने यहां भी अपना प्रभाव बढ़ाया। पिछली बार यहां उसके पास एक सीट थी। इस बार उसके प्रत्याशियों ने आठ सीट पर कब्जा किया। तेलगांना में पिछली बार भाजपा को 6.98 प्रतिशत वोट मिले थे। अबकि बार उसका प्रतिशत बढ़कर 13.9 हो गया। मिजोरम में भी इस बार भाजपा की एक सीट और बढ़ गई। मध्य प्रदेश, राजस्थान और छत्तीसगढ़ में पूर्ण बहुमत मिलने के बाद अब 11 राज्यों में उसकी अपनी सरकार हो गई।वह हरियाणा महाराष्ट्र मेघालय नागालैंड और सिक्किम में सहयोगियों के बल पर सत्ता में हैं। इस तरह से देश की आधी आबादी पर उसका कब्जा है। कांग्रेस कनार्टक हिमाचल प्रदेश और तेलंगाना तक ही सीमित होकर रह गई। हिंदी पट्टी में तो एक तरह से भाजपा का पूरा कब्जा हो गया। भाजपा की सांसदों और केंद्रीय मंत्रियों को चुनाव में उतारने की नीति कामयाब रही।वे अधिकतर विजयी रहे। चुनाव में उतारे मंत्रियों और सांसदों की जगह भाजपा लोकसभा चुनाव में अब नए चेहरे उतारेगी। जिनका चुनाव में विरोध नही होगा।

मध्यप्रदेश में कांग्रेस 2018 में 114 सीटें जीतने में कामयाब रही थी। बहुमत से कुछ सीटें कम आने के कारण उसने निर्दलीय, समाजवादी पार्टी और बसपा विधायकों के समर्थन से सरकार बनाई थी। हालांकि, पार्टी के भीतर पैदा हुए राजनीतिक संकट ने भाजपा को 15 महीने बाद सत्ता में वापस ला दिया। मार्च 2020 में 22 कांग्रेस विधायकों के साथ ज्योतिरादित्य सिंधिया भाजपा में शामिल हो गए और कमल नाथ की सरकार सत्ता से बाहर हो गई। मध्य प्रदेश के विधानसभा चुनाव के परिणाम ने साफ कर दिया कि मध्य प्रदेश की जनता ने कांग्रेस की गारंटियों पर विश्वास नहीं किया। कांग्रेस की रणनीतिक



कमजोरी भी उस पर भारी पड़ी। पार्टी ने चुनाव प्रचार के दौरान जोर-शोर से महिलाओं को डेढ़ हजार रुपये प्रतिमाह देने, पांच सौ रुपये में रसोई गैस सिलेंडर, 100 यूनिट बिजली फ्री, 200 यूनिट बिजली हाफ, किसान कर्ज माफी, पुराने बिजली बिल की माफी, पुरानी पेंशन योजना की बहाली, जाति आधारित गणना सहित अन्य गारंटियां दी थीं। मतदाता इनके प्रभाव में नहीं आए और फिर भाजपा पर ही विश्वास जताया। मध्य प्रदेश में सरकार विराधी कोई लहर दिखाई नहीं दी। यहां भाजपा को 49 प्रतिशत और कांग्रेस का 40 प्रतिशत मत मिले। राजस्थान के रण में कांग्रेस के नेता अशोक गहलोत की जादूगरी काम नहीं आई। राजस्थान में 1993 के बाद जनता ने किसी दल को दुबारा सत्ता नही सौंपी। ऐसा ही इस बार हुआ। भाजपा राजस्थान में मोदी के नाम पर चुनाव लड़ी।यह उसके लिए फायदेमंद रहा।यदि किसी को मुख्यमंत्री बताकर लड़ती को नुकसान होता। मुख्यमंत्री उम्मीदवार के विरोधी उसे हराने में लग जाते। अब सब एकजुट नजर आए। कांग्रेस की हार का कारण शिकायतों के बाद भी विधायकों के टिकट नही कटना रहा। कांग्रेस ने पुरानों पर भरोसा किया जबकि जनता बदलाव चाहती थी। कांग्रेस को यहां अशोक गहलोत और पाइलेट को छोड़ तीसरा विकल्प चुनना था। अशोक गहलोत मद में थे। वे समझे बैठे थे कि उन्हें कोई नही हरा सकता ।कांग्रेस की 25 लाख रुपये की हेल्थ इश्योरेंस स्कीम भी काम नहीं आई। कांग्रेस की कई और योजनाएं भी जारी थीं। कांग्रेस के आलाकमान ने सचिन पायलट को इस चुनाव में शुरू से ही एक साथ काम करने के मना लिया था। कांग्रेस नेता राहुल गांधी भी प्रचार में उतरे, मगर कुछ काम नहीं आया। यहां भाजपा को 42 प्रतिशत मत मिले तो कांग्रेस को 40 प्रतिशत।

तमिलनाडू में सत्तारूढ वीआरएस को हार का सामना करना पडा। 119 सीट वाली विधान सभा में यहां कांग्रेस 64 सीट लेकर पूरे बहुमत से सत्ता में आई। कांग्रेस यहां सत्ता में आई जरूर किंतु भाजपा भी यहां लाभ में रही । पिछली बार भाजपा की एक सीट थी अब आठ हैं। तेलगांना में पिछली बार भाजपा को 6.98 प्रतिशत वोट मिले थे। अबकि बार उसका प्रतिशत बढ़कर 13. 9 हो गया। छत्तीसगढ में भूपेश बघेल की हार का कारण अतिविश्वास रहा। महादेव एप जैसे घोटाले भ्रष्टाचार कांग्रेस को ले डूबा।उसके लोक लुभावने वादों पर जनता ने यकीन नही किया। छत्तीसगढ में भाजपा को 46 प्रतिशत मत मिले।कांग्रेस को 42 प्रतिशत।

मिजोरम के चुनाव परिणाम आ गए । यहां जोरम पीपुल्स मूवमेंट (जेडपीएम) ने बहुमत पाया। कांग्रेस से यहां भी भाजपा लाभ में रही। इस विधान सभा में कांग्रेस को एक सीट मिली तो भाजपा के खाते में दो सीट गईं। कांग्रेस के राहुल गांधी, प्रियंका गांधी वाड्रा और मल्लिकार्जुन खरगे ने जाति आधारित गणना की गारंटी को बार-बार दोहराया। इसके माध्यम से दांव यह खेला गया था कि ओबीसी मतदाताओं को प्रभावित किया जाए, लेकिन ऐसा नहीं हुआ।इतना जरूर हुआ कि इससे उसका परपरांगत अल्पसंख्यक वोट और छिटक गया।इस हार से कांग्रेस के सामने विपक्षी दलों के गठबंधन में ही चुनौती आने लगी हैं। अब तक सबसे बड़ा दल होने के कारण उसकी मांग की थी कि विपक्ष का प्रधानमत्री का उम्मीदवार कांग्रेस से होगा। जेडीयू के प्रदेश महासचिव निखिल मंडल ने एक्स पर एक पोस्ट करते हुए कांग्रेस पर हमला बोला है और कहा कि अब %इंडिया गठबंधन% को नीतीश कुमार के अनुसार चलना होगा। एक बात और भाजपा की जीत का बड़ा कारण है उसका बूथ लेबिल तक बना संगठन, जबकि कोई और दल बूथ तक अपना संगठन नही खड़ा कर सका। भाजपा की आधी आबादी यानी महिलाओं में भी बड़ी पकड़ है। भाजपा ने महिलाओं का भी बूथ लेबिल तक संगठन खड़ा किया है। बड़ी बात यह भी है कि पार्टी के पास नरेंद्र मोदी जैसा जुझारू नेता भी है, जो बिना रूके बिना थके अनवरण कार्य में लगा रहता है। भाजपा की मातृ संस्था राष्ट्रीय स्वयं सेवक संगठन तो अपने कार्यकर्ताओं और संगठन के लिए विख्यात है ही।

# ग्राम उत्थान से ही होगा, देश का उत्थान : केशव

## प्रत्येक ब्लॉक की चयनित 10 पिछड़ी ग्राम पंचायत में विकास कार्यों पर करें, विशेष रूप से फोकस

अवधनामा संवाददाता




■ गांवो के विकास का मास्टर प्लान बनाएं
■ स्मार्ट सिटी की तरह स्मार्ट विलेज बनाना है

**लखनऊ।** उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि ग्राम उत्थान से ही देश का उत्थान, सम्भव है। देश की खुशहाली का रास्ता गांवो से होकर जाता है। हम सबको मिलकर स्मार्ट सिटी की तरह स्मार्ट विलेज बनाना है। उत्तर प्रदेश को सर्वोत्तम प्रदेश बनाना है। श्री मौर्य आज योजना भवन लखनऊ में प्रदेश के समस्त मुख्य विकास अधिकारियों के साथ आयोजित विकास कार्यों के क्रियान्वयन की समीक्षा कर रहे थे।

उन्होंने मुख्य विकास अधिकारियों को निर्देश कि गांवो के विकास का मास्टर प्लान बनाएं।प्रत्येक ब्लॉक की चयनित 10 पिछड़ी ग्राम पंचायतों में विकास कार्यों पर विशेष रूप से फोकस करें, उन्हें मुख्य धारा में लायें।उन्होंने कहा कि जिस तरह से आकांक्षात्मक जिलों, व आकांक्षात्मक विकास खण्डों में विशेष रूप से फोकस करके उनका सर्वागीण विकास किया जा रहा है, उसी तरह से यह कार्य भी करना है, जिन ग्राम पंचायतों में अपेक्षाकृत विकास कम हो पाया है, वहां विभिन्न पैरामीटर्स पर अध्ययन, भ्रमण, व विचार विमर्श कर ठोस व प्रभावी रणनीति बनाकर विकास कार्य कराये जांय। कहा कि कई योजनाओं में विकास विभाग के अमले ने मिलकर देश व प्रदेश में नये कीर्तिमान स्थापित किए हैं।

कहा कि अमृत सरोवरो के निर्माण व ग्राम चौपालो के आयोजन की चर्चा बड़े पैमाने पर हो रही है। कहा कि गांव-गरीब के विकास की योजनाएं समाज के अंतिम छोर तक पहुंचाएं और अन्तिम पायदान पर खड़े व्यक्ति को समाज की मुख्य धारा से जोड़ें। अधिकारी नवाचार करके नए आदर्श स्थापित करें।कहा कि ग्राम चौपाल के बहुत ही सार्थक परिणाम हासिल हो रहे हैं। गांव चौपाल से एक दिन पूर्व गांव में स्वच्छता अभियान चलाया जाए। ग्राम चौपालों व सफाई अभियान में जिले के अधिकारी औचक रूप से भी पहुंचे।कहा कि अमृत सरोवर व अमृत वाटिकाओं को ऐसे संवारें कि वह ऐतिहासिक बने। निर्देश दिए कि योजनाओं के लाभार्थियों की सूची पंचायतों के स्थाई भवनो में लिखाई जाए।कहा कि 2047 तक विकसित भारत बनाने का लक्ष्य गांवों के विकास से ही संभव होगा । विकसित भारत संकल्प यात्रा के दूरगामी परिणाम हासिल होंगे।

विकसित भारत बनाने में उत्तर प्रदेश अग्रणी भूमिका में रहेगा। क्षेत्र पंचायतो से मनरेगा के कार्य नियमावली के तहत जरूर करायें जांय। प्रदेश में हर ग्राम पंचायत में महिला मेट का चयन किया गया है।गांवों के संतुलित विकास से ही गांवों से शहरों की ओर पलायन रूकेगा। कहा कि गरीब, नौजवान, महिलाएं व किसानों की सेवा में समर्पित होकर कार्य करना है। ग्राम चौपालों की सफलता की चर्चा करते हुए उपमुख्यमंत्री ने कहा कि प्रत्येक शुक्रवार को प्रत्येक विकासखण्ड की दो ग्राम पंचायतों में ग्राम चौपाल का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने जोर देते हुए कहा कि ग्राम चौपालो से एक दिन पूर्व वहां पर विशेष सफाई अभियान चलाया जाए और ग्राम चौपाल का व्यापक प्रचार प्रचार कराया जाए। ग्राम चौपालों के रोस्टर की प्रति जनप्रतिनिधियों को उपलब्ध कराकर उन्हें चौपाल में आमन्त्रित किया जाए। बताया कि पूरे प्रदेश की सभी ग्राम पंचायतों में ग्राम चौपालों का आयोजन एक बार किया जा चुका है और अब दुबारा भी शुरूआत हो गयी है।उन्होंने मुख्य विकास अधिकारियों को निर्देश दिए कि स्वच्छता अभियान, ग्राम चौपालों के आयोजन, अमृत सरोवरो के निर्माण व रखरखाव करने, महिला सशक्तिकरण जैसे कार्यों में उत्कृष्ट योगदान देने वाले अधिकारियों, कर्मचारियों व जनप्रतिनिधियों आदि को सम्मानित करें।

# कम्प्यूटर प्रशिक्षण कार्यकम की तृतीय चरण के प्रशिक्षण की संशोधित समय-सारिणी जारी

अवधनामा संवाददाता



■ 26 दिसम्बर से प्रशिक्षणार्थियों की बायोमैट्रिक उपस्थिति के साथ प्रशिक्षण प्रारम्भ किया जायेगा : नरेन्द्र कश्यप

**लखनऊ।** प्रदेश के दिव्यांगजन सशक्तिकरण एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) नरेन्द्र कश्यप ने बताया कि पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग में वर्ष 2023-24 हेतु कम्प्यूटर प्रशिक्षण कार्यकम की तृतीय चरण के प्रशिक्षण की संशोधित समय-सारिणी जारी की गई है। जिसके अनुसार 17 दिसम्बर 2023 तक प्रशिक्षणार्थियों द्वारा ओ लेवल कम्प्यूटर प्रशिक्षण एवं सीसीसी कम्प्यूटर प्रशिक्षण हेतु ऑनलाइन आवेदन एवं शैक्षिक व अन्य अभिलेखों को अपलोड़ किया जाएगा तथा आवेदन की प्रति डाउनलोड कर समस्त अभिलेखों सहित निर्धारित तिथि तक जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी कार्यालय में हार्ड कापी जमा किया जायेगा। 18 दिसम्बर से 21 दिसम्बर 2023 तक जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी द्वारा ऑनलाइन प्राप्त आवेदन पत्रों एवं अभिलेखों का प्रिंट प्राप्त किया जायेगा, आय, जाति प्रमाण पत्र व अन्य शैक्षिक अभिलेखों का ऑनलाइन सत्यापन करना एवं उनकी जाँच की जायेगी। प्रशिक्षण हेतु पात्र प्रशिक्षणार्थियों को सत्यापित कर लॉक करना तथा अपात्र/त्रुटिपूर्ण आवेदनों को निरस्त किया जायेगा। निदेशालय द्वारा संस्थावार/पाठ्यकमवार आवंटित लक्ष्य के सापेक्ष अनुमोदनोपरान्त चयनित लाभार्थियों को सत्यापित कर डिजिटली लॉक किया जाएगा तथा शेष प्रशिक्षणार्थियों की प्रतीक्षा सूची तैयार करते हुए चयनित/प्रतीक्षासूची पर जिला स्तरीय चयन समिति का अनुमोदन प्राप्त किया जायेगा।

पिछड़ा वर्ग कल्याण मंत्री ने बताया कि 22 दिसम्बर से 25 दिसम्बर तक चयनित अभ्यर्थियों का सम्बन्धित संस्था द्वारा संस्था में प्रवेश लेते हुये प्रशिक्षणार्थियों का निलिट में रजिस्ट्रेशन कराया जायेगा तथा प्रवेश न लेने वाले प्रशिक्षणार्थियों के सापेक्ष प्रतीक्षा सूची से पोर्टल पर एलाटमेन्ट करते हुए प्रवेश दिलाया जायेगा, सूचना ऑनलाइन लॉगिन पर अपडेट किया जायेगा। 26 दिसम्बर से प्रशिक्षणार्थियों का प्रशिक्षण प्रारम्भ कराया जायेगा तथा प्रशिक्षणार्थियों की आधार आधारित बायोमैट्रिक उपस्थिति करायी जायेगी।

# बांकेबिहारी मंदिर की होगी फसाड लाइटिंग : जयवीर

अवधनामा संवाददाता



**लखनऊ।** प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी मुख्यमंत्री पर्यटन विकास सहभागिता योजना के तहत प्रदेश की सभी विधानसभाओं में पर्यटन स्थल विकसित किए जा रहे हैं। इसके तहत अब तक चार प्रस्ताव स्वीकृत हो चुके हैं। इसके तहत हाल में ही मथुरा में लगभग 2.22 करोड़ रुपये स्वीकृत हुए हैं। इसमें बांकेबिहारी मंदिर और डेम्पियर नगर स्थित म्यूजियम की फसाड लाइटिंग की जायेगी। इसके पहले मथुरा में ही 4.59 करोड़ रुपये विभिन्न सड़कों पर प्रकाश व्यवस्था के लिए स्वीकृत हुए थे। हाथरस में 1.43 करोड़ रुपये से अमृत सरोवर के पर्यटन विकास के लिए मंजूर थे। इसके पहले एक योजना लखनऊ के अलीगंज स्थित हनुमान जी मंदिर के पर्यटन विकास के लिए स्वीकृत की गई थी।

यह जानकारी आज प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने दी। उन्होंने बताया कि प्रदेश में पर्यटन के दृष्टिकोण से मथुरा-वृंदावन का महत्वपूर्ण स्थान हैं। यहां देश-विदेश से बड़ी संख्या में पर्यटक आते हैं। इस लिहाज से लगातार पर्यटक सुविधाएं बढ़ाई जा रही हैं। मुख्यमंत्री पर्यटन सहभागिता योजना के तहत मथुरा में लगभग 2.22 करोड़ रुपये स्वीकृत हुए हैं।

इसमें बांकेबिहारी मंदिर और डेम्पियर नगर स्थित म्यूजियम की फसाड लाइटिंग होगी। इसमें 50 प्रतिशत राशि राज्य सरकार और 50 प्रतिशत मथुरा-वृंदावन विकास प्राधिकरण मथुरा द्वारा उपलब्ध कराया जायेगा।

# स्वास्थ्य मिशन के कार्मिकों का प्रदर्शन 11 दिसम्बर को

**लखनऊ।** दिनांक 11 दिसंबर को अखिल भारतीय स्वास्थ्य एवं राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन कर्मचारी महासंघ के बैनर तले नई दिल्ली जंतर मंतर पर राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के कार्मिकों का मांगो को लेकर विशाल प्रदर्शन का आयोजन किया जा रहा है। इस बारे में संयुक्त राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन कर्मचारी संघ उत्तर प्रदेश के महामंत्री योगेश उपाध्याय ने बताया, विशाल प्रदर्शन में देश भर के एनएचएम संविदा कर्मी शामिल होंगे उत्तर प्रदेश से संयुक्त राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन कर्मचारी संघ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश से एनएचएम संविदा कर्मी शामिल होंगे जिसके क्रम में निम्न कार्यक्रम प्रस्तावित है। कार्यक्रमो के आयोजन कड़ी में दिनांक 7, 8, 9 दिसंबर को जिला अधिकारी के माध्यम से ज्ञापन प्रेषित किया जाएगा तथा 11 दिसंबर को सभी जिले से संविदा कर्मी नई दिल्ली कार्यक्रम शामिल होंगे तथा दिल्ली कार्यक्रम में शामिल न होने वाले कार्मिक अपने कार्य स्थल पर काला फीता बांध कर कार्य करेंगे।

# परिनिर्वाण दिवस पर आरक्षण समर्थक कार्मिकों ने बाबा साहब को दी श्रद्धांजलि

अवधनामा संवाददाता




**लखनऊ।** आरक्षण बचाओ संघर्ष समिति उत्तर प्रदेश के तत्वाधान में कल प्रातः 8 बजे सामाजिक परिवर्तन स्थल गोमती नगर बाबा साहब की प्रतिमा पर आरक्षण समर्थक बाबा साहब भीमराव अंबेडकर के परिनिर्वाण दिवस पर हमेशा की भांति उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए बाबा साहब के मिशन को आगे बढाने का संकल्प लेंगे उसकी तैयारी बैठक आज आरक्षण बचाओ संघर्ष समिति उत्तर प्रदेश के प्रमुख संयोजक अवधेश कुमार वर्मा की अध्यक्षता में संपन्न हुई जिसमें सभी विभागों के आरक्षण समर्थक कार्मिकों ने भाग लेकर कार्यक्रम को सफल बनाने की तैयारी को अंतिम रूप दिया।

आरक्षण बचाओ संघर्ष समिति संयोजक मंडल ने प्रदेश के सभी विभागों के लगभग 8 लाख आरक्षण समर्थक कार्मिकों को यह निर्देश जारी किया है कि वह सभी जनपदों में बाबा साहब के परिनिर्वाण दिवस पर बाबा साहब को श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए उनके बताए हुए रास्ते पर चलने का संकल्प ले।

आरक्षण बचाओ संघर्ष समिति उत्तर प्रदेश के संयोजकों अवधेश कुमार वर्मा आरपी केन पीएम प्रभाकर अनिल कुमार श्यामलाल हरिश्चंद्र वर्मा लेखराम प्रेमचंद सुशील कुमार वर्मा विनय कुमार सिंह बनी सिंह अजय कुमार अमरेश सुनील रामकुमार ने आज तैयारी बैठक पर चर्चा करते हुए कहा कि कल बाबा साहब के परिनिर्वाण दिवस पर बडी संख्या में आरक्षण समर्थक उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित करेंगे प्रातः 8:00 बजे होने वाले कार्यक्रम हमेशा की भांति इस बार भी 8 बजे शुरू होकर 9 बजे खत्म हो जाएगा जिसमें सभी विभागों के आरक्षण समर्थक संयोजक भाग लेकर बाबा साहब को याद करेंगे।

# फीजियोथैरेपिस्ट ने पत्नी का गला रेतकर मार डाला

अवधनामा संवाददाता

■ बच्चे सोकर उठे तो खून लथपथ लाश मिली



**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ के ठाकुरगंज के रोशननगर में एक फीजियोथैरेपिस्ट ने सोमवार रात पत्नी की गला रेतकर हत्या कर दी। वारदात को अंजाम देकर आरोपी पति भाग गया। सुबह जब बच्चे सोकर उठे तो कमरे में खून से लथपथ मां का शव देखा। तभी मृतका की मां भी वहां पहुंच गईं। जिसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतका का पति फरार है। पुलिस उसकी तलाश कर रही है।

रोशननगर निवासी आनंदेश्वर अग्रहरि ने नाका निवासी संध्या साहू (38) से करीब 15 साल पहले लव मैरिज की थी। उनके दो बेटे तनिष्क (11) व छोटा बेटा शौर्य (09) है। तनिष्क डेफ है। पुलिस के मुताबिक अब तक जांच में सामने आया कि बीती रात किसी बात पर हुए विवाद के बाद आनंदेश्वर ने संध्या की गला रेतकर हत्या कर दी। कुछ देर तक वहां रहने के बाद सुबह होने के पहले वह घर छोड़कर चला गया।

इधर सुबह दोनों बेटे जब उठे तो कुछ देर बाद देखा कि मां खून से सनी पड़ी हुई हैं। इस बीच संध्या की मां कमला साहू भी वहां पहुंच गई तब पुलिस को सूचना दी गई। एसीपी चौक सुनील शर्मा ने बताया कि प्रकरण की जांच की जा रही है। आनंदेश्वर की तलाश में टीमें लगाई गई हैं। वह जल्द पकड़ा जाएगा। वारदात की वजह पता की जा रही है।

# सीएमएस छात्रों ने जीते 15 गोल्ड मेडल

अवधनामा संवाददाता




**लखनऊ।** सिटी मोन्टेसरी स्कूल, स्टेशन रोड कैम्पस के 15 मेधावी छात्रों ने राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित अन्तर-विद्यालयी ब्रेनोब्रेन वन्डरकिड प्रतियोगिता में गोल्ड मेडल जीतकर लखनऊ का गौरव सारे देश में बढ़ाया है। यह प्रतियोगिता शैक्षिक संस्था ब्रेनोब्रेन किड्स एकेडमी के तत्वावधान में आयोजित हुई। गोल्ड मेडल अर्जित करने वाले इन मेधावी छात्रों में अनिका गुप्ता, हरीम फातिमा, प्रोमिता चंद्रा, अदीब फारुकी, समीक्षा यादव, भाग्यश्री गुप्ता, आराध्या त्रिवेदी, वत्सल अग्रवाल, अनुभव कुमार शर्मा, अब्दुल अजीम खान, काव्यांश मिश्रा, अव्यांश वर्मा, सक्षम यादव, मजना फातिमा एवं अंश यादव शामिल हैं। सी.एम.एस. संस्थापक डा. जगदीश गाँधी ने इन सभी मेधावी छात्रों को आशीर्वाद देते हुए विद्यालय के शिक्षकों व प्रधानाचार्या के प्रति आभार व्यक्त किया है। यह जानकारी मुख्य जन-सम्पर्क अधिकारी हरि ओम शर्मा ने दी है। श्री शर्मा ने बताया कि इस प्रतियोगिता में देश भर के अनेक प्रतिष्ठित विद्यालयों के छात्रों ने प्रतिभाग किया जिसमें सी.एम.एस. स्टेशन रोड कैम्पस के इन प्रतिभाशाली छात्रों ने मेन्टल मैथ्स, लॉजिकल एबिलिटी, जनरल नॉलेज एवं स्पीड टाइपिंग में अपनी दक्षता का प्रदर्शन कर गोल्ड मेडल अर्जित किया।

# जीडी ग्लोबल स्कूल का वार्षिउत्सव समारोह धूमधाम से मनाया गया

अवधनामा संवाददाता

**आजमगढ़।** जीडी ग्लोबल स्कूल का वार्षिकोत्सव समारोह ओडिशी 2023बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि महाराजा सुहेलदेव राज्य विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ प्रदीप कुमार शर्मा तथा विशिष्ट अतिथि जननायक चंद्रशेखर विश्वविद्यालय बलिया के कुलपति प्रो संजीव कुमार गुप्ता ने विद्यालय की निदेशिका श्रीमती स्वाति अग्रवाल, प्रबंधक श्री गौरव अग्रवाल तथा प्रधानाचार्या श्रीमती मोनिका सारस्वत पाण्डेय के साथ दीप प्रज्ज्वलित करके किया। विद्यालय के बच्चों द्वारा गणेश वंदना पर भव्य गायन और नृत्य प्रस्तुत किये गये।कार्यक्रम में आए हुए सभी अतिथियों का स्वागत विद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा स्वागत गीत की मनमोहक प्रस्तुति से किया गया। स्वागत गीत के पश्चात नर्सरी के बच्चों द्वारा कंप्लेन किड्स पर बहुत ही मनोरम दृश्य प्रस्तुत किया गया। केजी के नन्हें मुन्हें बच्चों ने घोड़े जैसी चाल चकधुमधुम पर बहुत ही सुंदर नृत्य प्रस्तुत किया जो दर्शकों के आकर्षण का केंद्र रहा। नन्हें मुन्हें प्रतिभागियों द्वारा प्रस्तुत इस कार्यक्रम का मंच संयोजन बहुत ही अद्भुत था।कार्यक्रम में लगभग 1500 से भी अधिक प्रतिभागियों ने प्रतिभाग किया। विद्यालय के संगीत वादन के विद्यार्थियों ने श्रीवल्ली के द्वारा मधुर तान छेड़ते हुए कार्यक्रम को एक नई ऊर्जा दी। जहां कक्षा 1,2 के बच्चों ने ये तो सच है कि भगवान है पर मनमोहक गीत प्रस्तुत करके माता पिता की महत्ता को सिद्ध किया, वहीं तारे जमीं पर की थीम पर बच्चों ने अभिभावकों को बच्चों की भिन्न-भिन्न प्रतिभाओं को पहचानने की मिशाल पेश की। ओडिशी का उद्देश्य न केवल क्षेत्रीय अपितु वैश्विक स्तर पर भी बच्चों की बहुमुखी प्रतिभा का विकास करना है इस विषय को दृष्टिगत रखते हुए इस वार्षिकोत्सव में विभिन्न राज्यों की संस्कृति का भी समावेश किया गया। जिसको चरितार्थ करते हुए एकता में अनेकता के थीम पर विभिन्न राज्यों की लोक संस्कृति और लोकनृत्य को शामिल करते हुए नमस्ते इंडिया के भव्य प्रस्तुति पर पूरा प्रांगण तालियों की गड़गड़ाहट से गूंजायमान हो गया। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020पर आधारित बहुआयामी शिक्षा को विकसित करने के उद्देश्य से जीडी ग्लोबल स्कूल में संचालित जीडी संगीत अकादमी के बच्चों ने अलबेला साजन पर सुंदर सामूहिक गान प्रस्तुत किया।पंजाब की संस्कृति पर आधारित विद्यार्थियों ने गिद्धा भांगड़ा नृत्य प्रस्तुत कर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। स्त्री सशक्तीकरण और केंद्र तथा राज्य सरकार की योजना बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ की थीम पर कक्षा 7,8,9 तथा 11की छात्राओं ने एक प्रभावशाली नाटिका और नृत्य प्रस्तुत किया। जहां शक्ति आस्था की प्रतीक नवदुर्गा के देशों अवतार पर आधारित कक्षा 9और 11के विद्यार्थियों ने महिषासुर मर्दिनी नामक नृत्य प्रस्तुत कर दर्शकों को तालियां बजाने पर मजबूर कर दिया वहीं हनुमान चालीसा पर विद्यालय के बच्चों ने अद्भुत प्रस्तुति देकर दर्शकों को भाव विभोर कर दिया। छठी मैया की स्मृति में लोकल से ग्लोबल होता छठ पर्व बहंगी लचकत जाय की अद्भुत प्रस्तुति ने भी दर्शकों पर अपना खूब रंग जमाया। हरियाणवी नृत्य की याद दिलाता हरियाणवी गीत न चाल मटक मटक के न तो मटका फोड़ के मानूंगी की अद्वितीय प्रस्तुति ने कार्यक्रम को जीवंतता प्रदान की। कार्यक्रम का समापन देशभक्ति गीत से हुआ जिसमें विद्यालय के कक्षा 2,3,4 के विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर कर प्रतिभाग किया।

# विकसित भारत संकल्प यात्रा : आउटरिच गतिविधियों का आयोजन



अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** केन्द्र सरकार द्वारा निर्गत आदेश के क्रम में दिनांक 15 नवम्बर से 26 जनवरी तक 'विकसित भारत संकल्प यात्रा' के अन्तर्गत योजनाओं के संतृप्तीकरण के लिए आउटरिच गतिविधियों का आयोजन नगर निगम, प्रयागराज द्वारा आनन्द भवन के बगल तथा विश्वविद्यालय चौराहे पर आज दिनांक 05 दिसम्बर को प्रातः 11 बजे किया गया। योजनाओं के संतृप्तीकरण के लिए आउटरीच गतिविधियों के माध्यम से जागरूकता बढ़ाये जाने हेतु जन-जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन कराया गया। उक्त कार्यक्रम में कैम्प आयोजित करते हुए केन्द्र सरकार की प्रमुख योजनाओं यथा-वित्त पोशण सेवाएं, पीएम उज्जवला योजना, पीएम आवास योजना, खाद्य सुरक्षा योजना, आयुश्मान भारत योजना, पीएम सौभाग्य योजना, पीएम भारतीय जन औषधि परियोजना, अटल पेन्शन योजना एवं आधार कार्ड के सम्बन्ध में जागरूक करते हुए रजिस्ट्रेशन कराया गया एवं पात्र लाभार्थियों को योजनाओं के लाभ प्राप्त होने के सम्बन्ध में जागरूक किया गया।

# सरकार बताये की देश में कितने हैं डाक्टर व फार्मासिस्ट : प्रमोद तिवारी

अवधनामा संवाददाता



■ पूछा, प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना में आयुर्वेद और नेचरोपैथी को शामिल किया जाएगा

**लखनऊ।** प्रमोद तिवारी, सांसद, उप नेता राज्य सभा ने आज दिनांक- 05 दिसम्बर को केन्द्रीय स्वास्थ्य योजनाओं की मजबूती से जुड़ा एक अहम सवाल राज्य सभा में उठाते हुये केन्द्र सरकार से जवाब मांगा। स्वास्थ्य योजनाओं से जुडे सवाल के तहत सरकार से पूछा कि इस समय बेहतर स्वास्थ्य सेवा संचालन के लिए अगर मौजूदा मोदी सरकार गंभीर है तो वह देश को बताये कि इस समय देश में केन्द्रीय स्वास्थ्य क्षेत्र के ढांचे की स्थिति क्या है? और उन्होनें सरकार से यह भी पूछा कि सरकार बताये कि देश में कितने डाक्टर व फार्मासिस्ट तथा पैरामेडिकल स्टाफ आवश्यकता के अनुरूप उपलब्ध हैं।

श्री तिवारी ने सरकार से उठाए गए सवाल में यह भी जानकारी चाही कि जनहित में सरकार बताये कि डॉक्टर्स तथा फार्मासिस्ट व पैरामेडिकल स्टाप की आवश्यकता का यह अन्तर क्या है? सरकार स्वास्थ्य क्षेत्र में इस महत्वपूर्ण अंतर को दूर करने के लिए केन्द्र सरकार क्या कोई ठोस नीति या व्यापक प्रयास कर रही है? श्री तिवारी ने सरकार से अपने सवाल मे यह भी पूछा कि वह सदन को बताये कि क्या प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना में आयुर्वेद और नेचरोपैथी को शामिल किया जाएगा? और प्रधानमंत्री को जन आरोग्य योजना में सबको लाभान्वित करने के लिए आयुर्वेद और नेचुरोपैथी को लेकर सरकारी नीति भी स्पष्ट की जानी चाहिए।

राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ के निर्देश पर केन्द्रीय आयुष मंत्री डा. मुंजापारा महेन्द्रभाई जी ने राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी की वरिष्ठता का हवाला देते हुए स्वास्थ्य योजनाओं से जुड़े इस सवाल की खुली सराहना भी की। केन्द्रीय आयुष मंत्री डा. मुंजापारा महेन्द्रभाई जी ने वरिष्ठ सांसद श्री प्रमोद तिवारी के लोकहित के इस सवाल का सदन में जबाब देते हुए आंकड़ो के आधार पर सरकार द्वारा जारी लगातार प्रयासो की जानकारियां प्रदान की। केन्द्रीय मंत्री के जबाब के बाद स्वास्थ्य क्षेत्र के इस महत्वपूर्ण सवाल को अत्यन्त गंभीरता से लेते हुए मा. सभापति जगदीप धनखड़ ने श्री प्रमोद तिवारी जी को सवाल से जुडे प्रतिप्रश्न का भी मौका दिया।

# टीएमयू में ऑथर टाक सीरीज का शंखनाद

अवधनामा संवाददाता




■ प्रो. सुकृति त्यागी ने विधि विद्यार्थियों को दी परिवार न्यायालय की कार्यविधि की जानकारी

**लखनऊ।** तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद के कॉलेज ऑफ लॉ एंड लीगल स्टडीज में टीएमयू लॉ कॉलेज एवम् सेंट्रल लाइब्रेरी के संयुक्त तत्वावधान में फर्स्ट ऑथर टाक सीरीज का शंखनाद हुआ। नेशनल डिजिटल लाइब्रेरी, इंडिया की गाइडलाइन्स पर आयोजित इस कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य वक्ता प्रो. (डॉ.) सुकृति त्यागी के साथ ही टीएमयू लॉ कॉलेज के डीन प्रो. हरबंश दीक्षित, प्राचार्य प्रो. सुशील कुमार सिंह, कार्यक्रम समन्वयक एवम् यूनिवर्सिटी लाइब्रेरियन डॉ. विनीता जैन, विधि संकाय के विभागाध्यक्ष डॉ. अमित वर्मा एवम् प्रो. सुशीम शुक्ला ने मां शारदा के सम्मुख दीप प्रज्ज्वलन करके की। केजीके डिग्री कॉलेज में विधि संकाय की प्रभारी एवं दी फॉमिली कोर्ट एक्ट 1984 (एन एक्सपोजिशन) की लेखिका प्रो. (डॉ.) सुकृति त्यागी ने बतौर मुख्य वक्ता विधि विद्यार्थियों को हिन्दू मैरिज एक्ट के बारे में विस्तार से जानकारी दी। परिवार न्यायालय की कार्यविधि एवं न्यायालय से जुड़े सभी पक्षों की विस्तार से विवेचना की। डीन प्रो. हरबंश दीक्षित ने स्वागत संबोधन के साथ ही विधि विद्यार्थियों को कानूनी पक्ष के विविध पहलुओं के बारे में बताया। कार्यक्रम में विशेष आमंत्रित अतिथि डीन एकेडमिक्स प्रो. मंजुला जैन ने टाक सीरीज को बेहद उपयोगी बताते हुए विधि विद्यार्थियों का उत्साहवर्द्धन किया। इस दौरान विद्यार्थियों ने अपनी जिज्ञासाएं भी शांत कीं। यूनिवर्सिटी की पुस्तकालयाध्यक्षा डॉ. विनीता जैन ने छात्र-छात्राओं को ऑथर टाक के फायदे और किसी नए लेखक को पुस्तक को लिखने में क्या-क्या सावधानी रखनी चाहिए, इसको लेकर तमाम टिप्स दिए। साथ ही नेशनल डिजिटल लाइब्रेरी, इंडिया पर मिलने वाले निःशुल्क ई. रिर्सोस के बारे में भी अवगत कराया। अंत में डॉ. जैन ने सभी का आभार व्यक्त किया। संचालन डॉ. माधव शर्मा ने किया।

# अन्तर्राष्ट्रीय पर्यावरण ओलम्पियाड सीएमएस में 11 दिसम्बर से

अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** सिटी मोन्टेसरी स्कूल, गोमती नगर (द्वितीय कैम्पस) द्वारा चार दिवसीय अन्तर्राष्ट्रीय पर्यावरण ओलम्पियाड (आई.ई.ओ.-2023) का आयोजन 11 से 14 दिसम्बर तक सी.एम.एस. कानपुर रोड ऑडिटोरियम में किया जा रहा है। इस अन्तर्राष्ट्रीय पर्यावरण ओलम्पियाड में बांग्लोदश, श्रीलंका, नेपाल, अमेरिका, रूस एवं देश के विभिन्न प्रान्तों की छात्र टीमें प्रतिभाग कर रही हैं। यह जानकारी सी.एम.एस. के मुख्य जन-सम्पर्क अधिकारी श्री हरि ओम शर्मा ने दी है। श्री शर्मा ने बताया कि पर्यावरण पर आधारित यह अन्तर्राष्ट्रीय ओलम्पियाड पर्यावरणीय मुद्दों को मानवीय चेहरा देने का सतत् प्रयास है, जो छात्रों व युवा पीढ़ी को बदलते पर्यावरण की नवीनतम जानकारियों से अवगत कराने के साथ ही पर्यावरण संरक्षण हेतु जागरूकता को बढ़ाने एवं इस दिशा में सक्रिय भागीदारी निभाने हेतु प्रेरित करेगा। इसके साथ ही, यह ओलम्पियाड पर्यावरण के विभिन्न पहलुओं पर समाज के सभी वर्गो के नजरिये को सकारात्मक रूप से बदलने में मददगार साबित होगा।

श्री शर्मा ने बताया कि इस अन्तर्राष्ट्रीय ओलम्पियाड के अन्तर्गत विभिन्न रोचक प्रतियोगिताएं आयोजित की जा रही हैं, जिनमें एलोक्यूशन, फोटोग्राफी, स्पेस इनोवेटर्स चैलेन्ज, पेन्टिंग, गेमिंग एप्लीकेशन, इन्वार्यनमेन्टल क्विज, कोरियोग्राफी, कोर्ट रूम ड्रामा, ए-कैपेला एवं फ्यूचर फ्रेण्डली स्कूल आदि प्रमुख हैं। इन प्रतियोगिताओं में देश-विदेश के छात्र अपने ज्ञान-विज्ञान का प्रदर्शन करने के साथ ही एक-दूसरे की सभ्यता व संस्कृति से भी परिचित हो सकेंगे। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि यह ओलम्पियाड किशोर एवं युवा पीढ़ी को पर्यावरण के प्रति उनके दायित्वों से अवगत कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभायेगा।

# 9 दिसम्बर को जनपद न्यायालय हरदोई में होगा राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन

अवधनामा संवाददाता

**हरदोई।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली के तत्वाधान में लगने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन दिनांक 9 दिसम्बर 2023 दिन शनिवार को किया जा रहा है, जिसकी अध्यक्षता माननीय जनपद न्यायाधीश राज कुमार सिंह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण हरदोई द्वारा की जाएगी।नोडल अधिकारी /अपर जिला जज हेमेंद्र कुमार सिंह ने आम जनता से अपील करते हुऐ कहा कि राष्ट्रीय लोक अदालत में ज्यादा से ज्यादा अपने वादों का निस्तारण सुलह-समझौते के आधार पर कराते हुए राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनायें। अपर जिला जज/ सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण न्यायाधीश सुधाकर दुबे ने बताया कि इस लोक अदालत में न्यायालय के 8512 मुकदमें, प्रशासन द्वारा 6164 मुकदमें लगाए गए हैं, जिसमे अधिक से अधिक संख्या में निस्तारण होने की उम्मीद जताई जा रही है। साथ ही सचिव द्वारा बताया गया कि राष्ट्रीय लोक अदालत के माध्यम से आम जनता को मिलने वाली राहत के लिए हरदोई जिले की समस्त बैंकों को बुलाया गया है जिसमें बैंकों द्वारा 18000 से ज्यादा नोटिस जारी करवाए गए हैं, इस प्रकार कुल 32676 मुकदमें लगाएं गये हैं। जिनके निस्तारण के लिए सभी जनता से अनुरोध किया गया है कि वह अपने मुकदमों को सुलह समझौते के आधार पर निस्तारण के लिए लोक अदालत में जरूर पधारें। कोई भी व्यक्ति स्वयं या अधिवक्ता के माध्यम से अपने मुकदमों का निस्तारण इस लोक अदालत में करा सकता है। उन्होंने यह भी बताया कि जनपद में मुख्यालय से लेकर समस्त तहसीलों पर स्थापित लीगल एड क्लीनिक पर कार्यरत पी. एल. वी. द्वारा पोस्टर व पम्पलेट के माध्यम से आम जनता को जागरूक किया जा रहा है। ई-चालान के लिए वेबसाइट vcourts.gov.in के द्वारा ई-पेमेंट के माध्यम से भुगतान कर घर बैठे ही निस्तारण करा सकते है। राष्ट्रीय लोक अदालत में समझौते योग्य आपराधिक मामले, धारा-138 एन0आई0एक्ट0, बैंक ऋण वसूली, मोटर दुर्घटना मामले, वैवाहिक मामले, श्रम विवाद, भूमि अधिग्रहण मामले, विद्युत एवं जल बिल (अशमनीय वादों को छोड़कर) सिविल वाद एवं राजस्व वाद आदि निस्तारण योग्य मामलों का निस्तारण किया जाएगा।

# आत्मसम्मान के साथ स्वरोजगार से जोड़ना ही लक्ष्यः सीमा



अवधनामा ब्यूरो

**इटावा।** ग्लोबल पीस फाउंडेशन ग्रुप ने बिहान बालिका आवासीय विद्यालय में सिलाई मशीन और खाद्य सामग्री वितरित की।कार्यक्रम में फाउंडेशन के पदाधिकारी सीमा सिंह,नीतू नारायण मिश्रा,गरिमा दुबे,प्रभा गावा एवं विद्यालय की अध्यापिकाएं सम्मिलित हुई।अध्यक्ष सीमा सिंह ने कहा कि फाउंडेशन का उद्देश्य महिलाओं को आत्म सम्मान के साथ स्वरोजगार से जोड़ना है जिससे वह खुद अपने आत्म बल को जगा सके।साथ ही महिलाएं समाज में दूसरों को भी नई राह दिखाने के लिए आगे आए जिससे अधिक से अधिक लोग इस प्रकार के आयोजनों से जुड़कर लाभान्वित हो सके।बालिका विद्यालय के स्टाफ ने फाउंडेशन के प्रयास की सराहना करते हुए उन्हें धन्यबाद दिया।

# मंडलायुक्त ने देखा आधुनिक तरीकों से किया जा रहा मत्स्य पालन

- जनपद मे मत्स्य पालन से संबंधित सहकारी समितियों के गठन पर जोर दिया जा रहा है: जिलाधिकारी



अवधनामा संवाददाता

**हरदोई।** अपने एक दिवसीय जनपद भ्रमण के दौरान आज मंडलायुक्त रोशन जैकब ने जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह के साथ विधायक गोपामऊ श्याम प्रकाश के आरएएस (रि-सर्कुलेटरी एक्वाकल्चर सिस्टम) प्लांट का निरीक्षण किया। भ्रमण के दौरान माननीय विधायक ने मंडलायुक्त को समस्त व्यवस्थाओं के बारे में बताया। मंडलायुक्त ने आधुनिक तरीकों से मत्स्य पालन को देखा। मतस्य पालन हेतु बनाये गए टैंकों का निरीक्षण किया। उन्होंने मत्स्य पालन हेतु बनाये गए तालाबों को देखा। आरएएस के निरीक्षण के उपरांत उन्होंने मत्स्य बीज हैचरी को देखा। मंडलायुक्त ने समस्त व्यवस्थाओं की सराहना करते हुए कहा कि जनपद हरदोई में मत्स्य पालन की असीम संभावनाएं हैं। जिलाधिकारी ने बताया कि प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना के अंतर्गत लक्ष्य के अनुरूप मत्स्य पालकों को लाभान्वित किया जा रहा है। मत्स्य पालन से संबंधित सहकारी समितियों के गठन पर जोर दिया जा रहा है। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक केशव चन्द्र गोस्वामी, अपर आयुक्त घनश्याम सिंह, उपनिदेशक मत्स्य हरेन्द्र प्रसाद, ब्लॉक प्रमुख रवि प्रकाश सहित सभी संबंधित लोग उपस्थित रहे।

# दबंग भू माफियाओं ने धूमि धरी नंबर पर किया अवैध कब्जा

अवधनामा संवाददाता

**बिलग्राम हरदोई।** प्रदेश के मुखिया जहां सरकारी जमीनों से भू माफियाओं को हटाया जा रहा है वहीं अब भू माफियाओं द्वारा भूमि धरी नंबरों पर अवैध कबजेदारी करना शुरू कर दी गई है। तहसील बिलग्राम के अंतर्गत ग्राम कटरी बिलुही के मजरा जरैला का है जहां पर भूमि नंबर 472 में संक्रमणीय भूमिधर के रूप में दर्ज बलराम सिंह सर्वेश कुमार महेंद्र सिंह सुनील कुमार रमेश रामआसरे अवधेश ने उप जिला अधिकारी को प्रार्थना पत्र देते हुए कहा कि आई बाढ़ के बाद लेखपाल के द्वारा उपरोक्त भूमि की पैमाइश करने के बाद जमीन को हम लोगों को दे दी गई थी खेत की जुताई के बाद गांव के ही दबंग भू माफिया रामप्रकाश पुत्र मूलचंद प्रमोद पुत्र शिवपाल कमलेश हुआ सुंदरलाल पुत्रगण श्री कृष्ण अवैध रूप से हम लोगों की जमीनों पर कब्जा करके उसे पर गेहूं की फसल बो दी गई पीड़ित लोगों ने यह भी बताया की उक्त दबंग लोग तमाम सरकारी जमीनों पर अवैध रूप से कब्जा करे हुए हैं पीड़ित लोगों ने यह भी बताया किया लोग सत्ता संरक्षण के दम पर जबरन जमीनों पर कब्जा करके अवैध असलाओं के दम पर खेती करते हैं।

# महिला उत्पीड़न के मामलों में तत्काल कार्रवाई की जाए: डॉ. जैकब

अवधनामा संवाददाता



- समस्याओं का त्वरित निस्तारण एवं पीड़ितों को शीघ्र न्याय दिलाना सुनिश्चित करायें: आयुक्त

**हरदोई।** कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित मण्डलीय जनता दर्शन कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए मंडलायुक्त रोशन जैकब ने आमजन की समस्याओं को गम्भीरता से सुना। मंडलायुक्त ने अधिकारियों को निर्देश दिये कि लोगों की समस्याओं का त्वरित निस्तारण एवं पीड़ितों को शीघ्र न्याय दिलाना सुनिश्चित कराये तथा किसी सेवानिवृत्त कर्मचारी के देयकों के भुगतान में अनावश्यक विलंब न किया जाए। घरौनी न जारी करने के एक मामले में में मंडलायुक्त ने तत्काल जाँच कर आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश एसडीएम सदर को दिये तथा कहा कि घरौनी के मामलों में अनावश्यक देरी न की जाए और अवैध कब्जों के मामले में तत्काल कार्रवाई की जाए व पैमाईश के मामलों को लंबित न रखा जाए। उन्होने कहा कि पात्र दिव्यांग, वृद्धावस्था व विधवा पेंशन को समय से जारी कराने के साथ आधार सीडिंग का कार्य जल्द पूरा कराये। अभ्युदय योजना के विद्यार्थियों ने कोचिंग 4 दिनों से बन्द होने की शिकायत पर मंडलायुक्त व जिलाधिकारी से कोचिंग को तत्काल चालू करवाने के निर्देश दिए। एक किसान के प्रार्थनापत्र पर उन्होंने अहिरोरी विकास खण्ड के वाजिदपुर में निर्माणाधीन गोशाला का निर्माण जल्द पूर्ण करने के निर्देश दिए। पुलिस विभाग को निर्देश दिए कि महिला उत्पीड़न के मामलों में तत्काल कार्रवाई की जाए। जिला पूर्ति अधिकारी को निर्देश दिया कि माधोगंज विकास खण्ड के करवा गाँव का राशन गाँव मे ही वितरित करवाने की व्यवस्था करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर अपर आयुक्त प्रशासन घनश्याम सिंह, पुलिस अधीक्षक केशव चन्द्र गोस्वामी, मुख्य चिकित्सा अधिकारी रोहताश कुमार, अपर जिलाधिकारी प्रियंका सिंह, नगर मजिस्ट्रेट प्रशान्त तिवारी व अन्य सभी जिलास्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### गति बढ़ाकर सभागार निर्माण का कार्य जल्द पूर्ण करायें



**हारदोई।** जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह ने कलेक्ट्रेट परिसर में निर्माणाधीन सभागार कक्ष का निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने कहा कि कार्य की गति बढ़ाकर कार्य को जल्द पूर्ण किया जाए। सभागार के पार्किंग स्थल के समतलीकरण का कार्य जल्द पूर्ण किया जाए। कार्य मे गुणवत्ता का पूर्ण ध्यान दिया जाए। उन्होंने निर्माण संरचना के संबंध में कार्यदायी संस्था को कुछ संशोधन संबंधी निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभागार को सुविधाजनक बनाया जाए। इस अवसर पर जिला सूचना अधिकारी संतोष कुमार व अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

### हिंदू इंटर कॉलेज में दो छात्र गुट आपस में भिड़े

**मथुरा।** कोसीकलां शहर में दो छात्र गुटों के बीच विवाद हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस दो तीन युवकों को पकड़ लिया। प्रधानाचार्य ने घटना के संबंध में प्रधानाचार्य ने तहरीर दी है। एक गुट के दो छात्रों को चोट भी आई है। मारपीट की घटना सोशल मीडिया पर भी वायरल हो गया। घटनाक्रम के अनुसार मंगलवार की दोपहर को हिंदू इंटर कॉलेज में लंच के दौरान एक युवक आया और उसने प्रधानाचार्य से बात की कि उसके साथ मारपीट हुई है। इसी दौरान उसी का एक और साथी आ गया और उसने बात बिगाड दी। प्रधानाचार्य हेमंत कुमार ने बताया कि इसके बाद दोनों गुटों के बीच मारपीट शुरू हो गई। जो जो छात्र बाहर से आया था वह पिछले साल ही विद्यालय से पास आउट हुआ है। पहले से ही उसकी कहासुनी चल रही थी। प्रधानाचार्य ने बताया कि मामले में तहरीर दी गई है। इंस्पेक्टर अरुण कुमार बालियान ने बताया कि छात्रों का आपसी विवाद विवाद है। अभी तक तहरीर नहीं मिली है। तहरीर मिलेगी तो कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

### गौ सेवा समिति के कार्यों को मिल रही प्रशंसा

**मथुरा।** छुट्टा गोवंश तमाम लोगों के लिए समस्या है तो वहीं ऐसे लोगों की भी कमी नहीं है जो ऐसे गोवंश की लगातार सेवा करने में जुटे रहते हैं। शेरगढ़ में गौ सेवा समिति भी यही कार्य कर रही है। समिति के कार्यों की कस्बावासी भी प्रशंसा कर रहे हैं। समिति के सदस्य बांके बिहारी गोस्वामी ने बताया कि गौ सेवा समिति लगभग नौ वर्ष से ऐसे ही कार्य करती आ रही है। जहां भी हमको सूचना मिलती है कि गौ माता यहां पीडित है वहीं पर हम भाग कर जाते हैं और अपने स्वयं के पैसे से दवा खरीद कर गौ माता को प्राथमिक उपचार देते हैं। अगर हम पर फिर भी गौ माता सही नहीं हो पाती हैं तो फिर हम गौशालाओं में फोन कर गाड़ी बुलाकर गौ माता को उपचार के लिए भिजवा देते हैं। जैसे ही आज हमें सूचना मिली कि गांव आदमपुर में गौ माता तड़प रही है तो हम तुरंत यहां आए और गौ माता का उपचार किया। हमको हमारे शेरगढ़ में स्थित पशु चिकित्सालय के डॉक्टर के द्वारा भी समय समय पर सहायता मिलती रहती है। इस काम में मेरे साथ हमारे कस्बे के ही साथी संजीव कुमार शर्मा, राहुल ठाकुर, हरिओम निषाद, राहुल शर्मा, बाबा आत्मा मुनि दास आदि गौ सेवा समिति के सदस्य रहे।

### बीएलओ को घर घर जाकर मतदाताओं को जोड़ें



**हरदोई।** मंडलायुक्त रोशन जैकब ने आज जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह के साथ राम जूनियर स्कूल में मतदाता पुनरीक्षण कार्य का निरीक्षण किया। उन्होंने बीएलओ को घर घर जाकर 18-19 आयुवर्ग के छूटे हुए मतदाताओं को जोड़ा जाए। प्रथम बार मतदाता बनने के लिए फॉर्म 6 भराया जाए। मतदाता सूची में किसी प्रकार के संशोधन के लिए फॉर्म 8 भरा जाए। मृतक या डुप्लीकेट मतदाताओं को हटाने के लिए फॉर्म 8 भरा जाए। पर्यवेक्षक व ईआरओ अपने बीएलओ के साथ संवाद करते रहें। राम जूनियर स्कूल के उपरांत मंडलायुक्त ने भडायल के उच्च प्राथमिक विद्यालय में बीएलओ के कार्य को देखा तथा अगले चार दिनों में पुनरीक्षण कार्य हेतु विशेष प्रयास करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि इपी रेशियो व जेंडर रेशियो पर जनपद में विशेष ध्यान दिया जा रहा है। इस अवसर पर अपर आयुक्त घनश्याम सिंह, पुलिस अधीक्षक केशव चन्द्र गोस्वामी, जिला सूचना अधिकारी संतोष कुमार व अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# दरगाह वारसी में कुरआन पाक की तिलावत के बाद उर्स का हुआ आगाज़



वहाज अली निहाल

**इटावा।** हिन्दू मुस्लिम एकता का प्रतीक दरगाह हज़रत अबुल हसन शाह वारसी कटरा शहाब खां में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी 99 वां सालाना उर्स मंगलवार से शानोशौकत और खुशनुमा माहौल में शुरू हुआ।उर्स में देश भर से श्रद्धालुओं के आने का सिलसिला शुरू हो गया है। उर्स का समापन 8 दिसम्बर को होगा।

दरगाह वारसी ट्रस्ट की ओर से जानकारी दी गई कि उर्स शरीफ का शुभारम्भ सुबह बाद नमाज़े फज्र कुरान ख्वानी के साथ हुआ।इसके बाद हजरत मजहर अली शाह वारसी का कुल हुआ।बाद नमाज जोहर मीलाद शरीफ तथा बाद नमाज़े अस्र कुल हजरत हाजी सैयद महमूद शाह वारसी हुआ।रात में महफिले ज़िक्र सरकार वारिस पाक का आयोजन किया गया।अंत मे हजरत सुल्तान हमीद वारसी व हजरत सूफी सैय्यद माशूक अली शाह वारसी का कुल शरीफ हुआ। कुल के दौरान दानिश मूनिस रामपुर,फैजान जीशान बरेली, अफ्फान देवा शरीफ से आये कव्वालों ने हजरत सुल्तान हमीद वारसी व हजरत माशूक अली शाह वारसी की शान में कलाम पेश किए।कुल के दौरान मुल्क में अमनचैन की दुआ हुई।उर्स के पहले दिन दरगाह वारसी पर कुरान ख्वानी,मीलाद शरीफ,महफिले जिक्र सरकार वारिस पाक के साथ कुल के आयोजन में श्रद्धालुओं ने भाग लिया।

### परशुराम शोभायात्रा समिति के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का सम्मान

**मथुरा।** वृंदावन बाल विकास परिषद के तत्वावधान में सुनरख मार्ग स्थित स्वास्तिक गार्डन पर एक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें भगवान परशुराम शोभायात्रा समिति के नव निर्वाचित पदाधिकारियों का नागरिक अभिनंदन किया गया। ब्राह्मण सेवा संघ के संस्थापक चंद्रलाल शर्मा एवं प्रदेश अध्यक्ष सत्यभान शर्मा ने कहा कि समाज को एकजुट करने के लिए भगवान परशुराम के आदर्शों का हमें सभी को अनुकरण करना होगा। ब्राह्मण महासभा के संस्थापक सुरेशचंद्र शर्मा व अध्यक्ष महेश चंद्र भारद्वाज ने कहा कि भगवान परशुराम शोभायात्रा समिति के माध्यम से समाज को एकजुट करने का प्रयास किया जाना सराहनीय है।

# प्रधानाचार्य, नोडल अधिकारियों के साथ बैठक में हुई समीक्षा

अवधनामा संवाददाता

**मथुरा।**छात्रवृत्ति के लिए आवेदन की अंतिम तिथि है आठ दिसम्बर है। बीएसए इंजीनियरिंग कॉलेज एण्ड मैनेजमेंट में छात्रवृत्ति आवेदन पत्रों को भरवाए जाने एवं जिन छात्रों ने ऑनलाइन आवेदन किये जा चुके हैं के आवेदन पत्रों को शिक्षण संस्थान के स्तर से अग्रसारित कराए जाने एवं आ रही समस्याओं के निराकरण के संबंध में मुख्य विकास अधिकारी मथुरा के निर्देश पर जनपद के समस्त पूर्वदशम शिक्षण संस्थानों के प्रधानाचार्य एवं नोड़ल अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें जिला समाज कल्याण अधिकारी मथुरा नागेंद्र पाल सिंह, जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी विजयलक्ष्मी मौर्या, जिला विद्यालय निरीक्षक मथुरा भास्कर मिश्रा, नोडल अधिकारी उच्च शिक्षा शिक्षा सतेन्द्र चाहर आदि उपस्थित रहे। जिला समाज कल्याण अधिकारी, मथुरा नाग्रेन्द पाल सिंह द्वारा सभी शिक्षण संस्थाओं को अवगत कराया गया कि वर्तमान वित्तीय वर्ष से सभी छात्र, छात्राओं का छात्रवृत्ति आवेदन करने के लिए डिजिलॉकर एवं खाता संख्या एनपीसीआई पोर्टल से लिंक होना अनिवार्य है। पूर्वदशम छात्रवृत्ति योजनान्तर्गत आवेदन करने की अंतिम तिथि आठ दिसम्बर है। किन्तु अभी तक गतवर्ष की अपेक्षा 10 प्रतिशत आवेदन भी संस्थान स्तर से अग्रसारित नहीं किये गये है। सभी शिक्षण संस्थान अंतिम की प्रतीक्षा न करते हुए भी अर्ह छात्र, छात्राओं से आवेदन कराना सुनिश्चित करें। जिससे योजनान्तर्गत लाभ प्रदान किया जा सकें।

### नारायण की हत्या पत्नी ने प्रेमी और एक अन्य के सहयोग से की

**मथुरा।** थाना गोवर्धन क्षेत्र के गांव से पांच महापूर्व लापता हुए व्यक्ति का नर कंकाल और मृतक का सामान बरामद करके हत्या के आरोप में मृतक की पत्नी उसके प्रेमी तथा एक अन्य को गिरफ्तार कर आला कत्ल बरामद किया है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शैलेश कुमार पांडे ने पत्रकारों को बताया 21 अगस्त को एक महिला ने थाने में तहरीर देकर कहा उसका पति नारायण 18 अगस्त को अपनी मोपेड तथा 80 हजार रुपए नगद लेकर घर से निकला था जो अभी तक वापस नहीं आया पुलिस ने गुम सुदगी की दर्ज कर मामले की जांच की गई जहां जांच के दौरान गायब नारायण की पत्नी से जब अलग-अलग बयान लिए गए तो उसने अपने बयानों में विरोधाभास किया जिससे पुलिस की शक गायब नारायण की पत्नी पर होने लगा पुलिस जांच में स्पष्ट हुआ नारायण और उसकी पत्नी 17 अगस्त को डीग गई थी। तभी से नारायण गायब था पुलिस की जांच के दौरान जो तथ्य सामने आए उसके अनुसार मृतक की पत्नी उसके प्रेमी नवल सिंह उर्फ गुड्डन पुत्र इंद्र गुर्जर निवासी जोशी मोहल्ला राधा कुंड थाना गोवर्धन और नवल सिंह के साढ़ू के लड़का नारायण सिंह पुत्र शिवचरण निवासी ग्राम सुंदरावली थाना जनूथर जिला डीग राजस्थान को गिरफ्तार कर उनकी निशानदेही पर पहाड़ी के जंगल से गायब नारायण के शव का कंकाल उसके कपड़े जूते मोपेड और आला कत्ल गमछा बरामद किया है। मृतक अपनी पत्नी के नवल के सिंह के प्रेम संबंधों का विरोध करता था उसे ठिकाने लगाने के लिए इस घटना को अंजाम देकर मृतक की पत्नी के द्वारा पुलिस को गुमराह किया गया लेकिन आखिर सच्चाई सामने आ गई पुलिस ने सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर कानूनी कार्रवाई करते हुए जेल भेजा है।

# मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना: 206 जोड़ों की कराई गई शादी

वहाज अली निहाल





**इटावा।** मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजनार्न्तगत नुमाइस पण्डाल में 206 जोडो की शादी करायी गयी जिसमें से 4 मुस्लिम जोडे एवं 202 हिन्दू जोड़ें शामिल थे सभी जोड़ों की कन्याओ ने अपने-अपने वर को मालायें पहनाई, मुस्लिम कन्याओं का मौलवियों द्वारा मुस्लिम रीति रिवाज के अनुसार एवं हिन्दू कन्याओ का विवाह हिन्दू रीति रिवाज के अनुसार सभी रस्मे अदा कर करायी गयी। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि सरिता भदौरिया ने सभी वर, बधुओ को आशीर्वाद देते हुए कहा कि सभी जोड़े सलामत रहे आगे आने वाला आप सबका जीवन सुखमय हो यही कामना है। उन्होने कहा कि जितने जोड़े आज विवाह के बन्धन में बंध रहे हैं पत्नी पति का, पति पत्नी का सम्मान करें, घर के बड़े बुजुर्गो का सम्मान कर उनका भी आशीर्वाद लें जब आप एक दूसरे का सम्मान करेंगे तो समाज में आपका भी सम्मान होगा। उन्होने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा गरीब, निर्धन, परिवारो की पुत्रियो की शादी कराने का लिया गया निर्णय बहुत ही सराहनीय है। ऐसी कन्याओ की शादी कराना बहुत ही पुण्य का कार्य है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक जनपद में सामूहिक विवाह कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे है ऐसे कार्यक्रम आयोजित कर समाज में सामाजिक गतिशीलता लाना है। प्रदेश में 02 करोड़ परिवार गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन करने वाले है जो लोग ऋण लेकर अपनी पुत्रियों की शादी करते है ऐसे लोगो के लिए सामूहिक विवाह योजना बहुत ही अच्छी सिद्ध होगी। एक तरफ उनके पैसे बचेगें और वही उनको लोन लेकर अपनी बेटी की शादी में राहत मिलेगी। उन्होने कहा कि सामूहिक शादियो के आयोजन ब्लाक स्तर पर कराये जायेगे। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजनार्न्तगत गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन करने वाले जरूरतमन्द, निराश्रित, निर्धन परिवारों को शासन द्वारा 51 हजार रू.की धनराशि स्वीकृत हैं जिसमें कन्या को अनुदान के रूप में 35 हजार रू खाते के माध्यम से प्रदान किये जा रहे है इसके साथ 10 हजार रू.का सामान दिया जाता है एवं 6000 रुपए खाना आदि व्यवस्था में किया जाता है। उक्त अवसर पर पूर्व विधायक सावित्री कठेरिया, जिला अध्यक्ष भाजपा संजीव राजपूत, ब्लॉक प्रमुख बढपुरा गणेश राजपूत, जनप्रतिनिधिगण, जिला समाज कल्याण अधिकारी रविंद्र कुमार शशि, जिला पंचायत राज अधिकारी बनवारी सिंह, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी डॉ राजेश कुमार सहित समस्त जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# संस्कृति विवि में विद्यार्थियों को एड्स के प्रति किया गया जागरूक

अवधनामा संवाददाता

**मथुरा।** संस्कृति विश्वविद्यालय में विद्यार्थियों में जागरूकता फैलाने के लिए 'विश्व एड्स दिवस' पर सेमिनार एवं मानव श्रंखला का आयोजन किया गया। विद्यार्थियों को बताया गया कि एड्स से बचाव ही सुरक्षा का सबसे महत्वपूर्ण पक्ष है। एड्स के प्रति जागरूकता के लिए आयोजित संगोष्ठी में स्टूडेंट वेलफेयर के डीन डा. डीएस तौमर ने बताया कि विश्व एड्स दिवस, 1988 के बाद से एक दिसंबर को हर साल मनाया जाता है। इसका उद्देश्य एचआईवी संक्रमण के प्रसार की वजह से एड्स महामारी के प्रति जागरूकता बढाना और इस बीमारी से जिसकी मौत हो गई है उनका शोक मनना है। सरकार और स्वास्थ्य अधिकारी, ग़ैर सरकारी संगठन और दुनिया भर में लोग अक्सर एड्स की रोकथाम और नियंत्रण पर शिक्षा के साथ, इस दिन का निरीक्षण करते हैं। संस्कृति स्कूल आफ नर्सिंग कालेज के प्राचार्य डा. केके पाराशर ने विद्यार्थियों को बताया कि एड्स का पूरा नाम एक्वायर्ड इम्यूलनो डेफिसिएंशी सिंड्रोम है और यह एक तरह का विषाणु है, जिसका नाम एचआईवी (ह्यूमन इम्युनोडेफिसिएंसी वाइरस) है। विश्व एड्स दिवस विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) द्वारा चिह्नित ग्यारह आधिकारिक वैश्विक सार्वजनिक स्वास्थ्य अभियानों में से एक है। एड्स ने दुनिया भर में अनेक लोगों की जान लेली है और अनेक लोग एचआईवी के साथ जी रहे हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा जागरूकता फैलाने के लिए किए गए प्रयासों के परिणाम स्वरूप मरने वालों की संख्या में निरंतर कमी आ रही है। उन्होंने बताया कि साल 2023 वर्ल्ड एड्स डे की थीम लेट कम्यूनिटीज लीड है। इस अवसर संस्कृति विश्वविद्यालय के एनएसएस और नर्सिंग स्कूल के विद्यार्थियों ने विश्वविद्यालय के कैंपस-2 में एक मानव श्रंखला बनाई और शपथ ली कि हम मिलकर इस बीमारी को दूर भगाएंगे। कार्यक्रम में विद्यार्थियों के अलावा प्रो. ब्लेसी, केश चंद्रा, सुश्री साक्षी आदि की प्रमुख रूप से उपस्थिति रही।

# मानव स्वास्थ्य-मृदा स्वास्थ्य एक दूसरे के पूरक

अवधनामा संवाददाता

- फसल बोने से पूर्व जरूर करायें मृदा परीक्षण: डा वाईके शर्मा
- कृषि विज्ञान केन्द्र में मनाया गया विश्व मृदा दिवस, किसानों ने लिया बढ-चढकर भाग

**मथुरा।** मानव स्वास्थ्य-मृदा स्वास्थ्य एक दूसरे के पूरक हैं। स्वस्थ्य मानव जीवन के लिए मृदा का स्वास्थ्य अच्छा होना बहुत जरुरी है। ये विचार भाजपा महानगर अध्यक्ष घनश्याम लोधी ने व्यक्त किए। वो मंगलवार को वेटरनरी यूनिवर्सिटी के कृषि विज्ञान केन्द्र के सभागार प्रांगण में किसानों को संबोधित कर रहे थे। मौका था विश्व मृदा दिवस का। दिशा- निर्देशन था यूपी वेटरनरी वि.वि के कुलपति प्रो डा. ए.के श्रीवास्तव एवं निदेशक प्रसार डा अतुल सक्सेना का। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा महानगर अध्यक्ष घनश्याम लोधी ने किसानों से अपील करते हुए कहा कि सरकार अन्नदाताओं के साथ कंधे से कंधा मिलाकर बडी तेजी से कार्य कर रही है। सरकार किसानों के हित में खुले दिल से योजनाओं का संचालन कर रही है। किसानों को सभी योजनाओं की जानकारी करके अधिक से अधिक लाभ उठाना चाहिए। खेतों में रसायनों का उपयोग संतुलित मात्रा में ही करना चाहिए। जमीन का स्वास्थ्य सही रहना बहुत जरुरी है। बेहतरीन सरकारी योजनाएं, किसानों की मेहनत और वैज्ञानिकों के शोध के चलते देश खाद्यान्न क्षेत्र में निर्यात कर रहा है। ये गर्व की बात है। निदेशक प्रसार डा अतुल सक्सेना ने कहा कि हर इंसान को प्राकृतिक संसाधनों को संजोकर रखना चाहिए। जमीन में अंधाधुंध रसायनों को नहीं डालना चाहिए। हमें बिल्कुल अपनी तरह ही मृदा के स्वास्थ्य का भी ध्यान रखना चाहिए। केवीके प्रभारी डा वाईके शर्मा ने कहा कि किसानों को फसल बोने से पूर्व अपनी मिटटी की जांच जरुर करानी चाहिए। रिपोर्ट के अनुसार ही खेतों में उर्वरकों को उपयोग करना चाहिए। खेतों में गोबर खाद, हरी खाद, जैविक खादों की मात्रा को बढावा देने की जरुरत है। उप कृषि निदेशक प्रसार आरके माथुर ने कहा कि अन्नदाता उत्पादन के साथ-साथ मृदा के स्वास्थ्य का पूरी तरह से घ्यान रखें। उन्होने विभाग द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी भी दी। मृदा वैज्ञानिक डा रविन्द्र कुमार राजपूत ने कहा कि खेतों में लगातार घट रही जीवांश पदार्थो की मात्रा भविष्य के लिए बडी चिंता का विषय है। अन्नदाताओं को हर हाल में खेतों में सिर्फ संतुलित उर्वरकों का ही प्रयोग करें। डा बृज मोहन ने किसानों को खेतों में जीवांश पदार्थो की मात्रा बढाने के सरल उपाय बताए। कार्यक्रम में अंशुल यादव, योगेन्द्र सिंह वर्मा, निर्भय राजपूत, राजू चौधरी, गोविंद कुमार गुप्ता, अनिल कुलश्रेष्ठ, चन्द्र प्रकाश शर्मा, जय किशोर यादव, ओम प्रकाश, रीतराम, सौदान सिंह, जितेन्द्र सिंह, सर्वेश, मीना, गीता, अनोखी, नीतू, लक्ष्मी, शांति, दुर्गेश, ममता, शीला, सावित्री, अंजू, विद्या, चमन, राजू, हरदेश सहित सैकडों किसान मौजूद रहे। संचालन प्रभारी डा वाईके शर्मा ने किया एवं अध्यक्षता भाजपा नगर अध्यक्ष घनश्याम लोधी ने की।

# जय शाह के नाम बड़ी उपलब्धि, स्पोर्ट्स बिजनेस लीडर ऑफ द ईयर से नवाजे गए

सचिव जय शाह ने एक बड़ी उपलब्धि अपने नाम की है। शाह को 2023 स्पोर्ट्स बिजनेस अवार्ड्स में स्पोर्ट्स एक्स पर शाह को पुरस्कार जीतने पर बधाई देते हुए कहा कि उन्होंने क्रिकेट जगह पर एक अमिट छाप छोड़ी है।

भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड के सचिव जय शाह ने एक बड़ी उपलब्धि अपने नाम की है। शाह को 2023 स्पोर्ट्स बिजनेस अवार्ड्स में स्पोर्ट्स एक्स पर शाह को पुरस्कार जीतने पर बधाई देते हुए कहा कि उन्होंने क्रिकेट जगह पर एक अमिट छाप छोड़ी है।




बीसीसीआई ने ट्वीट करते हुए लिखा, बीसीसीआई के मानद सचिव जयशाह को स्पोर्ट्स बिजनेस अवार्ड्स 2023 में स्पोर्ट्स बिजनेस लीडर ऑफ द ईयर अवार्ड से सम्मानित होने पर बधाई। भारतीय खेल प्रशासन में किसी भी नेता के लिए पहली बार, ये सम्मान वास्तव में योग्य है। बीसीसीआई ने एक्स पर पोस्ट किया, उनके नेतृत्व ने दुनिया भार में क्रिकेट पर एक अमित छाप छोड़ी है, उनका आईसीसी पुरुष वर्ल्ड कप को नई ऊंचाइयों पर ले जाना, वेतन समानता में अहम प्रगित की वकालत करना, महिला प्रीमियर लीग का आगाज करना और ओलंपिक में क्रिकेट को शामिल करने का नेतृत्व करना जैसी अभूतपूर्व पहलों ने खेल को हमेशा के लिए बदल दिया है।

जय शाह ने क्रिकेट प्रशासन की दुनिया में अहम पहचान बनाई है। क्रिकेट प्रशासन में उनकी यात्रा गुजरात क्रिकेट एसोसिएशन के साथ शुरू हुई।

# इंग्लैंड के खिलाफ टी20 सीरीज में बेहतर प्रदर्शन करने उतरेगी भारतीय महिला टीम

हरमनप्रीत कौर की कप्तानी में भारत ने टी20 प्रारूप में अच्छा प्रदर्शन किया है। एशियाई खेलों में स्वर्ण पदक जीतने के अलावा भारत ने बांग्लादेश में 2.1 से जीत दर्ज की और दक्षिण अफ्रीका तथा वेस्टइंडीज के खिलाफ त्रिकोणीय श्रृंखला के फाइनल में पहुंची।

भारतीय महिला क्रिकेट टीम पिछले कुछ अर्से के अच्छे प्रदर्शन से प्रेरणा लेकर इंग्लैंड के खिलाफ द्विपक्षीय रिकॉर्ड बेहतर करने के इरादे से बुधवार से शुरू हो रही तीन मैचों की टी20 श्रृंखला में उतरेगी। हरमनप्रीत कौर की कप्तानी में भारत ने टी20 प्रारूप में अच्छा प्रदर्शन किया है। एशियाई खेलों में स्वर्ण पदक जीतने के अलावा भारत ने बांग्लादेश में 2 . 1 से जीत दर्ज की और दक्षिण अफ्रीका तथा वेस्टइंडीज के खिलाफ त्रिकोणीय श्रृंखला के फाइनल में पहुंची।

दूसरी ओर दुनिया की दूसरे नंबर की टीम इंग्लैंड श्रीलंका से 1.2 से मिली पराजय को भुलाकर नये सिरे से शुरूआत करने उतरेगी। दुनिया की चौथे नंबर की टीम भारत का इंग्लैंड के खिलाफ घरेलू टी20 श्रृंखलाओं में




रिकॉर्ड खराब रहा है। मेजबान टीम इसे दुरूस्त करने के इरादे से उतरेगी। इंग्लैंड के खिलाफ भारत में नौ मैचों में से भारत ने सिर्फ दो जीते हैं। आखिरी जीत पांच साल पहले मार्च 2018 में मिली थी जब ब्रेबोर्न स्टेडियम पर आठ विकेट से इंग्लैंड को हराया था।

इंग्लैंड के खिलाफ अब तक कुल 27 मैचों में से भारत ने सिर्फ सात जीते हैं। भारतीय महिला टीम ने आखिरी बार अपनी सरजमीं पर टी20 मैच मार्च 2021 में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ लखनऊ में जहीता था। उसके बाद से भारत अपने देश में चार मैच हार चुका है और एक टाई रहा। भारत ने घरेलू 50 टी20 मैचों में से सिर्फ 19 जीते हैं, 30 हारे और एक टाई रहा। भारत और इंग्लैंड दोनों ने पिछले टी20 विश्व कप में सेमीफाइनल में जगह बनाई थी।

अगला टूर्नामेंट सितंबर अक्टूबर 2024 में होना है और उसकी तैयारी का यह सुनहरा मौका है। दीप्ति शर्मा ने भारत के लिये 16 मैचों में 19 विकेट लिये हैं जबकि बल्लेबाजी में हरमनप्रीत ने 13 टी20 में 323 रन बनाये हैं। जेमिमा रौड्रिग्स ने 16 मैचों में 342 रन बनाये हैं जबकि स्मृति मंधाना ने 15 मैचों में सर्वाधिक 369 रन का योगदान दिया है। हरमनप्रीत ने बिग बैश लीग में 14 मैचों में 321 रन बनाये। भारत ने तीन नये चेहरों कर्नाटक की स्पिनर श्रेयांका पाटिल, पंजाब की स्पिनर मन्नत कश्यप और बंगाल की स्पिनर साइका इशाक को मौका दिया है। कश्यप इस साल की शुरूआत में आईसीसी अंडर 19 महिला टी20 कप में टीम का हिस्सा थी जबकि इशाक ने पहली महिला प्रीमियर लीग में मुंबई इंडियंस के लिये 15 विकेट लिये। श्रेयांका ने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर के लिये नौ विकेट चटकाये और महिला कैरेबियाई प्रीमियर लीग में खेलने वाली पहली भारतीय बनी। इंग्लैंड के लिये नेट स्किवर ब्रंट ने महिला प्रीमियर लीग में 332 रन देने के अलावा दस विकेट लिये थे। उन्होंने आठ टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में 271 रन बनाये। डैनी वियाट ने 278 रन बनाये हैं जबकि सोफी एक्सेलेटन ने 16 विकेट लिये।

**टीमें**

भारतः हरमनप्रीत कौर (कप्तान), स्मृति मंधाना, जेमिमा रौड्रिग्स, शेफाली वर्मा, दीप्ति शर्मा, यस्तिका भाटिया, रिचा घोष, अमनजोत कौर, श्रेयांका पाटिल, मन्नत कश्यप, साइका इशाक, रेणुका सिंह ठाकुर, टिटास साधू, पूजा वस्त्राकर, कनिका आहूजा, मिन्नू मनी। इंग्लैंडः लौरेन बेल, माइया बूचियेर, एलिस कैप्सी, चार्ली डीन, सोफिया डंकली, सोफी एक्सेलेटन, माहिका गौर, डेनियेले गिब्सन, सारा ग्लेन, बेस हीथ, एमी जोंस, फ्रेया केम्प, हीथर नाइट, नेट स्क्रिर ब्रंट, डेनियेले वियाट।

# टेनिस के स्टार खिलाड़ी नोवाक जोकोविच शीर्ष पर काबिज, साल का अंत किया नंबर वन रैंकिंग के साथ




लंदन। नोवाक जोकोविच ने अपने रिकॉर्ड में सुधार करते हुए सोमवार को आठवीं बार एटीपी टेनिस रैंकिंग में साल का अंत नंबर एक खिलाड़ी के रूप में किया। जोकोविच ने जनवरी में ऑस्ट्रेलियाई ओपन, जून में फ्रेंच ओपन और सितंबर में अमेरिकी ओपन के रूप में साल के चार में से तीन ग्रैंडस्लैम खिताब जीते। वह पुरुष एकल में रिकॉर्ड 24 ग्रैंडस्लैम जीत चुके हैं। वह साथ ही 2023 में विंबलडन में उप विजेता भी रहे।

जोकोविच ने 2023 में 56 जीत दर्ज की जबकि सात बार उन्हें हार का सामना करना पड़ा। उन्होंने इस दौरान सात खिताब जीते जिसमें पिछले महीने एटीपी फाइनल्स का खिताब भी शामिल है। सर्बिया के 36 साल के जोकोविच ने कार्लोस अल्कारेज को पछाड़कर शीर्ष रैंकिंग हासिल की थी। अल्कारेज ने ही जुलाई में विंबलडन फाइनल में जोकोविच को पांच सेट में हराया था। अल्कारेज ने 2023 का अंत दूसरे नंबर के खिलाड़ी के रूप में किया। पिछले महीने डब्ल्यूटीए फाइनल्स का खिताब जीतने वाली ईगा स्वियातेक डब्ल्यूटीए रैंकिंग में नंबर एक महिला खिलाड़ी रहीं। एरिना सबालेंका, कोको गॉफ, एलेना रिबाकिना और जेसिका पेगुला का नंबर उनके बाद आता है।

# 8 दिसंबर के बाद होगी डब्ल्यूएफआई चुनावों की तारीख की घोषणा

डब्ल्यूएफआई के चुनावों के लिए अधिसूचना आठ दिसंबर को या इसके बाद जारी की जा सकती है। इस साल की शुरुआत में प्रकाशित निर्वाचन सूची में किसी भी तरह के बदलाव को भी आठ दिसंबर को ही शामिल किया जाएगा। भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) के चुनावों के लिए अधिसूचना आठ दिसंबर को या इसके बाद जारी की जा सकती है। इस साल की शुरुआत में प्रकाशित निर्वाचन सूची में किसी भी तरह के बदलाव को भी आठ दिसंबर को ही शामिल किया जाएगा। उच्चतम न्यायालय ने पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय द्वारा चुनावों पर लगाई गई रोक को हाल में हटा दिया था जिससे डब्ल्यूएफआई की नई संचालन इकाई को चुनने की प्रक्रिया शुरू करने का रास्ता साफ हो गया। भारत के शीर्ष पहलवानों द्वारा कथित यौन उत्पीड़न के आरोप लगाए जाने के बाद खेल मंत्रालय ने बृज भूषण शरण सिंह की अगुआई वाले महासंघ को निलंबित कर दिया था और भारतीय वुशु संघ के प्रमुख भूपेंद्र सिंह बाजवा की अगुआई में भारतीय




ओलंपिक संघ (आईओए) द्वारा गठित तदर्थ पैनल अभी डब्ल्यूएफआई का दैनिक कामकाज देख रहा है।

ओलंपिक पदक विजेता बजरंग पूनिया और साक्षी मलिक सहित कई पहलवानों ने बृज भूषण द्वारा महिला पहलवानों के कथित यौन उत्पीड़न के खिलाफ यहां जंतर-मंतर पर दो महीने से अधिक समय तक धरना दिया था। जुलाई में शुरू हुई चुनाव प्रक्रिया में अदालत में मामले दायर होने से विलंब हुआ। इसके बाद अंतरराष्ट्रीय महासंघ यूनाईटेड वर्ल्ड रेस्लिंग ने भी निर्धारित समय में चुनाव नहीं कराने के लिए डब्ल्यूएफआई को निलंबित कर दिया।

उच्चतम न्यायालय के चुनावों का रास्ता साफ करने के बाद निर्वाचन अधिकारी न्यायमूर्ति (सेवानिवृत्त) एमएम कुमार ने 30 नवंबर को एक बैठक की और बाजवा से पूछा कि क्या 12 अगस्त को निर्धारित चुनावों के लिए शुरू में 25 जुलाई 2023 को अधिसूचित निर्वाचक मंडल में कोई बदलाव हुआ है। निर्वाचन अधिकारी के कार्यालय से जारी बयान में कहा गया,''डब्ल्यूएफआई के चुनाव कराने का रास्ता साफ हो गया है जिस पर चुनाव कराने की तय तारीख से ठीक एक दिन पहले 11 अगस्त को पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय ने रोक लगा दी थी।सहायक निर्वाचन अधिकारी तापस भट्टाचार्य ने बयान में कहा, ''निर्वाचन अधिकारी ने बाजवा से यह बताने के लिए कहा कि क्या 25 जुलाई 2023 को पहले से अधिसूचित निर्वाचक मंडल में कोई बदलाव हुआ है उनसे यह जानकारी जल्द से जल्द उपलब्ध कराने को कहा गया। बाजवा ने एक सप्ताह का समय मांगा। पूरी जानकारी पांच दिन के भीतर यानी आठ दिसंबर या उससे पहले उपलब्ध कराई जाए ताकि चुनाव कराने की अंतिम अधिसूचना जारी की जा सके।

# आमिर खान को बिलकुल नहीं पसंद है एनिमल जैसी फिल्में, हिंसा और सेक्स का इस्तेमाल करने वाले कहानीकारों को कहा घटिया

फिल्मों में हिंसा और सेक्स का इस्तेमाल करने वाले घटिया कहानीकारों के बारे में आमिर खान का पुराना वीडियो वायरल हो रहा है। आमिर का ये वीडियो देखकर नेटिज़न्स उन्हें गजनी की याद दिलाई है। संदीप रेड्डी वांगा की फिल्म एनिमल ने बॉक्स ऑफिस पर आग लगा दी है। एनिमल की सफलता : फिल्मों में हिंसा और सेक्स का इस्तेमाल करने वाले घटिया कहानीकारों के बारे में आमिर खान का पुराना वीडियो वायरल हो रहा है। आमिर का ये वीडियो देखकर नेटिज़न्स उन्हें गजनी की याद दिलाई है। संदीप रेड्डी वांगा की फिल्म एनिमल ने बॉक्स ऑफिस पर आग लगा दी है। प्रशंसक रणबीर कपूर के प्रदर्शन से आश्चर्यचकित हैं, और दर्शक फिल्म के महाकाव्य दृश्यों के बारे में बात कर रहे हैं। हालाँकि, संदीप रेड्डी वांगा को अपनी फिल्मों में महिलाओं के साथ दुर्व्यवहार के लिए आलोचकों की भारी प्रतिक्रिया का सामना करना पड़ रहा है। जिन दृश्यों में रणबीर कपूर ने रश्मिका मंदाना



का गला दबाया था, वहीं तृप्ति डिमरी को जूते चाटने के लिए कहा था, जिससे नारीवादी नाराज हो गए हैं। दूसरों को लगा कि रणबीर कपूर और तृप्ति डिमरी का नग्न दृश्य अनुचित था। कई लोगों का मानना है कि यह समाज के लिए चिंताजनक है कि एनिमल जैसे जहरीले मर्दाना किरदारों से भरी फिल्म को बड़ी संख्या में लोग आकर्षित कर रहे हैं।आमिर खान ने एक बार एक इंटरव्यू दिया था जिसमें उन्होंने कहा था कि फिल्म निर्माता जो अक्षम कहानीकार हैं, वे कहानियां कहने के लिए बहुत अधिक सेक्स और हिंसा का इस्तेमाल करते हैं। उन्होंने संकेत दिया कि सेक्स का उपयोग उत्तेजना के साधन के रूप में किया जाता है और यह शोषणकारी है। 1990 के दशक का पुराना वीडियो हर तरफ वायरल हो रहा है. लेकिन नेटिज़न्स ने उन्हें याद दिलाया है कि फिल्म निर्माण और कहानी कहने का तरीका काफी बदल गया है। उन्होंने कहा कि फिल्में हकीकत के ज्यादा करीब होती हैं। अन्य लोगों ने उन्हें बताया कि उन्होंने सबसे हिंसक भारतीय फिल्मों में से एक गजनी में काम किया था, और उन्होंने देल्ही बेली का भी निर्माण किया था जो कि व्यंग्य और गालियों से भरी थी।

प्रशंसकों ने उन्हें मार्टिन स्कोर्सेसे और क्वेंटिन टारनटिनो जैसे महान फिल्म निर्माताओं की भी याद दिलाई, जिन्होंने ऐसी क्लासिक फिल्में बनाई थीं जिनमें सेक्स और हिंसा दोनों की प्रचुरता थी। दरअसल, शाहरुख खान के उस पुराने वीडियो को भी काफी ट्रोल किया जा रहा है जिसमें वह महिलाओं के साथ सही व्यवहार करने वाली फिल्में करने की बात करते हैं। आखिरकार, उनके पास अंजाम और डर जैसी फ़िल्में हैं।


एनिमल में रणबीर कपूर एक उपेक्षित बेटे की भूमिका में हैं जिसका अपने पिता बलबीर (अनिल कपूर) के प्रति प्यार पागलपन की हद तक पहुँच जाता है। जब उसके पिता को किसी ने गोली मार दी, तो उसने आदर्श पुत्र बनने और सभी दुश्मनों को खत्म करने का फैसला किया। जबकि कई लोगों ने बचपन की उपेक्षा और परित्याग की अवधारणा को समझने की कोशिश की है, दूसरों को लगता है कि बलबीर उड़ान के रोनित रॉय की तरह एक विषैले पिता नहीं हैं।

# एनिमल एक्ट्रेस तृप्ति डिमरी एक्टिंग के साथ घुमक्कड़ भी खूब हैं, ट्रिप पर करती जमकर एडवेंचर

एनिमल एक्ट्रेस तृप्ति डिमरी ने फिल्म में अपने अभिनय से कई लोगों को प्रभावित किया है। यहां उनके यात्रा ब्लॉगों से उनकी कुछ स्पष्ट तस्वीरें देख रहे हैं। रणबीर कपूर की नई फिल्म एनिमल कई कारणों से सुर्खियों में बनी हुई है।

एनिमल एक्ट्रेस तृप्ति डिमरी ने फिल्म में अपने अभिनय से कई लोगों को प्रभावित किया है। यहां उनके यात्रा ब्लॉगों से उनकी कुछ स्पष्ट तस्वीरें देख रहे हैं। रणबीर कपूर की नई फिल्म एनिमल कई कारणों से सुर्खियों में बनी हुई है। उनके ट्रांसफॉर्मेशन से लेकर बॉक्स ऑफिस कलेक्शन तक, प्रशंसक एनिमल के दीवाने हैं। रणबीर कपूर, रश्मिका मंदाना, बॉबी देओल और अन्य प्रमुख सितारों के अलावा, अभिनेत्री तृप्ति डिमरी ने भी बहुत ध्यान आकर्षित किया है। फिल्म में उनकी एक्टिंग और बोल्ड सीन चर्चा का विषय बन गए हैं। जैसा कि अभिनेत्री सुर्खियों में रहती है, यहां उनकी यात्रा डायरी से उनकी कुछ खूबसूरत तस्वीरें देखें जो आपको भटकने के लिए प्रेरित करेंगी।

तृप्ति डिमरी के इंस्टाग्राम पेज पर स्क्रॉल करें और आपको कुछ बहुत सुंदर यात्रा तस्वीरें दिखाई देंगी। ऐसा लगता है कि वह एक ट्रैकिंग प्रेमी है क्योंकि पहाड़ों के ऊपर से, तंबू में आराम करते हुए और भी



बहुत कुछ उसकी कई तस्वीरें हैं। ग्रीस को यात्रा प्रेमियों के लिए सबसे पसंदीदा छुट्टियाँ बिताने की जगहों में से एक माना जाता है। यहां तृप्ति आपके अगले ग्रीस अवकाश के लिए कुछ फैशन लक्ष्य निर्धारित कर रही है। ऐसा लगता है कि तृप्ति डिमरी को यूरोप के अल्बानिया में सबसे ज्यादा आनंद आया जहां वह खूबसूरत समुद्र में नौकायन करने गईं। वह भव्य पृष्ठभूमि की तरह ही सुंदर दिखती है।

एनिमल अभिनेत्री निश्चित रूप से जानती है कि समुद्र तट पर छुट्टियों के लिए कैसे बेहतरीन कपड़े पहनने हैं। वह इस हाई-स्लिट ड्रेस में तापमान बढ़ा रही है। तृप्ति डिमरी के यात्रा ब्लॉगों की सभी तस्वीरें बताती हैं कि वह एक प्रकृति प्रेमी हैं और प्राकृतिक सुंदरता से घिरे रहने पर सबसे ज्यादा खुश रहती हैं। यह तस्वीर 2017 की है जब तृप्ति डिमरी गुलमर्ग में छुट्टियां मनाने गई थीं। बर्फ़ में होने पर, स्नोमोबाइल पर यात्रा अवश्य करनी चाहिए।

किसी पहाड़ के ऊपर बैठकर खूबसूरत सूर्यास्त का आनंद लेने से बेहतर कोई सुख नहीं है। तस्वीर निश्चित तौर पर हैरान कर देगी। एक्ट्रेस की ये तस्वीर उनके त्रिउंड ट्रेक की है। उन्होंने अपने अनुभव को साझा करते हुए कई तस्वीरें साझा कीं।

# शाहरुख खान अपने फैंस को तैयार है एक रोलरकोस्टर सवारी कराने के लिए, किंग का कॉमेडी अवतार दिखा

मशहूर कहानीकार और निर्देशक राजकुमार हिरानी द्वारा तैयार की गई इस फिल्म में बेहद चहेते शाहरुख खान ने अभिनय किया है, जो तापसी पन्नू, बोमन ईरानी, विक्की कौशल, विक्रम कोचर और अनिल ग्रोवर जैसे शानदार कलाकारों की टोली का हिस्सा होंगे।

साल की बहुप्रतीक्षित फिल्म है। अब उसकी एक झलक पेश हो चुकी है। मास्टर कहानीकार और निर्देशक, राजकुमार हिरानी द्वारा निर्देशित, इस फिल्म में प्रिय शाहरुख खान के साथ-साथ तापसी पन्नू, बोमन ईरानी, विक्की कौशल, विक्रम कोचर और अनिल ग्रोवर जैसे शानदार कलाकार शामिल हैं।

दर्शकों को साल की सबसे दिल छू लेने वाली फिल्म की बहुप्रतीक्षित झलक देती है। मशहूर कहानीकार और निर्देशक राजकुमार हिरानी द्वारा तैयार की गई इस फिल्म में बेहद चहेते शाहरुख खान ने अभिनय किया है, जो तापसी पन्नू, बोमन ईरानी, विक्की कौशल, विक्रम कोचर और अनिल ग्रोवर जैसे शानदार कलाकारों की टोली का हिस्सा होंगे। ट्रेलर रेसिंग ट्रैक पर दौड़ रहे हार्डी के पुराने संस्करण के एक असेंबल के साथ समाप्त होता है। यह एक ऐसी कहानी है जिसे उन्होंने शुरू किया था



और वही इसे ख़त्म भी करेंगे। हमें यह देखने के लिए 21 दिसंबर तक इंतजार करना होगा कि हार्डी अपना वादा पूरा करते हैं या नहीं।

यह वीडियो राजकुमार हिरानी की प्यारी दुनिया की एक झलक पेश करता है। ट्रेन में शाहरुख के साथ शुरुआत, आगे आने वाले रोमांच के लिए माहौल तैयार करती है। वीडियो यूनिट में शाहरुख द्वारा निभाए गए हार्डी से शुरू होने वाले अद्भुत सनकी पात्रों का परिचय दिया गया है, जो पंजाब के एक सुरम्य गांव में प्रवेश करता है और उत्साही दोस्तों के एक समूह-मनु, सुखी, बुग्गू और बल्ली का सामना करता है, जो सभी लंदन की यात्रा करने का एक आम सपना साझा करते हैं।

हाल ही में आस्क एसआरके सत्र के दौरान, अभिनेता से पूछा गया कि वह पूरी अवधारणा के बारे में कितना जानते हैं और किस चीज़ ने उन्हें इस परियोजना को चुनने के लिए आकर्षित किया। शाहरुख ने कहा, उन्हें इसके बारे में शायद ही कुछ पता था, उन्होंने कहा, वास्तव में शायद ही कुछ। राजू और अभिजात ने इसे मेरी जानकारी में लाया। इसके बारे में जानना और इसके कुछ हिस्सों को चित्रित करना आकर्षक...खतरनाक और काफी जबरदस्त अनुभव है।

फिल्म के ट्रेलर को सोशल मीडिया पर शेयर करते हुए शाहरुख खान ने इंस्टाग्राम पर लिखा, ये कहानी मैंने शुरू की थी, लालतू से! इसे खत्म भी मैं ही करूंगा अपने उल्लू दे पत्थरों के साथ। डंकी का ट्रेलर आपको एक ऐसा सफर दिखाएगा जो राजू सर के दृष्टिकोण के साथ शुरू हुआ। यह आपको दोस्ती की एक पागलपन भरी यात्रा, कॉमेडी और त्रासदी जो जीवन है और घर और परिवार के लिए एक पुरानी यादों के माध्यम से ले जाएगा। फिल्म राजकुमार हिरानी द्वारा निर्देशित और एसआरके और गौरी खान की रेड चिलीज एंटरटेनमेंट द्वारा निर्मित है, डंकी 21 दिसंबर को रिलीज होने वाली है। यह राजकुमार हिरानी के साथ एसआरके का पहला प्रोजेक्ट है। फिल्म में शाहरुख खान और तापसी पन्नू के अलावा बोमन ईरानी और विक्की कौशल भी हैं।

# योध्या की गलियों से निकली दत्तक पुत्र की कहानी, ट्रेलर में दिखा पिता पुत्र का रिश्ता

अजरूरी नहीं कि खून के ही रिश्ते ही अच्छे होते हैं। कभी -कभी खून के रिश्ते अपने परिवार के साथ मुसीबत में खड़े नहीं होते हैं। किसी भी रिश्ते की बुनियाद मन की भावनाओं पर टिकी होती है। फिल्म दत्तक पुत्र की कहानी एक ऐसे पिता पुत्र की भावनात्मक रिश्ते पर आधरित है। पुत्र पिता की अहमियत को समझ जाता है,आसमान उसके कदमों में उतर आता है। श्रीराम की नगरी अयोध्या की पृष्ठभूमि पर बनी भोजपुरी फिल्म दत्तक पुत्र का ट्रेलर आज लांच हुआ।

फिल्म के ट्रेलर की शुरुआत शंखनाद से होती है। बैक ग्राउंड में एक स्लोगन चलता है कि जो पिता की अहमियत को समझ जाता है, आसमान उसके कदमों में उतर आता है। बाप कहता है, पूरा अयोध्या सुन ले राजा हमार मुखाग्नि देइ, राजा हमार पुत्र हव, पुत्र से भी बढ़कर बढ़कर हमार दत्तक पुत्र हव। हीरो की एंट्री होती हैं और अपने बाबू जी के बैठने के स्थान को नमन करते हुए कहता है. इ स्थान हमरे बाबूजी क हव, बाबू जी क सेवा



करब। ट्रेलर में एक गाना शुरू होता है और फिल्म की नायिका गाती हैं, सिया संग आओ राम। ट्रेलर के अगले सीन में दिखाया गया है कि नायक नायिका से कहता है, लइका और लइकी में दोस्ती ना होला मैडम, लइका और लइकी में सिर्फ प्यार होला।

ट्रेलर में आगे दिखाया गया है कि फिल्म का नायक दरोगा से कहता, हम काहे कोर्ट जाई, जब कुछ कईलही नइखे। दरोगा कहता हैं, एफआईआर भइल बा। नायक पर हत्या की कोशिश, जबरन वसूली, जबरन कब्जा के आरोप में फंसा दिया जाता है। तभी विलेन की एंट्री होती है और वह कहता है, हम त खाली ड्रामा कइले रहली, इ नाटक क असली डायरेक्टर त इ प्रधान जी हव। नायक को रेप और हत्या के आरोप में भी फंसा दिया जाता है। नायक कहता है, ना हम रेप कइले बाटी ना ही हत्या। नायक के बाबू जी नायक से कहते हैं, खून के रिश्ता से भी बढ़कर होला मन क रिश्ता, राजा के साथे हमार मर्यादा अउर मन क रिश्ता बा। बाबू जी की मृत्यु के बाद नायक को उनका अंतिम संस्कार नहीं करने दिया जाता है। नायक कहता है, आज हम अपने बाबू जी के चिता क राख के कसम खा के आईल बाटी, अपने बाबू जी के अपराधियन के पुलिस चौकी के अंदर ही जलाके राख कर देब। तभी उसे उनके बाबू जी की बात याद आती है, इ मर्यादा पुरुषोत्तम राम क नगरी है हव, यहां सत्य क जीत होता सत्य के।

# साइबर अपराध के मामले बढ़े!

## एनसीआरबी ने जारी की चौंकाने वाली रिपोर्ट

**वृद्धि**

**महिलाओं के विरुद्ध अपराधों में चार प्रतिशत की वृद्धि हुई है और हर घंटे लगभग 51 एफआइआर दर्ज की गईं।**



**नई दिल्ली।** देश में महिलाओं और बच्चों के विरुद्ध अपराधों में बढ़ोतरी हुई है। महिलाओं के विरुद्ध अपराधों में चार प्रतिशत की वृद्धि हुई है और हर घंटे लगभग 51 एफआइआर दर्ज की गईं। बच्चों के विरुद्ध अपराधों में 8.7 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है। यही नहीं, साइबर अपराध के दर्ज मामले भी तेजी से बढ़े हैं। राष्ट्रीय अपराध रिकार्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) के आंकड़े बताते हैं कि राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशों में साइबर अपराध के मामलों में 24.4 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। 2022 में गैरकानूनी गतिविधियां रोकथाम अधिनियम (यूएपीए) के 75 प्रतिशत मामले जम्मू-कश्मीर, मणिपुर, असम और उत्तर प्रदेश में दर्ज किए गए।

जबकि देशद्रोह के 25 प्रतिशत मामले सिर्फ बंगाल में दर्ज किए गए।एनसीआरबी के अनुसार, महिलाओं के विरुद्ध अपराधों में तीन वर्षों में लगातार वृद्धि दर्ज की गई है। देशभर में 2020 में महिलाओं के विरुद्ध अपराध के 3,71,503; 2021 में 4,28,278 और 2022 में 4,45,256 मामले दर्ज किए गए।महिलाओं के विरुद्ध अपराधों में 31.4 प्रतिशत पति या रिश्तेदारों द्वारा क्रूरता, 19.2 प्रतिशत अपहरण, 18.7 प्रतिशत शील भंग करने के इरादे से हमला और 7.1 प्रतिशत दुष्कर्म के थे। 2022 में महिलाओं के विरुद्ध अपराध की दर सबसे अधिक दिल्ली में 144.4 दर्ज की गई जो देश की औसत दर 66.4 से काफी अधिक थी। 2022 में दिल्ली में महिलाओं के विरुद्ध अपराध के 14,247 मामले पंजीकृत किए गए।

2022 में महिलाओं के विरुद्ध अपराध के सबसे अधिक मामले उत्तर प्रदेश (65,743) में दर्ज किए गए। इसके बाद महाराष्ट्र (45,331), राजस्थान (45,058), बंगाल (34,738) और मध्य प्रदेश (32,765) का स्थान है। इन पांच राज्यों में महिलाओं के विरुद्ध अपराध के कुल 50.2 प्रतिशत मामले दर्ज हुए।आंकड़ों के मुताबिक, देश में 2021 में बच्चों के विरुद्ध अपराधों के 1,49,404 मामले पंजीकृत हुए थे जो 2022 में बढ़कर 1,62,449 हो गए।

सबसे ज्यादा मामले अपहरण के थे। जुवेनाइल के विरुद्ध दर्ज मामलों में दो प्रतिशत की कमी दर्ज की गई। 2021 में जुवेनाइल के विरुद्ध 31,170 मामले पंजीकृत किए गए थे जो 2022 में घटकर 30,555 रह गए।साइबर अपराध के 2021 के 52,974 मामलों के मुकाबले 2022 में कुल 65,893 मामले दर्ज किए गए। 2022 में दर्ज कुल मामलों में से 64.8 प्रतिशत धोखाधड़ी के उद्देश्य से किए गए अपराधों के थे। महानगरों में साइबर अपराध के मामलों में 2021 के मुकाबले 2022 में 42.7 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई। 2022 में महानगरों में सबसे अधिक साइबर अपराध के मामले बेंगलुरु में 9,940 दर्ज किए गए। इसके बाद मुंबई में 4,724; हैदराबाद में 4,436 और नई दिल्ली में 685 मामले दर्ज किए गए। वर्ष 2022 में भारतीय दंड संहिता की धारा-124ए के तहत राजद्रोह के 20 मामले दर्ज किए, जबकि 2021 में 76 और 2020 में 73 मामले दर्ज किए गए थे। 2022 में राजद्रोह के सबसे ज्यादा मामले बंगाल (5) में दर्ज किए गए।

इसके बाद जम्मू-कश्मीर, मणिपुर और उत्तर प्रदेश में तीन-तीन मामले दर्ज किए गए। वहीं, यूएपीए के तहत 2022 में 1,005 मामले दर्ज किए गए, जबकि 2021 में 814 और 2020 में 796 मामले दर्ज किए गए थे। सरकारी गोपनीयता कानून के तहत 2022 और 2021 में 55-55 मामले दर्ज किए गए, जबकि 2020 में 39 मामले दर्ज किए गए थे।

वर्ष 2022 में हत्याओं के कुल 28,522 मामले पंजीकृत किए गए। यानी प्रतिदिन औसतन 78 और प्रति घंटे तीन हत्याएं हुईं। जबकि 2021 में हत्या के 29,272 और 2020 में 29,193 मामले दर्ज किए गए थे। प्रति लाख की आबादी पर हत्या की दर 2.1 रही। संख्या के लिहाज से देखें तो सबसे ज्यादा हत्याएं उत्तर प्रदेश में हुईं। उसके बाद बिहार, महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश और राजस्थान का स्थान है।

## मुझे नहीं पता कि वे संसद में... संसद सदस्यता के सवाल पर क्या बोल गईं महुआ मोइत्रा

**नई दिल्ली।** संसद के शीतकालीन सत्र की शुरुआत हंगामेदार रही। आज सत्र का दूसरा दिन है, जिसमें टीएमसी सांसद महुआ मोइत्रा की संसद सदस्यता को लेकर फैसला आ सकता है। संसद परिसर में सदस्यता जाने को लेकर जब महुआ से सवाल किया गया तो उन्होंने इसपर जवाब दिया।



उन्होंने कहा, मुझे नहीं पता है क्वेरी के बदले नकद मामले में उन पर लोकसभा आचार समिति की रिपोर्ट संसद में रखी जाएगी या नहीं। शीतकालीन सत्र के दूसरे दिन संसद पहुंची मोइत्रा ने मीडिया से कहा, हैं, मुझे नहीं पता कि वे इसे रखेंगे या नहीं।

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक महुआ को लोकसभा से निष्कासित करने पर आचार समिति की रिपोर्ट मंगलवार को सदन में पेश की जा सकती है। भाजपा सांसद विनोद सोनकर की अध्यक्षता में लोकसभा की आचार समिति ने 9 नवंबर को अपनी रिपोर्ट में मोइत्रा को लोकसभा से निष्कासित करने की सिफारिश की थी। वहीं, शीतकालीन सत्र के पहले दिन विपक्षी सांसदों ने इस मामले पर कोई भी निर्णय लेने से पहले महुआ मोइत्रा को निष्कासित करने की सिफारिश करने वाली रिपोर्ट पर लोकसभा में चर्चा की मांग की।

बता दें कि भाजपा सांसद निशिकांत दुबे ने वकील जय अनंत देहाद्राई के माध्यम से मोइत्रा के खिलाफ लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को शिकायत भेजी थी, जिसमें उन पर अदाणी समूह और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को निशाना बनाने के लिए कारोबारी दर्शन हीरानंदानी के कहने पर सदन में सवाल पूछने के बदले रिश्वत लेने का आरोप लगाया गया है।

## सुप्रीम कोर्ट ने जम्मू में नए हाई कोर्ट परिसर के निर्माण का विवरण मांगा

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को केंद्र सरकार से जानना चाहा कि जम्मू में नये हाई कोर्ट परिसर के निर्माण की दिशा में क्या प्रगति हुई है। 28 जून को, चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ ने जम्मू में हाई कोर्ट के नए परिसर की आधारशिला रखी थी। जस्टिस संजय किशन कौल और जस्टिस सुधांशु धूलिया की पीठ ने जम्मू और श्रीनगर में केंद्रीय प्रशासनिक न्यायाधिकरण (कैट) पीठों में रिक्तियों और वहां लंबित मामलों को उजागर करने वाली एक याचिका पर सुनवाई करते हुए यह आदेश पारित किया। केंद्र की ओर से पेश अतिरिक्त सालिसिटर जनरल (एएसजी) ऐश्वर्या भाटी ने पीठ के समक्ष एक अद्यतन नोट रखा, जिसमें दोनों शहरों में कैट पीठों में रिक्तियों और लंबित मामलों के संबंध में स्थिति का संकेत दिया गया। ट्रिब्यूनल के लिए बुनियादी ढांचे के मुद्दे पर, भाटी ने कहा कि राज्य का प्रतिनिधित्व करने वाले वकील के पास कुछ निर्देश हो सकते हैं। राज्य के वकील ने कहा कि जहां तक श्रीनगर का संबंध है, कुछ प्रगति हुई है लेकिन जम्मू में भूमि की पहचान एक मुद्दा है। भाटी ने पीठ को बताया कि मुझे निर्देश है कि अब एक समझौता है कि एक बार मौजूदा उच्च न्यायालय भवन खाली हो जाने के बाद, ट्रिब्यूनल, जम्मू पीठ वहां स्थानांतरित हो जाएगी।जस्टिस कौल ने भाटी से कहा कि प्रस्तावित भवन का निर्माण अभी शुरू भी नहीं हुआ है। उन्होंने कहा कि कुछ भी नहीं बनाया जा रहा है। काम शुरू भी नहीं हुआ है। केवल एक चीज जो हुई है वह यह है कि हम सभी वहां शिलान्यास के लिए शामिल हुए थे। वहां बस इतना ही हुआ है। और कुछ नहीं हुआ। वहां एक इंच भी हलचल नहीं है। उन्होंने कहा कि ऐसा लगता है कि फंड की कोई समस्या है। इस पर भाटी ने पीठ से अनुरोध किया कि उन्हें इस मुद्दे पर हलफनामा पेश करने की अनुमति दी जाए।




## रेलगाड़ियों का निरस्तीकरण एवं मार्ग परिवर्तन

लखनऊ डिवीजन के बाराबंकी–अयोध्या कैंट–शाहगंज–जफराबाद सेक्शन पर शाहगंज जं.–बिलवई–तुलसी नगर के बीच ट्रैक दोहरीकरण कार्य के संबंध में होने वाले नॉन इंटरलॉकिंग कार्य हेतु दिनांक 16.12.2023 तक उत्तर रेलवे द्वारा उपयुक्त ट्रैफिक ब्लॉक्स लिये जाएंगे, जिसके परिणामस्वरूप निम्नलिखित रेलगाड़ियाँ उनके समक्ष दर्शायी गई तिथियों पर निम्नानुसार प्रभावित रहेंगी:–

**रेलगाड़ियों का निरस्तीकरण**

| रेलगाड़ी संख्या एवं रेलगाड़ी का नाम | निरस्तीकरण की तिथि(याँ) (आरंभिक स्टेशन से) |
|---|---|
| 15025 मऊ जं.–आनन्द विहार(टर्मि.) एक्सप्रेस | 10.12.2023, 12.12.2023 |
| 15026 आनन्द विहार(टर्मि.)–मऊ जं. एक्सप्रेस | 08.12.2023, 11.12.2023, 15.12.2023 |
| 15083 छपरा जं.–फर्रुखाबाद एक्सप्रेस | 06.12.2023 से 16.12.2023 |
| 15084 फर्रुखाबाद–छपरा जं. एक्सप्रेस | 07.12.2023 से 17.12.2023 |
| 14213 वाराणसी जं.–गोंडा जं. इंटरसिटी एक्सप्रेस | 06.12.2023 से 16.12.2023 |
| 14214 गोंडा जं.–वाराणसी जं. इंटरसिटी एक्सप्रेस | 07.12.2023 से 17.12.2023 |
| 14017 रक्सौल जं.–आनन्द विहार(टर्मि.) सदभावना एक्सप्रेस | 07.12.2023, 14.12.2023 |
| 14018 आनन्द विहार(टर्मि.)–रक्सौल जं. सदभावना एक्सप्रेस | 06.12.2023, 13.12.2023 |
| 13509 आसनसोल जं.–गोंडा जं. एक्सप्रेस | 12.12.2023 |
| 13510 गोंडा जं.–आसनसोल जं. एक्सप्रेस | 13.12.2023 |
| 09465 अहमदाबाद जं.–दरभंगा जं. क्लोन विशेष | 08.12.2023, 15.12.2023 |
| 09466 दरभंगा जं.–अहमदाबाद जं. साबरमती एक्सप्रेस | 11.12.2023, 18.12.2023 |
| 05167 बलिया–शाहगंज अनारक्षित एक्सप्रेस विशेष | 16.12.2023 तक |
| 05168 शाहगंज–बलिया अनारक्षित एक्सप्रेस विशेष | 16.12.2023 तक |
| 05171 बलिया–शाहगंज अनारक्षित एक्सप्रेस विशेष | 16.12.2023 तक |
| 05172 शाहगंज–बलिया अनारक्षित एक्सप्रेस विशेष | 17.12.2023 तक |

**रेलगाड़ियों का मार्ग परिवर्तन**

| रेलगाड़ी संख्या एवं नाम | परिवर्तित मार्ग | तिथि (याँ) (आरंभिक स्टेशन से) |
|---|---|---|
| 13009/13010 हावड़ा जं.–योग नगरी ऋषिकेश–हावड़ा जं. दून एक्सप्रेस | वाराणसी जं.–मां बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं.–लखनऊ जं. | 10.12.2023 से 15.12.2023 |
| 15934 अमृतसर–न्यू तिनसुकिया जं. एक्सप्रेस | लखनऊ जं.–मां बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं.–वाराणसी जं.– | 15.12.2023 |
| 13328 कोटा जं.–पटना जं. एक्सप्रेस | लखनऊ जं.–सुलतानपुर जं.–जफराबाद | 10, 14, 15.12.2023 |
| 13483 मालदा टाउन–दिल्ली जं. फरक्का एक्सप्रेस | जफराबाद–सुलतानपुर जं.–लखनऊ जं. | 06, 08,10, 12, 13, 15.12.2023 |
| 13484 दिल्ली जं.–मालदा टाउन फरक्का एक्सप्रेस | लखनऊ जं.–सुलतानपुर जं.–जफराबाद | 10, 12, 14, 15.12.2023 |
| 15636 गुवाहाटी–ओखा जं. द्वारका एक्सप्रेस | जफराबाद–सुलतानपुर जं.–लखनऊ जं. | 11.12.2023 |
| 15668 कामाख्या–गांधीधाम जं. एक्सप्रेस | जफराबाद–सुलतानपुर जं.–लखनऊ जं. | 13.12.2023 |
| 19321 इन्दौर जं.–पटना जं. एक्सप्रेस | लखनऊ जं.–सुलतानपुर जं.–जफराबाद | 09.12.2023 |
| 22103 लोकमान्य तिलक(टर्मि.)–अयोध्या कैंट सुपरफास्ट एक्सप्रेस | जफराबाद–सुलतानपुर जं. | 11.12.2023 |
| 14649 जयनगर–अमृतसर जं. सरयू यमुना एक्सप्रेस | छपरा जं.–गोरखपुर जं.–गोंडा जं.–बाराबंकी–लखनऊ जं. | 08, 10, 12, 15.12.2023 |
| 14650 अमृतसर जं.–जयनगर सरयू यमुना एक्सप्रेस | लखनऊ जं.–बाराबंकी–गोंडा जं.–गोरखपुर जं.–छपरा जं. | 11.12.2023, 13.12.2023 |
| 15715 किशनगंज–अजमेर जं. गरीब नवाज़ एक्सप्रेस | छपरा जं.–गोरखपुर जं.–गोंडा जं.–बाराबंकी–लखनऊ जं. | 08, 10, 12, 15.12.2023 |
| 15716 अजमेर जं.–किशनगंज गरीब नवाज़ एक्सप्रेस | लखनऊ जं.–बाराबंकी–गोंडा जं.–गोरखपुर जं.–छपरा जं. | 07, 11, 12, 14.12.2023 |
| 19053 सूरत–मुजफ्फरपुर जं. एक्सप्रेस | लखनऊ जं.–बाराबंकी–गोंडा जं.–गोरखपुर जं.–छपरा जं. | 15.12.2023 |
| 19054 मुजफ्फरपुर जं.–सूरत एक्सप्रेस | छपरा जं.–गोरखपुर जं.–गोंडा जं.–बाराबंकी–लखनऊ जं. | 10.12.2023 |
| 19165 अहमदाबाद जं.–दरभंगा जं. साबरमती एक्सप्रेस | लखनऊ जं.–बाराबंकी–गोंडा जं.–गोरखपुर जं.–छपरा जं. | 06, 08, 10, 13, 15.12.2023 |
| 19166 दरभंगा जं.–अहमदाबाद जं. साबरमती एक्सप्रेस | छपरा जं.–गोरखपुर जं.–गोंडा जं.–बाराबंकी–लखनऊ जं. | 09, 11, 13, 16.12.2023 |
| 11055 लोकमान्य तिलक(टर्मि.)–गोरखपुर जं. गोदन एक्सप्रेस | जौनपुर जं.–औड़िहार जं.–मऊ जं.–गोरखपुर जं. | 06, 08, 10, 11, 13, 15.12.2023 |
| 11056 गोरखपुर जं.–लोकमान्य तिलक(टर्मि.) गोदन एक्सप्रेस | मऊ जं.–औड़िहार जं–जौनपुर जं. | 08, 10, 12, 13, 15.12.2023 |
| 11059 लोकमान्य तिलक(टर्मि.)–छपरा जं. छपरा एक्सप्रेस | जौनपुर जं.–औड़िहार जं.–मऊ जं.–गोरखपुर जं. | 07, 09, 12, 14.12.2023 |
| 11060 छपरा जं.–लोकमान्य तिलक(टर्मि.) छपरा एक्सप्रेस | मऊ जं.–औड़िहार जं–जौनपुर जं. | 07, 09, 11, 14, 16.12.2023 |
| 19045 सूरत–छपरा जं. ताप्ति गंगा एक्सप्रेस | जौनपुर जं.–औड़िहार जं.–मऊ जं. | 06, 07, 08, 10, 11, 13 14, 15.12.2023 |
| 19046 छपरा जं.–सूरत ताप्ति गंगा एक्सप्रेस | मऊ जं.–औड़िहार जं–जौनपुर जं. | 08, 09, 10, 12, 13 15, 16.12.2023 |
| 12225 आज़मगढ़–दिल्ली जं. कैफियत एक्सप्रेस | शाहगंज जं.–जौनपुर जं.–जौनपुर सिटी–सुलतानपुर जं.–लखनऊ जं.–उन्नाव जं.–कानपुर सेंट्रल | 06, 08, 09, 11, 12, 13, 15.12.2023 |
| 12226 दिल्ली जं.–आज़मगढ़ कैफियत एक्सप्रेस | | 07, 08, 10, 11, 12, 14, 15.12.2023 |

रेलयात्रियों से अनुरोध है किसी भी जानकारी के लिए रेलमदद हेल्पलाइन नं. 139 पर सम्पर्क करें अथवा रेलवे की वेबसाइट https://enquiry.indianrail.gov.in अथवा NTES ऐप देखें

रेलमदद वेबसाईट दखें: www.railmadad.indianrailways.gov.in रेलमदद ऐप डाउनलोड करें

रेलमदद हेल्पलाइन नं. 139

पर हमें फॉलो करें

आज़ादी का अमृत महोत्सव

उत्तर रेलवे

आपकी सुविधा–हमारा ध्येय

3816/2023

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें


**चंद्रयान-3 को लेकर ISRO की एक और बड़ी उपलब्धि**

## प्रोपल्शन मॉड्यूल ने सफलतापूर्वक पूरा किया अपना ये मिशन

**नई दिल्ली।** चंद्रयान-3 का प्रोपल्शन मॉड्यूल पृथ्वी की कक्षा में लौट गया है। इस सफलतापूर्वक मिशन के बाद इसरो को एक और बड़ी उपलब्धि हासिल हुई है। सोशल मीडिया X (पूर्व में ट्विटर) में इसरो ने पोस्ट किया, चंद्रयान-3 मिशन~ सीएच-3 का प्रोपल्शन मॉड्यूल (पीएम) ने एक सफल चक्कर लगाया। एक और अनूठे एक्सीपेरिमेंट में पीएम को चंद्र कक्षा से पृथ्वी की कक्षा में लाया गया।बता दें कि अंतरिक्ष यान को 14 जुलाई, 2023 को SDSC, स्रहर से LVMx-My वाहन पर लॉन्च किया गया था। 23 अगस्त को, विक्रम लैंडर ने चंद्रमा पर अपनी ऐतिहासिक लैंडिंग की और उसके बाद प्रज्ञान रोवर को तैनात किया गया। लैंडर और रोवर को 1 चंद्र दिवस ( पृथ्वी के 14 दिन ) तक लगातार संचालित किया गया। चंद्रयान-3 के मिशन उद्देश्य पूरी तरह से पूरे हो गए हैं। चंद्रयान-3 मिशन का प्राथमिक उद्देश्य चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुवीय क्षेत्र के निकट विक्रम और प्रज्ञान का उपयोग करके सॉफ्ट लैंडिंग प्रदर्शित करना था। वहीं, प्रोपल्शन मॉड्यूल का मुख्य उद्देश्य लैंडर मॉड्यूल को जियोस्टेशनरी ट्रांसफर ऑर्बिट (जीटीओ) से अंतिम चंद्र ध्रुवीय गोलाकार कक्षा तक पहुंचाना और लैंडर को अलग करना था। अलग होने के बाद, पीएम में रहने योग्य ग्रह पृथ्वी पेलोड के स्पेक्ट्रो-पोलरिमेट्री को भी संचालित किया गया। प्रारंभिक योजना इस पेलोड को पीएम के मिशन जीवन के दौरान लगभग तीन महीने तक संचालित करने की थी। LVMx द्वारा सटीक कक्षा इंजेक्शन के परिणामस्वरूप चंद्र कक्षा में एक महीने से अधिक के संचालन के बाद पीएम में 100 किलोग्राम से अधिक ईंधन की उपलब्धता हुई। भविष्य के चंद्र मिशनों के लिए अतिरिक्त जानकारी प्राप्त करने और नमूना वापसी मिशन के लिए मिशन संचालन रणनीतियों को प्रदर्शित करने के लिए पीएम में उपलब्ध ईंधन का उपयोग करने का निर्णय लिया गया।

## पाकिस्तान के पेशावर में स्कूल के पास विस्फोट, दो बच्चे घायल; जांच में जुटी पुलिस

**पेशावर।** पाकिस्तान के पेशावर शहर के वारसाक रोड पर एक स्कूल के पास मंगलवार को विस्फोट हो गया।

इस विस्फोट में दो बच्चे घायल हो गए हैं। पाकिस्तान के जियो न्यूज नेटवर्क ने पुलिस के हवासे से बताया है कि यह धमाका विस्फोटकों के फटने से हुआ है। पुलिस और बचाव 1122 टीमें घटना स्थल पर पहुंच कर जांच कर रही है।

बता दें कि साल 2014 में पेशावर शहर के एक सैनिक स्कूल में तालिबानी आतंकियों ने हमला कर दिया था। इस हमले में 132 बच्चों समेत 140 लोग मारे गए थे।

## पाकिस्तान में मारा गया भिंडरावाले का आतंकी भतीजा

**दौरा**

**मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, लखबीर की मौत दिल का दौरा पड़ने से हुई है। खास बात ये है कि लखबीर सिंह रोडे मारे गए खालिस्तानी आतंकवादी जरनैल सिंह भिंडरावाले का भतीजा था।**



**इस्लामाबाद।** खालिस्तानी अलगाववादी नेता लखबीर सिंह रोडे की पाकिस्तान में मौत हो गई है। लखबीर सिंह की मौत की खबर की पुष्टि उसके भाई जसबीर सिंह रोडे ने की है। 72 वर्षीय लखबीर प्रतिबंधित खालिस्तान लिबरेशन फोर्स का प्रमुख था, जो पाकिस्तान में रहकर भारत विरोधी अभियानों को चला रहा था।

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, लखबीर की मौत दिल का दौरा पड़ने से हुई है। खास बात ये है कि लखबीर सिंह रोडे मारे गए खालिस्तानी आतंकवादी जरनैल सिंह भिंडरावाले का भतीजा था। भिंडरावाले वहीं आतंकी था जिसने पूर्व प्रधान मंत्री इंदिरा गांधी के आदेश पर ऑपरेशन ब्लू स्टार के दौरान अमृतसर के स्वर्ण मंदिर के अंदर भारतीय सुरक्षा बलों को मारा था। बता दें कि लखबीर सिंह रोडे को भारत सरकार ने गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम के तहत आतंकवादी के रूप में सूचीबद्ध था। वह शुरू में दुबई में रहने के लिए भारत से भाग गया था और बाद में उसने पाकिस्तान में शरण ले ली। रोडे कई सालों से पाकिस्तान से प्रतिबंधित संगठन केएलएफ चला रहा था। वह पाकिस्तान के शहर लाहौर से भारत विरोधी गतिविधियों को अंजाम दे रहा था। लखबीर सिंह रोडे भारत में प्रतिबंधित संगठन केएलएफ का प्रमुख था। वह भारत-नेपाल बॉर्डर के पास खालिस्तान जिंदाबाद फोर्स सेल का शुरुआती आयोजक था। यह संस्था भी भारत विरोधी अभियानों में शामिल रही है। आतंकी लखबीर सिंह ने कई बार सार्वजनिक तौर पर स्वीकार किया था कि वह भारत के खिलाफ हमले करने के लिए पाकिस्तानी सरकार के साथ मिलकर काम कर रहा था। बाद में रोडे को 20 किलोग्राम आरडीएक्स के साथ गिरफ्तार किया गया था। उसने बाद में कहा था कि यह आरडीएक्स उसे काठमांडू में पाकिस्तानी दूतावास के एक पार्षद ने दिया था। इसके अलावा लखबीर सिंह रोडे 23 जून 1985 को एयर इंडिया 182 बम विस्फोट का भी मास्टरमाइंड था। यह बात आतंकवादी तलविंदर सिंह परमार ने पंजाब पुलिस के सामने कबूल करते हुआ बताया था। हालांकि, यह दावा अभी तक सिद्ध नहीं हुआ है।

लखबीर सिंह पर भारत सरकार के डोजियर के मुताबिक, वह पूरे भारत में वीवीआईपी को निशाना बनाने के लिए सीमा पार पंजाब में हथियारों और विस्फोटकों की तस्करी और आपूर्ति के लिए जिम्मेदार है।

लखबीर सिंह का बेटा भग्गू बराड़ फिलहाल कनाडा में रह रहा है और उस पर पंजाब में आतंकी गतिविधियों को अंजाम देने का आरोप है। वह अपने पिता को हथियार और पैसे मुहैया कराने के लिए नियमित रूप से पाकिस्तान जाता था।

## भारत दौरे पर बाइडन के शीर्ष राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार, खालिस्तानी आतंकी पन्नू समेत कई मुद्दों पर हुई चर्चा

**सलाहकार**

**विदेश मंत्री एस जयशंकर, राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजित डोभाल और विदेश सचिव विनय क्वात्रा के साथ द्विपक्षीय और क्षेत्रीय परामर्श किया।**



**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन के एक शीर्ष राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार भारत दौरे पर हैं। व्हाइट हाउस के अनुसार, दिल्ली में हुई बैठक में अमेरिकी सुरक्षा सलाहकार भारतीय अधिकारियों के साथ खालिस्तानी आतंकी गुरपतवंत सिंह पन्नू की हत्या के प्रयास से संबंधित आरोपों सहित विभिन्न द्विपक्षीय मुद्दों पर बातचीत करेंगे। इससे पहले सुरक्षा सलाहकार जॉन फाइनर ने भारत के उप राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार विक्रम मिस्री के साथ महत्वपूर्ण और उभरती प्रौद्योगिकी पर पहल और यूएस-भारत के रिश्तों में हुई प्रगति की समीक्षा की। व्हाइट हाउस ने कहा, अमेरिका-भारत साझेदारी में iCet एक प्रमुख मील का पत्थर है, जिसे रणनीतिक सुरक्षा और प्रौद्योगिकी सहयोग द्वारा तेजी से परिभाषित किया जा रहा है।

इसमें कहा गया है कि फाइनर ने व्यापक हिंद महासागर क्षेत्र सहित भारत-प्रशांत में समन्वय और नीति मजबूत करने के उद्देश्य से चर्चा के लिए विदेश मंत्री एस जयशंकर, राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजित डोभाल और विदेश सचिव विनय क्वात्रा के साथ द्विपक्षीय और क्षेत्रीय परामर्श किया। फाइनर ने अमेरिका में खालिस्तानी आंतकी गुरपतवंत सिंह पन्नू की हत्या की साजिश की जांच के लिए भारत द्वारा एक जांच समिति की स्थापना और जिम्मेदार पाए जाने वाले किसी भी व्यक्ति को जवाबदेह ठहराने की बात को भी सही ठहराया।

### संयुक्त राष्ट्र में स्थायी प्रतिनिधि रुचिरा कंबोज ने की 62वें संयुक्त राष्ट्र सामाजिक विकास आयोग बैठक की अध्यक्षता

**न्यूयॉर्क।** संयुक्त राष्ट्र में भारत की स्थायी प्रतिनिधि रुचिरा कंबोज ने सोमवार को 62वें संयुक्त राष्ट्र सामाजिक विकास आयोग की बैठक की अध्यक्षता की। बता दें कि सामाजिक विकास आयोग का 62वां सत्र 5 से 14 फरवरी, 2024 तक न्यूयॉर्क में संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय के सम्मेलन कक्ष 4 में होगा। संयुक्त राष्ट्र की वेबसाइट के अनुसार, आयोग अंतर्राष्ट्रीय परिवार वर्ष की तीसवीं वर्षगांठ भी मनाएगा। 62वें सत्र का केंद्रीय विषय सतत विकास के लिए 2030 एजेंडा के कार्यान्वयन पर प्रगति में तेजी लाने और गरीबी उन्मूलन के व्यापक लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए सामाजिक नीतियों के माध्यम से सामाजिक विकास और सामाजिक न्याय को बढ़ावा देना है।

सोशल मीडिया X (पूर्व में ट्विटर) में संयुक्त राष्ट्र में भारत ने एक पोस्ट में ब्रीफिंग के बारे में विवरण साझा करते हुए कहा, भारत ने फरवरी 2024 में सामाजिक विकास के लिए 62वें संयुक्त राष्ट्र आयोग की तैयारी में एक गहन सदस्य राज्य ब्रीफिंग का नेतृत्व किया। साथ मिलकर, हमारा लक्ष्य अधिक समावेशी और टिकाऊ भविष्य के लिए वैश्विक सहयोग को बढ़ावा देना है।

# नगर निगम प्रयागराज बना रहा है शहर में 1000 बेड की क्षमता वाला हॉस्टल

- प्रयागराज में छात्राओं और नौकरी करने वाली महिलाओं के लिए सबसे बड़े हॉस्टल का निर्माण करा रही है योगी सरकार
- दूसरे राज्यों से शहर में पढ़ाई के लिए आने वाली लड़कियों और नौकरी करने आने वाली महिलाओं के लिए बनेगा हॉस्टल

**अवधनामा संवाददाता**

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश प्रदेश में नारी शक्ति को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में योगी सरकार निरंतर प्रयास कर रही है। प्रयागराज शहर में दूसरे राज्यों से आकर एकेडमिक पढ़ाई करने, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने और नौकरी करने वाली महिलाओं को रहने के लिए अब आवास को लेकर सरकार ने कदम उठाया है। शहर में इसके लिए एक बड़े महिला हॉस्टल का निर्माण किया जा रहा है। प्रयागराज शहर शिक्षा का भी एक बड़ा केंद्र है। यहां हर साल प्रदेश के अलग-अलग हिस्सों और प्रदेश के बाहर से लड़कियां शिक्षा लेने और प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने आती हैं। इन लड़कियों और महिलाओं के लिए योगी सरकार नए साल में बड़ी सौगात देने जा रही है। नगर निगम ने इसके लिए शहर में 1000 बेड की क्षमता वाला हॉस्टल तैयार करने जा रहा है। नगर निगम प्रयागराज के नगर आयुक्त चंद्र मोहन गर्ग के मुताबिक शहरी क्षेत्र में महिलाओं और लड़कियों के लिए यह हॉस्टल बनाया जा रहा है। इस चार मंजिला हॉस्टल का निर्माण एक एकड़ में किया जाएगा। हॉस्टल का निर्माण किस स्थान होगा इस पर नगर आयुक्त की अध्यक्षता वाली कमेटी फैसला करेगी। नगर आयुक्त बताते हैं कि हास्टल का निर्माण अगले वित्तीय वर्ष में शुरू हो जाएगा। नगर निगम की ओर शहर के नैनी, सिविल लाइंस, नैनी, झलवा, झूंसी और फाफामऊ में जमीन देखी गई है।

### सर्व सुविधा संपन्न होगा हॉस्टल

**प्रयागराज।** प्रयागराज में लाखों की संख्या में लड़के और लड़कियां शहर आते हैं। सरकारी हॉस्टल न होने के कारण शहर के निजी हास्टल संचालक मनमाना किराया छात्राओं और नौकरी पेशा महिलाओं से वसूलते थे। इसकी वजह से वजह से योगी सरकार ने इसके लिए अलग से एक बड़ा महिला हॉस्टल बनाने का निर्णय लिया है। नगर आयुक्त चंद्र मोहन गर्ग बताते हैं कि स्मार्ट सिटी मिशन के अंतर्गत इस महिला हॉस्टल का निर्माण कराया जा रहा है जो शहर का सबसे बड़ा महिला हॉस्टल होगा। इस महिला हॉस्टल का निर्माण लगभग अगले वित्तीय वर्ष में शुरू होकर डेढ़ वर्ष में पूरा किया जाएगा। इसमें महिलाओं को भोजन का भी इंतजाम रहेगा। हॉस्टल परिसर में एक कैंटीन का निर्माण भी कराया जाएगा जिसमे कम दाम पर भोजन और नाश्ता मिलेगा। कैंटीन सुविधा के लिए हास्टल में रहने वालों को अपना रजिस्ट्रेशन कैंटीन में कराना होगा। इसके अलावा परिसर में मनोरंजन के लिए एक मनोरंजन कक्ष और एक लाइब्रेरी का निर्माण भी कराया जाएगा।

### देर रात आपस में टकराए इविवि के दो हॉस्टलों के छात्र

**प्रयागराज।** कर्नलगंज में बीती रात जीएन झा और एस एस एल हॉस्टल के छात्रों के बीच पहले पथराव हुआ। फिर बमबारी हुई। सूचना पर पुलिस पहुंची तो दोनों हॉस्टल के छात्र भाग निकले। मामले में अभी किसी पक्ष की ओर से कोई तहरीर नहीं दी गई है। पुलिस सीसीटीवी फुटेज के जरिए बमबाजी और पथराव करने वालों की तलाश में जुट गई है। मामले में नाका चौकी प्रभारी की ओर से खुद तहरीर देकर लगभग 100 अज्ञात उपद्रवियों के खिलाफ बलवा बमबाजी समेत अन्य धाराओं में एफआईआर दर्ज कराई गई है। दोनों हॉस्टल आमने-सामने स्थित हैं। एसीपी राजेश यादव का कहना है कि प्रारंभिक जांच पड़ताल में यह बात सामने आई है कि दिन में छोले भटूरे की दुकान पर किसी बात को लेकर दोनों हॉस्टल के कुछ छात्रों के बीच विवाद हुआ था। रात में झगड़ा इसी बात को लेकर हुआ या कोई अन्य विवाद था। यह उपद्रव में शामिल लड़कों के पकड़े जाने के बाद ही बताया जा सकेगा।

# प्रांत प्रचारक ने की श्री राम लला मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा के पूर्व गृह संपर्क कार्यक्रमों की घोषणा

**अवधनामा संवाददाता**



**प्रयागराज।** अयोध्या में श्रीरामलला की मूर्ति का प्राण प्रतिष्ठा 22 जनवरी 2024 दोपहर 12 बजकर 20 मिनट पर देश के प्रधानमन्त्री नरेन्द्र भाई मोदी एवम् राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक डॉक्टर मोहन भागवत की उपस्थिति में देश के संत, महंत,महामण्डलेश्वर, प्रबुद्ध प्रतिष्ठित आध्यात्मिक सांस्कृतिक समाज जीवन के प्रत्येक क्षेत्र के लगभग 10 हजार लोगों की उपस्थिति में सम्पन्न होने के ऐतिहासिक अवसर तक पूरे काशी प्रांत में हिंदू-शक्ति के व्यापक जन जागरण हेतु चरण बद्ध ढंग से एक बड़े गृह संपर्क महा अभियान की तिथि वार घोषणा कर दी गयी। मंगलवार को माधव ज्ञान केंद्र इंटर कॉलेज में संघ विचार परिवार के प्रमुख पदाधिकारियों की उपस्थिति में संघ के प्रांत प्रचारक रमेश ने इस महाअभियान की घोषणा की। उन्होंने कहा कि यह विश्व के सबसे बड़े संगठन की ओर से चलाया जाने वाला विश्व का सबसे बड़ा महाजनसंपर्क अभियान होगा। यह श्री राम जन्मभूमि रामलला प्राण प्रतिष्ठा गृह संपर्क महाअभियान के रूप में चलाया जाएगा। काशी प्रांत के 22 हजार गांवों में 55 हज़ार टोली बनाकर लगभग 3 लाख कार्यकर्ता के हाथों में पूजित अक्षत, श्रीराम मंदिर का चित्र एवं निमंत्रण पत्रक सबको देकर अयोध्या पहुंचने का निमंत्रण देंगे। उन्होंने बताया कि 1 से 15 जनवरी 2024 तक चलने वाले इस महाभियान को सफल बनाने के लिए कार्यकर्ताओं की टोली बनेगी। एक टोली में पांच कार्यकर्ता होंगे जिन्हें 15 दिनों में100 घरों मैं संपर्क करना होगा। बैठक में संघ परिवार के विभिन्न संगठनों के अतिरिक्त क्षेत्र सह सेवा प्रमुख युद्धवीर, सह प्रांत कार्यवाह प्रोफेसर राजबिहारी, प्रांत प्रचारक प्रमुख रामचंद्र, प्रांत प्रचार प्रमुख डॉ मुरारजी, सेवा प्रमुख सत्य विजय, विभाग संघ चालक प्रोफेसर केपी सिंह विभाग प्रचारक आदित्य, विभाग कार्यवाह डॉ संजय सिंह, घनश्याम अग्रहरि, प्रचार प्रमुख वासु, संजीव आदि सहित संघ परिवार के 5 सौ प्रमुख रूप से कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# स्वास्थ्य मिशन के कार्मिकों की मांगों को लेकर करेंगे विशाल प्रदर्शन

**अवधनामा संवाददाता**

**प्रयागराज।** 11 दिसंबर को अखिल भारतीय स्वास्थ्य एवं राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन कर्मचारी महासंघ के बैनर तले नई दिल्ली जंतर मंतर पर राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के कार्मिकों का मांगो को लेकर विशाल प्रदर्शन का आयोजन किया जा रहा है।

इस बारे में संयुक्त राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन कर्मचारी संघ उत्तर प्रदेश के महामंत्री योगेश उपाध्याय ने बताया कि विशाल प्रदर्शन में देश भर के एनएचएम संविदा कर्मी शामिल होंगे। उत्तर प्रदेश से संयुक्त राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन कर्मचारी संघ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश से एनएचएम संविदा कर्मी शामिल होंगे जिसके क्रम में निम्न कार्यक्रम प्रस्तावित है। कार्यक्रमो के आयोजन कड़ी में 7, 8, 9 दिसंबर को जिला अधिकारी के माध्यम से ज्ञापन प्रेषित किया जाएगा तथा 11 दिसंबर को सभी जिले से संविदा कर्मी नई दिल्ली कार्यक्रम शामिल होंगे। दिल्ली कार्यक्रम में शामिल न होने वाले कार्मिक अपने कार्य स्थल पर काला फीता बांध कर कार्य करेंगे।

# अशरफ कर रहा था जमीनों का कारोबार, ज़ैनब ने संभाली थी वसूली की कमान

**अवधनामा संवाददाता**

- पुलिस को मिली दर्जनों पर्चियां




**प्रयागराज।** कुख्यात माफिया माफिया अतीक अहमद और उसके भाई अशरफ की मौत के बाद इनके आर्थिक साम्राज्य का लगातार खुलासा हो रहा है।

धूमनगंज पुलिस ने पूरामुफ्ती के सल्लाहपुर में अशरफ की पत्नी ज़ैनब के फार्म हाउस में जब कुर्की की कार्रवाई की तो एक लकड़ी की अलमारी में कुछ फाइल फोल्डर भी मिले थे,जिसमें सैकड़ों पर्चियां मिली हैं। फटे हुए कागज़ की सैकड़ों पर्चियों पर नगद रकम और प्राप्त किया लिखा हुआ है और उसके नीचे ज़ैनब फातिमा की साइन की गई है। पुलिस ने जांच की तो ये पता चला कि अशरफ के लिए जहां-जहां से पैसे आते थे उसको ज़ैनब ही कलेक्ट करती थी और ये वही पर्चियां है।

माफिया अतीक अहमद के रियल स्टेट और अन्य सभी धंधे पहले अशरफ ही संभलता था, लेकिन अशरफ की ज़ैनब से शादी होने के बाद अशरफ अपने ससुराल वालों के साथ मिलकर अलग ज़मीनों का काम करने लगा।प्रयागराज, कौशांबी और बरेली के अलावा भी कई शहरों में अशरफ ने अपने सालों के ज़रिए रियल स्टेट के कारोबार में बड़ी रकम लगाई थी। ज़मीन बेचने या फिर किसी का मकान खाली करवाने के लिए अशरफ को जो रकम मिलती उसको ज़ैनब खुद लेती थी। पुलिस को डेढ़ लाख, 5 लाख, 3 लाख, 8 लाख, साढ़े सात लाख, 12 लाख, 19 लाख अमाउंट प्राप्ति वाली काफी पर्चियां मिली हैं और नीचे ज़ैनब की साइन है। ज़ैनब एक पर्ची पैसा देने वाले को देती थी, जबकि दूसरी पर्ची अशरफ को बरेली जेल भिजवा देती थी। अशरफ ने कई जगहों पर बड़ी-बड़ी रकम रियल स्टेट में इन्वेस्ट किया था,जिसमें प्रयागराज और बरेली के कई नामी बिल्डर भी शामिल हैं। अशरफ ने सभी को बोल रखा था कि उसके इन्वेस्ट के बारे में कोई (भाई साहब) यानी अतीक को नहीं बताएगा। साल 2019 में जब अशरफ अपने ससुराल से गिरफ्तार हुआ और जेल गया तो पैसो का सारा हिसाब-किताब उसकी पत्नी ज़ैनब की रखने लगी थी। ज़ैनब के फार्म हाउस से ज़ब्त हुए सामानों में कई ज़मीनों और फ्लैट के कागजात भी मिले हैं, जो अलग-अलग नामों पर है। पुलिस अब इन लोगों का पता लगा रही है कि ये लोग कौन हैं और अशरफ से इनके क्या ताल्लुक हैं। ज़ैनब की अलमारी से मिले फोल्डर में रकम प्राप्त करने वाली पर्चियों के बारे में डीसीपी सिटी दीपक भूकर का कहना है कि सभी पर्चियों में पैसा प्राप्त करने की बात हिंदी में लिखा गया और साइन इंग्लिश में किया गया है। इस बारे में पुलिस की स्पेशल टीम जांच कर रही है। डीसीपी के मुताबिक पुलिस को मिली पर्चियों का अगर अमाउंट जोड़ा जाए तो तीन करोड़ के आस-पास के लेन-देन का पता चलता है।

# वरिष्ठ सहित्यकार डॉ. विमला व्यास अहिल्याबाई सम्मान से सम्मानित

**अवधनामा संवाददाता**



**प्रयागराज।** बौद्धायन सोसाइटी, काशी की और से आयोजित 13वें कवयित्री सम्मेलन एवं सम्मान समारोह में प्रयागराज की वरिष्ठ सहित्यकार डॉ विमला व्यास को अहिल्याबाई सम्मान से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग की सदस्य निर्मला सिंह पटेल मुख्य अतिथि रहीं। काशीके मुर्धन्य विद्वानों की उपस्थिति में राष्ट्रीय स्तर की आठ रचनाकारों को विभिन्न सम्मानों से सम्मानित किया गय। जिसमे काशी की आचार्य नंदिता शास्त्री को काशी कस्तूरी सम्मान, प्रयागराज की वरिष्ठ सहित्यकार डॉ विमला व्यास को अहिल्याबाई सम्मान, दिल्ली की वरिष्ठ सहित्यकार डॉ प्रमिला भारती को भागीरथी सम्मान, काशी की वरिष्ठ साहित्यकार डॉ मुक्ता को अहिल्याबाई सम्मान और दिल्ली की डॉ. ममता सिंह को गोमती सम्मान से विभूषित किया गया। सभी साहित्यकारों को मुख्य अतिथि राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग की सदस्य निर्मला सिंह पटेल ने सम्मानित किया।

इस अवसर पर लमही से प्रकाशित प्रेमचंद पथ पत्रिका के काशी कवियत्री विशेषांक का विमोचन भी किया गया। सम्मान समारोह के बाद कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. मंजरी पाण्डेय तथा धन्यवाद ज्ञापन नवल किशोर गुप्त ने किया।

# घर घर पहुंचेगा श्रीराम जन्मभूमि अक्षत

**अवधनामा संवाददाता**

**जौनपुर।** अयोध्या में तैयार हो रहे श्रीराम मन्दिर के प्राण प्रतिष्ठा का अक्षत देश के घर घर तक पहुंचे,इसके लिए विश्व हिन्दू परिषद् अपने समस्त विचार परिवार के साथ लगा हुआ है। इसी क्रम में आज विभाग अध्यक्ष काशी प्रान्त उदय राज सिंह एवं विभाग मंत्री समर बहादुर सिंह जी ने अयोध्या से जौनपुर जिले में वितरण के लिए प्राप्त अक्षत को कलश में रख कर जिले के मध्य स्थित किरारवीर बाबा मंदिर के पुजारी जी को सौंप कर जनता के दर्शन पूजन के लिए अक्षत कलश को मंदिर में स्थापित कराया गया, जहां आम जन मानस उक्त अक्षत का दर्शन पूजन कर सकेंगे। जिलाध्यक्ष विमल सिंह जी ने बताया कि आगामी 8 दिसंबर को बैठक कर के उक्त अक्षत को जिले के समस्त प्रखंडों में भेजा जाएगा जहां विचार परिवार के कार्यकर्ताओं के माध्यम से आगामी 1 जनवरी 24 से अक्षत घर घर वितरण के लिए प्राप्त होगा , तदोपरान्त 22 जनवरी को अयोध्या में श्रीराम जन्मभूमि प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर लोग अपने अपने घर,गली मोहल्ले में स्थित मंदिरों में दीपक जलाकर श्रीराम कीर्तन पूजन कर आरती करेगें। उक्त अवसर पर जिला मंत्री आशीष मिश्रा,जिला प्रचार प्रमुख सुनील शर्मा एवं अन्य पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे। यह जानकारी सुनील शर्मा जिला प्रचार प्रमुख विश्व हिन्दू परिषद् जौनपुर,काशी प्रान्त ने दी है।

# नगर पंचायत चेयरमैन के वाहन पर पथराव

**अवधनामा संवाददाता**

**जौनपुर।** जिले के नगर पंचायत कजगांव में चेयरमैन के भाई तथा एक सभासद के बीच मंगलवार को नगर पंचायत कार्यालय परिसर के भीतर ही गाली-गलौज की घटना हुई। उसके बाद पथराव भी हुआ। तीन दिसम्बर को कस्बे के एक युवक की बारात मडियाहूं के शीतलगंज गयी थी।बारात में शामिल होने कजगांव नगर पंचायत अध्यक्ष फिरोज खान भी गए थे। वह मैरेज हाल में थे। उसी समय किसी ने फिरोज खान के कि कार का शीशा तोड़ दिया। मामले में मडियाहूं कोतवाली में अज्ञात के विरुध्द मुकदमा दर्ज किया था। फिरोज खान को कजगांव के कुछ लोगों पर शक है।

ज्ञात हो कि मंगलवार को ईओ आस्था पाठक ने एक बैठक बुलाया था। जिस दौरान बैठक कक्ष के बाहर कुछ लोगों के बीच गाली-गलौज हुआ।उसके बाद पथराव हुआ।मौके पर भगदड़ मच गई।

इस बारे में ईओ सुश्री आस्था पाठक ने बताया कि मैं कार्यालय के अंदर मीटिंग में थी। बाहर गाली-गलौज की आवाज आ रही थी। पथराव की आवाज भी हुई। दूसरी तरफ चेयरमैन के भाई ने बताया कि सभासद अखिलेश यादव व एक अन्य सभासद पुत्र के ऊपर शक था कि इन लोगों ने ही शीशा तोड़ा है। इसी बात को लेकर बहस हो रही थी। उन लोगों ने ही गाली-गलौज किया। उसके बाद कुछ लोगों को बुलाकर पथराव किया। उधर अखिलेश यादव ने बताया कि फिरोज खान ने मुझ पर झूठा आरोप लगाते हुए गाली-गलौज किया। शीतलगंज में जहां गाड़ी खड़ी थी वहां पेट्रोल पंप है। वहां लगे कैमरे से आरोपी को देख कर किसी पर आरोप लगाना चाहिये। घटना के बारे में थानाप्रभारी किशोर कुमार चैबे ने बताया कि गाली-गलौज होने की सूचना मिली थी।

## संक्षिप्त समाचार

### मानक से अधिक आवाज में डी.जे. बजाने वाले दो गिरफ्तार

**आजमगढ़।** थाना उ0नि0 अमरनाथ पाण्डेय मय हमराह ने ध्वनि विस्तारक यंत्र लगाकर अति तीव्र आवाज मे डी.जे. बजाकर आम जनमानस मे न्यूसेन्स पैदा करने वाले 02 अभियुक्तों 1- मोनू बिन्द पुत्र केशव बिन्द सा0 कमालपुर थाना बरदह जनपद आजमगढ़(पिकप चालक) 02-विजय बिन्द पुत्र महेन्द्र बिन्द सा0 चकचोर्रा थाना बरदह जनपद आजमगढ़ को 01 जनरेटर 07 केवी व 01 मिक्सर मशीन व 06 साउण्ड बाक्स व 04 यूनिट 03 डीजे मशीन 01 लोहे के गोल ट्रस्ट मे 12 लाइट के साथ गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 508/2023 धारा 268/188 भादवि व 15 पर्यावरण संरक्षण अधिनियम पंजीकृत कर चालान न्यायालय किया गया।

### दुल्हन करती रही बारात का इंतजार, दूल्हा हुआ फरार

**अतरौलिया,आजमगढ़।** हाथों में मेहंदी लगाकर दुल्हन करती रही बारात का इंतजार, दूल्हा हुआ फरार, कन्या पक्ष ने लगाया दहेज मांगने का आरोप। बता दे कि थाना क्षेत्र के छितौनी खास गांव के प्रहलाद प्रजापति के बेटी नीतू की शादी महाराजगंज थाना क्षेत्र के ग्राम अवसानपुर गांव निवासी दुर्गेश प्रजापति पुत्र खेलावन प्रजापति के साथ 5 दिसंबर 2023 को तय थी, आज ही के दिन मंगलवार को छितौनी खास में कन्या पक्ष के दरवाजे पर बारात आनी थी कि बीती रात लगभग 10रू30 बजे लड़की के भाई सुनील प्रजापति के पास शादी की मध्यक्षता करने वाली पुष्पा का फोन आया कि दूल्हा सुबह से घर से कहीं गायब हो गया है। लड़की के भाई सुनील प्रजापति ने बताया कि इसकी जानकारी प्राप्त होते ही दूल्हा दुर्गेश के घर फोन किया तो दुर्गेश के भाई तारकेश्वर ने फोन उठाया और बताया कि लड़का घर से गायब है।

# नैक टीम ने कुलपति को सौंपी मूल्यांकन की रिपोर्ट

**अवधनामा संवाददाता**

- ग्रामीण क्षेत्र के विकास को अवसर समझें विवि: प्रो सैकिया
- विश्वविद्यालय को उत्कृष्ट बनाने का है संकल्प: कुलपति



**जौनपुर।** वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय के आर्यभट्ट सभागार में मंगलवार को नैक मूल्यांकन टीम के अध्यक्ष प्रो. दिलीप कुमार सैकिया ने कुलपति प्रो. वंदना सिंह को एग्जिट मीटिंग में रिपोर्ट सौंपी। तीन से पांच दिसंबर 2023 तक तीन दिवसीय निरीक्षण कार्यक्रम में टीम ने विश्वविद्यालय की विभिन्न गतिविधियों का बिंदुवार निरीक्षण किया।

एग्जिट मीटिंग में नैक पीयर टीम के अध्यक्ष प्रो. दिलीप कुमार सैकिया ने कहा कि इस विश्वविद्यालय को आगे बढ़ाने में शिक्षक, अधिकारी, कर्मचारी और विद्यार्थी मिलकर काम कर रहे है यह बहुत सुखद है। पूर्वांचल के ग्रामीण क्षेत्र में स्थित यह विश्वविद्यालय शिक्षा के उच्च मापदंडों पर खरा है। चेयरमैन ने कहा कि पूविवि ने उत्तरोत्तर प्रगति की है यहां का इंफ्रास्ट्रक्टर बहुत अच्छा है , खेल और शोध की प्रगति अच्छी है जो की विवि की शक्ति है। आवासीय सुविधा अच्छी है। सभी को शोध में अच्छे पब्लिकेशन की तरफ बढ़ना चाहिए। आपका विवि ग्रामीण क्षेत्र में होने के बावजूद अच्छा कर रहा है।

समन्वयक सदस्य प्रो. शंकर दामोधरन ने कहा कि यहां के सभी लोग बहुत अनुशासित हैं। सवालों के जवाब में एविडेंस के साथ अच्छी प्रस्तुति की है जो कि किसी भी विश्वविद्यालय की प्रगति के लिए जरूरी है। यहां का सेंट्रल ऑफ एक्सीलेंस उत्कृष्ट कार्य कर रहा है। प्रो. संजय के. जैन ने कहा कि नैक टीम के सामने मूल्यांकन बहुत बड़ी समस्या होती है। निष्पक्ष मूल्यांकन करने में यहां के लोगों ने हमारी टीम की अच्छी मदद की है। उन्होंने नैक पीयर टीम के तीन दिवसीय निरीक्षण के अनुभवों को साझा किया। विश्वविद्यालय के विदयार्थियों द्वारा प्रस्तुत किये गए सांस्कृतिक कार्यक्रमों की खूब तारीफ की।

विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. वंदना सिंह ने कहा कि हम लगातार अपने विश्वविद्यालय में सुधार कर रहे हैं। साथ ही अपने कोर्स को अपडेट कर रहे हैं। हम विश्वविद्यालय को प्रदेश का उत्कृष्ट विश्वविद्यालय बनाने के लिए निरंतर काम कर रहे हैं। हमारे यहां के शिक्षक, अधिकारी और कर्मचारी सभी टीम भावना से कार्य करते हैं। उन्होंने कहा कि नैक मूल्यांकन को सफल कराने में विश्वविद्यालय के सभी सदस्यों ने अपना पूरा योगदान दिया है। आईक्यूएसी के समन्वयक प्रो. मानस पांडेय ने स्वागत, संचालन डॉ धर्मेंद्र सिंह और धन्यवाद ज्ञापन प्रो. अविनाश पाथर्डीकर ने किया। नैक पीयर टीम की छह सदस्यीय टीम में चेयरमैन प्रो. दिलीप सैकिया, समन्वयक सदस्य प्रो. शंकर दामोधरन, सदस्यगण प्रो. संजय के. जैन, प्रो. कृष्णन त्यागराजन, प्रो. देवानंद पाधा, प्रो. वृंदा जी. रहीं । दिनभर की गतिविधियों में कुलसचिव महेंद्र कुमार, परीक्षा नियंत्रक वीएन सिंह, उपकुलसचिव अमृतलाल, सहायक कुलसचिव अजीत सिंह, दीपक सिंह, बबिता सिंह, प्रो. वंदना राय, प्रो. अशोक श्रीवास्तव,प्रो. राजेश शर्मा, प्रो. देवराज सिंह, प्रो. मुराद अली, प्रो. सुरजीत यादव, प्रो. रजनीश भास्कर, डॉ. प्रमोद कुमार यादव, प्रो. राकेश यादव, ड़ॉ रसिकेश, डॉ. जाह्नवी श्रीवास्तव, डॉ. अनु त्यागी, डा. प्रवीण सिंह, सुशील कुमार, डा. सुनील कुमार, डॉ. दिग्विजय सिंह राठौर, डॉ. श्याम कन्हैया, डा. धर्मेंद्र सिंह, कर्मचारी संघ के अध्यक्ष नंद किशोर सिंह महामंत्री रमेश यादव, डॉ. पीके कौशिक, करूणा निराला आदि रहीं।

# एसडीएम राजनैतिक दलों के पदाधिकारियों के साथ करें बैठक: मण्डलायुक्त

**अवधनामा संवाददाता**



**आज़मगढ़।** मण्डलायुक्त मनीष चौहान ने अर्हता 01 जनवरी 2024 के आधार पर विधान सभा निर्वाचक नामावलियों के चल रहे पुनरीक्षण कार्यक्रम के अन्तर्गत जनपद आज़मगढ़ की प्रगति की समीक्षा किया। इस दौरान उन्होंने उपस्थित विभिन्नर ाजनैतिकदलों के पदाधिकारियों से पुनरीक्षण कार्यक्रम के सम्बन्ध में जहाँ सुझाव प्राप्त किये वहीं उनकी शिकायतों को भी सुना।उपस्थित राजनैतिकदलों के पदाधिकारियों द्वारा अवगत कराया गया कि गांवों के ऐसे लोग जो शहन में बस गये हैं। ऐसे अधिकांश लोगों के नाम गांव के साथ ही शहर की वोटर लिस्ट में भी सम्मिलित हैं। मण्डलायुक्त श्री चौहान ने इस सम्बन्ध में सभी उपजिलाधिकारियों को निर्देशित किया कि इस ओर विशेष ध्यान देकर ऐसे मतदाताओं के नाम एक ही निर्वाचक नामावली में शामिल करना सुनिश्चित किया जाय। इसके साथ ही उन्होंने राजनैतिकदलों के पदाधिकारियों से सम्बन्धित बीएलए के माध्यम से परिवर्धन एवं विलोपन कराने में सहयोग की अपेक्षा की। उन्होंने कहा कि पुनरीक्षण कार्यक्रम 9 दिसम्बर तक चलेगा तथा निर्वाचक नामावली में नाम जोड़ने एवं हटाने आदि के लिए ऑनलाइन एवं ऑफ्लाइन आवेदन किये जाने की व्यवस्था है। मण्डलायुक्त ने कहा कि बीएलओ की अनुपस्थिति, घर घर सम्पर्क नहीं किये जाने, शिथिलता बरतने आदि के सम्बन्ध में राजनैतिकदलों एवं जन प्रतिनिधियों की जो भी शिकायतें हैं वह तहसील स्तर पर ही निस्तारित हो जानी चाहिए। इस सम्बन्ध में उन्होंने सभी उपजिलाधिकारियों को सप्ताह में कम से कम एक बार राजनैतिकदलों के प्रतिनिधियों के साथ अनिवार्य रूप से बैठक कर उनकी शिकायतों एवं सुझावों को गंभीरता से लेते हुए उसका तहसील स्तर पर ही नियमानुसार निराकरण सुनिश्चित किया जाये।

### विश्व मृदा दिवस का आयोजन

**आजमगढ़।** आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय कुमारगंज अयोध्या के अधीन संचालित कृषि विज्ञान केंद्र कोटवा आजमगढ़ द्वारा बि. खण्ड मोहम्मदपुर में केंद्र के अंगीकृत ग्राम- रानीपुर रजमो में 5 दिसंबर,2023 को ष्विश्व मृदा दिवसष् का आयोजन किया गया इस बार इस दिवस की थीम मृदा एवं जलरू जीवन का आधार पर इस आयोजन को केंद्रित किया गया। कार्यक्रम के आयोजन में मुख्य अतिथि श्री अरुणाकर सिंह उर्फ हैप्पी सिंह जिला संयोजक भाजपा लालगंज ने मृदा संरक्षण और टिकाऊ मृदा उर्वरता प्रबंधन पर जोर दिया। कृषि विज्ञान केंद्र कोटवा के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ रणधीर नायक ने बताया कि मिट्टी विभिन्न अनुपातों में खनिजों, कार्बनिक पदार्थ और हवा से बनी होती है यह जीवन के लिए महत्वपूर्ण है क्योंकि यह एक पौधे के विकास के लिए माध्यम, कई लाभदायक जीवों के जीवन के लिए आवास प्रदान करती है।

# अब पीड़ित परिवार के साथ और अन्याय नहीं होगा: दयाराम



- दोहरे हत्याकांड में सपा डेलीगेट ने परिवार का बांटा दर्द
- बभनौटी में लगा समाजवादी पार्टी का जमघट

**अवधनामा संवाददाता**

**खेतासराय (जौनपुर)** कस्बा निवासी फूलचंद्र के दो युवा बेटो की निर्मम हत्या किए जाने पर मंगलवार को सपा सुप्रीमो अखिलेश यादव के निर्देश पर समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता व एमएलसी दयाराम प्रजापति के नेतृत्व में आठ सदस्यी टीम परिजनों को ढांढस बंधाने उनके आवास पहुँचा। मुक़दमे के सम्बन्ध में परिवार और पुलिस से वार्ता किया। मुजरिमों को कठोर सज़ा दिलवाने और हरसंभव मदद का आश्वाशन दिया।

बभनौटी मुहल्ले पहुँचे सपा डेलीगेट के सामने परिवार के करुण क्रंदन से हर कोई मर्माहत दिखा। मृतक के स्वजनों को ढांढस बंधाते हुए उनके आँसू पोछे। नेतृत्व कर रहे पूर्व एमएलसी दयाराम प्रजापति ने कहा कि इस प्रकरण को सपा सुप्रीमो ने काफ़ी गम्भीरता से लिया है। अब इस परिवार के साथ अन्याय नही होने दिया जाएगा। समाजवादी पार्टी हर तरह से साथ है। मुख्यमंत्री राहत कोष से पचास लाख की सहायता राशि और परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को भी पत्र लिखेंगे। दोहरे हत्याकांड में दर्ज मुकमदे के सम्बंध में क़स्बा इंचार्ज मंहगू यादव को बुलाकर बात की। क़ानून व्यस्था के सवाल पर बिना नाम लिए उन्होंने सरकार को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि माफिया और गुंडे सूबे में उनकी क्या गतिविधि है, मीडिया से अच्छा कौन जान सकता है। इस मौके पर डेलीगेट में शामिल राष्ट्रीय सचिव पूर्व विधायक अरशद खान, जिला अध्यक्ष डॉ अवधनाथ पाल, पूर्व प्रेदश सचिव पिछड़ा वर्ग दिनेश प्रजापति, हरवीर सिंह प्रजापति, वीरेंद्र यादव, डॉ राम गोविंद प्रजापति, चेयरमैन वसीम अहमद, छात्र नेता दिलीप प्रजापति, वरिष्ठ नेता लालचन्द्र लाले, पूनम मौर्या, हिसामुद्दीन, त्रिभुवन यादव, राकेश यादव, सतीश यादव, ऋषी यादव समेत भारी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### . तो चेयरमैन वसीम दो लोगों को देंगे नौकरी

**खेतासराय (जौनपुर)** यहाँ पहुँचा डेलीगेट में परिजनों ने भरण पोषण के लिए नौकरी की मांग उठायी तो पूर्व एमएलसी दयाराम प्रजापति अपने पार्टी के नगर पंचायत अध्यक्ष वसीम अहमद से जब तक सरकार की तरफ़ से स्थाई नौकरी न मिल जाए तब तक मृतक की बहन विनीता और उनके पति दीपक प्रजापति को नौकरी देने की मांग रखी तो उन्होंने डेली बेसिस पर रखने की बात कही। कुछ समय के बाद ये लोग मानदेय पर हो जाएंगे। नगर पंचायत अध्यक्ष की पहल को डेली गेट में शामिल लोगों ने सराहा।

# शेयर बाजार की रिकॉर्ड छलांग जारी, सेंसेक्स 431 अंक चढ़ा, निफ्टी पहली बार 20850 के पार

**नई दिल्ली।** शेयर बाजार में रिकॉर्ड बढ़त बरकरार है। सोमवार की मजबूती के बाद मंगलवार को भी बाजार बड़ी छलांग लगाकर बंद हुए। हफ्ते के दूसरे कारोबारी दिन सेंसेक्स 431.02 (0.62%) अंकों की बढ़त के साथ पहली बार 69,296.14 के स्तर पर बंद हुआ। वहीं दूसरी ओर, निफ्टी 168.30 (0.81%) अंक मजबूत होकर 20,855.10 के नए रिकॉर्ड हाई पर बंद हुआ। मंगलवार को बाजार में बैंकिंग सेक्टर के शेयरों से मजबूती आई। इससे पहले रविवार और सोमवार को आए पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव परिणामों के बाद हफ्ते के पहले कारोबारी दिन बीएसई सेंसेक्स 1383 अंक उछलकर 68,865 पर बंद हुआ था। बीएसई में सूचीबद्ध कंपनियों का बाजार पूंजीकरण मंगलवार को सुबह के कारोबार में 2.4 लाख करोड़ रुपये बढ़कर 345.88 लाख करोड़ रुपये



पर पहुंच गया, यह सोमवार को 343.48 लाख करोड़ रुपये था। सेंसेक्स की कंपनियों में अदाणी एंटरप्राइजेज और अदाणी पोर्ट्स के शेयर क्रमशः 4.40 प्रतिशत और 4.37 प्रतिशत की बढ़त में रहे। बीपीसीएल, एक्सिस बैंक, महिंद्रा एंड महिंद्रा और एसबीआई के शेयर भी लाभ में रहे। बंबई शेयर बाजार के 30 शेयरों में से 20 में तेजी रही। वहीं निफ्टी के 50 शेयरों में 37 शेयरों में तेजी दर्ज की गई। छह कारोबारी सत्रों में निवेशकों की संपत्ति में 17.16 लाख करोड़ रुपये का इजाफा हुआ है। व्यापक बाजार की बात करें तो बीएसई का मिडकैप सूचकांक 0.54 प्रतिशत और स्मॉलकैप सूचकांक 0.50 प्रतिशत चढ़ा। बीएसई में सूचीबद्ध सभी कंपनियों का संयुक्त बाजार मूल्यांकन 29 नवंबर को पहली बार 4 ट्रिलियन डॉलर यानी 334.72 ट्रिलियन रुपये पर पहुंच गया था। मोतीलाल ओसवाल फाइनेंशियल सर्विसेज लिमिटेड के खुदरा शोध प्रमुख सिद्धार्थ खेमका के अनुसार, भारतीय शेयर बाजारों ने तीन राज्यों में भाजपा की शानदार जीत का जश्न मनाया और 400 अंकों से अधिक की तेजी के साथ नई ऊंचाई पर पहुंच गए। उन्होंने कहा, चुनाव परिणामों में भाजपा के पक्ष में नतीजे, मजबूत वृहद आर्थिक आंकड़े तथा वैश्विक ब्याज दर में कटौती की उम्मीदों के बीच बाजार को गति मिल रही है। निफ्टी 23 अक्तूबर के अपने स्तर 18,837 की तुलना में 1,865 अंक यानी 10 प्रतिशत मजबूत हुआ है।

खेमका ने कहा, ÷हमें उम्मीद है कि बाजार धारणा और मजबूत होगी क्योंकि चुनाव पूर्व से चल रही तेजी अब काफी मजबूत स्थिति में है। अनुमान है कि प्रमुख क्षेत्रों में दीर्घकालिक पूंजीगत व्यय के प्रति सरकार के फोकस को देखते हुए, हमें उम्मीद है कि बीएफएसआई, इंडस्ट्रियल्स, रियल एस्टेट, ऑटो और कंज्यूमर गुड्स से जुड़े शेयर अच्छा प्रदर्शन करेंगे।

## यूको बैंक में इस साल 820 करोड़ का संदिग्ध आईएमपीएस लेनदेन

# सीबीआई ने 13 स्थानों पर छापेमारी की

**नई दिल्ली।** केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने इस साल नवंबर में यूको बैंक में 820 करोड़ रुपये के संदिग्ध आईएमपीएस (तत्काल भुगतान सेवा) लेनदेन के सिलसिले में एक प्राथमिकी दर्ज की है और कई शहरों में 13 स्थानों पर छापेमारी की है। अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि तलाशी अभियान सोमवार देर रात तक जारी रहा और इसमें कोलकाता व मैंगलोर भी शामिल थे। सीबीआई ने यह कार्रवाई यूको बैंक की शिकायत पर बैंक में काम करने वाले दो सहायक इंजीनियरों और अन्य अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ दर्ज प्राथमिकी के बाद की है। एजेंसी के प्रवक्ता ने एक बयान में कहा कि एजेंसी ने करीब 820 करोड़ रुपये के संदिग्ध आईएमपीएस लेनदेन का आरोप लगाया है।

तलाशी के दौरान बरामद हुआ ये सामान

उन्होंने बताया कि तलाशी के दौरान मोबाइल फोन, लैपटॉप,




कंप्यूटर सिस्टम, ईमेल अर्काइव और डेबिट/क्रेडिट कार्ड सहित इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्य बरामद किए गए। अधिकारियों ने कहा, यह आरोप लगाया गया है कि 10 नवंबर 2023 और 13 नवंबर 2023 के बीच सात निजी बैंकों के 14000 खाताधारकों से आईएमपीएस आवक लेनदेन को आईएमपीएस चैनल के माध्यम से यूको बैंक के भीतर 41,000 खाताधारकों को निर्देशित किया गया।

## सोना 1050 रुपये प्रति 10 ग्राम सस्ता, चांदी 1700 रुपये प्रति किलोग्राम लुढ़की

**नई दिल्ली।** वैश्विक बाजारों में कमजोरी के रुख के बीच दिल्ली सर्राफा बाजार में मंगलवार को सोना 1,050 रुपये टूटकर 63,250 रुपये प्रति 10 ग्राम पर आ गया। पिछले कारोबारी सत्र में सोना 64,300 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था।

इस दौरान चांदी भी 1,700 रुपये टूटकर 78,500 रुपये प्रति किलोग्राम पर आ गई। एचडीएफसी सिक्युरिटीज के वरिष्ठ विश्लेषक सौमिल गांधी ने कहा, विदेशी बाजारों में मंदी के रुख के बीच दिल्ली सर्राफा बाजार में मंगलवार को सोने की कीमत 1,050 रुपये की गिरावट के साथ 63,250 रुपये प्रति 10 ग्राम रह गई।

वायदा कारोबार में एमसीएक्स पर सोने का फरवरी अनुबंध 46 रुपये चढ़कर 62,415 रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया। हालांकि, चांदी के मार्च अनुबंध की कीमत 389 रुपये की गिरावट के साथ 75,779 रुपये प्रति किलोग्राम रह गई।

# 8 व 9 दिसंबर को जयपुरिया में रहेगी ओजस-23 की धूम

**लखनऊ।** जयपुरिया इंस्टीटयूट ऑफ़ मैनेजमेन्ट, लखनऊ का दो दिवसीय वार्षिक छात्र उत्सव 'ओजस 2023' 8-9 दिसम्बर को होने जा रहा है। इस युवा उत्सव में



लखनऊ शहर तथा आस पास से कई कॉलेज ऑनलाइन तथा ऑफलाइन हिस्सा लेंगे। इस बात की जानकारी जयपुरिया लखनऊ की निदेशक डॉ. कविता पाठक तथा डीन-स्टूडेंट अफेयर्स सीए डॉ. रश्मि चौधरी ने प्रेस वार्ता के दौरान दी। उन्होंने बताया की उत्सव की तैयारी पूर्ण कर ली गयी है। ओजस महोत्सव के माध्यम से उभरती हुई प्रतिभाओं को मंच मिलेगा। इस वर्ष ओजस की थीम 'हॉलीवुड हिलेरिटीः सिटकॉम एक्सपीरियन्स' को रखा गया है। दो दिवसीय ओजस 2023 फेस्ट में संगीत, कलात्मक, साहित्यिक, और प्रश्नोत्तरी सहित 25 से भी अधिक प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएँगी।

ओजस 2023 में विभिन्न कार्यक्रमों को आयोजन किया जायेगा जिसमें प्रमुख आयोजन निम्न प्रकार हैंः- सेलेब्रिटी नाइट, डीजे नाइट, ओजस ओपन, फ्रेंड्सक्राइब, टू एंड हॉफ राउंड्स, फैशनिस्टा, माइंड मिगल, सर्च सेटायर, सिटकाम एस्केपैड, बैटल ऑफ़ बैंड, सिंगकॉम, डिबेट, नुक्कड़ नाटक, आदि होंगे।

÷ओजस का मुख्य उद्देश्य प्रतिभाशाली छात्रों को मंच प्रदान करना, विभिन्न प्रतिस्पर्धाओं के माध्यम से छात्रों में छिपे हुनर की पहचान करना, उनका सर्वांगीण विकास, तथा समावेशी वातावरण में सीखने के विविध अवसर प्रदान करना है।÷, जयपुरिया इंस्टीटयूट ऑफ़ मैनेजमेन्ट, लखनऊ की डीन (स्टूडेन्ट अफेयर) सीए डॉ. रश्मि चैधरी

आदित्य जायसवाल, प्रेसिडेंट-स्टूडेंट डेवलपमेंट कॉउन्सिल, बैच 2022-24 ने कहा कि ओजस को आकार देने में हमारे छात्रों का समपर्ण देखकर मैं गौरवान्वित महसूस कर रहा हूं। यह भीतर की शक्ति का अन्वेषण करने और सभी के लिए एक अविस्मरणीय अनुभव बनाने का समय है।

## छह कारोबारी सत्रों में निवेशकों की संपत्ति 17.16 लाख करोड़ रुपये बढ़ी, बाजार फिर नए हाई पर

**नई दिल्ली।** भारतीय बाजार में विदेशी पूंजी प्रवाह जारी रहने के बीच प्रमुख शेयर सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी के मंगलवार को सुबह के कारोबार में नई ऊंचाई पर पहुंचने से निवेशकों की संपत्ति 2.4 लाख करोड़ रुपये बढ़ गई। विश्लेषकों के अनुसार विदेशी संस्थागत निवेशकों ने अपनी बिकवाली रणनीति में बदलाव किया है और पिछले सात दिनों के दौरान लगातार खरीदारी की है। उन्होंने कहा कि यह गति भारतीय बाजार में संस्थागत निवेशकों के विश्वास को दर्शाती है। बंबई शेयर बाजार का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स शुरुआती कारोबार में 169.94 अंक यानी 0.25 प्रतिशत बढ़कर 69,035.06 अंक की नई ऊंचाई पर पहुंच गया। इस दौरान नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 52.60 अंक या 0.25 प्रतिशत की बढ़त के साथ 20,739.40 अंक के सर्वकालिक उच्चस्तर पर पहुंच गया। बीएसई में सूचीबद्ध कंपनियों का बाजार पूंजीकरण मंगलवार को सुबह के कारोबार में 2.4 लाख करोड़ रुपये बढ़कर 345.88 लाख करोड़ रुपये पर पहुंच गया, यह सोमवार को 343.48 लाख करोड़ रुपये था। सेंसेक्स की कंपनियों में अदाणी एंटरप्राइजेज और अदाणी पोर्ट्स के शेयर क्रमशः 4.40 प्रतिशत और 4.37 प्रतिशत की बढ़त में रहे। बीपीसीएल, एक्सिस बैंक, महिंद्रा एंड महिंद्रा और एसबीआई के शेयर भी लाभ में रहे। बंबई शेयर बाजार के 30 शेयरों में से 20 में तेजी रही। वहीं निफ्टी के 50 शेयरों में 37 शेयरों में तेजी दर्ज की गई। छह कारोबारी सत्रों में निवेशकों की संपत्ति में 17.16 लाख करोड़ रुपये का इजाफा हुआ है। व्यापक बाजार की बात करें तो बीएसई का मिडकैप सूचकांक 0.54 प्रतिशत और स्मॉलकैप सूचकांक 0.50 प्रतिशत चढ़ा। बीएसई में सूचीबद्ध सभी कंपनियों का संयुक्त बाजार मूल्यांकन 29 नवंबर को पहली बार 4 ट्रिलियन डॉलर यानी 334.72 ट्रिलियन रुपये पर पहुंच गया था।

# डीएसपी म्यूचुअल फ़ंड ने डीएसपी निफ़्टी स्मॉल कैप 250 क्वालिटी 50 इंडेक्स फ़ंड लॉन्च किया

**लखनऊ।** डीएसपी म्यूचुअल फ़ंड ने पहली बार 'क्वालिटी-फ़ोकस्ड' स्मॉलकैप फ़ंड डीएसपी निफ़्टी स्मॉलकैप 250 क्वालिटी 50 इंडेक्स फ़ंड लॉन्च करने की घोषणा की, जो निफ़्टी स्मॉलकैप 250 क्वालिटी 50 इंडेक्स पर नज़र रखने वाली एक ओपन-एंडेड स्कीम है। निफ़्टी स्मॉलकैप 250 यूनिवर्स के 250 शेयरों में से, इंडेक्स कंपनियों को फ़िल्टर करने और क्राइटेरिया के अनुरूप 50 शेयर चुनने के लिए एक्सक्लूज़न क्राइटेरिया और स्टॉक सिलेक्शन क्राइटेरिया लागू करता है। क्वालिटी फ़िल्टर में रिटर्न ऑन इक्विटी, डेट टू इक्विटी और प्रति शेयर कमाई शामिल है। इसलिए, निफ़्टी स्मॉलकैप 250 क्वालिटी 50 इंडेक्स (क्वालिटी इंडेक्स) में ऐसी कंपनियाँ हैं जिनके पास निफ़्टी स्मॉलकैप 250 (ब्रॉडर इंडेक्स) की तुलना में इक्विटी पर ज़्यादा रिटर्न और कम लेवरेज है। इंवेस्टर्स से SIP रूट के ज़रिए DSP NSQ50IF ख़रीदने की सिफ़ारिश की जाती है। 10 साल के SIP रिटर्न से पता चला है कि क्वालिटी इंडेक्स में लंबी अवधि के SIP ने बाज़ार के उच्च या निम्न स्तर पर होने के बावजूद समान रिटर्न दिया है और ब्रॉडर इंडेक्स की तुलना में काफ़ी बेहतर रिटर्न दिया है। सही मायनों में, 10 दिसंबर, 2007 से 10 नवंबर 2010, 10 नवंबर 2010 से 19 मई 2014 और 15 जनवरी 2018 से 16 मार्च, 2021 की अवधि के दौरान, जब ब्रॉडर इंडेक्स में एकमुश्त 0% रिटर्न दिया, तब ब्रॉडर इंडेक्स में SIP रिटर्न 18 से 41त्न के बीच था और क्वालिटी इंडेक्स में एक ही समय अवधि में 20 से 52त्न के बीच था। क्वालिटी इंडेक्स ने अपनी शुरुआत के बाद से अपने मूल ब्रॉडर इंडेक्स को पीछे छोड़ दिया है। 19 में से 12 कैलेंडर वर्षों में, क्वालिटी इंडेक्स ने ब्रॉडर इंडेक्स की तुलना में बेहतर परफ़ॉर्म किया है। सही मायने में, 10 साल के आधार पर, क्वालिटी इंडेक्स ने हमेशा ब्रॉडर इंडेक्स के साथ-साथ सक्रिय स्मॉलकैप फ़ंड्स से बेहतर परफ़ॉर्म किया है। ब्रॉडर इंडेक्स की तुलना में रैलियों और गिरावट के दौरान क्वालिटी इंडेक्स भी बेहतर रहा है। डेटा यह भी दिखाता है कि बेहतर रिटर्न की संभावना बढ़ जाती है और ब्रॉडर इंडेक्स की तुलना में क्वालिटी इंडेक्स के लिए लंबे कार्यकाल के साथ नकारात्मक रिटर्न कम हो जाता है।

# युवा भारतीय लेखकों ने पॉकेट एफ एम केसाथ अपनी सफलता का मनाया जश्न!

**लखनऊ।** ऑडियो सीरीज प्लेटफार्म में अग्रणी ग्लोबल मंच पॉकेट एफएम ने अपने लेखकों के लिए एक मीट-अप सत्र का आयोजन किया , जहां वे अपने प्रतिभाशाली लेखकों के साथ उनकी अनूठी यात्रा साझा करने के लिए एक साथ नज़र आए। इस मीट-अप में पॉकेट एफएम की प्रसिद्ध लेखिका मोनी सिंह, जान्हवी सोनी और काव्या शर्मा की उपस्थिति देखी गई, जिन्होंने अपने अनुभव, प्रेरणाओं और इस रचनात्मक समुदाय का हिस्सा होने की खुशी जताई। ख़ास बात यह है कि इस मीट-अप के दौरान उन्होंने महत्वाकांक्षी लेखकों को भविष्य की ओर एक कदम आगे बढ़ाने की सलाह दी जो न सिर्फ उनके जीवन मन बदलाव लाएगी बल्कि उनके आस पास के लोगों का भीअनुभव बदल सकती है। पॉकेट एफएम न सिर्फ लेखकों को उनकी प्रतिभा प्रदर्शित करने का मंच प्रदान कर रहा है बल्कि उन्हें वित्तीय स्वतंत्रता, लाखों श्रोता, मजबूत प्रशंसक और सब से महत्वपूर्ण उन्हें मान्यता और गर्व प्राप्त करने की दिशा में विकसित कर रहा है।

पॉकेट एफएम के साथ अपनी




लेखन यात्रा पर बात करते हुए लेखिका मोनी सिंह ने कहा, मेरी यात्रा विकास और गौरव से भरी रही है। मैं अपने परिवार में पहली लेखिका हूं, जो मेरे लिए किसी उपलब्धि से कम नहीं है। मेरी रचना अब दुनिया भर में लाखों लोगों तक पहुंच रही है, इसने मुझे पहचान दी है और मेरे सामाजिक जीवन को गर्व से ऊंचा उठाया है। मेरे दोस्त और सभी परिवार जन अक्सर मेरी कहानियों को एक दूसरे से साझा कर के मेरी सफलता को सराहते हैं, जो कभी-कभी मुझे एक सेलिब्रिटी की तरह महसूस कराते हैं। उत्साहित जान्हवी सोनी ने एक भावनात्मक किस्सा साझा करते हुए कहा, हाल ही में, मेरी माँ एक रिश्तेदार को दिखाने के लिए इंटरनेट पर मेरा नाम खोज रही थीऔर जब एक लेखक केरूप में मेरा नाम सामने आया तो यह उनके लिए गर्व और उपलब्धि का क्षण था। यह एक ऐसा क्षण था जब मुझे लगा कि मैंने अपने माता-पिता को अपनी पेशेवर उपलब्धि पर गर्व महसूस कराया है। मैं पॉकेट एफएम की आभारी हूं जिसकी मदद से न केवल मुझे वित्तीय स्वतंत्रता मिली बल्कि मेरे परिवार में खुशी लाने वाले गर्व की भावना पैदा करने का भी श्रेय इस मंच को जाता है, जिन्हों ने मुझे यह मौका प्रदान किया। काव्या शर्मा ने कहा, कई लोगों की तरह, महामारी ने मुझे भी नहीं बख्शा था। 6 महीने तक मेरा भी स्वास्थ्य बिगड़ा रहा, लेकिन पॉकेट एफएम मेरे लिए अंधेरे में उम्मीद बन कर उभरा। इसने मुझे एक लेखक के रूप में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया और मुझे आर्थिक रूप से सशक्त बनाया। आज मैं पॉकेट एफएम की आभारी हूं कि इस मंच मुझे न केवल अपनी पहचान दी बल्कि मेरे जीवन में वित्तीय स्थिरता भी लाई। मोनी, जान्हवी और काव्या इस बात का जीता -जागता सबूत हैं कि समर्पण और सही मंच के साथ, उभरते लेखक अपने सपनों को हकीकत में बदल सकते हैं।

उनकी सफलता की कहानियाँ देशके हर महत्वाकांक्षी लेखक को प्रेरित करने केलिए बाध्य हैं जो एक लेखक के रूप में अपनी पहचान और जगह बनाना चाहते हैं। पॉकेट एफएम नेअपने इस मंच के ज़रिए नए उभरते युवा लेखकों के सपनों को हकीकत में बदलने और उनकी मदद करने के लिए, देश के कोने-कोने से प्रतिभाओं को खोजने और उनका पोषण करने का अपना मिशन जारी रखा है।

# गुजरात की दो महिलाओं ने बताया पर्यावरण बचाने का तरीका

**नई दिल्ली।** देसी परिधान पहनकर संगीताबेन राठौड़ और जसुमतिबेन जेठाबाई परमार ने जलवायु परिवर्तन से निपटने के लिए शक्तिशाली पारंपरिक समाधानों के साथ यहां वैश्विक जलवायु सम्मेलन में दमदार मौजूदगी दर्ज कराई। इससे पहले कभी अपने गृह राज्य गुजरात से बाहर नहीं निकलीं अरावली की राठौड़ और जेतापुर की परमार ने जलवायु परिवर्तन से निपटने के लिए व्यावहारिक समाधान पेश किए जो अंतरराष्ट्रीय मंच पर धूम मचा रहे हैं।

अपने पारंपरिक ज्ञान के बलबूते वे नीम की पत्तियों और गौमूत्र का इस्तेमाल कर जैविक खाद एवं कीटनाशक बना रही हैं, जिसने न केवल वर्षों तक उनकी फसलों को बचाकर रखा है बल्कि पूरे भारत में महिला किसान इसे अपना रही हैं। इससे रासायनिक खाद का एक सतत विकल्प मिला है।

राठौड़ ने कहा, ''मैंने जलवायु परिवर्तन के कारण भारी नुकसान झेलने के बाद स्थानीय समाधान की तलाश करने की ठानी। मुझे 2019 में 1.5 लाख रुपये से अधिक की गेहूं की फसल का नुकसान हुआ। उसके बाद हमने समस्या पर गौर करना शुरू किया और हमें पता चला कि बदलती जलवायु के कारण कीटों का हमला काफी ज्यादा बढ़ गया है और वाणिज्यिक कीटनाशकों का असर नहीं हो रहा है। इसके बाद हमने पारंपरिक समाधानों का रुख करने की सोची जिसका हमारे पूर्वज इस्तेमाल करते थे जिसमें नीम की पत्तियां और गौमूत्र शामिल है।'' राठौड़ से यह पूछने पर कि वैश्विक मंच पर वह क्या उम्मीद कर रही हैं, इस पर उन्होंने कहा कि वह उम्मीद करती हैं कि जो समाधान उन्होंने अपनाए हैं उन्हें ज्यादा से ज्यादा लोगों के साथ साझा किया जाए और वार्ताकारों को इस बात का अहसास कराया जाए कि जलवायु परिवर्तन के कारण भारत में महिलाओं पर क्या असर पड़ रहा है और हमें किस मदद की जरूरत है।

## भारत 2030 तक दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनेगा, एसएंडपी ने किया दावा

**नई दिल्ली।** एसएंडपी का मानना है कि देश के लिए एक बड़ी परीक्षा 'विशाल अवसर' का लाभ उठाकर खुद को अगला बड़ा वैश्विक विनिर्माण केंद्र बनाने की है। एसएंडपी की रिपोर्ट 'ग्लोबल क्रेडिट आउटलुक 2024ः न्यू रिस्क, न्यू प्लेबुक' में कहा गया है कि मार्च 2024 यानी चालू वित्त वर्ष में जीडीपी की वृद्धि दर 6.4 प्रतिशत रहने का अनुमान है। 2026 में इसके सात प्रतिशत पहुंचने की उम्मीद है।

भारत 2030 तक दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा और वित्त वर्ष 2026-27 में देश की सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि सात प्रतिशत तक पहुंचने का अनुमान है। एसएंडपी ग्लोबल रेटिंग्स ने मंगलवार को यह बात कही।

एसएंडपी का मानना है कि देश के लिए एक बड़ी परीक्षा 'विशाल अवसर' का लाभ उठाकर खुद को अगला बड़ा वैश्विक विनिर्माण केंद्र बनाने की है। एसएंडपी की रिपोर्ट 'ग्लोबल क्रेडिट आउटलुक 2024ः न्यू रिस्क, न्यू प्लेबुक' में कहा गया है कि मार्च 2024 यानी चालू वित्त वर्ष में जीडीपी की वृद्धि दर 6.4 प्रतिशत रहने का अनुमान है। 2026 में इसके सात प्रतिशत पहुंचने की उम्मीद है।

वित्त वर्ष 2022-23 में भारतीय अर्थव्यवस्था 7.2 प्रतिशत की दर से बढ़ी थी। भारत की सकल घरेलू उत्पाद की वृद्धि जून और सितंबर तिमाही में क्रमशः 7.8 प्रतिशत और 7.6 प्रतिशत रही थी। एजेंसी के अनुसार ''भारत 2030 तक तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने के लिए तैयार है और हमें उम्मीद है कि यह अगले तीन वर्षों में सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था होगा। सबसे बड़ी परीक्षा यह है कि क्या भारत अगला बड़ा वैश्विक विनिर्माण केंद्र बन सकता है, जो एक बहुत बड़ा अवसर है।''

एसएंडपी के अनुसार, ''एक मजबूत लॉजिस्टिक्स ढांचा विकसित करना भारत को सेवा-प्रधान अर्थव्यवस्था से विनिर्माण-प्रमुख अर्थव्यवस्था में बदलने में महत्वपूर्ण होगा।'' वित्त वर्ष 2022-23 के अंत तक भारत के सकल घरेलू उत्पाद का आकार 3,730 अरब अमेरिकी डॉलर रहा है।

भारत वर्तमान में अमेरिका, चीन, जर्मनी और जापान के बाद दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है। अंतरराष्ट्रीय मुद्राकोष (आईएमएफ) का अनुमान है कि भारत 2027-28 तक 5,000 अरब डॉलर के सकल घरेलू उत्पाद के साथ दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था होगा।

## देश में सेवा क्षेत्र की गतिविधि नवंबर में एक साल के निचले स्तर पर, पीएमआई के आंकड़ों में पुष्टि

**नई दिल्ली।** परचेजिंग मैनेजर्स इंडेक्स (पीएमआई) की भाषा में 50 से ऊपर का सूचकांक विस्तार को दर्शाता है जबकि 50 से नीचे का स्कोर संकुचन को दर्शाता है। यह सर्वेक्षण सेवा क्षेत्र की करीब 400 कंपनियों के पैनल को भेजी गई प्रश्नावली के जवाब से तैयार किया गया है।

देश में सेवा क्षेत्र की वृद्धि दर नवंबर में एक साल के निचले स्तर पर पहुंच गई। मौसमी रूप से समायोजित एसएंडपी ग्लोबल इंडिया सर्विसेज बिजनेस एक्टिविटी इंडेक्स अक्टूबर के 58.4 से गिरकर नवंबर में एक साल के निचले स्तर 56.9 पर आ गया। हालांकि महीने-दर-महीने आंकड़ों में गिरावट देखने के बावजूद विस्तार की यह दर अपने दीर्घकालिक औसत से मजबूत रही। परचेजिंग मैनेजर्स इंडेक्स (पीएमआई) की भाषा में 50 से ऊपर का सूचकांक विस्तार को दर्शाता है जबकि 50 से नीचे का स्कोर संकुचन को दर्शाता है। यह सर्वेक्षण सेवा क्षेत्र की करीब 400 कंपनियों के पैनल को भेजी गई प्रश्नावली के जवाब से तैयार किया गया है।

रिपोर्ट में कहा गया है, भारत के सेवा क्षेत्र ने तीसरी तिमाही के बीच में वृद्धि की रफ्तार गंवा दी है, लेकिन हम सेवाओं की मजबूत मांग देख रहे हैं, जिससे नए कारोबार में तेजी आ रही है। एसएंडपी ग्लोबल मार्केट इंटेलिजेंस की इकोनॉमिक्स असोसिएट डायरेक्टर पॉलियाना डी लीमा ने कहा, लॉन्ग टर्म ऐवरेज पर विचार करने पर विस्तार की मौजूदा दर काफी अच्छी लगती है और महंगाई बढ़ने की आशंकाओं के चलते उम्मीद कमजोर पड़ने के बावजूद बिजनेस ऐक्टिविटी का आउटलुक अच्छा बना हुआ है। कीमतों के मोर्चे पर, इनपुट लागत और आउटपुट चार्ज मुद्रास्फीति की दरें आठ महीने के निचले स्तर पर आ गईं।

# वर्कइंडिया ने लॉन्च किया नया फीचर

**लखनऊ।** भारत के अग्रणी ब्लू कॉलर टेक रिक्रूटमेंट प्लेटफॉर्म वर्कइंडिया ने टियर 3 और टियर 4 शहरों में रोजगार तलाश रहे लोगों के सामने आने वाली ऐसी ही चुनौतियों को ध्यान में रखते हुए नया फीचर लॉन्च किया है। वर्कइंडिया के नए फीचर से अलग-अलग जगहों पर रहने वालों के लिए जॉब सर्च की प्रक्रिया ज्यादा सरल हो सकेगी। प्लेटफॉर्म पर रोजगार की तलाश करने वाले करीब 40 प्रतिशत लोग छोटे कस्बों से होते हैं। इसे ध्यान में रखकर ही नया फीचर लॉन्च किया गया है। वर्कइंडिया इस फीचर को दिसंबर के आखिर तक भारत के 570 से ज्यादा शहरों में उपलब्ध कराने की योजना बना रहा है।इस फीचर से विशेषरूप से ऐसे शहरों के उम्मीदवारों को लाभ होगा, जहां लाइव जॉब के विकल्प 100 से कम रहे हैं और जहां के लोग रोजगार के लिए ऑफलाइन तरीकों और रेफरल पर ज्यादा निर्भर रहते हैं। नए फीचर की मदद से उनके लिए टियर 1 शहरों में रोजगार की संभावनाएं तलाशना आसान होगा। इससे वे ज्यादा जानकारी के साथ बेहतर रोजगार चुन सकेंगे।नियोक्ताओं की ओर से मिलने वाला समर्थन इस फीचर को और भी प्रभावी बना रहा है। सर्वेक्षण के दौरान 40 प्रतिशत नियोक्ताओं ने अलग-अलग स्थानों के उम्मीदवारों को रोजगार का मौका देने को लेकर प्राथमिकता जताई। इस फीचर के तहत रोजगार चाहने वालों के पास उनके नजदीकी मेट्रो या उनके राज्य में कहीं भी जॉब ओपनिंग की स्थिति में नोटिफिकेशन से सूचना मिलेगी।इस मौके पर वर्कइंडिया के सीईओ श्री नीलेश डुंगरवाल ने कहा, %वर्कइंडिया में हमारा मिशन हमेशा हर रोजगार चाहने वाले को सशक्त करना रहा है, चाहे वह कहीं से भी हो। इस नए फीचर के साथ हमारा लक्ष्य टियर 3 और टियर 4 शहरों के उम्मीदवारों को ज्यादा अवसर प्रदान करते हुए अंतर को कम करना है। हम ऐसे समाधान देने में विश्वास करते हैं, जिनसे लोगों के जीवन पर सकारात्मक प्रभाव पड़े।

# टाटा मोटर्स ने ऑल-न्यू इंट्रा वी70 पिकअप, इंट्रा वी20 गोल्ड पिकअप और ऐस एचटी+ लॉन्च किया

**मुंबई।** भारत में कमर्शल वाहनों के सबसे बड़े निर्माता टाटा मोटर्स ने ऑल-न्यू इंट्रा वी70, इंट्रा वी20 गोल्ड और ऐस एचटी+ को लॉन्च किया है। कंपनी ने माल या सामान को प्रभावी ढंग से एक जगह से दूसरी जगह पहुंचाने की प्रतिबद्धता के साथ यह गाड़ियां पेश की हैं। इन नए वाहनों को भारी सामान कम लागत में लंबी दूरी तक पहुंचाने के लिए डिजाइन किया गया है। इन वाहनों में अपनी श्रेणी के बेहतरीन फीचर्स हैं। इन गाड़ियों का प्रयोग कई कामों के लिए किया जाता है। यह शहरों और गांवों में ट्रांसपोर्टर्स को बेहतर मुनाफा और उत्पादकता मुहैया कराती है। टाटा मोटर्स ने लोकप्रिय इंट्रा वी50 और ऐस डीजल व्हीकल्स का नया वर्जन लॉन्च किया। इसे स्वामित्व की कम लागत के साथ ईंधन की कम खपत करने के लिए फिर से बनाया गया



है। नई गाड़ियों के लॉन्च के साथ टाटा मोटर्स ने नए कमर्शल वाहन और पिकअप की बड़ी रेंज पेश की है। इससे उपभोक्ता अपनी जरूरतों के हिसाब से आदर्श वाहन पसंद कर सकते हैं। अब देश भर में इन वाहनों की बुकिंग टाटा मोटर्स सीवी डीलरशिप पर खुल गई है।

टाटा मोटर्स के एक्जीक्यूटिव डायरेक्टर श्री गिरीश वाघ ने इन वाहनों को लॉन्च करते हुए कहा, ÷तरह-तरह का सामान इधर से उधर ले जाने के लिए ये वाहन आदर्श समाधान मुहैया कराते हैं। हमारे छोटे कमर्शल वाहन और पिकअप उपभोक्ताओं को उनकी कमाई का साधन मुहैया कराते हैं। इन वाहनों को अपने उपभोक्ताओं की जिंदगी को बेहतर बनाने के लिए जाना जाता है। आज लॉन्च की गई गाड़ियों में प्रमुख फीचर्स जोड़े गए हैं। जिन लोगों को अपने सामान को काफी प्रभावी ढंग से इधर से उधर पहुंचाने की जरूरत होती है, उनकी तरफ से इस तरह के व्हीकल्स की काफी डिमांड है। ईंधन की खपत को कम से कम रखने के लिए इन गाड़ियों को डिजाइन किया गया है। इससे लंबी दूरी तक ज्यादा माल पहुंचाया जा सकता है। तेजी से बढ़ते शहरीकरण, फलती-फूलती ई-कॉमर्स की व्यवस्था, खपत में बढ़ोतरी, एक हब पर केंद्रित माल के वितरण का मॉडल विकसित हुआ है, लेकिन अब तक माल को बेहतरीन ढंग से एक जगह तक पहुंचाने में सक्षम और प्रभावी ट्रांसपोर्टेशन को उतना महत्व नहीं दिया गया है। कंपनी का हर वाहन माल को विश्वसनीय और सुरक्षित ढंग से एक जगह से दूसरी जगह पहुंचाने के लिए डिजाइन किया गया है। इसके साथ ही ये वाहन मालिकों के साथ व्यक्तिगत उपभोक्ताओं को बेहतर वाणिज्यिक लाभ प्रदान करते हैं। कंपनी के वाहन भारत की तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था की बुनियादी जरूरतों को पूरा करते है।

मजबूत और विश्वसनीय वाहनों के अलावा, टाटा मोटर्स के उपभोक्ता कंपनी की ओर से मिलने वाली कई बेहतरीन सेवाओं से कई तरह के लाभ और मानसिक सुकून हासिल कर सकते हैं।

# नैतिक मूल्यों को ताक पर रख किया जाने वाला कार्य ही भ्रष्टाचार है: प्रो. भट्ट




○ धूमधाम से मना एंटी करप्शन कोर का आठवां स्थापना दिवस

अवधनामा संवाददाता

**गोरखपुर।** भ्रष्टाचार आज अपनी जड़ें काफी गहरे तक जमा चुका है। इसके उन्मूलन के लिए समवेत प्रयास की आवश्यकता है। यह विचार मंगलवार को एंटी करप्शन कोर इण्डिया के आठवें स्थापना दिवस समरोह को बतौर मुख्य अतिथि सम्बोधित करते हुए डीआरडीओ के वरिष्ठ वैज्ञानिक प्रोफेसर अनन्त नारायण भट्ट ने व्यक्त किया।

बड़हलगंज स्थित एक होटल के सभागार में आयोजित स्थापना दिवस समारोह में उपस्थित लोगों को सम्बोधित करते हुए प्रोफेसर भट्ट ने कहा कि देश के कानून में भ्रष्टाचार को परिभाषित नहीं किया गया है। व्यक्ति द्वारा किया गया हर भ्रष्ट आचरण ही भ्रष्टाचार है। अब जो परिभाषित ही नहीं है उसे खत्म या नियंत्रित करने के लिए जन जागरुकता जरूरी है। एंटी करप्शन कोर द्वारा किया जा रहा कार्य सराहनीय है धराधाम प्रमुख व प्रख्यात समाजसेवी सौरभ पाण्डेय ने संस्थाध्यक्ष सहित संगठन के सभी कर्मयोगियों को शुभकामना देते हुए कहा कि पीड़ित आमजन को शोषण से मुक्ति दिलाने हेतु संगठन के सदस्य बेहतर कार्य कर रहे हैं। पूर्वांचल पत्रकार एसोसिएशन के वरिष्ठ उपाध्यक्ष चन्द्रभान तिवारी ने कहा भ्रष्टाचार का हमारे समाज और राष्ट्र में व्यापक रूप से असर हो रहा है। संपूर्ण व्यवस्था में असंतुलन की स्थिति उत्पन्न हो गई है। परिणामतः समाज में भय, आक्रोश व चिंता का वातावरण बन रहा है। राजनैतिक, धार्मिक, आर्थिक व प्रशासनिक आदि सभी क्षेत्र इसके दुष्प्रभाव से ग्रसित हैं। संगठन को निचले स्तर पर आमजन को मुक्ति दिलाने के लिए लेखपाल, सेक्रेटरी और दीवान के भ्रष्ट आचरण के विरुद्ध बिगुल बजाना होगा।

संचालन करते हुए वरिष्ठ समाज सेवी प्रेमशंकर मिश्र एडवोकेट ने कहा कि सरकारी प्रक्रियाओं, निर्णय लेने और सार्वजनिक प्रशासन में पारदर्शिता की कमी भ्रष्ट आचरण के लिए उपजाऊ जमीन प्रदान करती है। संगठन को इसके विरुद्ध संघर्ष छेड़ना होगा। अध्यक्षता करते हुए बाबा राघव दास आश्रम बरहज के महंत आञ्जनेय दास जी महाराज ने संगठन को अपना आशिर्वाद दिया और उसको उज्ज्वल भविष्य की शुभाकामनाएं दी।

अन्त में संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष पं. कमलेश ओझा ने सभी आगंतुकों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए सभी को आश्वासन दिया कि उनका भ्रष्टाचार के विरुद्ध संघर्ष हमेशा जारी रहेगा। इस अवसर पर प्रेस क्लब गोरखपुर के अध्यक्ष मार्कंडेय मणि त्रिपाठी, राष्ट्रीय महासचिव अंकित ओझा एडवोकेट, राष्ट्रीय सचिव रामकिशुन प्रजापति, प्रदेश प्रभारी ऋषिकेश दूबे, प्रदेश महासचिव बालेन्दु ओझा, संपादक कृष्णकुमार शुक्ल, शशिकला, संजय मिश्र, ज्ञानवेंद्र मिश्र आदि सहित सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

## वंदन योजना के अंतर्गत नगर निकायों में स्थित सांस्कृतिक पौराणिक स्थलों को मिलेगा नया स्वरूप



अवधनामा संवाददाता

**देवरिया।** जिलाधिकारी अखंड प्रताप सिंह की अध्यक्षता में आज कलेक्ट्रेट स्थित सभागार में नगर विकास विभाग द्वारा संचालित वंदन योजना के अंतर्गत जनपद देवरिया के नगर निकायों में स्थित धार्मिक, सांस्कृतिक, ऐतिहासिक एवं पौराणिक महत्व के स्थलों के विकास हेतु चयन समिति की बैठक आयोजित हुई। बैठक में नगर निकाय द्वारा प्रस्तुत प्रस्तावों पर व्यापक विमर्श किया गया।

नगर पालिका परिषद देवरिया द्वारा अमेठी माता मंदिर में कार्य करने का प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया। नगर पंचायत भलुअनी ने वार्ड संख्या एक स्थित शिव मंदिर, नगर पंचायत बरियारपुर ने हनुमान मंदिर तथा नगर पंचायत बैतालपुर ने शिव मंदिर से जुड़ा प्रस्ताव प्रस्तुत किया। जिस पर डीएम ने समस्त अधिशासी अधिकारियों को स्थानीय जन प्रतिनिधियों से सहमति प्राप्त कर परियोजना को अंतिम रूप देने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने बताया कि नगर विकास विभाग द्वारा संचालित वंदन योजना के अंतर्गत नगरीय क्षेत्रों में स्थित सांस्कृतिक, धार्मिक, पौराणिक एवं ऐतिहासिक महत्व के स्थलों पर आने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए लाइटिंग, पेयजल, टॉयलेट, साफ-सफाई, लिंक रोड और बेंच सहित अन्य बुनियादी सुविधाएँ विकसित की जाएंगी। डीएम की अध्यक्षता वाली समिति प्रत्येक वर्ष ऐसे 2-2 स्थलों का चयन करेगी।

इस योजना के तहत ऐसे स्थलों पर संपर्क मार्ग, विश्राम स्थल, शेड, पेयजल की व्यवस्था, लाइटिंग, पेंटिंग, इंटरलॉकिंग, परिक्रमा पथ, घाटों का निर्माण आदि कार्यों को पर्यटन विभाग से समन्वय कर कराया जाएगा।

## सहजनवां में जाम से निजात पाने के लिए पुलिसकर्मियों की होगी तैनाती



**गोरखपुर अवधनामा संवाददाता।** सहजनवा में लगातार जाम से जूझ रहे लोगो को जल्द ही जाम से निजात मिलने जा रहा है। मंगलवार को सीओ अंजनी कुमार पांडेय के नेतृत्व में व्यापारियों और नगर के सभासद के बीच जाम की समस्या को दूर करने के लिए बैठक सम्पन्न हुआ। जिसमे निर्णय लिया गया की लगातार हो रहे जाम की समस्या को दूर करने के लिए सहजनवा थाने चौराहे और फोरलेन पर यातायात पुलिस व पुलिस कर्मियों की तैनाती की जायेगी। जो लगातार हो रहे जाम की समस्या को दूर कराने में मदद करेंगे। समस्या की हकीकत जाने के लिए अधिकारियों द्वारा पैदल मार्च कर जानकारी ली। इस दौरान एसओ ईत्यानंद पांडेय, चेयरमैन प्रतिनिधि कौशल सिंह, व्यापार मंडल अध्यक्ष पुरुषोत्तम अग्रवाल, सभासद मनोज कुमार जायसवाल, रविंद्र कुमार, गोपाल गुप्ता, महंथ मिश्र, चंचल पांडेय, संजय शुक्ल, सहित अनेक लोग मौजूद थे।

## चीनी मिल के डोंगा में ट्रैक्टर गिरा, जलकर खाक



**तमकुहीराज, कुशीनगर अवधनामा संवाददाता।** सेवरही चीनी मिल के डोगा में अनियंत्रित होकर गन्ना लदा ट्रैक्टर गिर गया। डोगा में गिरने के कारण ट्रैक्टर बुरी तरह से जल गया। तरया सुजान थाना क्षेत्र के ग्राम सभा दोमाठ निवासी पहवारी कुशवाहा ट्रैक्टर, ट्राली पर गन्ना लेकर सेवरही चीनी मिल गए हुए थे। पालकी ग्राम से नम्बर आने पर गन्ना लेकर डोगा के पास पहुंचे ही थे कि बगल के गाड़ी से धक्का लग गया जिसके कारण ट्रैक्टर अनियंत्रित हो गई और डोगा में जा गिरी। मिल कर्मचारी एव अन्य लोग ट्रैक्टर को डोगा से निकालने का भरसक प्रयास किया लेकिन सफल नही हो पाए और देखते ही देखते ट्रैक्टर बुरी तरह से जल गया।

## खेलकूद प्रतियोगिता से होता है शारीरिक विकास: जितेंद्र यादव

अवधनामा संवाददाता

**गोरखपुर।** मुख्य विकास अधिकारी संजय कुमार मीणा के आदेशानुसार गोला विकास खंड के ग्राम पंचायत पाड़ौली खेल मैदान में चल रहे ब्लाक स्तरीय ग्रामीण खेलकूद प्रतियोगिता के दूसरे दिन मुख्य अतिथि खंड विकास अधिकारी गोला जितेंद्र यादव ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर शुभारंभ किया।

प्रतियोगिता में मंगलवार को 1500 मीटर दौड़ में रोइनीडीह के राजकुमार प्रथम छितौना के जितेंद्र मौर्य द्वितीय और 100 मीटर दौड़ में कोड़री के अतुल विश्वकर्मा प्रथम डिहवा के आलोक चौरसिया द्वितीय वही जूडो में देवकली के दिव्यांश शाही प्रथम और अवरूस के जितेंद्र कुमार द्वितीय लंबी कूद में बेवरी के नंदलाल प्रथम डाड़ी के धर्मवीर द्वितीय स्थान पर रहे। भारोत्तोलन में गोला के सचिन यादव प्रथम तो वही डिहवा के आलोक चौरसिया द्वितीय स्थान पर रहे। विजेता प्रतियोगियों को मुख्य अतिथि ने मेडल एवं प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। इसके पश्चात उन्होंने संबोधित करते हुए कहा कि खेलकूद प्रतियोगिता के आयोजन से शारीरिक एवं मानसिक विकास होता है।प्रदेश सरकार इस दिशा में सराहनीय कार्य कर रही है।मुख्यमंत्री जी का निर्देश न्याय पंचायत स्तर पर खेलकूद प्रतियोगिता के आयोजन को बढ़ावा देना है जो शीघ्र किया जाएगा। प्रतियोगिता के रेफरी राहुल कुमार एवं शुभम ने सकुशल खेल संपन्न कराया। कार्यक्रम की अध्यक्षता ब्लॉक प्रमुख गोला कुसमावती देवी ने तथा संचालन पूर्व अपर जिला कृषि अधिकारी राम अधार ने किया। इस मौके पर क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी अमित सिंह ने आए हुए आगंतु गणों का धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर प्रमुख प्रतिनिधि उमाशंकर एडीओ पीपी रामभरोस जाकिर अली विजयी यादव रोहित कुमार बृजेंद्र राम प्रताप सहित अधिक संख्या में गणमान्य एवं दर्शन गण मौजूद रहे और खेल का आनंद उठाया।

## जिला स्तरीय समिति की बैठक आयोजित

**देवरिया।** मुख्यमंत्री अभ्युदय योजनान्तर्गत जिलाधिकारी अखण्ड प्रताप सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट स्थित सभागार में जनपद स्तरीय मार्गदर्शन एवं प्रशिक्षण समिति की बैठक आयोजित हुई। बैठक में डीएम ने अभ्युदय कोचिंग में अध्ययनरत छात्रों को एग्जाम प्रेशर हैंडल करने तथा पढ़ाई का सही एप्रोच विकसित करने के संबन्ध में आवश्यक दिशा निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि यह युवाओं के सपनों को पूरा करने वाली राज्य सरकार की अत्यंत महत्वपूर्ण योजना है। ऐसे कई छात्र हैं जो संसाधनों की कमी के चलते सही मुकाम हासिल नहीं कर पाते हैं। जिलाधिकारी ने अभ्युदय कोचिंग में पढ़ाने के लिए जनपद स्तरीय अधिकारियों का रोस्टर बनाने का निर्देश दिया। उन्होंने अभ्युदय योजनान्तर्गत संचालित लाइब्रेरी में पुस्तकों की उपलब्धता के विषय में जानकारी प्राप्त की। कहा कि हिंदी अखबारों के साथ साथ एक स्तरीय अंग्रेजी भाषा का अखबार भी छात्रों को पढ़ने के लिए उपलब्ध कराया जाए।

## गोरखवाणी, योगासन, चित्रकला व कबड्डी प्रतियोगिता का हुआ आयोजन



अवधनामा संवाददाता

**गोरखपुर।** महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद संस्थापक-सप्ताह समारोह-2023 के अन्तर्गत मंगलवार को पूर्वाह्न 9.00 बजे से गोरखवाणी प्रतियोगिता कनिष्ठ वर्ग, महाराणा प्रताप सीनियर सेकेंडरी स्कूल बेतियाहाता, गोरखपुर केन्द्र पर तथा वरिष्ठ वर्ग महाराणा प्रताप इण्टर कालेज (सभागार), गोरखपुर केन्द्र पर आयोजित हुई। वहीं योगासन प्रतियोगिता प्रातः 8 बजे से प्रताप आश्रम, गोलघर गोरखपुर केन्द्र पर प्रारम्भ हुई, जबकि चित्रकला प्रतियोगिता व कबड्डी प्रतियोगिता प्रातः 11.00 बजे से क्रमशः दिग्विजयनाथ स्नातकोत्तर महाविद्यालय (कला संकाय) गोरखपुर तथा महाराणा प्रताप पालिटेक्निक गोरखनाथ, गोरखपुर, (बालक वर्ग हेतु), महाराणा प्रताप बालिका इण्टर कालेज, गोरखपुर (बालिका वर्ग हेतु), केन्द्रों पर आयोजित की गयी। अगली कड़ी में अपराह्न दो बजे से शिक्षाप्रद संत वचन प्रतियोगिता दिग्विजयनाथ स्नातकोत्तर महाविद्यालय, गोरखपुर के बी.एड. विभाग में सम्पन्न हुई। आज के दिन आयोजित प्रतियोगिताओं में योगासन प्रतियोगिता का परिणाम घोषित किया गया। परिणाम के अनुसार योगासन प्रतियोगिता कनिष्ठ वर्ग में प्रथम स्थान आर्मी पब्लिक स्कूल कूड़ाघाट, गोरखपुर के कक्षा 5 के छात्र आयुष कुमार सिंह द्वितीय स्थान गुरू गोरखनाथ विद्यापीठ, भरोहिया पीपीगंज, गोरखपुर के कक्षा 5 की छात्रा कृष्णा साहनी को एवं तृतीय स्थान आर्मी पब्लिक स्कूल कूड़ाघाट, गोरखपुर के कक्षा 5 की छात्रा नीलिमा सिंह ने प्राप्त किया। जबकि वरिष्ठ वर्ग में प्रथम स्थान महाराणा प्रताप इण्टर कालेज, गोरखपुर के कक्षा 9 के छात्र अमन द्विवेदी, जबकि द्वितीय स्थान महाराणा प्रताप सीनियर सेकेण्ड्री स्कूल मंगला देवी मन्दिर बेतियाहाता, गोरखपुर के कक्षा 9 के छात्र ब्रजेश मौर्या एवं तृतीय स्थान महाराणा प्रताप सीनियर सेकेण्ड्री स्कूल मंगला देवी मन्दिर बेतियाहाता, गोरखपुर के कक्षा 11 के छात्र अंश मिश्रा ने प्राप्त किया। इस प्रतियोगिता में गोरखपुर मण्डल के 32 संस्थानों के 58 विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़ कर प्रतिभाग किया। गोरखवाणी प्रतियोगिता वरिष्ठ वर्ग, कबड्डी प्रतियोगिता, शिक्षाप्रद संत वचन एवं चित्रकला प्रतियोगिता के परिणाम घोषित होने पर जारी किया जायेगा।

## नमो कबड्डी प्रतियोगिता स्टेडियम में आज से



**देवरिया अवधनामा संवाददाता।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खेलो इंडिया कार्यक्रम के कारण युवाओं में खेल-कूद के प्रति जागरूकता बढ़ी और इसका सकारात्मक परिणाम एशियन गेम्स 2023 में देखने को मिला, जहां भारत के खिलाड़ियों ने 100 से अधिक मेडल जीत कर इतिहास रच दिया प्रधानमंत्री के इसी विजन को आगे बढ़ाने के लिए किसान मोर्चा ने जिला स्तर पर कबड्डी प्रतियोगिता आयोजन करने का कार्यक्रम बनाया है, ताकि ग्रामीण अंचल के युवाओं को भी इसका हिस्सा बनाया जा सके। उक्त बातें भाजपा जिलाध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह ने रविन्द्र किशोर शाही स्टेडियम में संवादाताओं से बातचीत में कही। उन्होंने कहा कि देवरिया स्टेडियम में भी कल 6 दिसंबर से 8 दिसम्बर तक किसान मोर्चा की अगुआई में नमो कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन होगा। जिसमें कुल 16 टीमें भाग लेंगी।उद्घाटन मैच कल 6 दिसम्बर को सुबह 11 बजे से देवरिया और भाटपाररानी के बीच होगा,जिसका शुभारंभ राज्य मंत्री विजय लक्ष्मी गौतम,विधायक शलभ मणि त्रिपाठी के द्वारा किया जायेगा। इस प्रतियोगिता का फाइनल 8 दिसम्बर को होगा जिसमें किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष कामेश्वर सिंह व जिला पंचायत अध्यक्ष गिरीश तिवारी रहेंगे।

## जन जागरूकता वृहद अभियान कार्यक्रम आयोजित



**देवरिया अवधनामा संवाददाता।** मिशन शक्ति-4.0 के अन्तर्गत कस्तुरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय मिश्रौलिया खोराराम, वि0ख0-बैतालपुर में आपरेशन मुक्ति के तहत बाल विवाह तथा बाल श्रम के विरूद्ध जन जागरूकता वृहद अभियान के तहत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता जय प्रकाश तिवारी संरक्षण अधिकारी जिला बाल सरंक्षण इकाई के द्वारा बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 के बारे में जानकारी देते हुये बताया गया कि धारा-09 के अन्तर्गत अगर कोई व्यक्ति 18 वर्ष की कम की आयु की बालिका एवं 21 वर्ष से कम आयु के बालक की शादी कराया जाता है तो वह बाल विवाह की श्रेणी मे आता है। इसके अन्तर्गत बाल विवाह का दोषी मानते हुए उसे 02 साल की सजा एवं 01 लाख रूपया तक का जुर्माना या दोनो ही किये जाने का प्राविधान है। बाल विवाह के रोकथाम हेतु व्यापक प्रचार के साथ कराये जाने के साथ ही बाल विवाह पर प्रतिज्ञा भी दिलवाया गया तथा बालिकाओं के द्वारा बाल विवाह रोकथाम पर एक लघू नाटिका भी प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम में वर्षा सिंह मनो सामाजिक कार्यक्रता मानसिक स्वास्थ्य विभाग के द्वारा बाल विवाह की रोकथाम पर प्रश्नोत्तरी कार्यक्रम के अन्तर्गत बच्चो को जागरूक किया गया तथा बच्चो को मानसिक स्वास्थ्य के बारे में जानकारी दी गयी।

## गौरक्षा और पर्यावरण संरक्षण पर दिया गया जोर

**गोरखपुर।** मुस्लिम राष्ट्रीय मंच के तत्वावधान में गौ - सेवा, पर्यावरण प्रकोष्ठ गौ - रक्षा संकल्प पर्यावरण संरक्षण सम्मेलन का आयोजन मुंशी प्रेमचंद पार्क में आयोजित हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मुस्लिम राष्ट्रीय मंच के राष्ट्रीय संयोजक ठाकुर राजा रईस ने कहा कि गौ-रक्षा करना सभी का नैतिक अधिकार है। ऐसे में गौ रक्षा कर सभी को पुनीत कार्य करने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि गाय के नाम पर देश के अंदर मॉब लिंचिंग की घटना महज दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने कहा कि मुसलमानों को पर्यावरण के संरक्षण पर कार्य करते हुए पौधरोपण करने की आवश्यकता पर बल दिया। इस मौके पर पूर्व महापौर डा. सत्या पाण्डेय ने कहा कि गौरक्षा और पर्यावरण के संरक्षण की दिशा में तेजी के साथ करने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि मनुष्य की हिफाजत के लिए पौधों को हर स्थान पर लगाने में सभी एक दूसरे की सहायता करें। सम्मेलन को सम्बोधित करते हुए गोरखनाथ मंदिर के योगाचार्य योगी सोमनाथ ने कहा कि मुस्लिम राष्ट्रीय मंच का अभियान गौरक्षा और पर्यावरण की संरक्षण करना मानव जाति का कर्तव्य है।

## गोरखपुर-छपरा रूट पर 29 फरवरी तक नहीं चलेंगी दो जोड़ी पैसेंजर ट्रेनें



○ खराब मौसम और कोहरे के वजह से रेलवे प्रशासन ने लिया निर्णय

○ ट्रेन से यात्रा करने वालों में मायूसी

अवधनामा ब्यूरो

**कुशीनगर।** खराब मौसम व कोहरा को देखते हुए पूर्वोत्तर रेलवे प्रशासन ने गोरखपुर-छपरा रूट पर चलने वाली दो जोड़ी सवारी गाड़ियों के संचलन को तीन दिसंबर से 29 फरवरी तक के लिए निरस्त कर दिया है। अब इस रूट पर 05156 गोरखपुर-छपरा, 05155 छपरा-गोरखपुर और 05190 कप्तानगंज-थावे, 05189 थावे-कप्तानगंज सवारी गाड़ी का संचलन नहीं होगा। यह जानकारी होने के बाद से इस रूट के यात्रियों में मायूसी है। उनका कहना है कि तीन माह तक ठंड के मौसम में बसों से यात्रा करना कष्टदायी होगा।

गोरखपुर-छपरा रूट पर गाड़ियों की कम संख्या के कारण परेशान यात्रियों की मुसीबत और बढ़ने वाली है। ठंड के मौसम में ट्रेन से की जाने वाली यात्रा को हर तरह से सुरक्षित माना जाता है। रेल प्रशासन की ओर से दो जोड़ी सवारी गाड़ियों को निरस्त किए जाने के निर्णय ने इस रूट के यात्रियों को चिंतित कर दिया है। व्यवसायी वर्ग भी परेशान है, उनका कहना है कि सवारी गाड़ियों के बंद होने के बाद बसों से गोरखपुर तक की यात्रा परेशानी भरी होगी। क्षेत्र के रोगियों को मेडिकल कालेज गोरखपुर जाने-आने के लिए दिक्कतों का सामना करना पड़ेगा। महंत अवेद्यनाथ नगर के रहने वाले व्यवसायी वीरन गुप्ता ने बताया कि कुशीनगर जनपद के उत्तरी-पश्चिमी हिस्से में अभी भी पर्याप्त संख्या में रोडवेज की बसें नहीं चलती हैं। ठंड के मौसम में सवारी गाड़ियों का संचलन न होने से हर वर्ग के लोगों को परेशानी झेलनी पड़ेगी। व्यवसायी मनीष शुक्ल ने बताया कि पडरौना का व्यवसायी वर्ग गोरखपुर से सामान की खरीदारी करता है। ट्रेन से सामान लाना काफी सुविधाजनक रहता है। बसों से छोटा लगेज ही लाया जा सकता है। तीन माह तक ट्रेनों को निरस्त नहीं करनी चाहिए। अधिवक्ता खान जफरुल्लाह ने कहा कि कुशीनगर जनपद के उत्तरी क्षेत्र के रोगी ट्रेन से ही मेडिकल कालेज गोरखपुर उपचार कराने जाते-आते हैं। विश्वविद्यालय के विद्यार्थी भी ट्रेन से आवागमन करते हैं। रेलवे के इस निर्णय से सभी परेशान होंगे।

## क्षेत्र में कुत्तों का आतंक, दो दिन के भीतर 21 लोगों को किया जख्मी

अवधनामा संवाददाता

**मथौली बाजार, कुशीनगर।** कस्बे सहित आसङ्कपास के गांवों में आवारा कुत्तों का आतंक बढ़ गया है। जब चाहे किसी को दौड़ाकर काट दे रहे है। दो दिन के अंदर पागल कुत्तों ने 21 लोगों को कटकर जख्मी किया है। इतनी बड़ी संख्या में कुत्ते के काटने से सीएचसी में पहुंचे लोगों में अफरा तफरी मच गई। चिकित्सकों से सभी लोगों को एंटी रैबीज का इंजेक्शन लगाकर घर भेजा। पागल कुत्ते के काटने से लोगों में दहशत का माहौल है। सर्वाधिक गंभीरपुर और सिघाड़ी के लोग इसके चपेट में आए है। बताया जा रहा है कि कप्तानगंज थाना क्षेत्र में एक सफेद रंग का कुत्ता पागल हो गया है। इधरङ्कउधर भागता फिर रहा है और जहां लोगों को देख रहा है दौड़ाकर काट दे रहा है। यहां तक कि बकरी, मुर्गे, पशुओं को भी जख्मी कर दे रहा है। सामुदायिक स्वास्थय केन्द्र से दो दिन के अंदर पागल कुत्ते के काटने से जो रिपोर्ट मिली है उसमें सुनील 15 वर्ष, स्नेहा 10 वर्ष, राजकुमार 48 वर्ष, निवासीगण सिरसिया, गायत्री 35 वर्ष, रामदास 75 वर्ष, राजन 22 वर्ष, मोतीलाल 65 वर्ष, ओमप्रकाश 42 वर्ष निवासीगण गंभीरपुर, वीरेंद्र 45 वर्ष झांगा, अनिकेत 5 वर्ष, नारायपुर चरगहां, सुधीर 40 वर्ष बहुआस, इस्माइल 63 वर्ष पैकौली, सीमा 35 वर्ष पैकौली, सुजीत 32 वर्ष रगड़गंज, रामकेवल 60 वर्ष सिघाड़ी, बिहारी 60 वर्ष दुबौली, राजाराम 60 वर्ष सिघाड़ी, राजकिशोर 8 वर्ष पकड़ी मदरहां, अमृता वेलवनिया सहित 21 लोगों को दो दिन के अंदर सोमवार व मंगलवार को पागल कुत्ते ने कटकर जख्मी किया। सभी लोगों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मथौली लाया गया जहां डॉ सुधीर तिवारी व डॉ फैसल अब्बास के द्वारा एंटी रैविज का इंजेक्शन लगाया गया। ज्ञात हो कि क्षेत्र में आवारा कुत्तों के आतंक से लोगों में दहशत का माहौल है। लोगों का घर से निकलना व खेत जाना दुश्वार हो गया है। लोगों ने नगर प्रशासन व संबंधित विभाग से पागल कुत्तों को पकड़कर कही अन्यत्र स्थान ले जाने की मांग किया है।

## विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम आयोजित

**गोरखपुर अवधनामा संवाददाता।** पाली विकासखंड के ग्राम पंचायत बाहिलपार में विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। संकल्प यात्रा में भारत सरकार द्वारा चलाई गई सभी योजनाओं जैसे विकलांग पेंशन, विधवा पेंशन, ग्रामीण आवास, स्वच्छ भारत मिशन, शौचालय, आयुष्मान कार्ड, स्वास्थ्य योजनाओं का सजीव प्रसारण किया गया। कार्यक्रम में ब्लॉक प्रमुख ई शशी प्रताप सिंह के नेतृत्व में ग्रामीणों को शपथ दिलाई गई। उक्त अवसर पर जिला महामंत्री डा आर डी सिंह, जिला मंत्री राम उजिगर शुक्ला, वीडियो बृजेश यादव, प्रधान प्रतिनिधि रमेद्र मिश्रा, अभिमन्यु मौर्य, सचिव विजय मौर्य, सचिव धनेंद्र सिंह,सचिव हेमंत सिंह व समस्त ग्रामवासी उपस्थित रहे।

## 45 स्टाफ नर्सों को नियुक्ति प्रमाण पत्र



अवधनामा संवाददाता

**देवरिया।** मंगलवार, शहर के महर्षि देवरहवा बाबा मेडिकल कालेज के प्रांगण में मिशन रोजगार के अंतर्गत 45 स्टाफ नर्सो को नियुक्ति प्रमाण पत्र वितरित किया गया तथा प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपने वर्चुअल संबोधन में प्रदेश के सभी 1354 नव नियुक्त स्टाफ नर्सों को बधाई दी।

देवरिया में आयोजित स्टाफ नर्सो के प्रमाण पत्र वितरण कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश सरकार की राज्य मंत्री विजयलक्ष्मी गौतम, विशिष्ट अतिथि सदर विधायक शलभ मणि त्रिपाठी तथा भाजपा जिलाध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह रहे । राज्य मंत्री विजय लक्ष्मी गौतम ने नव नियुक्त स्टाफ नर्सो को प्रमाण पत्र वितरित किया और उन्हें बधाई देते हुए कहा कि डबल इंजन की सरकार में हर क्षेत्र में विकास की गंगा बह रही है रोजगार के माध्यम से युवाओं की प्रतिभा का सम्मान हो रहा है। मेडिकल सेवा के क्षेत्र में स्टाफ नर्सो का कार्य बहुत ही कठिन और चुनौती पूर्ण होता है, विपरीत परिस्थितियों में भी उनको अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करना होता है यह एक समर्पण का भाव होता है जिससे मरीजों में डाक्टरों और नर्सो के प्रति सम्मान बढ़ता है। विधायक शलभ मणि त्रिपाठी ने कहा कि मिशन रोजगार के माध्यम से प्रदेश की योगी सरकार अधिक से अधिक रोजगार उपलब्ध कराने का कार्य कर रही है उन्होंने कहा कि यह एक सेवा का क्षेत्र है जिसमे मरीजों को दवा से अधिक भावनात्मक लगाव की आवश्यकता होती है क्योंकि कोई भी मरीज अस्पताल में बहुत ही विषम परिस्थितियों में ही आता है और उसे विश्वास होता है कि अस्पताल में उसका बेहतर इलाज होगा उसके साथ अच्छा बर्ताव होगा जिससे उसके स्वास्थ में मनोवैज्ञानिक रूप से तेजी से सुधार होता है। जिलाध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह ने सभी नव नियुक्त स्टाफ नर्सो को बधाई और शुभकामनाएं देते हुए कहा कि स्वास्थ के क्षेत्र में प्रदेश की सरकार रोजगार के साथ साथ नए मेडिकल उपकरणों, सस्ती दवाओं और हर जिले में मेडिकल कालेज खोलकर प्रदेश की जनता को उत्तम चिकित्सा सेवा उपलब्ध करा रही है और लोग उसका लाभ ले रहे हैं । मेडिकल कालेज के प्राचार्य ने सभी अतिथियों का स्वागत कर आभार जताया। इस अवसर पर भाजपा नेता अश्वनी सिंह, नवीन सिंह, प्रभाकर तिवारी, मनीष मल तथा मेडिकल कालेज के कर्मचारी और छात्र उपस्थित थे।

## जिला केंद्रीय उपभोक्ता भंडार के कामेश्वर अध्यक्ष, रूबी उपाध्यक्ष



**देवरिया अवधनामा संवाददाता।** मंगलवार, पिछले दिनों जनपद थोक केंद्रीय उपभोक्ता सहकारी भंडार लिमिटेड के 13 समितियों के संचालकों के चुनाव के पश्चात चुनाव अधिकारी एडीएम गौरव श्रीवास्तव की देखरेख में अध्यक्ष और उपाध्यक्ष पद का चुनाव संपन्न हुआ जिसमे जिलाध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह तथा सदर विधायक शलभ मणि के नेतृत्व में कामेश्वर तिवारी को सर्वसम्मति से केंद्रीय उपभोक्ता भंडार का अध्यक्ष तथा रूबी तिवारी को उपाध्यक्ष के रूप में सभी सदस्यों ने चुना। उक्त अवसर पर भूपेन्द्र सिंह तथा शलभ मणि सहित उपस्थित पूर्व जिलाध्यक्ष गण व सम्मानित पदाधिकारियों ने माला पहनाकर और मिठाई खिलाकर अध्यक्ष और उपाध्यक्ष को उनके नए दायित्व की शुभकामनाएं दीं। जिलाध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह ने दोनो लोगों को बधाई देते हुए कहा कि मैं आशा और विश्वास करता हू कि आप दोनो के कार्यकाल में केंद्रीय उपभोक्ता भंडार का विकास होगा तथा यह संस्था और मजबूत होगी। विधायक शलभ मणि त्रिपाठी ने कहा कि पिछली सरकारों में ऐसी संस्थाओं का काफी दोहन हुआ और खूब लूट खसोट की गई लेकिन योगी सरकार के नेतृत्व में हर क्षेत्र में विकास का कार्य हो रहा है तथा सरकार ऐसी संस्थाओं को मजबूत करने के लिए कृत संकल्पित है, उन्होंने उपस्थित सभी संचालकों और नव नियुक्त अध्यक्ष और उपाध्यक्ष को शुभकामनाएं दीं।

## सेवरही एम आई गोदाम से चीनी निकासी न होने से कोटेदार परेशान



○ एमआई के लापरवाही से वितरण बाधित

अवधनामा संवाददाता

**तमकुहीराज, कुशीनगर।** तमकुहीराज तहसील अंतर्गत सेवरही एम आई गोदाम पे किसी कारण एम आई द्वारा चार दिसंबर को निकासी बंद कर दी गई जिसके बाद वितरण को लेकर कोटेदार परेशान है। बता दें कि पांच दिसंबर को होने वाले राशन वितरण के साथ अंत्योदय कार्डधारकों को प्रति कार्ड तीन किलो ग्राम चीनी वितरण होना है जिसकी निकासी कोटेदार को चार दिसम्बर तक देनी थी लेकिन तमकुहीराज तहसील अंतर्गत सेवरही एम आई गोदाम पर किसी कारण निकासी चार दिसम्बर के सुबह ही बंद कर दी गई जिसके बाद कोटेदार ने एम आई सोमेश शुक्ल से पूछा तो एम आई द्वारा कहा गया की यहां से निकासी नही होगी आप लोग सप्लाई इंस्पेक्टर से बात कीजिए। पांच दिसम्बर को जब कोटेदार ने सप्लाई इंस्पेक्टर से बात की तो सप्लाई इंस्पेक्टर ने बताया की कोटेदार वीरेंद्र तिवारी से एम आई की बहस हो गई है जिसके बाद एम आई निकासी बंद कर दिए। मैने इसकी सूचना उनके विभाग को दे दी है जल्द ही निस्तारण हो जायेगा वही मौजूद कोटेदार और लेबर ने बताया की एक कोटेदार से तौल कर नही देने को लेकर एम आई से बहस हो गई। जिसके बाद एम आई अपने पद हैसियत का रौब दिखाने लगे और कहे की किसी का चीनी मै लॉक नही करूंगा। देखते है कोटेदार कैसे वितरण करते है पांच दिसम्बर को समाचार लिखे जाने तक विपणन सहायक सुरेंद्र प्रताप शाही व कोटेदार रामनरेश दुबे सहित तमाम लोगो ने एम आई को समझाया लेकिन एम आई अपने जिद पर अड़े रहे। वही रामनरेश दुबे ने तरया सुजान के कोटेदार वीरेंद्र तिवारी से फोन से बात करने पर बताए कि मुझे खराब चीनी दे रहे थे मना करने पर एम आई हम पर भड़क गए तथा निकासी रोक दिए कुछ देर के बाद निकासी दिए तो हम चीनी लेकर घर आ गए। वही सेवरही गोदाम पर कोटेदार निकासी के लिए बैठे रहे, ऐसी स्थिति में ब्लॉक सेवरही के कोटेदार कार्ड धारकों में राशन व चीनी का वितरण कैसे करेंगे, एम आई के इस लापरवाही से लगभग तीस कोटेदार का निकासी रुका रहा जिसके कारण पांच दिसम्बर को वितरण बाधित रहा।

# इंसानियत की सेवा को ही अपना धर्म और फर्ज समझता है चिकित्सकः अनुपमा

- नियुक्ति पत्र वितरण समारोह में मुख्यमंत्री के कार्यक्रम का हुआ सजीव प्रसारण

**अवधनामा संवाददाता**





**बहराइच।** जनपद के महाराजा सुहेलदेव स्वाशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय में आज लखनऊ के लोकभवन सभागार में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा मिशन रोजगार अन्तर्गत निष्पक्ष एवं पारदर्शी चयन प्रकिया के तहत 278 सहायक आचार्य 2142 स्टाफ नर्स एवं 48 आयुष चिकित्सकों को नियुक्ति पत्र वितरण तथा आपात कालीन एम्बुलेंस सेवा के अन्तर्गत 674 एम्बुलेंस एवं 81 एडवांस लाइफ सपोर्ट (एएलएस) एम्बुलेंस के फ्लैग आफ कार्यक्रम का सजीव प्रसारण दिखाया गया।जिसमे बतौर अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष मंजू सिंह सदर बहराइच विधायिका अनुपमा जायसवाल नानपारा राम निवास वर्मा जिलाधिकारी मोनिका रानी तथा भाजपा जिलाध्यक्ष बृजेश पाण्डेय व अन्य लोग मौजूद रहे इन सबकी गरिमामयी उपस्थिति में महाराजा सुहेलदेव स्वाशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय में सजीव प्रसारण दिखाया गया। इसके उपरान्त जनप्रतिनिधियों भाजपा जिलाध्यक्ष जिलाधिकारी व अन्य द्वारा दीप प्रज्जवलित कर जनपद में नवनियुक्त 76 स्टाफ नर्सो को नियुक्ति पत्र का वितरण किया गया। उल्लेखनीय है कि जनपद के लिए कुल 139 स्टाफ नर्सो का चयन किया गया है जिसमें से कार्यक्रम स्थल महाराजा सुहेलदेव स्वाशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय में 76 स्टाफ नर्सो को नियुक्ति पत्र वितरण किया गया। कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने कहा कि प्रदेश में स्वास्थ्य एवं चिकित्सा सेवा में उल्लेखनीय कार्य हुआ है। प्रदेश के स्वास्थ्य केन्द्रों को संसाधनों से लैस किया गया है प्रदेश वासियों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं प्राप्त हो रही है। प्रदेश के लगभग सभी जनपदों में मेडिकल कालेज की स्थापना की जा रही है नियुक्ति पत्र पाने वालो को संबोधित करते हुए सदर विधायिका ने गीता श्लोक पड़ते हुए कहा कि दुख से ग्रसित लोगो की सेवा करना ही सच्चा धर्म होता है बिना मनुष्य की सेवा किए कोई भी बड़ा नहीं बन सकता मानव सेवा ही सबसे बड़ी सेवा होती है उन्होंने मुख्यमंत्री की बात को दोहराते हुए कहा कि आपने सुना की रावण की सेना ने चिकित्सक ने भगवान राम के भाई लक्ष्मण का उपचार करके ये संदेश देने प्रयास किया की बीमार कोई भी हो एक चिकित्सक का धर्म होता है पहले उसका उपचार करके उसके जीवन को बचाया जाय। इस अवसर पर प्राचार्य मेडिकल कालेज संजय खत्री, सीएमएस डॉ एम.एम. पाण्डेय, चिकित्सालय प्रबन्धक रिजवान सहित मेडिकल कालेज के शिक्षण, स्टाफ, नवनियुक्त स्टाफ नर्स तथा अन्य सम्बन्धित मौजूद रहे।

# सुल्तानपुर बेसिक शिक्षा तंत्र पर गंभीर आरोप



**अवधनामा संवाददाता**

**सुल्तानपुर।** बेसिक शिक्षा विभाग में शिक्षकों को गैर हाजिर दिखाकर वसूली का खेल चल रहा है। जब से बेसिक शिक्षा विभाग से ट्रांसफर पोस्टिंग का अधिकार छीना गया है तब से धन उगाही का एक माध्यम शिक्षकों की उपस्थिति चेक कर उनका वेतन रो कना उन्हें निलंबित करना और धन लेकर बहाल करना है। उक्त बातें विकास खंड दूबेपुर ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि डिंपल सिंह ने कही।उन्होंने कहा कि सुल्तानपुर का बेसिक शिक्षा विभाग उसके खंड शिक्षा अधिकारी इस गोरख धंधे में बुरी तरीके से लिप्त हैं। इसी का शिकार आदरणीय सूर्य को प्रकाश द्विवेदी जी हुए हैं,जो कि योग्य कर्मठ शिक्षक और एक ख्यातिल्लब्ध उद्घोषक थे। एक शिक्षक की मान मर्यादा उसकी प्रतिष्ठा उसके सम्मान को खंड शिक्षा अधिकारी कुड़वार द्वारा तार तार किए जाने से आहत होने पर उन्होंने आत्महत्या कर ली। उनकी मौत के लिए जिम्मेदार अधिकारी के खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्यवाही होनी चाहिए।

# मनीषा जैन को मानवाधिकार युवा जिलाध्यक्षा का सौंपा प्रभार

**अवधनामा संवाददाता**

**ललितपुर।** जिले के वरिष्ठ नेता अरविन्द सिंघई की पुत्री मनीषा जैन (सुमी) को मानवाधिकार युवा जिलाध्यक्षा का कार्यभार दिया गया। झांसी में पेंशनर कार्यालय पर राष्ट्रीय मानव अधिकार सेवा संगठन भारत की बैठक हुई। जिसमें सर्वप्रथम राष्ट्रीय अध्यक्ष मुन्नीलाल शर्मा ने दीप प्रज्वलित कर सरस्वती माता की फोटो पर माल्यार्पण किया। उनके साथ आये हुए अतिथि कैप्टन राजेश शर्मा प्रमुख सचिव भारत, विजय सिंह गुर्जर संभाग प्रमुख ग्वालियर चंबल, एस.पी.शर्मा संयुक्त सचिव म.प्र., डा.तशीलदार सिंह गुर्जर महामंत्री, राष्ट्रीय म.प्र. अंचल अड्जरिया संयोजक, संजय बामी राष्ट्रीय डायरेक्टर, सर्वेश कुमार पटेल राष्ट्रीय पर्यवेक्षक भारत एवं उ.प्र. अध्यक्ष का माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। ललितपुर जिले से आई मनीषा जैन (सुमी) को ललितपुर जिले का कार्यभार सौंपा गया। साथ ही सैकड़ों की संख्या में उपस्थित पदाधिकारियो ने मनीषा जैन सुम्मी का पुष्प बरसाकर कर स्वागत किया। इस अवसर पर प्रथम यू.पी.ग्रामीण बैंक से रिटायर रीजनल ऑफिसर वीरेंद्र कुमार वर्मा को राष्ट्रीय सह संयोजक की जिम्मेवारी सौंपी गई।

# नियुक्ति पत्र पाकर अभ्यर्थियों के खिले चेहरे

- जनप्रतिनिधियों व डीएम ने वितरण किया नियुक्ति पत्र
- मुख्यमंत्री के कार्यक्रम का

**अवधनामा संवाददाता**



**बहराइच।** लखनऊ लोकभवन सभागार में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी द्वारा मिशन रोजगार अन्तर्गत निष्पक्ष एवं पारदर्शी चयन प्रकिया के तहत 278 सहायक आचार्य 2142 स्टाफ नर्स एवं 48 आयुष चिकित्सकों को नियुक्ति पत्र वितरण तथा आपात कालीन एम्बुलेंस सेवा के अन्तर्गत 674 एम्बुलेंस एवं 81 एडवांस लाइफ सपोर्ट (एएलएस) एम्बुलेंस के फ्लैग आफ कार्यक्रम का जिला पंचायत अध्यक्ष मंजू सिंह, विधायक सदर बहराइच अनुपमा जायसवाल, नानपारा राम निवास वर्मा, जिलाधिकारी मोनिका रानी, भाजपा जिलाध्यक्ष बृजेश पाण्डेय व अन्य अतिथियों की गरिमामयी उपस्थिति में महाराजा सुहेलदेव स्वाशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय में सजीव प्रसारण दिखाया गया। इसके उपरान्त जनप्रतिनिधियों, भाजपा जिलाध्यक्ष, जिलाधिकारी व अन्य द्वारा दीप प्रज्जवलित कर जनपद में नवनियुक्त 76 स्टाफ नर्सो को नियुक्ति पत्र का वितरण किया गया। उल्लेखनीय है कि जनपद के लिए कुल 139 स्टाफ नर्सो का चयन किया गया है जिसमें से कार्यक्रम स्थल महाराजा सुहेलदेव स्वाशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय में 76 स्टाफ नर्सो को नियुक्ति पत्र वितरण किया गया। कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने कहा कि प्रदेश में स्वास्थ्य एवं चिकित्सा सेवा में उल्लेखनीय कार्य हुआ है। प्रदेश के स्वास्थ्य केन्द्रों को संसाधनों से लैस किया गया है प्रदेश वासियों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं प्राप्त हो रही है। प्रदेश के लगभग सभी जनपदों में मेडिकल कालेज की स्थापना की जा रही है। इस अवसर पर प्राचार्य मेडिकल कालेज संजय खत्री, सीएमएस डॉ एम.एम. पाण्डेय, चिकित्सालय प्रबन्धक रिजवान सहित मेडिकल कालेज के शिक्षण, स्टाफ, नवनियुक्त स्टाफ नर्स तथा अन्य सम्बन्धित मौजूद रहे।

# राणा प्रताप विधि महाविद्यालय का हुआ शुभारंभ

**अवधनामा संवाददाता**



**सुल्तानपुर।** क्षत्रिय एजुकेशनल एसोसिएशन द्वारा संचालित राणा प्रताप पी जी कॉलेज, महात्मा गाँधी स्मारक इंटरमीडिएट कॉलेज, श्री धनञ्जय सिंह मेमोरियल जूनियर हाई स्कूल की नूतन कड़ी में राणा प्रताप विधि महाविद्यालय का शुभारंभ हुआ।यह महाविद्यालय कूरेभार में स्थापित है। क्षत्रिय एजुकेशन एसोशिएशन के अध्यक्ष संजय सिंह एडवोकेट, सचिव रमेश सिंह टिन्नू, प्रबधंक बाल चंद्र सिंह, प्राचार्य प्रो डी के त्रिपाठी, एमजीएस के प्रबंधक प्रो विनोद सिंह, प्रधानचार्य महेश सिंह, उत्कर्ष सिंह, देवांश सिंह,द्वारा विधिवत पूजन द्वारा राणा प्रताप विधि महाविद्यालय का शुभारंभ हुआ। यह पूजा आचार्य प्रवीण तिवारी, सर्वेश मिश्रा द्वारा सम्पन्न हुई। क्षत्रिय एजुकेशनल एसोशिएशन के अध्यक्ष एडवोकेट संजय सिंह ने बताया कि यह संस्थान उत्कृष्ट विधि शिक्षा हेतु संकल्पबद्ध होकर प्रारंभ हुआ है। प्रबधंक बालचंद्र सिंह ने कहा कि कानूनी शिक्षा को हम प्रतिबद्धता से नया आयाम देंगे। पूजन के बाद आज से कक्षा का संचालन प्रारंभ हो गया। इस अवसर पर पूर्व प्रबंधक शुभ नारायण सिंह, ठाकुर प्रसाद सिंह,, बजरंग बहादुर सिंह, राम बहादुर सिंह, सुरेंद्रनाथ सिंह,राघवेन्द्र प्रताप सिंह सूर्य प्रताप सिंह, धनञ्जय सिंह,राम चन्दर सिंह, अजय कुमार सिंह, पूर्व प्राचार्य प्रो एस बी सिंह, डॉ एम पी सिंह, डॉ विनोद कुमार सिंह,प्रो निशा सिंह, प्रो शैलेंद्र प्रताप सिंह, डॉ धीरेन्द्र कुमार, डॉ इंद्रमणि कुमार, डॉ भारती सिंह, डॉ ओम भास्कर सिंह, डॉ विवेक सिंह, डॉ प्रीति प्रकाश, डॉ बीना सिंह, डॉ नीतू सिंह, डॉ संतोष अंश, नीलम सिंह, सुधा सिंह,अशोक कुमार सिंह,आद्या सिंह, एडवोकेट गिरजा शंकर शुक्ला, एडवोकेट समरजीत सिंह, दिलीप सिंह, विनय सिंह, विजय सिंह,अजीत सिंह,भवानी शंकर के साथ राणा प्रताप पी जी कॉलेज , महात्मा गांधी स्मारक इंटरमीडिएट कालेज, श्री धनंजय सिंह मेमोरियल जूनियर हाई स्कूल के समस्त प्राध्यापक, तृतीय और चतुर्थ श्रेणी के कर्मचारियों के साथ सैकड़ों की संख्या में गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# बिरधा में किया गया विधान से समाधान कार्यक्रम का आयोजन

- पंचायत भवन में सचिव ने महिलाओं को दी जानकारियां

**अवधनामा संवाददाता**



**ललितपुर।** जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण चन्द्रोदय कुमार के निर्देशानुसार सचिव कुलदीप सिंह की अध्यक्षता में पंचायत भवन विरधा में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ललितपुर एवं राष्ट्रीय महिला आयोग नई दिल्ली के तत्वाधान में विधान से समाधान कार्यक्रम के अन्तर्गत महिलाओं के खिलाफ अपराध पर विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में अपर जिला जज/सचिव कुलदीप सिंह, तहसीलदार चन्द्रकान्त तिवारी, चौकी इंचार्ज प्रवीण गिरी, रिर्सोस पर्सन सुश्री निधि सिंह व पूजा रैकवार ने महिलाओं को कानून में पुरूषों के बराबर अधिकार दिये गये है। उनके द्वारा घेरलू हिंसा कानून, लैंगिक उत्पीडन् से संबंधित कड़े कानूनी प्रावधान, हिन्दू उत्राधिकार अधिनियम में महिलाओं को बराबर साम्पत्तिक अधिकार निशुल्क विधिक सहायता, पीड़ित प्रतिकर योजना आदि विषयों पर जानकारी दी गयी। महिलाओं की शिक्षा, स्वास्थ्य आदि के संबंध में चल रही सरकारी योजनाओं बेटी पढ़ाओं-बेटी बचाओ, सुकन्या समृद्धि योजना, सुमंगल योजना, मातृत्व लाभ-योजना की जानकारी दी गयी और आम नागरिकों से अपील की जाती है कि वे आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत में मोटर वाहनों से संबंधित ई-चालान, आपराधिक शमनीय वाद, बैंक वसूली वाद, भूमि अधिग्रहण वाद, पारिवारिक/ वैवाहिक मामलें , मोटर दुर्घटना प्रतिकर वाद, विद्युत अधिनियम, स्टाम्प अधिनियम, श्रम अधिनियम, भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम, उपभोक्ता फोरम के वाद, स्थायी लोक अदालत में लंबित वाद, नगर पालिका टैक्स वसूली वाद, पुलिस अधिनियम के अन्तर्गत चालान वाद, दुकान एवं वाणिज्य अधिनियम के अधीन बांट माप वाद, आयकर, वाणिज्य कर, जलकर, वन अधिनियम, सेवा संबंधी वाद, चेक बाउन्स के मामलें आदि के अन्तर्गत लंबित वादों एवं अन्य वादों के निस्तारण राष्ट्रीय लोक अदालत में किये जायेगें।

# डब्ल्यूएचओ का एक दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन

**अवधनामा संवाददाता**

**ललितपुर।** स्टेशन रोड स्थित एक होटल में विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्लूएचओ) के तत्वाधान में चिकित्सकों तथा अन्य संबंधित स्टाफ के लिये एक दिवसीय डिस्ट्रिक्ट औरिएंटेशन वर्कशाप का आयोजन किया गया। इस दौरान चिकित्सकों को टीकाकरण के द्वारा बचाव की जा सकने वाली बीमारियों यथा मिजिल्स, रूबेला, पोलियो एवं डिप्थीरिया तथा टिटनेस, नियमित टीकाकरण आदि के संबंध में प्रशिक्षित किया गया। सीएमओ डा.इम्तियाज अहमद ने बताया कि चिकित्सा अधिकारियों के टीकाकरण में सक्रिय भागीदारी से वैक्सीन प्रीवेंटेबल रोगों से बचाव में मदद मिलेगी। यदि बच्चा टीकाकरण से प्रतिरक्षित है तो उसे बीमारी जल्दी नही पकड़ेगी। समस्त चिकित्सकों एवं टीकाकरण कर्मियों को टीकाकरण की अधुनांत जानकारी होना अत्यन्त आवष्यक है। उन्होने आगामी 10 दिसम्बर से षुरू होने वाले पल्स पोलियों अभियान के सफल संचालन के लिये सभी से सहयोग से अपील की। जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डा. शिव प्रकाश ने टीकाकरण के दौरान दिये जाने वाले 04 महत्वपूर्ण सन्देशों के बारे में जानकारी दी।

**उत्तर रेलवे**

आज़ादी का अमृत महोत्सव

**खुली ई-निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेलवे प्रबंधक (इंजीनियरिंग), उत्तर रेलवे, लखनऊ द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु **ई-निविदा** प्रणाली द्वारा जिसकी अंतिम निविदा तिथि **दिनांक 28.12.2023** को **15.00 बजे** तक आमंत्रित की जाती है। इस निविदा के मैनुयल आफर स्वीकार नहीं किये जायेगें यदि कोई मैनुयल ऑफर आता है तो उस पर विचार नहीं किया जायेगा। निविदाकर्ता निविदा फार्म का मूल्य व धरोहर राशि का भुगतान केवल ireps पोर्टल पर उपलब्ध आनलाईन भुगतान प्रणाली में नेट बैंकिंग, डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड इत्यादि किया जायेगा। डिमांड ड्राफ्ट, बैंकर चेक, डिपाजिट रसीद, एफ डी आर द्वारा भुगतान स्वीकार नहीं किये जायेगे।

| | |
|---|---|
| 1 | **निविदा सूचना संख्या :** 015302023 दिनांक 04.12.2023 |
| 2 | **कार्य का नाम : (1)** एलसी नंबर के बदले आरयूबी का प्रावधान 122/सी (किमी 960.614), 145/सी (किमी 990.036), 152/सी (किमी 998.948), 159/सी (किमी 1006.153), 172/सी (किमी 1019.333), 182/सी (किमी 1032.838) और 188/सी (किमी 1040.302) अमेठी–रायबरेली–लखनऊ खंड पर। |
| | **(2)** एलसी नंबर के बदले आरयूबी का प्रावधान 175 बी (किमी 1025.059), 171/सी (1018.207), 173/सी (1021.499), 174/सी (1023.679), 178/सी (1028.508), 189/सी (1042.822) प्रतापगढ़–रायबरेली–लखनऊ खंड पर। |
| | **(3)** एलसी नंबर के बदले आरयूबी का प्रावधान 190/सी (1043.738), 191/सी (1045.085), 151/सी (997.945), 158/सी (1005.035), 161/सी (1007.774) प्रतापगढ़–रायबरेली–लखनऊ खंड पर। |
| 3 | **अनुमानित लागत : (1)** रु. 33,95,07,081.48, **(2)** रु. 28,89,85,707.70, **(3)** रु. 24,64,92,063.50 |
| 4 | **धरोहर राशि : (1)** रु. 18,47,500.00, **(2)** रु. 15,94,900.00, **(3)** रु. 13,82,500.00 |
| 5 | **कार्य की समापन अवधि : (1)** स्वीकृत पत्र की तिथि से 15 माह, **(2)** स्वीकृत पत्र की तिथि से 15 माह, **(3)** स्वीकृत पत्र की तिथि से 15 माह |
| 6 | **निविदा डालने का प्रारंभ :** 14.12.2023 |
| 7 | **निविदा बंद होने की तिथि एवं समय :** 28.12.2023, 15:00 बजे |
| 8 | **बेबसाईट : www.ireps.gov.in** |

निविदा संबंधी अन्य विस्तृत विवरण उक्त बेबसाईट पर उपलब्ध है। **3805 /2023**

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# गिरार खनिज ब्लाक की नीलामी जनपद के लिए महत्वपूर्ण उपलब्धिः डीएम

- गिरार लौह अयस्क एवं स्वर्ण धातु खनिज ब्लाक की हुई सफलतापूर्वक नीलामी
- जनपद के अत्यन्त पिछड़े क्षेत्र में रोजगार की होगी बड़ोत्तरी

**अवधनामा संवाददाता**



**ललितपुर।** जिला खान अधिकारी ने बताया है कि जनपद की मडावरा तहसील के गिरार क्षेत्र स्थित बहु प्रतीक्षीत लौह अयस्क एवं स्वर्ण धातु के खनिज ब्लाक की नीलामी सफलतापूर्वक सम्पनन हुयी। उक्त के संबंध में जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी ने कहा कि खनिज आधारित गिरार ब्लाक के आक्शन होने से क्षेत्र में खनिज आधारित औघोगिक इकाइयों की स्थापना होगी, जिससे जनपद के अत्यन्त पिछड़े क्षेत्र में रोजगार की बड़ोत्तरी होगी। यह जनपद के लिये एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। जिला खान अधिकारी ने कहा कि गिरार खनिज ब्लाक यू.एन.एफ.सी. जी-4 स्तर का है, जिसको कंम्पोजिट लाइसेंस पर आक्शन किया गया है। चयनित कम्पनी द्वारा पहले आवश्यक एन.ओ.सी. प्राप्त कर अन्वेषण कार्य किया जायेगा, फिर खनन कार्य हेतु प्रस्तावित किया जायेगा। उन्होंने कहा कि 15 सितम्बर 2023 को भूतत्व एवं खनिकर्म निदेशालय उ.प्र. द्वारा जनपद में स्थित खनिज ब्लाक को कम्पाजिट लाइसेंस पर देने के लिये ऑनलाईन ग्लोबल टेण्डर आंमत्रित किये गये थे। सर्वाधिक मूल्य लगाने के कारण यह ब्लाक गोवा की कंपनी फर्मेन्टो रिसोर्स के पक्ष में स्वीकृत हुआ है। कम्पोजिट लाइसेंस में प्रथम 02 वर्ष में कम्पनी एक्सपलोरेशन कार्य कर खनिज संसाधन की पुष्टि कर खनन कार्य प्रस्तावित करेगी। फर्मेन्टो रिसोर्स, पणजी गोवा खनिज अन्वेषण मिनरल प्रोसेसिंग आदि का कार्य करती है। गिरार में उपस्थित लौह अयस्क बैन्डेड हेमाटाइट क्वाटर्जाइट (बी.एच.ओ.) प्रकार की चट्टानों में मिलता है, जिसकी स्ट्राइक लेंथ लगभग 3.5 किमी0 है, जो कि ई-डब्ल्यू ट्रेंडिंग करती है। गिरार बरवार क्षेत्र स्थित लौह अयस्कं एवं स्वर्ण धातु के भण्डार में अन्वेषण का कार्य भूतत्व एवं खनिकर्म निदेशालय उ.प्र. द्वारा किया गया है। जिसमें लगभग 44 बोरहौल कर खनिज की मात्रा का निर्धारण किया गया है। खनिज ब्लाक में 25-30 प्रतिशत ग्रेड का आयरन ओर आंकलित किया गया है। ब्लाक का कुल क्षे. 231.175 हे. है। आयरन फार्मेशन की क्वाटर्ज वेनस में स्पोराडिक गोल्ड मिनरलाइजेशन भी मिलता है। इस लो ग्रेड आयरन ओर को बेनिफिशिएशन द्वारा 67.30 प्रतिशत आयरन तक सांद्रित किया जा सकता है और स्टील निर्माण में प्रयुक्त किया जा सकता है।

**ग्राम पंचायत-खजुरियाशर्की वि.खं.-बढ़नी, सिद्धार्थनगर**

**अल्पकालीन निविदा**

वित्तीय वर्ष 2023-24 में ठोस तरल अपशिष्ट प्रबन्धक (SLWM) केंद्रीय वित्त/वित्त आयोग/मनरेगा/ स्वच्छ भारत मिशन अन्तर्गत स्वीकृत कार्य हेतु ई रिक्शा, साइकिल रिक्शा, कूड़ेदान, प्लास्टिक बैग, प्लास्टिक बैंक, सफेद सीमेंट, गिट्टी, प्रथम श्रेणी ईट, रोड़ा, सीमेट, रेट्रोफिटिंग मौरंग बालू, इंटरलॉकिंग, सरिया, लोहे का जाल, ह्यूम पाइप, वॉल पुट्टी, टीन चादर, बजरफुट, बजरी, वॉल पेंटिंग, प्लास्टिक पाइप कलेक्श सेंटर हैण्डपंप मरम्म्त, रीवोर, इलेक्ट्रॉनिक मेटेरियल आदि सामानों की आपूर्ति हेतु इच्छुक व मान्य आपूर्तिकर्ता दिनांक 05.12.2023 से 20.12.2023 तक निविदा कार्यालय में जमा कर सकते हैं। दिनांक 20.12.2023 को सुबह 10 बजे निविदा ग्राम पंचायत कार्यकारिणी के समक्ष खोली जाएंगी प्रतिबंध नियम व शर्तें एवं अन्य विवरण कार्य दिवस में ग्राम पंचायत कार्यालय से सम्पर्क कर सकते हैं।

**शीला पटेल**
**सचिव**
**ग्रा.पं. खजुरियाशर्की**

**श्रीमती नूर जहां**
**प्रधान**
**ग्रा.पं. खजुरियाशर्की**

# स्वास्थ विभाग द्वारा नियमित किया जाएगा कैंपः सीएमओ

**अवधनामा संवाददाता**



**सुल्तानपुर।** मंगलवार को जिला कारागार में टीबी,एचआईवी, हेपेटाइटिस बी एवं सी,एसटीआई की स्क्रिनिंग एवं जाँच कैंप का आयोजन किया गया। जिसका उद्घाटन मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ.ओम प्रकाश चौधरी द्वारा दीप प्रज्जलित व फीता काट कर किया गया।कार्यक्रम में जेल अधीक्षक अनिल कुमार गौतम, जिला क्षयरोग अधिकारी डॉ.आरके कन्नौजिया,उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. लालजी, जेलर राज कुमार सिंह, की उपस्थिति में आयोजित किया गया। कैम्प के आयोजन का उद्देश्य कारागार में निरुद्ध सभी बंदियों की एचआईवी, हेपेटाइटिस बी एवं सी तथा क्षयरोग हेतु जांच व स्क्रिनिंग कराया जाना था। जाँच में धनात्मक पाए जाने पर उपचार प्राम्भ किया जाता है।कैम्प में पर्यवेक्षक सुरेश कुमार, फार्मासिस्ट सुनीता सिंह, टीबी एचआईवी कोर्डिनेटर पंकज तिवारी, संतोष सिंह, सीमा श्रीवास्तव, नेहा, अवनीश सिंह, राम सुमिरन, राजीव लोचन पाण्डेय, प्रताप सेवा समिति के सचिव विजय विद्रोही आदि लोग उपस्थित रहकर स्क्रीनिंग एवं जाँच का कार्य किया। उक्त अवसर पर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ.ओम प्रकाश चौधरी ने कहाकि बंदियों की एचआईवी, हेपेटाइटिस बी व सी,क्षयरोग आदि बीमारियों की स्वास्थ विभाग द्वारा कैंप का आयोजन कर नियमित जांच करता है।किसी भी संक्रामक बीमारियों से ग्रसित होने पर उनका ईलाज किया जाता है।साथ ही स्वास्थ विभाग द्वारा लगाए गए कैंप में उन्हें इन बीमारियों से बचाव के लिए जागरूक भी किया जाता है।

**ग्राम पंचायत-कल्याणनगर उर्फ हृदयनगर वि.खं.-बढ़नी, सिद्धार्थनगर**

**अल्पकालीन निविदा**

वित्तीय वर्ष 2023-24 में ठोस तरल अपशिष्ट प्रबन्धक (SLWM) केंद्रीय वित्त/वित्त आयोग/मनरेगा/ स्वच्छ भारत मिशन अन्तर्गत स्वीकृत कार्य हेतु ई रिक्शा, साइकिल रिक्शा, कूड़ेदान, प्लास्टिक बैग, प्लास्टिक बैंक, सफेद सीमेंट, गिट्टी, प्रथम श्रेणी ईट, रोड़ा, सीमेट, रेट्रोफिटिंग मौरंग बालू, इंटरलॉकिंग, सरिया, लोहे का जाल, ह्यूम पाइप, वॉल पुट्टी, टीन चादर, बजरफुट, बजरी, वॉल पेंटिंग, प्लास्टिक पाइप कलेक्श सेंटर हैण्डपंप मरम्म्त, रीवोर, इलेक्ट्रॉनिक मेटेरियल आदि सामानों की आपूर्ति हेतु इच्छुक व मान्य आपूर्तिकर्ता दिनांक 05.12.2023 से 19.12.2023 तक निविदा कार्यालय में जमा कर सकते हैं। दिनांक 19.12.2023 को अपरान्ह 02 बजे निविदा ग्राम पंचायत कार्यकारिणी के समक्ष खोली जाएंगी प्रतिबंध नियम व शर्तें एवं अन्य विवरण कार्य दिवस में ग्राम पंचायत कार्यालय से सम्पर्क कर सकते हैं।

**शीला पटेल**
**सचिव**
**ग्रा.पं. कल्याणनगर उर्फ हृदयनगर**

**श्री जय प्रकाश**
**प्रधान**
**ग्रा.पं. कल्याणनगर उर्फ हृदयनगर**

# फिर होगी मदरसों की जाँच, अधिकारी मदरसों मे जाकर करेंगे जांच

- सरकारी अनुदान प्राप्त मदरसों के शिक्षकों की शैक्षिक योग्यता की होगी जांच



**अवधनामा संवाददाता**

**हमीरपुर।** मदरसो की जांच का जिन्न एक बार फिर बोतल से बाहर आ गया है। अभी विगत वर्षो मे मदरसों की जांच करवाई गयी थी लेकिन अब फिर उत्तर प्रदेश सरकार ने सरकारी अनुदान प्राप्त प्रदेश के सभी मदरसों के शिक्षकों व अन्य कर्मचारियों की शैक्षिक योग्यता और वहां उपलब्ध मूलभूत सुविधाओं की स्थिति की जांच करने के आदेश दिए हैं हालांकि कि उत्तर प्रदेश मदरसा शिक्षा बोर्ड के अध्यक्ष इफ्तिखार अहमद जावेद ने इस पर नाराजगी जाहिर करते हुए कहा है कि मदरसों की जांच अब एक नियमित प्रक्रिया बन गयी है और बार-बार जांच होने से मदरसों में शिक्षण कार्य तथा अन्य गतिविधियों में व्यवधान पड़ता है।

प्रदेश के अल्पसंख्यक कल्याण विभाग के निदेशक जे. रीभा ने राज्य के सभी विभागीय मंडलीय उपनिदेशकों और सभी जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारियों को पत्र भेजा था। इस पत्र में उन्होंने लिखा कि मदरसों में अध्ययनरत विद्यार्थियों के लिए गुणवत्ता परक शिक्षा सुनिश्चित करने और उनमें अन्वेषणात्मक, रुचि पूर्ण एवं वैज्ञानिक दृष्टिकोण विकसित किए जाने तथा समाज की मुख्य धारा में शामिल करने के लिए मदरसों में आधारभूत सुविधाएं एवं योग्य शिक्षकों की उपलब्धता सुनिश्चित कराया जाना आवश्यक है। पत्र में उन्होंने इसको सुनिश्चित करने के लिए सबसे पहले प्रदेश सरकार द्वारा अनुदान प्राप्त मदरसों के भवनों, आधारभूत सुविधाओं एवं कार्यरत शिक्षक तथा शिक्षणेत्तर कर्मचारियों के शैक्षिक अभिलेखों की जांच करा ली जाए।'' पत्र में यह जांच पूरी करके 30 दिसंबर तक मदरसा शिक्षा बोर्ड के रजिस्ट्रार को रिपोर्ट सौंपने के आदेश दिए गए हैं।

### जनपद में 44 मान्यता प्राप्त तथा 10 गैर मान्यता प्राप्त मदरसे चल रहे है

उत्तर प्रदेश में वर्तमान समय में लगभग 25,000 मान्यता प्राप्त एवं गैर मान्यता प्राप्त मदरसे संचालित किये जा रहे हैं। इनमें से 560 मदरसों को राज्य सरकार से अनुदान मिलता है। जनपद हमीरपुर में 44 मदरसे मान्यता प्राप्त है इन में 34 स्थाई मान्यता प्राप्त है तथा एक मदरसे को सरकार से अनुदान मिलता है। अल्पसंख्यक कल्याण विभाग के निदेशक ने पत्र में यह भी लिखा कि प्रदेश में स्थित मदरसों में अब भी आधारभूत सुविधाओं का अभाव है और वहां पढ़ रहे बच्चों को गुणवत्ता परक वैज्ञानिक एवं आधुनिक शिक्षा प्राप्त नहीं हो पा रही है जिसके कारण छात्रों को रोजगार के समुचित अवसर उपलब्ध नहीं हो पा रहे हैं।

### क्या कहना है अल्पसंख्यक अधिकारी का

जिला अल्पसंख्यक अधिकारी हिमांशु अग्रवाल नें बताया कि निदेशालय से पत्र आया है जिस के अनुसार 30 दिसंबर 2023 तक अनुदान प्राप्त मदरसो की जांच कर आख्या भेजनी है उन्होंने कहा कि चूंकि जनपद में अनुदान प्राप्त एक ही मदरस है जिस की जांच हेतु जिलाधिकारी द्वारा एक समिति गठित की जाएगी जो शीघ्र अनुदान प्राप्त मदरसे के हर पहलु पर बारीकी से जांच कर आख्या प्रेषित कर दी जाएगी। पिछले वर्ष की जांच में 10 मदरसे गैर मान्यता प्राप्त पाए गये थे जो अभी भी संचालित है।

# एनटीपीसी रिहंद में मनाया गया विश्व दिव्या दिवस



**अवधनामा ब्यूरो**

**सोनभद्र/ बीजपुर।** एनटीपीसी के रिहंद स्टेशन मे विशेष रूप से सक्षम कर्मचारियों के साथ मनाया गया विश्व दिव्या- दिवस। कार्यक्रम का आयोजन प्रशासनिक भवन के मंथन प्रेक्षागृह में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ परियोजना प्रमुख (रिहंद) पंकज मेदीरत्ता ने परंपरागत रूप से केक काटकर किया। कार्यक्रम की अगली कड़ी में मुख्य चिकित्सा अधिकारी (रिहंद) डॉ. मोनिषा कुलश्रेष्ठा नें प्रस्तुति के माध्यम से बताया की कैसे विशेष रूप से सक्षम होने के बाद भी कर्मचारीगण अपने रोज़मर्रा के कार्यों को कुशलतापूर्वक कर सकते हैं। साथ ही फिज्योथेरपिस्ट ने लाइव डेमो द्वारा कर्मचारियों को सरल कसरत सिखाया जो आसानी से अपने स्थान पर बैठ कर किया जा सकता है। इसके पश्चात उपस्थित कर्मचारियों ने गाना गाकर, कविताएं सुनाकर अपने अंदर छिपे प्रतिभाओं को प्रदर्शित किया। तत्पश्चात परियोजना प्रमुख पंकज मेदीरत्ता नें कहा कि यहाँ पर उपस्थित सभी कर्मचारियों का एनटीपीसी रिहंद को इस मुकाम पर पहुँचाने में महत्वपूर्ण योगदान रहा है।

# छात्राओं को किया गया जागरूक

- बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ पखवाड़े सम्पन्न
- महिला थाने में छात्रों को महिला अपराध से सुरक्षा को दी गई जानकारी



**अवधनामा ब्यूरो**

**सोनभद्र।** महिला कल्याण विभाग द्वारा आगामी 15 दिसम्बर तक 'बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ पखवाड़ा' का आयोजन किया जा रहा है, जिसके अन्तर्गत जनपद सोनभद्र में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। पखवाड़े का शुभारंभ जिला प्रोबेशन अधिकारी द्वारा किया गया , जहां महिला कल्याण विभाग के अधिकारी व कर्मचारियों द्वारा राजकीय बालिका इंटर कालेज रॉबर्ट्सगंज सोनभद्र की छात्राओं प्रधानाचार्य एवं अध्यापिकाओं को एक दिवसीय एक्सकर्जन /एक्सपोजर विजिट कराया गया, जिसमें महिला थाना एवं वन स्टाप सेंटर का भ्रमण कराया तथा उनके कार्य प्रणाली एवं उद्देश्य के बारे में विस्तृत रूप से जानकारी दी गई की एक ही छत के नीचे हिंसा से पीड़ित महिलाओं एवं बालिकाओं को एकीकृत रूप से सहायता एवं सहयोग प्रदान करना। पीड़ित महिला एवं बालिका को तत्काल आपातकालीन एवं गैर आपातकालीन सुविधायें उपलब्ध करना, जैसे-चिकित्सा, विधिक, मनौवैज्ञानिक परामर्श आदि।कार्यक्रम में मुख्य रूप से महिला थाना प्रभारी सरोजमा सिंह, प्रधानाचार्या रंजना शुक्ला, वन स्टाफ सेंटर की केंद्र प्रशासक दीपिका सिंह, मिशन कोऑर्डिनेटर नीतू यति सिंह, जेंडर स्पेस्लिस्ट साधना मिश्रा, सीमा द्विवेदी, पैरामेडिकल नर्स प्रियंका, अर्चना, पूजा आदि लोग उपस्थित रहे

# स्वामी ब्रह्मानंद जी महाराज का 129 वा जन्मोत्सव मनाया गया

- धर्मपाल सिंह मंत्री पशुधन एवं दुग्ध विकास मुस्लिम बोर्ड एवं हज भी सम्मलित हुए



**अवधनामा संवाददाता**

**राठ (हमीरपुर)** संत प्रवर स्वामी ब्रह्मानंद जी महाराज की 129 वे जन्मोत्सव समारोह के अवसर पर सोमवार 4 दिसंबर को प्रातः 6ः00 बजे से हवन पूजन 11ः00 बजे पूर्णाहुति एवं पुष्पांजलि का कार्यक्रम हुआ। जिसमें मुख्य अतिथि धर्मपाल सिंह मंत्री पशुधन एवं दुग्ध विकास मुस्लिम बोर्ड एवं हज तथा नागरिक सुरक्षा विभाग उत्तर प्रदेश शासन, विशिष्ट अतिथि अनिल राजभर मंत्री श्रम एवं सेवायोजन समन्वय विभाग उत्तर प्रदेश सरकार ने स्वामी ब्रह्मानंद जी की समाधि स्थल पर पुष्प अर्पित कर माथा टेका। इसी क्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष जयंती राजपूत, सांसद पुष्पेंद्र सिंह चंदेल, विधायक मनीषा अनुरागी, प्रबंध समिति के अध्यक्ष डॉ इंद्रपाल सिंह, उपाध्यक्ष डॉ अजय पाल सिंह, सचिव डॉक्टर कमलेश सक्सेना, नगर पालिका अध्यक्ष श्रीनिवास बुधौलिया, अनुपमा सिंह लोधी राष्ट्रीय अध्यक्ष राष्ट्रीय लोधी महासभा एवं राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य भारतीय जनता पार्टी, राज विशंभर भटनागर, प्राचार्य प्रोफेसर डॉक्टर सुरेंद्र सिंह महाविद्यालय के प्राध्यापक एवं कर्मचारी गणों ने स्वामी जी की समाधि पर पुष्प अर्पित कर माथा टेका। तत्पश्चात सभी आगंतुक महानुभावों ने अखंड मंदिर में आयोजित स्वामी जी के जीवन वृत पर आधारित चित्र प्रदर्शनी का अवलोकन किया। दंगल प्रांगण में आयोजित श्रद्धांजलि सभा मैं प्रतिभाग किया। प्राचार्य प्रोफेसर डॉक्टर सुरेंद्र सिंह ने सभी माननीय एवं आगंतुकों का स्वागत किया। उन्होंने अपने उद्बोधन के दौरान स्वामी जी के जीवन वृत पर आधारित संस्मरण साझा किया। इसी क्रम में विशिष्ट अतिथि ने स्वामी जी की उपमा बनारस हिंदू विश्वविद्यालय की स्थापना करने वाले पंडित महामना मालवीय जी से की एवं उनके पद चिन्हो पर चलने के लिए सभी से आवाहन किया। मुख्य अतिथि धर्मपाल सिंह ने अपने उद्बोधन में ब्रह्मानंद महाविद्यालय को विश्वविद्यालय बनाने के लिए हर संभव कोशिश का आश्वासन दिया तथा छात्रों के विकास हेतु डेयरी उद्योग स्थापित करने का वादा किया। जिससे क्षेत्र में रोजगार के अवसर बढ़ेंगे। उन्होंने कहा गरीबी अनुदान से दूर नहीं होगी गरीबों शिक्षा से दूर होगी। इस कार्यक्रम के संयोजक प्रोफेसर हल्के प्रसाद, डॉक्टर बीके पांडे, डॉक्टर कमलेश राम, डॉक्टर सरजू नारायण, डॉक्टर रामसुभग सिंह, डॉक्टर राकेश शर्मा, डॉक्टर विजय प्रताप गौतम, डॉ अरुण कुमार, राजेंद्र कुमार झा नंदराम, बृजकिशोर, वीरेंद्र सिंह, मनीष कुमार आदि लोगों ने इस कार्यक्रम को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका अदा की। इस कार्यक्रम का सफल संचालन डॉक्टर साजू नारायण ने किया। इस दौरान महाविद्यालय के प्राध्यापक डॉ वरुण कुमार सिंह, डॉ दशरथ सिंह, डॉक्टर गोविंद राजपूत, डॉ अवधेश नारायण शुक्ला, डॉक्टर कमलेश राजपूत, डॉ शीला सिंह, डॉ साधना कुमारी, डॉ पूर्णिमा सिंह, अंकिता सैनी आदि लोग उपस्थित रहे।

# पीएम से ग्राम प्रधान तक की योजनाएं पात्र कत पहुंचाएं: अमरनाथ

**अवधनामा ब्यूरो**



**सोनभद्र।** मंगलवार को विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम के अंतर्गत सदर विधानसभा के चुर्क मंडल के तियरा नायक ग्राम सभा में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रूप में भारतीय जनता पार्टी के जिला प्रभारी अमरनाथ यादव, विशिष्ठ अतिथि के रूप में भाजपा जिला अध्यक्ष नंदलाल उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन मंडल अध्यक्ष महेंद्र नाथ पांडेय ने किया।

कार्यक्रम में सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं के विषय में वक्ताओं द्वारा विस्तृत जानकारी दिया गया, और येलिडी वैन से भी योजनाओं के विषय में ग्रामीणों को पूरा दिखाया गया। कार्यक्रम में योजनाओं से लाभान्वित लोगों को प्रमाण पत्र वितरित कर मुख्य अतिथि व विशिष्ठ अतिथियों को सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम में प्रमुख रूप से ब्लाक प्रमुख अजीत रावत, जिला महामंत्री युवामोर्चा विनय श्रीवास्तव, मीडिया प्रभारी अनूप तिवारी, प्रवीन सिंह, मनोज सोनकर, सतीश श्रीवास्तव, दयाशंकर पांडेय, बृजेश श्रीवास्तव सहित सभी कार्यकर्ता व ग्रामीण उपस्थित रहे।

# सात समंदर पार से आए साइबेरियन पंछी, यमुना तट पर डाला डेरा

- हर वर्ष सर्दियों के मौसम में यहां आते हैं साइबेरियन पंछियों के समूह



**अवधनामा संवाददाता**

**हमीरपुर।** हर वर्ष सर्दियों का मौसम शुरू होते ही सात समंदर पार कर साइबेरियन पंछियों के समूह यमुना तट पर पहुंच जाते हैं। इस बार भी सर्दी शुरू होते ही साइबेरियन पंछियों का झुंड यमुना किनारे नजर आने लगा है। जिससे यमुना तट इन विदेशी मेहमानों से गुलजार नजर आ रहा है। इन विदेशी मेहमानों के कलवर को देखकर लोग आनंद की अनुभूति कर रहे हैं। वहीं लोग यमुना तट पर डेरा जमाए इन विदेशी मेहमानों को लोग अपने मोबाइलों में भी कैद कर रहे हैं। शरद ऋतु में दूर देश से विदेशी मेहमान पंछी भोजन व वंश वृद्धि की आस लिए भारत का रुख करते हैं। खुशमिजाज मौसम के कारण ही इन दिनों उनकी तादाद बढ़ती है और वीराने से नजर आने वाले इलाके इन पंछियों से गुलजार हो जाते हैं। इस बार भी साइबेरिया, युगोस्लाविया सहित ठंडे देशों से हजारों मील की उड़ान भरकर प्रवासी पंछी यमुना, बेतवा संगम स्थल और मौदहा बांध पर पहुंच चुके हैं। इन रंग-बिरंगे मेहमान पंछियों में ज्यादा तादाद साइबेरियन क्रेन, लाल सार की है। तकरीबन तीन माह तक प्रवास करने के बाद सर्दी खत्म होते ही यह अपने वतन को वापस लौट जाएंगे।

### विदेशी पंछियों का शिकार करने वाले भी हुए सक्रिय

विदेशी पंछियों के यहां आने के बाद से शिकारी भी सक्रिय हो गए हैं। कई शिकारी यहां जाल डालकर इन पंछियों का शिकार करते हैं। हालांकि इस बार वन विभाग ने पहले से ही शिकारी पर नकेल की तैयारी कर ली है।

### निगरानी टीम नहीं हो पाएगा शिकार, प्रभागीय वनाधिकारी

प्रभागीय वनाधिकारी अनिल श्रीवास्तव ने बताया कि साइबेरियन पंछियों की निगरानी के लिए टीम गठित कर दी गई है। जिन स्थानों में साइबेरियन पंछी डेरा जमाते हैं वहां पर वन विभाग की टीम के सदस्यों को तैनात कर निगरानी की जाएगी। ताकि इन विदेशी पंछियों का कोई शिकार न कर पाए।

## संक्षिप्त समाचार

### सफलता का परचम लहरा रहे हैं दिव्यांगजन



**राठ (हमीरपुर)** राष्ट्रीय दिव्यांग दिवस पर गोल्डन लायनेस क्लब प्रेरणा द्वारा चिल्ड्रन पार्क में कार्यक्रम आयोजित किया गया। 15 दिव्यांग बच्चों को सर्दी से बचाव के लिए गर्म कपड़े, मोजे आदि वितरित किए गए। क्लब की अध्यक्ष नीलम कौशल ने कहा कि दिव्यांगजन अच्छी शिक्षा व अपने कौशल को निखार कर समाज के हर क्षेत्र में नाम रोशन कर रहे हैं। कहा सरकार द्वारा भी विभिन्न योजनाएं चलाई जा रहीं हैं। कार्यक्रम में क्लब द्वारा अलका, इनाया, जुनैद, लाल मोहम्मद, एजाज, हसन, अर्जित कौशल, यशवंत जीवन, रश्मि, अस्लाबानो, प्रियसना आदि बच्चों को स्वेटर, मोजा, कैप, स्कार्फ आदि वितरित किए। क्लब की अध्यक्ष नीलम कौशल, सचिव दीपाली आर्य, कोषाध्यक्ष अल्पना गुप्ता, सदस्य डॉ. हेमलता गुप्ता, ज्ञानुका अग्रवाल, कमलेश अग्रवाल, सविता बुधौलिया, अनामिका बुधौलिया, अंजली गुप्ता, अनीता कौशल, कुसुम मौजूद रहीं।

### एन0आई0सी0 में किया गया नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम का सजीव प्रसारण



**सोनभद्र, अवधनामा ब्यूरो।** निष्पच्छ एंव पारदर्शी चयन प्रक्रिया के अन्तर्गत नियुक्त सहायक आचार्य, स्टाप नर्स आयुष चिकित्सक, शिक्षकों को मुख्यमंत्री जी द्वारा नियुक्ति पत्र का वितरण लखनऊ के लोक भवन आडिटोरियम में किया गया जिस कार्यक्रम का सजीव प्रसारण एनआईसी में देखा गया, इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष रूबी प्रसाद, डा. सुरेश सिंह प्रधानाचार्य स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय ने जनपद सोनभद्र के स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय में नव नियुक्त संकाय सदस्यों को नियुक्ति पत्र का वितरण किये। इस मौके पर डा. आरजी यादव एसीएमओ, जिला सूचना विज्ञान अधिकारी अनिल कुमार गुप्ता, अपर जिला सूचना अधिकारी विनय कुमार सिंह,धीरज श्रीवास्तव,सहित अन्य सम्बन्धितगण उपस्थित रहे।

# भारत संकल्प यात्रा का भाजपाइयों ने किया जोरदार स्वागत

- राज्य मंत्री ने सरकार की योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने का किया आह्वान



**अवधनामा संवाददाता**

**चोपन/ सोनभद्र।** मंगलवार को विकसित भारत संकल्प यात्रा चोपन मण्डल के करगरा व टापू गांव पहुंचा जहाँ करगरा में बतौर मुख्य अतिथि समाज कल्याण राज्य मंत्री संजीव गोंड़ ने ग्रामीणों को सम्बोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत 2047 तक विकसित बनने के मार्ग पर तेजी से आगे बढ़ रहा है जिसका संकल्प हम सभी भारतीयों को लेना है साथ ही विकसित भारत संकल्प यात्रा के माध्यम से गांव गांव में लोगों को केन्द्र सरकार की योजनाओं के प्रति जागरूक करना है।यात्रा में विशिष्ट अतिथि के रूप में पहुंचे भाजपा जिला अध्यक्ष नन्दलाल गुप्ता ने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा के माध्यम से भाजपा के सभी कार्यकर्ता गांव गांव में लोगों को इस अभियान में जोड़ कर पात्रो तक योजनाओं को पहुचाने में लग जाये।कार्यक्रम में जिला प्रभारी अमरनाथ यादव ने कहा कि मोदी सरकार भारत के गांव गरीब और किसानों के साथ सभी मोर्चो पर पुरी पारदर्शिता व बिना भेदभाव के काम कर रही है जिसके फलस्वरूप भारत को विकसित राष्ट्र बनाने में सभी कार्यकर्ता व नागरिक अपना योगदान दें।ग्राम पंचायत टापू में कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि जिला पंचायत सदस्य उत्तरा त्रिपाठी प्रतिनिधि संजीव तिवारी व चोपन मंडल अध्यक्ष सुनील सिंह ने मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथियों का माल्यार्पण व अंगवस्त्र से स्वागत किया।

### जहरीला पदार्थ खाने से युवती की मौत

**बांदा।** ससुरालीजनों के झगड़े से परेशान होकर युवती ने जहरीला पदार्थ खा लिया। इससे उसकी हालत बिगड गयी। परिवारीजनों ने उसे मेडिकल कालेज मे भर्ती कराया। वहां पर उपचार के दौरान उसकी मौत हो गयी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। मृतका के भाई ने सास-ससुर पर झगड़ा करने का आरोप लगाया है।

कालिंजर थाना क्षेत्र के नीबी गांव के मजरा बक्शीपुरवा निवासी उर्मिला (22) पत्नी मुखिया ने सोमवार की दोपहर को जहरीला पदार्थ खा लिया। जिससे उसकी हालत बिगड़ गयी। खेत से घर लौटे परिजनों ने देखा तो उसे उठाकर मेडिकल कालेज में भर्ती कराया। वहां पर उपचार के दौरान उसकी मौत हो गयीं। मृतका के भाई राम सिंह ने बताया कि 5 जून 2022 को उर्मिला की शादी हुई थी।

# मृदा स्वास्थ्य के बारे में लोगों का जागरूक होना जरूरी

- मृदा का स्वास्थ्य गिरा तो कुछ नहीं बचेगा- डॉ एन के बाजपेयी

**अवधनामा संवाददाता**

**बांदा।** विश्व खाद्य एवं कृषि संगठन द्वारा प्रतिपादित विश्व मृदा दिवस 2014 से प्रत्येक वर्ष 5 दिसम्बर को पूरे विश्व में मनाया जा रहा है। कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय के मृदा विज्ञान एवं कृषि रसायन विभाग द्वारा विश्व मृदा दिवस मनाया गया। विश्व मृदा दिवस मनाने के पीछे की मंशा मृदा स्वास्थ्य के बारे में आमजनमानस को जागरुक करना है। विश्व मृदा दिवस के अवसर पर छात्रों के बीच प्रश्नोत्तरी और पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में अच्छा प्रदर्शन करने वाले छात्रों को पुरस्कृत किया गया। कुलसचिव डा. एसके सिंह ने कहा कि मृदा के स्वास्थ्य को सर्वाधिक प्रभावित फसल अवशेष को जलाने की प्रक्रिया कर रही है, साथ ही साथ उन्होने कहा कि उर्वरक उपयोग भी संतुलित होना चाहिये। निदेशक प्रसार डा. एनके बाजपेयी ने कहा कि यह पृथ्वी विष्णु पत्नी है, यह साधारण बात नही है बल्कि यह सजीव पिण्ड है। उन्होंने कहा यदि मृदा का स्वास्थ्य गिरा तो कुछ नहीं बचेगा। हर हाल में मृदा के स्वास्थ्य की रक्षा होनी ही चाहिए। डा. जीएस पंवार, अधिष्ठाता कृषि महाविद्यालय ने बताया कि मृदा पर अगर पलवार बिछाई जाये तो मृदा में खरपतवार कम हो जाते हैं तथा मिट्टी की जलधारण क्षमता भी बढ़ जाती है।

# अस्पताल में ही हो जांच, वहीं से दी जाएं दवाएं: डिप्टी सीएम

- बाहर की दवाएं लिखने पर चिकित्सकों के खिलाफ होगी सख्त कार्रवाई
- डिप्टी सीएम ने चित्रकूटधाम मंडल के स्वास्थ्य सेवाओं की समीक्षा की



**अवधनामा संवाददाता**

**बांदा।** डिप्टी सीएम बृजेश पाठक ने पैलानी तहसील सभागार में चित्रकूटधाम मण्डल के स्वास्थ्य विभाग अधिकारियों के साथ बैठक कर स्वास्थ्य सेवाओं की समीक्षा की। उन्होंने मुख्य चिकित्सा अधिकारियों को निर्देश दिये कि पीएचसी और सीएचसी का निरीक्षण करें। इसके साथ ही सभी हेल्थ वेलनेश सेन्टर संचालित रखे जायें। मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं देते हुए आवश्यक जांच एवं निशुल्क दवाएं अस्पताल से उपलब्ध कराई जाएं। बाजार से दवा लाने के लिए न लिखा जाए। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग के सब सेन्टरों में आवश्यक दवाओं सहित कम्प्यूटर आदि की भी व्यवस्था की गई है, सब सेन्टर में सीएचओ एवं एएनएम की उपस्थिति नियमित रूप से रहे। उन्होंने निर्देश दिये कि सभी जिला चिकित्सालयों सहित अन्य चिकित्सालयों में चिकित्सकों की उपस्थिति अवश्य रहे। सीएमओ को निर्देश दिये कि चिकित्सकों की आउटसोर्सिंग से व्यवस्था की जाए। उन्होंने चिकित्सा विभाग के अधिकारियों को अस्पतालों में बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं के साथ मरीजों के छोटे-बड़े आपरेशनों के लिए सभी व्यवस्थायें बेहतर रखी जायें। उन्होंने अस्पतालों में साफ-सफाई रखे जाने के निर्देश दिये।उन्होंने आयुष्मान गोल्डन कार्ड बनाने के कार्य में तेजी लाये जाने के निर्देश मुख्य चिकित्सा अधिकारियों को दिये। उन्होंने अपर निदेशक स्वास्थ्य को आयुष्मान गोल्डन कार्ड की नियमित समीक्षा करने तथा हमीरपुर में आयुष्मान गोल्डन कार्ड बनाये जाने के कार्य की प्रगति में तेजी लाये जाने तथा महोबा के सभी हेल्थ वेलनेश सेन्टरों को चालू रखने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि जिन चिकित्सालयों में मेन्टीनेन्श की आवश्यकता है तो तत्काल मरम्मत कराकर ठीक करायें। अस्पतालों में आवश्यक उपकरण, फर्नीचर सहित सभी व्यवस्थायें दुरूस्त रखी जायें, इसके साथ ही सीएचसी में बेहतर सुविधाओं के साथ मरीजों को भर्ती के लिए आवश्यक व्यवस्थायें दुरूस्त रखी जायें। उन्होंने एम्बुलेन्स की निर्धारित समय पर उपलब्धता को सुनिश्चित कराये जाने के साथ एम्बुलेन्स की स्थिति की भी समीक्षा करने के निर्देश चिकित्सा अधिकारियों को दिये। बैठक में उन्होंने अस्पतालों में प्रतिदिन हो रहे छोटे-बडे आपरेशनों की समीक्षा करते हुए ओटी में सभी आवश्यक व्यवस्थायें रखने के निर्देश दिये। उन्होंने मेडिकल कालेज में आवश्यक व्यवस्थाओं के संबंध में जानकारी लेते हुए भर्ती मरीजों की चिकित्सा व्यवस्था तथा इमरजेन्सी में आने वाले मरीजों एवं उनके होने वाले उपचार के सम्बन्ध में समीक्षा करते हुए निर्देशित किया कि मरीजों को बेहतर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराई जाए और आवश्यतानुसार ही मरीजों को रेफर किया जाए।

### वृद्धा ने फांसी लगाकर दे दी जान

**बांदा।** घर में अकेले मौजूद महिला ने कमरे में रस्सी से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। दोपहर बाद घर लौटे 10 वर्षीय बेटा ने देखा तो शोर मचाया और परिजनों को सूचना दीं। मौके पर पहुची पुलिस ने शव को लेकर पंचनामा के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। कमासिन कस्बे के अम्बेडकर नगर निवासी आशा देवी (65) पत्नी राजू घर में अकेली रहती है। उसका पति, सास और ससुर पंजाब में रहकर काम करते हैं। सोमवार की दोपहर को आशा ने कमरे के अंदर रस्सी से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। दोपहर बाद उसका दस वर्षीय बेटा घर पहुंचा तो मां को फंदे में लटकता देखकर शोर मचाया। आसपास लोगों ने मौके पर पहुंचकर पंचनामा के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पारिवारिक जेठ लाखन ने बताया कि महिला घर में बेटे के साथ अकेले रहती थी।

# मुल्क में अमन चैन और भाई चारे की दुआ के साथ पुरा हुआ 41 दिन का वजीफा

**अवधनामा संवाददाता**



**सोनभद्र/डाला।** स्थानीय नगर क्षेत्र डाला के चुड़ी गली में मुल्क में अमन चैन और आपसी सौहार्द को बढ़ाने के लिए आरीफ हुसैन रजवी द्वारा 41 दिन का वजायफ को पुरा किया गया और मुल्क में अमन-चैन,शांति और आपसी भाई चारे के लिए दुआ मांगी गई। कार्यक्रम में मौलाना मुनव्वर हुसैन सकाफी द्वारा तकरीर की गई और देश में मुहब्बत और अमन का पैगाम दिया गया।आरीफ हुसैन रजवी ने बताया सभी मजहब आपसी सौहार्द की बात सिखाते है तथा सभी मुल्क में अमन चैन के लिए प्रार्थना करते हैं।आरीफ हुसैन रजवी ने आगे बताया कि समय- समय पर लगातार विभिन्न क्षेत्रों में जाकर 2018 में दिल्ली के मांडी पहाड़ी,2019 में छत्तीसगढ़, 2021 में राबर्ट्सगंज के भटौलिया गांव,2022 में उरमौरा तथा 2023 में भटौलिया राबर्ट्सगंज में 41 दिन की कठिन तपस्या करते हुए लोगों में आपसी प्रेम को मजबूत करने,सभी को सही रास्ते पर चलते हुए मुल्क में अमन चैन के साथ एक दुसरे की मदद करने का मंत्र दिया गया।आरीफ हुसैन रजवी ने अपनी तकरीर में नौजवानों को खासतौर पर पैगाम दिया कि हमें छोटो से प्यार,मां-बाप की खिदमत,बड़ों की इज्जत के साथ साथ,उलेमाओं व इमाम की बातों को ध्यान से सुनना चाहिए।गलत कामों से तौबा करते हुए मुल्क की तरक्की के लिए दिन रात मेहनत करनी चाहिए।उन्होंने तेजी बदलती दुनिया पर अपनी राय देते हुए बताया कि दुनिया में बदलाव बहुत तेजी से हो रहा हैं जिसका असर सीधे घर के लोगों पर पड़ रहा हैं।आज के समय में सही और ग़लत का ज्ञान होना बहुत जरूरी है। ऐसे में हमारे बुजुर्गों की सबसे बड़ी जिम्मेदारी है कि अपने घरो में बच्चों को नेक नसीहतों के साथ सही ग़लत का पहचान करावे जिससे बच्चों में अच्छी शिक्षा के साथ, व्यवहारिक ज्ञान भी हो सके।

# ऊर्जा मंत्री ने एकमुश्त समाधान शिविर का किया निरीक्षण

**योजना के दूसरे चरण में भी एक किलोवाट भार तक के छोटे घरेलू उपभोक्ताओं तथा किसानों के बकाये बिल के सरचार्ज में शत-प्रतिशत छूट दी जा रही**

- उपकेन्द्र में ओटीएस के तहत उपभोक्ताओं को दिये गये लाभ, पंजीकरण एवं उपभोक्ताओं की समस्याओं के सम्बंध में जानकारी ली
- शिविर में उपस्थित उपभोक्ताओं से समस्याओं के सम्बंध में जानकारी ली और उनके सुझाव जानें
- उपभोक्ता हित में लाई गई ओटीएस एक क्रांतिकारी व ऐतिहासिक योजना
- ओटीएस से अब तक 2100 करोड़ रूपये से अधिक का राजस्व प्राप्त हुआ
- उपभोक्ताओं को बिलों के बकाये व चोरी के मामलों के निस्तारण का ओटीएस पहला और अन्तिम मौका



अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** प्रदेश के नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री ए.के. शर्मा ने मंगलवार को दोपहर बाद चिनहट के शिवपुरी 33/11 विद्युत उपकेन्द्र पहुंचकर विद्युत उपभोक्ताओं के लिए लगाये गये एकमुश्त समाधान शिविर का निरीक्षण किया। वहां पहुंचकर उन्होंने उपकेन्द्र द्वारा अब तक ओटीएस के तहत उपभोक्ताओं को दिये गये लाभ, पंजीकरण एवं उपभोक्ताओं की समस्याओं के सम्बंध में जानकारी ली। शिविर में उपस्थित उपभोक्ताओं से भी उनकी समस्याओं के सम्बंध में मंत्री. ने पूछा और उनके सुझाव भी जानें। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को सख्त निर्देश दिये कि उपभोक्ताओं के हितार्थ चलायी गयी ओटीएस योजना का लाभ देने में किसी भी प्रकार की कमी व लापरवाही पाये जाने तथा इस सम्बंध में लोगों को गुमराह करने पर सख्त कार्यवाही की जायेगी। योजना का व्यापक प्रचार-प्रसार कराएं, लाभ के बारे में बताएं जिससे सभी उपभोक्ता इसका फायदा ले सकें।

ऊर्जा मंत्री ने शिविर में उपस्थित उपभोक्ताओं को ओटीएस योजना के सम्बंध में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि उपभोक्ता हित में लाई गई यह एक क्रांतिकारी व ऐतिहासिक योजना है। इस उपकेंद्र में अभी तक 1300 उपभोक्ताओं ने इस योजना का लाभ लिया और वर्षों पुराने अपने बकाए की समस्याओं का समाधान कराया। इससे उन्हें 1.50 लाख रुपए से 2.50 लाख रुपए तक का फायदा हुआ। यहां पर 20 वर्षों से भी ज्यादा पुराने पीडी हो गए कनेक्शन का भी समाधान कराया। उन्होंने बताया कि इस योजना के दूसरे चरण 01 से 15 दिसम्बर तक भी एक किलोवाट भार तक के छोटे घरेलू उपभोक्ताओं तथा किसानों के निजी नलकूप में बकाये बिल के सरचार्ज में प्रथम चरण की तरह शत-प्रतिशत छूट दी जा रही है। साथ ही वाणिज्यिक, निजी संस्थानों एवं औद्योगिक प्रतिष्ठानों के बकाये बिलों के सरचार्ज में छूट के साथ किश्तों में बकाया जमा करने की सुविधा दी जा रही है। प्रदेश सरकार द्वारा 08 नवम्बर, 2023 से चलायी गयी ओटीएस के तहत योजना के 28वें दिन तक प्रदेश के 3.28 करोड़ उपभोक्ताओं में से 21.25 लाख कम से कम 08 प्रतिशत उपभोक्ताओं ने लाभ लिया और इससे 2100 करोड़ रूपये से अधिक का राजस्व प्राप्त हुआ। इस योजना में अब तक 18 लाख छोटे उपभोक्ता, 01 लाख वाणिज्यिक, 47 हजार चोरी के मामले, 75 हजार किसानों ने लाभ लिया। उन्होंने कहा कि देश में ऐसी योजना पहली बार आयी है जो कि चोरी के मामले को भी निस्तारित किया जा रहा। उपभोक्ताओं के लिए यह पहला और अन्तिम मौका होगा। सभी उपभोक्ता अपने बिजली के बिलों सम्बंधी बकाये व चोरी के मामलों का निस्तारण 31 दिसम्बर, 2023 तक करा लें और रोज-रोज झंझटों से मुक्त हो जाएं। ऊर्जा मंत्री ने उपभोक्ताओं को बताया कि बिजली की व्यवस्था बेहतर बनाने के प्रयास किये जा रहे हैं। तकनीकी रूप से भी बिजली के वितरण को और व्यवहारिक बनाया जा रहा है। आगे एक किलोवाट भार के उपभोक्ताओं का दस हजार से ज्यादा बिल आने तथा उपभोक्ताओं का कम बिल बनने पर भी बिल जनरेट नहीं किया जायेगा बल्कि इसकी जांच की जायेगी

## संक्षिप्त समाचार

### यू.पी. मेट्रो ने शहर भर से जरूरतमंदों के लिए गर्म कपड़े एकत्रित किये

**लखनऊ, अवधनामा ब्यूरो।** उत्तर प्रदेश मेट्रो की ओर से चलाये गये अभियान के तहत शहर भर से जरूरतमंदों के लिए गर्म कपड़े एकत्र किये गये। अभियान में शहरवासियों का भरपूर सहयोग मिला। यह मुहिम उत्तर प्रदेश मेट्रो ने गूंज संस्था के साथ मिलकर चलायी। यह अभियान एक महीने तक चलाया गया। इस अभियान के अंतिम दिन उत्तर प्रदेश मेट्रो रेल कॉरपोरेशन के अधिकारियों की उपस्थिति में एकत्रित कपड़ों को गूंज के प्रतिनिधि को सौंप दिया गया। गूंज के स्वयंसेवक कपड़ों को वंचित वर्ग में वितरित करेंगे। यूपी मेट्रो शहरवासियों को सबसे सुरक्षित और सुविधाजनक यात्रा का साधन उपलब्ध कराने के साथ अपने सामाजिक दायित्वों का भी पूरी निष्ठा के साथ निर्वाहन कर रहा है। यूपीएमआरसी ने भीषण ठंड और शीतलहर से जूझ रहे गरीब और जरूरतमंद लोगों की सहायता के लिए पिछले कई वर्षों से ऐसे ही अभियान का आयोजन किया है। मेट्रो के प्रबंध निदेशक सुशील कुमार ने शहरवासियों के प्रति अपनी कृतज्ञता व्यक्त करते हुए कहा कि आपके दान किये हुए कपड़ों से किसी की जिन्दगी आसान हो सकती है।

### जनअधिकार पार्टी के प्रदेश महासचिव ने समर्थकों के साथ थामा कांग्रेस का हाथ

**लखनऊ, अवधनामा ब्यूरो।** कांग्रेस की नीतियों व विचारधारा में आस्था और पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे, पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी और महासचिव प्रियंका गांधी के देश और संविधान की रक्षा के लिए किये जा रहे संघर्षों से प्रभावित होकर जनअधिकार पार्टी के प्रदेश महासचिव सत्य प्रकाश राजपूत ने समर्थकों सहित कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण की। प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में प्रदेश अध्यक्ष अजय राय के समक्ष सत्य प्रकाश राजपूत के साथ राकेश चन्द्र अटल, सतीश चन्द्र शाक्य, अनुराग कर्ण, अवनीश कर्ण, प्रभुदयाल शाक्य, राहुल कुमार शाक्य, नंदवंशी महासभा के प्रदेश सचिव मनोज कुमार सविता, शहर सचिव इटावा मोहनलाल प्रजापति सहित अन्य ने कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण की।

### मदरसों के शिक्षकों व कर्मचारियों की शैक्षिक जांच स्थगित

**लखनऊ, अवधनामा ब्यूरो।** प्रदेश के मदरसों के शिक्षकों व कर्मचारियों की शैक्षिक योग्यता आदि की जांच को सरकार ने स्थगित कर दिया है। मदरसा परीक्षाओं को देखते हुए फिलहाल जांच स्थगित कर दी गयी है। जांच के लिए नई तिथि की घोषणा जल्द की जाएगी। यह जानकारी उत्तर प्रदेश मदरसा शिक्षा परिषद के चेयरमैन डॉ. इफ्तिखार अहमद जावेद ने मंगलवार दोपहर को दी। इससे पहले उन्होंने प्रदेश के अल्पसंख्यक कल्याण, वक्फ एवं हज मंत्री धर्मपाल सिंह को पत्र लिख कर मदरसों की जांच स्थगित कराने के लिए पत्र लिखा था।

## प्रमुख सचिव एम. देवराज ने आवर्डिंग बॉडी (ड्यूल) हेतु एमओयू पर किये हस्ताक्षर

- एमओयू से कौशल विकास मिशन को नये पाठ्यक्रम तैयार करने, स्वयं असेसमेंट, सर्टिफिकेशन और उपाधि को प्रदान करने का प्राधिकार हुआ प्राप्त
- कौशल विकास मिशन आवर्डिंग बॉडी (ड्यूल) बनी राज्य की पहली संस्था

**लखनऊ।** राष्ट्रीय व्यावसायिक शिक्षा और प्रशिक्षण परिषद, नई दिल्ली तथा उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन के मध्य आवर्डिंग बॉडी (ड्यूल) हेतु एमओयू हस्ताक्षरित किया गया। इससे उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन को नये पाठ्यक्रम तैयार करने, स्वयं असेसमेंट, सर्टिफिकेशन और उपाधि को प्रदान करने का प्राधिकार प्रदेश में प्राप्त हो गया है। उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन राज्य की पहली संस्था है जो आवर्डिंग बॉडी (ड्यूल) बनी है। इसका लाभ उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन से प्रशिक्षण लेने वाले युवाओं को प्राप्त होगा। एमओयू के समय उत्तर प्रदेश सरकार की ओर से प्रमुख सचिव, व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास एवं उद्यमशीलता विभाग एम. देवराज द्वारा हस्ताक्षर किये गए हैं।

# यूपी के आर्थिक और औद्योगिक विकास का बजेगा डंका

**दावोस में अगले महीने विश्व आर्थिक मंच की बैठक में वित्त मंत्री खन्ना व औद्योगिक मंत्री नन्दी की अगुवाई में शिरकत करेगा यूपी का प्रतिनिधिमंडल**

- साढ़े छह वर्ष में यूपी में हुए आर्थिक और औद्योगिक विकास के मॉडल को वैश्विक मंच पर किया जाएगा प्रस्तुत

अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** योगी आदित्यनाथ सरकार आने के बाद उत्तर प्रदेश में आर्थिक और औद्योगिक विकास की तेज हुई रफ्तार की गूंज अब वैश्विक मंच पर सुनाई देगी। जनवरी 2024 में दावोस में आयोजित होने वाले एक प्रमुख वार्षिक शिखर सम्मेलन के रूप में मान्यता प्राप्त विश्व आर्थिक मंच (वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम) में हिस्सा लेने के लिए उत्तर प्रदेश को भी न्यौता मिला है। दावोस (स्विट्जरलैंड) में 15 से 19 जनवरी 2024 तक होने वाली विश्व आर्थिक मंच की बैठक में हिस्सा लेने के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने एक प्रतिनिधिमंडल को नामित किया है। इस प्रतिनिधिमंडल में औद्योगिक विकास एवं निर्यात प्रोत्साहन मंत्री नन्द गोपाल गुप्ता नन्दी, वित्त मंत्री सुरेश खन्ना के अलावा अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास आयुक्त (आईआईडीसी) मनोज कुमार सिंह तथा सचिव मुख्यमंत्री अमित सिंह शामिल हैं। विश्व आर्थिक मंच दुनिया भर में होने वाले सबसे प्रतिष्ठित आयोजनों में से एक है। यह न केवल उत्तर प्रदेश की ताकत, विशेषताओं और उपलब्धियों को एक वैश्विक मंच पर प्रदर्शित करने का अवसर प्रदान करेगा बल्कि वैश्विक स्तर पर प्रभावी निर्णय निर्माताओं के साथ बातचीत करने और प्रदेश की प्रतिष्ठा बढ़ाने का अवसर भी प्रदान करेगा।

दावोस सम्मेलन में शामिल होने जा रहे प्रदेश सरकार के मंत्री और अधिकारी इस वैश्विक मंच पर बीते लगभग साढ़े छह साल में हुए बदलाव, खास तौर पर आर्थिक और औद्योगिक विकास की तेज हुई रफ्तार तथा यूपी में निवेश के लिए बने नए सकारात्मक माहौल को रेखांकित करेंगे ताकि दुनिया भर के निवेशकों में भरोसा पैदा करके उन्हें उत्तर प्रदेश की ओर आकर्षित किया जा सके। इसके अलावा उत्तर प्रदेश में आम लोगों के जीवन स्तर में सुधार लाने के लिए राज्य सरकार की ओर से की गई महत्वपूर्ण पहल तथा औद्यौगीकीकरण की रफ्तार तेज करने के लिए लागू की गई। इन्वेस्टर फ्रैंडली नीतियों का भी उल्लेख किया जाएगा। विश्व आर्थिक मंच सार्वजनिक निजी सहयोग के लिए अंतर्राष्ट्रीय संगठन है।

# केन्या के राष्ट्रपति विधायक डॉ राजेश्वर से मिले

अवधनामा ब्यूरो



- जैव विविधता के संरक्षण के क्षेत्र में भारत और केन्या के बीच परस्पर सहयोग व साझेदारी की प्रबल संभावनाएं: डॉ. राजेश्वर

**लखनऊ।** तीन दिवसीय दौरे पर भारत आए केन्या के राष्ट्रपति विलियम सामोई रुतो ने प्रधानमंत्री मोदी और राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से भेंट की। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने केन्या के राष्ट्रपति से भेंट के उपरांत कहा कि हमें भारत-केन्या संबंधों की संपूर्ण श्रृंखला की समीक्षा करने का अवसर मिला है। हमने अपने देशों के बीच आर्थिक संबंधों को गहरा करने के तरीकों पर चर्चा की। हमारे देश प्रौद्योगिकी, डिजिटल नवाचार, स्वच्छ ऊर्जा और अन्य क्षेत्रों में भी मिलकर काम करेंगे। तो वहीं केन्या के राष्ट्रपति विलियम सामोई रुतो ने प्रवर्तन निदेशालय के पूर्व जॉइंट डायरेक्टर और भारतीय जनता पार्टी के विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह से मुलाकात की। भेंट के दौरान केन्या के राष्ट्रपति ने विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह को केन्या की राजधानी नैरोबी आने का न्यौता भी दिया जिसके विधायक ने सहर्ष स्वीकार किया। केन्या के राष्ट्रपति से मुलाकात की जानकारी डॉ. राजेश्वर सिंह ने अपने ऑफिशियल सोशल मीडिया अकाउंट से दी। इस दौरान डॉ. राजेश्वर सिंह केन्या के राष्ट्रपति के जीवन, उनके संघर्षों और उनके व्यक्तित्व से खासे प्रभावित हुए। उन्होंने कहा कि विलियम सामोई रुतो अपने खेत से स्कूल तक नंगे पैर चलने से लेकर जीवनयापन के लिए छोटे-मोटे काम करने तक, सभी बाधाओं को लगातार पार कर राष्ट्रपति बनने तक की उनकी यात्रा सभी के लिए प्रेरणादायक है। विधायक ने विश्व के सर्वश्रेष्ठ राष्ट्रीय एवं वन्यजीव पार्कों की सुरक्षा के लिए विलियम सामोई रुतो के प्रयासों की सराहना की और बधाई भी दी। डॉ. राजेश्वर सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी लगातार प्रकृति और वन्य जीवन को बढ़ावा देने पर जोर दे रहे हैं, जैव विविधता के संरक्षण के क्षेत्र में भारत और केन्या के बीच परस्पर सहयोग व साझेदारी की प्रबल संभावनाएं हैं।

## दिव्यांगजनों को वितरित किये कम्बल

**लखनऊ।** बेगमात रॉयल फैमिली ऑफ अवध के स्थापना दिवस पर मंगलवार को संगठन की अध्यक्षता प्रिंसेस फरहाना मालिकी ने दिव्यांगजनों को कम्बल वितरित किये। समारोह में मुख्य अतिथि ए.आर.ओ. संतोष कुमार मौजूद थे। उन्होंने कहा कि जरूरतमंदों और असहायों की मदद से बड़ी कोई सेवा नहीं है। उन्होंने फरहाना मालिकी को समाजसेवा के कामों के लिए बधाई देते हुए आगे भी जरूरतमंदों की मदद करते रहने की कामना की। फरहाना मालिकी ने कहा कि कार्यक्रम में मेराज वली खां, अमरीन, जोया बेगम, मोना बेगम, सज्जाद एजूकेशन एण्ड वेलफेयर सोसाइटी के जमाल मिर्जा, इरफान खान एडवोकेट, फरजाना आब्दी, नगमा रिजवी सहित अन्य लोग उपस्थित थे।



**मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ मेवाड़, चित्तौड़गढ़ में जनार्दन सिंह राणावत की सुपुत्री के शुभ विवाह समारोह में सम्मिलित हुए।**

# गोवंश संरक्षण कार्यों को निर्धारित अवधि में पूर्ण करें: धर्मपाल

- अभियान अवधि में 95789 गोवंश संरक्षित किये गये

अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के पशुधन एवं दुग्ध विकास कैबिनेट मंत्री धर्मपाल सिंह की अध्यक्षता में आज यहां पशुपालन निदेशालय में विगत 01 नवंबर से 31 दिसंबर की अवधि में निराश्रित गोवंश संरक्षण के लिए संचालित अभियान की प्रगति की समीक्षा वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से की गई। बैठक में पशुधन मंत्री ने अधिकारियों को सख्त रूप से निर्देशित करते हुए कहा कि गोसंरक्षण कार्यों को निर्धारित अवधि के भीतर ही पूर्ण किया जाये। 31 दिसंबर के बाद कोई भी निराश्रित गौवंश सड़क या खेतों में न दिखाई दे। गो संरक्षण कार्यों में लापरवाही या उदासीनता बरतने पर संबंधित के विरूद्ध सख्त से सख्त कार्यवाही की जायेगी। बैठक में बताया गया कि अभियान की अवधि में 95789 निराश्रित गोवंश को गोआश्रय स्थलों पर संरक्षित किया गया 226 अस्थायी गो-आश्रय स्थल का निर्माण और 473 का विस्तारीकरण कराया गया है। उल्लेखनीय है कि प्रदेश में अब तक कुल 7017 गो-आश्रय स्थलों में कुल 1314234 गौवंश संरक्षित किये गए हैं। पशुधन मंत्री ने कहा कि गोवंश का संरक्षण एवं संवर्धन राज्य सरकार की प्राथमिकताओं में से एक है इसलिये विभाग द्वारा प्रत्येक स्तर पर गौवंश संरक्षण कार्यों को गम्भीरता और संवेदनशीलता के साथ पूर्ण किया जाये। अच्छा कार्य करने वाले अधिकारियों को सम्मानित भी किया जायेगा।

# महाप्रबंधक ने उत्तर रेलवे की कार्य प्रगति की समीक्षा की

- शीतकालीन व्यवस्था, संरक्षा और बुनियादी ढांचे के कार्यों की समीक्षा
- रेलपथों पर संरक्षा पर बल
- समयपालनबद्धता पर बल



अवधनामा ब्यूरो

**नई दिल्ली/लखनऊ।** उत्तर रेलवे के महाप्रबंधक श्री शोभन चौधुरी ने आज उत्तर रेलवे, प्रधान कार्यालय, बड़ौदा हाउस, नई दिल्ली में उत्तर रेलवे के विभागाध्यक्षों और मण्डल रेल प्रबंधकों के साथ उत्तर रेलवे की कार्य प्रगति की समीक्षा की । आगामी कोहरे के मौसम को ध्यान में रखते हुए रेलपथों पर संरक्षा पर ध्यान देने, बिजनस डेवलपमेंट इकाइयों और माल ढुलाई पर विचार-विमर्श किया गया। उन्होंने कहा कि, उत्तर रेलवे हमेशा यात्रियों की सुरक्षा के बारे में चिंतित है और पटरियों पर और यार्ड के भीतर दुर्घटनाओं को रोकने के सभी उपाय करता है। उन्होंने आगामी कोहरे के मौसम के लिए शीतकालीन व्यवस्थाओं की समीक्षा की और सभी संबंधित अधिकारियों को पटरियों और वेल्डों की दरारों का पता लगाने के लिए रेलपथों की सख्त निगरानी के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि रेल परिचालन से संबंधित सभी स्थानों पर फॉग सिग्नल डेटोनेटर उपलब्ध कराए जाएं और कोहरे के मौसम में रात के दौरान दृश्यता बढ़ाने के लिए सभी चेतावनी बोर्डों को रिफ्लेक्टिव पेंट से दोबारा रंगा जाए। उन्होंने ट्रैक और वेल्डों के अनुरक्षण कार्य को बेहतर बनाने के लिए जोन द्वारा किए जाने वाले कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने आगामी कोहरे के मौसम के दौरान संरक्षा बढ़ाने के लिए मंडलों को विशेष अभियान चलाने और जब भी आवश्यक हो कर्मचारियों को परामर्श देने का निर्देश दिया। उन्होंने रेल परिचालन में मानवीय विफलताओं को कम करने पर बल दिया। उन्होंने विभागाध्यक्षों और मंडल रेल प्रबंधकों को समयपालनबद्धता को बनाए रखने को कहा । उन्होंने कहा कि माल लदान की गति को भी निरंतरता के साथ बनाए रखा जाना चाहिए और रेलवे के व्यवसाय को बढ़ाने के लिए नए रास्ते तलाशे जाने चाहिए। उन्होंने रेलवे द्वारा दी जा रही रियायतों और उपायों को ग्राहकों तक पहुँचाने के भी निर्देश दिए। उन्होंने यह भी बताया कि हर गुजरते माह के साथ खाद्यान्न और अन्य मदों के लदान में वृद्धि हुई है । उत्तर रेलवे अपने ग्राहकों को सुरक्षित, सुगम और बेहतर सेवाएं प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है।

### सूरारेड्डीपलेम स्टेशन पर तीसरी लाइन निर्माण के चलते ब्लाक लिया जायेगा।

**लखनऊ।** विजयवाड़ा गुडुर रेलखंड के सूरारेड्डीपलेम स्टेशन पर तीसरी लाइन निर्माण के चलते ब्लाक लिया जायेगा। इस वजह से 11 दिसम्बर को चलने वाली बरौनी से एर्नाकुलम और 15 दिसम्बर को एर्नाकुलम से बरौनी एक्सप्रेस निरस्त रहेगी। वहीं 10, 14, 15 व 17 दिसम्बर को चलने वाली गोरखपुर से कोचूवेली और 6, 12, 13 व 17 को चलने वाली कोचूवेली से गोरखपुर एक्सप्रेस निरस्त रहेगी।

### डीआरएम डॉ. मनीष थपलियाल अधिकारियों के साथ अयोध्या पहुंचे



**लखनऊ।** उत्तर रेलवे के मंडल रेल प्रबंधक डॉ.मनीष थपलियाल अधिकारियों के साथ अयोध्या पहुंचे। निरीक्षण के मकसद से डीआरएम ने अयोध्या नगर में रेलयात्रियों के लिए विभिन्न योजनाओं और विकास कार्यों का निरीक्षण किया। डीआरएम ने कमिश्नर अयोध्या गौरव दयाल के अलावा अयोध्या के जिलाधिकारी नितीश कुमार, एसएसपी आरके.नैय्यर से भी मुलाकात की। इस दौरान दोनों अधिकारियों ने अयोध्या में आने जाने वाले रेलयात्रियों की सुविधा के लिए रेल एवं राज्य प्रशासन के आपसी सहयोग एवं सामंजस्य के जरिये भावी नीतियों के निर्माण एवं प्रबंधन की दिशा में मंथन किया। कमिश्नर अयोध्या ने भी मंडल रेल प्रबंधक को प्रशासन की तरफ से की जाने वाली व्यवस्थाओं की जानकारी दी।

# पीएमईजीपी योजना पर राज्य स्तरीय कार्यशाला का आयोजन

अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** देश के ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों के युवाओं को एवं रोजगार प्रदान करने के उद्देश्य हेतु सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय, भारत सरकार की फ्लैगशिप योजना प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम के राज्य में सफलतापूर्वक क्रियान्वयन एवं प्रचार-प्रसार हेतु आज दिनांक 05.12.2023 को अमित मोहन प्रसाद, आई.ए.एस., अपर मुख्य सचिव (एम.एस.एम.ई एवं खादी ग्रामोद्योग), उ0प्र0 शासन की अध्यक्षता में गन्ना किसान संस्थान, डालीबाग, लखनऊ में एक राज्य स्तरीय पीएमईजीपी कार्यशाला का आयोजन खादी और ग्रामोद्योग आयोग, भारत सरकार के द्वारा किया गया। उक्त कार्यशाला में राजेश कुमार, आयुक्त एवं निदेशक (उद्योग), अरूण प्रकाश, मुख्य कार्यपालक अधिकारी, उ0प्र0 खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड, प्रांजल यादव, सचिव, एम.एस.एम.ई, रोहित जिनिवाल, उप महाप्रबन्धक, बैंक आफ बड़ौदा एवं डा0 नितेश धवन, राज्य निदेशक, खादी और ग्रामोद्योग आयोग, लखनऊ के साथ-साथ प्रदेश के सभी जिलों के उपायुक्त (उद्योग), जिला ग्रामोद्योग अधिकारी, जिला अग्रणी प्रबन्धक, खादी और ग्रामोद्योग आयोग के पदाधिकारी एवं उ0प्र0 खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड, उद्योग विभाग, बैंकों के स्थानीय प्रमुखों ने प्रतिभाग किया।



कार्यशाला में अवगत कराया गया कि वित्तीय वर्ष 2022-23 में पीएमईजीपी योजना के अन्तर्गत प्रदेश में कुल रू0 378.62 करोड़ के मार्जिन मनी अनुदान एवं बैंकों द्वारा रू0 1135.86 करोड़ के पूँजी प्रवाह के साथ कुल 11599 इकाईयाँ स्थापित हुई जिनके माध्यम से कुल 92792 रोजगार सृजित हुआ। साथ ही 2023-24 में अब तक हुई प्रगति के सम्बन्ध में विस्तृत चर्चा की गयी। तत्पश्चात् योजना का क्रियान्वयन को सुलभ बनाने हेतु हितधारकों एवं सफल उद्यमियों के द्वारा अपने विचारों को प्रस्तुत किया गया। खुली चर्चा में सभी हितधारकों द्वारा उत्साहजनक रूप से प्रतिभाग किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अमित मोहन प्रसाद, आई.ए.एस., अपर मुख्य सचिव महोदय के द्वारा योजना पर अब तक हुई प्रगति पर संतोष व्यक्त करते हुए इसका लाभ प्रदेश के अन्तिम व्यक्ति तक पुहँचे इस सम्बन्ध में आवश्यक निर्देश दिये। मुख्य अतिथि महोदय द्वारा यह भी बताया गया कि एम.एस.एम.ई. सेक्टर के विकास में पीएमईजीपी योजना का महत्वपूर्ण भूमिका है तथा इसके क्रियान्वयन में तेजी लाने, विपणन में राज्य सरकार द्वारा दिये जा रहे मदद के बारे में जानकारी दी। उनके द्वारा यह भी निर्देश दिये गये कि एम.एस.एम.ई. क्षेत्र की अन्य योजनाओं के साथ कनवर्जन्स पर बल दिया गया जिसके माध्यम से उद्यमियों को विपणन की सुविधाओं के साथ-साथ समाजिक सुरक्षा और इकाईयों के विस्तार के लिये योजनाओं का लाभ प्रदान किया जा सके।

वर्ष 2022-23 में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली 3 बैंकों पंजाब नेशनल बैंक, यूनियन बैंक आफ इण्डिया तथा बैंक आफ बड़ौदा को क्रमशः प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया इसी प्रकार शीर्ष 3 जिलों वाराणसी, आजमगढ़ तथा गाजीपुर के अग्रणी बैंक प्रबन्धकों को क्रमशः प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

सचिव, एम.एस.एम.ई. प्रांजल यादव के द्वारा एम.एस.एम.ई. क्षेत्र की महत्ता का उल्लेख करते हुए सभी हितधारकों से एम.एस.एम.ई. इकाईयों को अपना भरपूर सहयोग देने का आग्रह किया गया।

राजेश कुमार, आयुक्त एवं निदेशक (उद्योग) द्वारा उद्योग विभाग के समस्त उपायुक्तों को इस योजना के अन्तर्गत समयबद्ध तरीके से योजना का लाभ दिये जाने के निर्देश दिये गये साथ ही ऋण प्रदान करने के बाद भी इकाईयों के साथ समन्वय स्थापित करने पर जोर दिया गया एवं शहरी क्षेत्रों में भी इस योजना का लाभ अधिक से अधिक लोगों तक पहुँचाने का उल्लेख किया गया।

अरूण प्रकाश, मुख्य कार्यपालक अधिकारी के द्वारा सभी जिला ग्रामोद्योग अधिकारी को ई.डी.पी. प्रशिक्षण के लम्बित प्रकरणों के निस्तारण में तेजी लाने एवं बैंकों से आवश्यक सहयोग किये जाने की अपील की गई।

# युद्धस्तर पर काम करने की जरूरत: अजय राय

अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** लोकसभा चुनाव में अब पांच महीने का वक्त है। ऐसे में हमें मिलकर पूरी ताकत के साथ कांग्रेस संगठन से अधिक से अधिक लोगों को जोड़ते हुए गतिशीलता प्रदान करना है। हमें लोकसभा चुनाव को चुनौती के तौर पर स्वीकार करते हुए दिन-रात युद्धस्तर पर काम करने की जरूरत है। यह बात प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय ने मंगलवार को प्रदेश मुख्यालय में कांग्रेस सचिव व प्रदेश सहप्रभारी तौकीर आलम की मौजूदगी में नवगठित प्रदेश कार्यकारिणी बैठक की अध्यक्षता करते हुए कही। बैठक के उपरांत पत्रकारों को सम्बोधित करते हुए श्री राय ने कहा कि पश्चिमी उत्तर प्रदेश के सहारनपुर से परिवर्तन यात्रा निकाली जाएगी। यात्रा प्रदेश के सभी जनपदों में पांव-पांव, गांव-गांव और शहरों में डगर-डगर, नगर-नगर पैदल यात्रा कर प्रदेश की जनता को भारतीय जनता पार्टी की नीतियों और विचारधारा से अवगत कराएंगे। यात्रा का समापन सीतापुर के नैमिषारण्य धाम में होगा। श्री राय ने कहा कि पांच राज्यों के चुनावी नतीजों से हमें हताश होने की जरूरत नहीं है, बल्कि पूरी ताकत के साथ दोबारा खड़े होकर सड़कों पर संघर्ष की जरूरत है।हमें डटकर पूरी ताकत के साथ सड़कों पर उतरने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि जहां मेरी जरूरत होगी मैं वहां रात 12 बजे भी मौजूद मिलूंगा। इससे पहले उन्होंने नवमनोनीत पदाधिकारियों का स्वागत किया।